कालिदास

और शेकसपियर

प्रणेता—

पण्डित छन्नूलाल द्विवेदी ।

प्रकाशक

ज्ञानोदय ग्रन्थमाला कार्यालय,

काशी ।

प्रथम संस्करण ।

मूल्य सजिल्द २॥)] १९२३ [मूल्य अजिल्द २)

समर्पण

श्रीमान् राजकुमार

बाबू लक्ष्मीप्रसाद नारायण सिंह जी !

रियासत मधुवन

रियासत सम्बन्धी अनेक झंझटों में फँसे रहने पर भी आपने राष्ट्र-भाषा हिन्दी की ओर जो समयोचित सहानुभूति दर्शाई है, उससे प्रेरित होकर मैं यह ग्रन्थ आपके करकमलों में सहर्ष और सादर समर्पित करता हूँ।

भवदीय कृपाकांक्षी,

छन्नूलाल द्विवेदी।

प्रकाशक का निवेदन

पाठकवृन्द !

कहने को तो इस समय भारतवर्ष में अनेक पुस्तक-मालाएं निकल रही हैं, जो जी-जान से राष्ट्र-भाषा हिन्दी की सेवा में तत्पर हैं। कोई इतिहास द्वारा हिन्दी भाषा-भाषियों के ज्ञान का मण्डन कर रही हैं, तो कोई उनकी आर्थिक अवस्था का दिग्दर्शन कराके उनको सचेत कर रही हैं; कोई कोरा विज्ञान समझाती हैं, तो कोई शुष्क वेद पुराण और शास्त्रों की दुहाई देती हैं; कोई रंगमञ्च की सैर कराती हैं, तो कोई तिलिस्म के ही चक्कर में फांस देती हैं; कोई कथा सुनाती हैं, तो कोई व्याख्यान ही फटकारती हैं; कोई समाज सुधारके रोने रोती हैं, तो कोई स्वराज्यके लिये आत्मबलि चढ़ा रही हैं; किन्तु विविध कला तथा रससम्पन्ना ग्रन्थ-माला विरली ही नजर आती हैं जो सर्वोपचार से भारत-माता की सेवा करती हो।

आर्थिक सकीर्णता के कारण जब भारतसन्तान को एक ही बार पेट भर खाने के लाले पड़ रहे हैं तब विविध-विषय-ज्ञानतृप्ति के लिये वह कहां तक विभिन्न ग्रन्थमालाओं का ग्राहक बनता फिरेगा। अतएव विविध विषयों का ज्ञान उदय करने वाली ज्ञानोदय ग्रन्थमाला अपना पहला पुष्प

"कालिदास और शेक्सपियर" लेके आप महानुभावों की सेवा में उपस्थित होती है और भविष्य में सभी विषयों के स्थायी साहित्य पर यथासाध्य मौलिक ग्रन्थ आपको भेंट करने तथा वर्तमान उपयोगी विषयों का आपको दिग्दर्शन कराने का निश्चय करती है।

इस माला को विशेषतः गंभीर और रुचिकर विषय ही सुशोभित करेंगे। किन्तु इन उद्देश्यों की पूर्ति का दार-मदार सुविज्ञ और उदार पाठकों ही पर निर्भर है। यदि कुछ पाठक इसके स्थायी ग्राहक हो जायँ तो इस माला को सुचारु रूप से अग्रसर होने में बड़ी सहायता मिल जायगी।

इस ग्रन्थमाला को जन्म देने का विशेष श्रेय छपरा निवासी और मोतीहारी प्रवासी श्रीयुत बाबू विन्ध्याचल प्रसाद जी, बी० ए०-एल०-एल० बी० वकील हाईकोर्ट को है क्योंकि यह उन्हीं के उत्साह और सदुपदेश का फल है कि ज्ञानोदय ग्रन्थमाला आज आपकी सेवा में उपस्थित हो सकी है। अतएव मैं उनको अनेक धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता।

इस ग्रन्थ में प्रेस की प्रेतबाधा के कारण अथवा और कोई जो त्रुटि सुविज्ञ पाठकों के ध्यान में आवें उन्हें वे अवश्य हिन्दी भाषा के नाम पर मुझे सूचित करनेका कष्ट उठावें, जिसमें अगले संस्करण में उनकी पुनरुक्ति न होने पावे।

प्रकाशक

ज्ञानोदय ग्रंथमाला

की

विशेषताएँ

ज्ञानोदय ग्रन्थमाला में—

१—सभी विषयों पर पुस्तकें छपेंगी।

२—स्थायी साहित्यकी ओर विशेष ध्यान दिया जायगा।

३—वर्त्तमान समय के उपयागी विषयों पर भी पुस्तकें निकलेंगी।

४—यथासाध्य मौलिक पुस्तकें ही प्रकाशित होंगी।

५—अधिकतर गंभीर और रुचिकर विषय ही इस माका को सुशोभित करेंगे।

अनुवचन ।

यके ख़ीमए दाश्त अफ़्रासियाब ।
के मश्रिक़ ब मग़्रिब कशीदा तनाब ॥

—शाहनामा

कहते हैं कि ईरान के शाह अफ़्रासियाब के पास एक ख़ीमा था, जिसका तनाब उदयाचल से अस्ताचल तक खिंचा रहता था। अफ़्रासियाब की विभूति चाहे इतनी न रही हो, पर पं० छन्नू लाल जी द्विवेदी की बदौलत हिन्दी साहित्य इतना समृद्ध अवश्य हो गया है। समय की अत्यन्त संकीर्णता में "कालिदास और शेक्सपियर" का थोड़ा सा ही अंश देखने का अवसर मिला। पढ़ कर फड़क उठा। बिहारीकी सतसई के बाद इतनी जल्दी किसी अच्छे समीक्षा ग्रन्थ के निकलने की आशा न थी। द्विवेदी जी ने ज़मीन आस्मान का तो नहीं, पर पूरब पच्छिम का कुलाबा अवश्य मिलाया है, और बड़ी योग्यता से मिलाया है। आपने समीक्षा ग्रन्थों का अच्छा अध्ययन किया है। आपका परिशीलन क्षेत्र विस्तीर्ण है, आलोचना गम्भीर है, विचार प्रशस्त हैं, शैली सीधी सादी परन्तु रोचक है। कठिनाई इतनी है कि आप बहुत भारी मैदान के खिलाड़ी हैं। आपको लाचार ही अधिकांश पाठकों की आखों से ओझल हो कलम के घोड़े को सरपट दौड़ाना पड़ा है। इस पुस्तक का यथार्थ आनन्द उसी को मिल सकेगा जिसने अंग्रेजी में शेक्सपियर और

संस्कृत में कालिदास का थोड़ा भी अनुशीलन किया होगा। साहित्य के दुर्भाग्य से ऐसे पाठक संसार में अत्यन्त कम हैं। हमें संतोष है कि और देशों की अपेक्षा भारत में उन थोड़े से लोगोंकी संख्या फिर भी अच्छी है, यद्यपि अन्य विषयों के पाठकों की अपेक्षा अत्यन्त परिमित है। अंग्रेजी जानने वाले हिन्दी के पाठक इस ग्रन्थ का अवश्य ही आदर करेंगे। जो अंग्रेज़ी नहीं जानते वह पाश्चात्य काव्यके रसास्वादन का भी आनन्द पाएँगे। अंग्रेजी पढ़े लेखक प्रायः अंग्रेज की दृष्टि से समीक्षा करते हैं, परन्तु हमें बड़ा सन्तोष है कि द्विवेदी जी की दृष्टि आचूड़ान्त भारतीय है। आप की समीक्षा का ढंग इतना अच्छा है, आप की तबीअत इतनी मौजू है, कि हम द्विवेदी जी से इससे भी बढ़े चढ़े समीक्षा ग्रन्थों की भविष्य में आशा रखते हैं।

ऐसा अच्छा ग्रन्थ लिख कर हिन्दी की भेट करने के लिये हम द्विवेदी जी को हृदय से बधाई देते हैं।

हां, प्रेस के प्रेतने कालिदास और शेक्सपियर तक को न छोड़ा, 'आन जीव केहि लेखे माहीं।" आशा है अगले "संस्कार में" इस प्रेतबाधा से इन मुक्तात्माओं को अवश्य ही छुट्टी मिलेगी।

बड़ी पीयरी, काशी
१ श्रावण। १९८०

—रामदास गौड़

विषयानुक्रमणिका

	विषय		पृष्ठ
१	भूमिका		१
२	परिचय [कालिदास का समय]		१७
३	कालिदास का आत्मचरित		२६
४	शेक्सपियर ,, ,,		४०
५	कालिदास सौन्दर्य का कवि है		५५
६	कालिदास और शेक्सपियर की नायिकाएँ		१३२
७	शकुन्तला और मिरान्दा		१४६
८	शकुन्तला और डेस्डिमोना		१५६
९	मिरान्दा और इमिलिया		१६२
१०	कण्वमुनि और प्रस्पेरो		१६८
११	कालिदास और शेक्सपियर की नीति शिक्षा, व्यक्ति-नीति		१८६
१२	,, ,, ,,	परिवार नीति	१९५
१३	,, ,, ,,	समाज नीति	२१२
१४	,, ,, ,,	राजनीति	२१७
१५	भाषा [कालिदास]		२२४
१६	रचनाशैली [,,]		२२९
१७	रस वर्णन [,,]		२३०
१८	शेक्सपियर की भाषा		२३२
१९	कवित्त्व		२३६
२०	कालिदास और शेक्सपियर की कविताएँ		२४३
२१	नाटकत्व		२६०
२२	कालिदास और शेक्सपियर विश्वकवि हैं		२७१

* पृष्ठ २४४ में कालिदास के बाद 'और शेक्सपियर' को मिलाकर पढ़िए। प्रकाशक–

कुछ चुनी हुई सम्मतियाँ।

"कालिदास और शेक्सपियर" को मैंने यत्र तत्र पढ़ा। बड़े महत्वकी मालूम हुई।

दौलतपुर, रायबरेली
२६-७-२३ } —महावीरप्रसाद द्विवेदी।

"कालिदास और शेक्सपियर" नामक ग्रन्थ बड़े श्रम तथा अनुसंधान से लिखा गया है।......इसकी लेखप्रणाली भी उत्तम है, जिससे ग्रन्थकार का भाव पाठकों पर स्पष्ट रूप से विदित हो सकता है।......ग्रन्थ अपने ढंगका निराला और तुलनात्मक समालोचनाके अनुरागियोंके लिये बड़ा उपयोगी है। और भाषा-भण्डार की एक त्रुटि को पूरा करता है।

राजसदन, अयोध्या
ता० २७-७-२३ } —जगन्नाथदास 'रत्नाकर'।

पं० छन्नूलाल द्विवेदी लिखित "कालिदास और शेक्सपियर" पुस्तक पढ़कर चित्त परम प्रसन्न हुआ। पूर्ण आशा है कि हिन्दी-संसार में इस पुस्तक का अच्छा आदर होगा। लेखकने पुस्तक ऐसे ढंग से लिखी है कि सर्व साधारण पाठक भी इस पुस्तक को पढ़ कर बहुत सी नयी बातें जान सकता है। आलोचना शैली सराहनीय है। लेखक को ऐसी अच्छी पुस्तक लिखनेके उपलक्ष में हम बधाई देते हैं।

सीतापुर
२६-७-२३ } —कृष्णबिहारी मिश्र।

ज्ञानोदय ग्रन्थमालाका दूसरा पुष्प।

चुम्बन मीमांसा।

लीजिए हिन्दी संसारको जिसका स्वप्नमें भी ध्यान न था, वही हिन्दी साहित्यमें एक बिल्कुल नई चीज़ साहित्य प्रेमियोंकी सेवामें भेंट की जाती है। सब रसोंका राजा श्रृंगार रस है, उसका सर्वोत्कृष्ट और मुख्य अंग चुम्बन है॰ उसकी साहित्यिक दृष्टिसे इस पुस्तकमें मीमांसा की गई है। विविध देशोंमें इसकी कैसी प्रथा है? वहां इस क्रियाकी क्या विधि है? इसका रहस्य क्या है? इस कलाको जाननेवाला किस प्रकार जीवनके सच्चे आनन्दको पाता है? आदि बातें आप जानना चाहते हैं और संसारिक झगड़ोंमें फँसे रहते भी जीवनको सुफल करना चाहते हैं तो अवश्य इस पुस्तककी एक प्रति मंगाइए।

एक बार इस पुस्तकको आद्योपान्त पढ़के फिर आप काव्य ग्रन्थको पढ़ें, तब आपको काव्यका पूर्ण आनन्द मिलेगा। इसके विषयमें कहां तक लिखा जाय। मीमांसाके नाम ही से आप इसके महत्वको समझ सकते हैं। बढ़िया एन्टिक कागज़पर छपी हुई सुन्दर, चित्रोंसे युक्त पुस्तकका दाम सिर्फ १)।

मिलने का पता—

ज्ञानोदय ग्रन्थमाला कार्यालय,
काशी।

भूमिका ।

—※—

कालिदास और शेक्सपियरका सृष्टि भेद ।

कवि जगतका शिक्षक है । कविको चाहिए कि वह जनसमाजको ऐसा शिक्षा दे, जिससे जनसमाजमें दोषोंका ह्रास हो और सत्वगुणका प्रचार बढ़े । जनसमाजमें सत्व गुणका अधिक समावेश कैसे होगा, इसकी युक्ति ढूंढ निकालना ही कवि की प्रतिभाका काम है, और इसी कारण कवि जगत का गुरु कहलाता है । इस उपायभेदमें ही प्राच्य और पाश्चात्य कवियों में भेद है। इसी उपायके करनेमें कवि सृष्टिकर्ता और शिक्षक है । पाश्चात्य कवियों ने जैसी सृष्टि करके शिक्षा दी है, प्राच्यकवियोंने वैसा नहीं किया है। प्राच्यकवि दूसरे ही संसारके विधाता हैं। (एकने मानव-समाजके रजोगुण और तमोगुणको अधिकतर उज्ज्वल करके दिखाया है कि इसका फल कितना भयकर है, तो दूसरेने सत्वगुणको ही सब प्रकार समुज्ज्वल करके उसी ओर मानव-समाजको आकृष्ट किया है कि सात्विक संसार किस प्रकार सुखका आगार है । एकने घोर नरक की सृष्टि करके उसकी दुःखलीला दिखाते हुए जन-समाज को पाप से अलग रखने की चेष्टा की है, तो दूसरे ने स्वर्ग के सौन्दर्य और सुख की ओर सर्वसाधारण की दृष्टि खींचकर, उन्हें उसी राज्य में लाने का यत्न किया है।) पाश्चात्य कवि शेक्सपियर नरक और उसकी यन्त्रणा के सृष्टिकर्त्ता हैं और व्यास, बालमीकि, पुण्यमय पवित्र स्वर्गके । बहुत दिन पहले वे लोग अपना अपना सृष्टिकौशल दिखा गए हैं । किन्तु उनमें कौन कवि अधिकतर कृतकार्य हुआ है, यह बात जन समाज के फलाफल देखने से निश्चित हो सकती है । हिन्दू जनसमाज, और यूरोपीय जनसमाज, दोनों में कौन अधिकतर धर्मशील सात्विक भाव

सम्पन्न, तथा दया, दाक्षिण्य, क्षमा, भक्ति आदि गुणों से परिपूर्ण है? किस जनसमाज की धर्म-प्रवृत्ति प्रबल है? इस के उत्तर ही से उन कवियों की सफलता का पता लग जायगा।

पाश्चात्य कवियों की सामग्री उन की सृष्टि के अनुकूल है। उन का सामान वियोगान्त नाटक है। वियोगान्त नाटकों की रचना प्रणाली में नरकों की सृष्टि और उनके दुःखदाह और यन्त्रणाएँ दिखाई जाती हैं। वियोगान्त नाटक आसुरी सृष्टि के लिये जितना उपयोगी है, उतना दैवी सृष्टिके लिये नहीं। क्योंकि उस में मानवीय प्रचण्ड पाशव-प्रवृत्ति इतनी प्रबल बना दी जाती है कि उसका परिणाम रक्तपात हो जाता है। प्रायः यह प्रचण्डता इतनी प्रबल हो जाती है कि उसे हम अमानुषिक भी कह सकते है। हम संसार में प्रबल शत्रुता के जो दृष्टान्त देखते हैं, उन में बिरले ही रक्तपात देख पड़ते है। जनसमाज में रक्तपात का बिरला ही मौका मिलता है। जहां अधिकसे अधिक जन संघट्ट है, वहां भी साल में दो ही चार खून होते हैं। इस खूनखराबी का कारण या तो लोभ है या विद्वेष, या वैर साधन है या स्त्री पर सन्देह-जनित क्रोध। ये ही सब मानुषी सीमा पार कर रक्त पात में परिणत हो गए है। शेक्सपियरने इन्हीं सांसारिक दृष्टान्तों को लेकर वियोगान्त नाटकों की सृष्टि की है। लेडी मैकबेथ, लार्ड मैकबेथ, उथेलो और इयागो, रोमियो और जूलियट, ब्रूटस और रिचर्ड* आदि उनकी अमानुषिक सृष्टि—वियोगान्त नाटक के—साधन है। इस सृष्टि में रिपु की प्रबलता आसुरी सीमा को पहुंच गई है। शिलगल (Schlegel) ने कहा है कि लेडी मैकबेथ एक राक्षसी है, क्योंकि वैसा साहस, वैसी विश्वासघातकता और निर्दयता केवल राक्षसों में ही सम्भव है। इसी लेडी मैकबेथने एक स्थान पर कहा है कि "जिसे मैंने अपने थन का दूध पिलाया है, आवश्यकता पड़ने पर मैं

---

* शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटकों के ये प्रधान पात्र है। इनकी पूरी कथा जानने के लिये इनके नाटको के हिन्दी अनुवाद और शेक्सपियर कथा गाथा नामक पुस्तक देखनी चाहिए।

उस का सिर भी चूर चूर कर सकती हूं।" हमारी पूतना से इस का कितना सादृश्य है। पूतना भी तो स्तन पिलाकर ही न कृष्ण को मारने गई थी? उतनी ही विश्वासघातकता और उतनी ही देव-द्रोहिता पूतना में भी तो थी। जिस आसुरी प्रेम में पागल हो कर सुन्दरी-जूलियटने रोमियो को, अनेक प्रकार के वाक्छल से आत्म-प्रकाश कर, अपनी यौवन-लालसा का परिचय दिया था, वह यदि उसी प्रकार राम वा लक्ष्मण के समान किसी व्यक्ति के निकट जाती तो, उस की क्या दशा होती? इस मे कोई सन्देह नहीं कि वह दूसरी शूर्पणखा हो जाती। शूर्पणखा ने विफल मनोरथ होकर समराग्नि प्रज्वलित कर दी थी और जूलियट ने भी आत्मघात कर लिया था। सामान्य कारण से इयागो का चातुरीजाल मानुषीसीमा को इतना पार कर गया था कि उस के अन्नदाता उथेलो को स्त्रीहत्या से अपने हाथ को कलंकित करना पड़ा। क्या रिचर्ड ने यह नहीं कहा था कि 'जब प्रकृति ने ही मुझे विकलाङ्ग बनाया है, तब मैं कर्त्तव्य में भी असुर हो सकता हूं?'

"Since I cannot prove a lover

* * * *

I am determined to prove a villain"

शेक्सपियरने यथार्थतः उसे असुरका ही रूप दिया भी है। इससे बढ़कर और क्या कहा जाय?

केवल शेक्सपियर के ही ये आसुरिक आदर्श नहीं है। अंग्रेजी श्रव्य काव्य के सर्व श्रेष्ठ महाकवि मिल्टनने भी अपने महाकाव्य (Paradise Lost) में शैतान की भीषण आसुरिक मूर्ति दिखाई है। मिल्टन के मन में मानव-प्रकृति का जो तमोमय मलिन भाव था, उसी को चित्रित करने के लिये मिल्टन का महाकाव्य बना है।

जिस कुरुपक्ष में गदाधारी, असुर-प्रकृति दुर्योधन ही सर्वेसर्वा है, जिसकी प्रबलता से लोभी द्रोण और कर्ण अधीन होकर अपने सामरिक बल को यथेच्छ कार्य में लाते हैं, किसी का नैतिकशासन और किसी का उत्तम परामर्श ही नहीं मानते—गान्धारी, विदुर, भीष्म और

धृतराष्ट्र की बातें न जाने हवा में कहां उड़ जाती हैं। उस असुर बल-प्रधान कुरुपक्ष ने देव-द्रोही बन कर और धर्म के* विरुद्ध पक्ष लेकर महाभारत ऐसे घोर संग्राम से पृथ्वी को डगमगा दिया, तो इसमें कौन आश्चर्य ?

पाप पूर्ण संसार का चित्र खींचना अधिक कठिन नहीं है, क्योंकि यह तो सर्वत्र ही देख पड़ता है। जिधर नजर फेरिए उधर ही पाप की कलंकित मूर्ति देख पड़ेगी। वही मूर्ति देख कर उसका चित्र खींच लो। शेक्सपियर ने केवल इतना ही नहीं किया, इतने ही से उनको सन्तोष नहीं हुआ। उन्होंने उसमें अपनी भी बड़ी करामात दिखाई है। उन्होंने ऐसे ही चित्रों से लेडी मैकबेथ आदिकी सृष्टि की है। ऐसी आसुरिक सृष्टि ससार में नाम मात्र की है।

आर्य-कवियों ने इसका ठीक उलटा मार्ग पकड़ा है। उन्होंने धर्म की ही असाधारण मूर्ति गढ़ी है। आप कह सकते हैं कि धर्म की जो मूर्ति सर्वत्र ही देख पड़ती है, साहित्य में उसका चित्र खींचने से क्या प्रयोजन? एक बार आंख उठा कर देखने से ही वह मूर्ति चारों ओर दिखलाई पड जायगी। किन्तु ऐसी बात नहीं है। साहित्य मे जो चित्र अंकित हो जायगा वह सदा सर्वदा के लिये रह जायगा। उस चित्र मे असामान्य रूप का समावेश होना चाहिए। उस असामान्य रूपकी सृष्टि एक सामान्य चित्र का रूप देख कर ही करनी होगी। इसी अमानुषी रूप सृष्टि का आदर्श आर्य कवियोंने तिलोत्तमा में दिखाया है। जैसे-तिलोत्तमा बाह्य-सौन्दर्य की सृष्टि है, वैसे ही आर्य साहित्य के सभी आदर्श मानसिक-सौन्दर्य की सृष्टि हैं। तिलोत्तमा की रचना शेक्सपियर नहीं कर सकते यह बात नहीं हैं। उन्होने कई तिलोत्तमाओं की रचनाएँ की हैं। उनकी तिलोत्तमा मिरण्डा (Of every creature's best) रोज़ेलिण्ड और हार्मियन हैं। ~~किन्तु मानसिक-सौन्दर्य की~~ तिलोत्तमा बनाने में वे ~~आर्य कवियों से हार~~ गए हैं। ~~उनकी मिरण्डा~~ शकुन्तलाके सामने सिर

*Les Heroines de Kalidas at Les Heroines de Shakespeare per Mary Sumer (Madame Foveoux) Paris 1879 p 117

झुकाती है। उनकी रोज़ेलिण्ड, हार्मियन, इसावेला, और हेलना असामान्य सौन्दर्य की सृष्टि नहीं हैं। अपने वियोगान्त नाटको मे उन्होंने तिलोत्तमा की सी सृष्टि करते करते लेडी मैकबेथ आदि अनेक असुरों की सृष्टि कर डाली है। रोमियो, जूलियट, इयागो, उथेलो, मैकबेथ, गैनोरियल, जान, रिचर्ड दी थर्ड आदि यदि न होते तो, क्या वियोगान्त नाटकों का ऐसा भयंकर चित्र और रक्तपात कभी सम्भव था? हमारे साहित्य मे भी ऐसे भयंकर असुरो की सृष्टि है, किन्तु वे असुर नाम से ही कलंकित हो गए है। वे धर्म-द्वेषी और देव-द्रोही के नाम से प्रसिद्ध है। मिल्टन के काव्य मे एक ही प्रचण्ड राक्षस की सृष्टि है, किन्तु हमारे दोनों महाकाव्यों में वैसे न जाने कितने असुर वर्तमान हैं। वृत्रासुर, तारकासुर, रावण आदि न जाने कितने राक्षसों ने देव द्रोही होकर अनेकानेक उत्पात मचाए है। किन्तु उनके साथ ही साथ असुर-नाशक देवताओं, गन्धर्वों और धर्मवीरों की भी सृष्टि हुई है। इससे सर्वसाधारण की दृष्टि असुरो से खिच कर देवताओं की ही ओर लग जाती है। इमसे धर्म की जीत होती है। आर्य-साहित्य मे धर्म की ही विजय उज्ज्वल वर्णोंमें अंकित की गई है। यदि शत्रु की उन्मत्तता और पाप के पराक्रम को मूर्तिमान बना कर दिखलाना महाकवियों का परिचायक है तो, उसके साथ साथ जितेन्द्रियता और धर्म को भी मूर्तिमान बनानेसे क्या कोई महाकवि नहीं हो सकता? मानव-प्रकृति का जैसे एक ओर उज्ज्वल दिखाना उचित है, वैसे दूसरी ओर भी उसे समुज्ज्वल करके दिखाना उचित है। ब्रह्माण्डके चित्र मे केवल शैतान को मूर्तिमान बनाकर दिखाने से क्या लाभ? उसके साथ भगवान की आठो विभूतियों को और उनकी सौम्यमूर्ति की शोभा भी दिखाना सर्वथा उचित है। तभी तो ब्रह्माण्ड की समान शोभा और उसकी भीषण मूर्ति जाज्वल्यमान होगी। आर्य-साहित्य मे इसी प्रकार की सम्पूर्णता का सौन्दर्य है। उसमे पुरुष के पास ही प्रकृति भी शोभित रहती है। उसमे मूर्तिके दोनो ही भाग समान भाव से उज्ज्वल हैं। शरीर के अंग प्रत्यंग समान ही परिमाण के हैं और उनमें समान ही विकास है। उसमें न तो बिना

सिर के शरीर की सृष्टि है और न अंग विशेष से हीन प्रकाण्ड शरीर वाले राक्षस की ही सृष्टि है। शेक्सपियर में असुर नाशक चित्रों की भी सृष्टि है, पर वह वैसी उज्ज्वल नहीं है जिससे मैकबेथ के ऊपर मैकडफ या बैंको की प्रधानता हो। रिचर्ड दी थर्ड, जान आदि का प्रतियोगी चित्र कहां है? उनकी सारी आसुरिक कृष्ण मूर्तियों की सृष्टि तो असाधारण है, पर उनके विपरीत उज्ज्वल मूर्तियों का चित्र बहुत ही सामान्य है। कहने का अभिप्राय यह है कि, वहां कृष्ण कलेवर वाले ही अधिक मूर्तिमान हैं। पाप की घोर घटामें धर्म एकदम छिप गया है।

आर्य साहित्य में एक ओर पवित्र धर्मादर्शों का सौन्दय है और दूसरी ओर आसुरिक सृष्टि में पाप की एक घृणित मूर्ति और भीषण परिणाम हैं। एक ओर पापका दमन और दूसरी ओर पुण्य का उदय, ऐसे द्विविध चित्रो से सम्पन्न होकर आय साहित्य के आदर्श जिस प्रकार सर्वसाधारण को पाप के पक्ष से निवृत्त करते हैं, वैसे ही पुण्य पथ में प्रवृत्त भी करते हैं। वे आदर्श मनुष्यों को केवल निष्पाप ही नहीं करते, बल्कि उन्हें देवता बना देते हैं।

कालिदास और शेक्सपियरकी कविताके दृष्टि विन्दु।

कालिदास सुनिपुण चित्रकार है। रंग भरनेमें वह अद्वितीय है। आभा (shade) देनेमें वह अपना सानी नहीं रखता। विषय निर्वाचन और उसकी सजावट करनेमें वह पूरा कारीगर है। किस वस्तुका प्रयोग कहां और कैसे करना, इस बातमें वह सबका गुरु है। जगतको वह चित्रकारकी दृष्टिसे देखता था और कविकी कलमसे लिखता था। वह जानता था कि, ससारमें जो कुछ है सब सुन्दर है। वह स्वाभाविक सौन्दयको अच्छी तरह जानता था भलीप्रकार पहिचानता और कुशलतापूर्वक उसको उचित स्थान देता था।

शेक्सपियरने बाह्यसृष्टिमें हाथ नहीं डाला था। बाहरी दुनियां को वह अधिक मान नहीं देता था। उसका आधिपत्य मनुष्यके हृदयपर

था।-कालिदासका बाहरी जगतपर जैसा आधिपत्य था, वैसाही शेक्स-पियरका अन्तर्जगतपर अधिकार था। शेक्सपियर को यदि हम एक सौर जगतका सूर्य मानते हैं, तो कालिदासको भी दूसरे सौर जगतके सूर्यके सिवाय और कुछ नहीं मान सकते। इसमें कोई शक नहीं कि दिगन्तव्यापिनी, दिगन्त अतिक्रमकारी शेक्सपियरकी कल्पनाके सामने रौद्र, भयानक और अद्भुत रस, तथा मनुष्य प्रकृतिके सुन्दर और कुत्सित, कोमल तथा कठोर भाव आइनेकी तरह चमकते हैं, तो कालिदास की स्वर्ग और मृत्य लोक-व्यापिनी महती कल्पना इतनी सुन्दर और चमत्कार रससे पूर्ण है, कि वह भयानक तथा अद्भुत वस्तु-मेंसे भी सुन्दर भाव निकालके उनको सुन्दर कल्पना कुसुममें सजाता है। सौन्दर्यही उसकी कल्पनाकी हद है। कालिदास सौन्दर्य जगतका राजा है। लज्जाशील शकुन्तला, छली उर्वशी और तपस्विनी पार्वती उसी कल्पनाके नमूने हैं। शेक्सपियरकी कल्पनाशक्ति समुद्रकी तरह विस्तृत और गहरी है। प्रभातके शशि जैसी ओफिलियासे लेकर तूफान जैसी कैथेरिन तक, सर्वत्यागी टाइमनसे लेकर सर्वग्राही रिचर्ड तक सब उसके ताबे हैं। विलासप्रिय क्लियोपेट्रा और सतीसावित्री सी डेस्डि-मोना, निशाचरी लेडी मैकबेथ और पुष्प-विहारिणी पोर्सिया सब उस आकाश पाताल एक करनेवाली कल्पनाके आधीन है। चाहे एरियल हो या पक, चाहे डाकिनियों की टोली हो या अप्सराओंका समूह, सब उस शेक्सपियरकी विश्व-अतिक्रमकारिणी कल्पनाकी आज्ञामें हैं। फिर भी यह कहना पड़ेगा, कि सौन्दर्य सृष्टिकी सूक्ष्मतामे कालिदासने उस अद्वितीय शेक्सपियर को पराजित किया है। शेक्सपियर भी एक नन्दन काननकी रचना करनेमें निपुणता दिखा सकता है, किन्तु उस नन्दन-काननके प्रत्येक फूलमें, फूलके प्रत्येक दलमे, दलके प्रत्येक परागमें कितना मुग्धकर सौन्दर्य है, इसको कालिदासके सिवाय दूसरा और कोई भी कवि नहीं दिखा सकता। उस सौन्दर्यके गूढ़ तत्त्वोंका अनुभव करना दाल भातका निवाला नहीं है। कौन बता सकता है, कि किन रम-णीय उपादानोंसे, किन पारिजातके परिमलसे किस इन्द्र धनुषके रंगसे,

किस कविताकी कल्पनासे और किस कल्पना की ज्योत्स्नासे शकुन्तला की सृष्टि हुई है? द्वीपवासिनी मिरन्दा, कालिदासकी शकुन्तलाके आगे ऐसी जँचती है, जैसे सूर्यके आगे दीपक अथवा चन्द्रमाके आगे जुगनू।

देखिए, कालिदास और शेक्सपियरकी तुलना करते हुए, एक फ्रेञ्च ग्रन्थकार क्या कहता है—

" मालूम पड़ता है कि भारतवर्षके कविने सौन्दर्य के सूक्ष्म और तीक्ष्ण प्रदर्शनमें अपने विपक्षी को पराजित कर दिया है। पाश्चात्य कवि, जिसको पकड़ने की कौन कहे, छूने तक नहीं पाता, ऐसी वस्तु-को पकडकर भारतीय कविने एक अति गम्भीर प्रदेशमें से सत्यका उद्धार किया है। वह स्थान ऐसा वैसा नहीं है वह स्त्रीका हृदय है।"

असुन्दर वस्तुपर कालिदासकी ऐसी घृणा थी कि उनके सब ग्रन्थो-मे कहीं भी पापका अथवा वीभत्स रसका वर्णन नहीं मिलता। जब कि शेक्सपियरने पापका चित्र खींचनेमें ही निपुणता दिखाई है। कालिदासके ग्रन्थोमे कहीं भी श्मशानका वर्णन नहीं मिलेगा। नरकका नाम भी नहीं सुनाई देगा। न उनमें मैंकबेथ ही नज़र आएँगे न इयागो ही। कुछ भी हो, शेक्सपियरकी अद्भुत पापकी सृष्टि, कालि-दासकी प्रशंसा करनी ही पड़ती है। कालिदासने हिमालयका वर्णन करनेमें हिमालयकी प्रकाण्डता दिखाई है। प्रकाण्ड वस्तुका वर्णन कर पाठकों के रोंगटेभी खड़े कर दिए हैं। यही नहीं, उसने हिमालयके वर्णनमें अप्सराओं की मतिका भ्रमित होना दिखाया है, सूर्यकी किरणोंको टेढ़ी करके तालाबमें कमल खिलाए हैं और दूसरी अनेक सुन्दर वस्तुओं को दिखाकर उसने हिमालयको विलास-कानन बना दिया है। कालिदास में ऐसी सौन्दर्य प्रियता होनेके कारण ही उसके ग्रन्थोंमे ऐसा सौन्दर्य-वर्णन नज़र आता है। इसीके लिये उसने कटमट छन्द सूत्र लिख और प्रिय-विशेषण पदका प्रयोग कर अपने ग्रन्थोंको और भी अधिक ललित बना दिया है।

पृथ्वीमे वर्णनीय दो ही वस्तुए हैं। एक तो अन्तर्जगत,

मनुष्यका मन और दूसरा बाह्य-जगत, निर्मल आकाश, सुन्दर विस्तृत जंगल, मेघमालाके जैसी पर्वत श्रेणी इत्यादि । कालिदासके ग्रन्थोंमे यह स्पष्ट होता है कि, इन दोनोंमें जो कुछ सुन्दर है, उसी में कालिदासका हाथ नज़र आता है मनुष्य जातिमें सुन्दर स्त्रियां हैं । रमणीय हृदयमें पवित्र प्रेम परम सुन्दर है। कालिदासने उसी प्रेमको नानाप्रकारसे दिखानेका यत्न किया है । हृदयकी विभिन्न प्रवृत्तियोंमें जो आकर्षणशक्ति है, वह उसके ग्रन्थोंमें नजर आती है । पिता पुत्रको गोदीमें लेकर चुम्बन करता है, पुत्र वनको जायगा, यह सुन पिता विलाप करता है, ' न्या ससुराल जायगी, इसमे वृद्ध पिता रोदन करता है । 'प्रियतमाकी अकाल मृत्यु के कारण पति शोकमें निमग्न हो जाता है । स्वामीकी अकालमृत्युपर नवविधवा मोहवश मूर्छित पड़ी है । प्रियाके विरहमें प्रिय उन्मत्त होकर इधर उधर फिरता है, जो कोई मार्गमें मिलता है, उसीसे वह अपने प्रियाकी खबर पूछता है । ये सब मनुष्यके हृदयके मोहिनीमय भाव हैं । इन भावोंका सच्चा उस्ताद कालिदास ही है । परन्तु जहाँ दस पन्द्रह परस्पर विरोधी भाव उत्पन्न हो कर अन्तराकाशमें अन्धकार उत्पन्न करते हैं, जहां हृदय क्षेत्रमें युद्ध चलता है, जहां एक भाव दूसरे भावके साथ तुमुल युद्ध करता है, जहां कालिदासकी छाया भी नहीं जायगी, ऐसे स्थानपर शेक्सपियरकी ही तूती बोलती है । एक तरफसे पापकी स्मृति अनुभवके बोझेसे हृदयपरके भारको भारी बनाती है और दूसरी ओरसे वह अपने पापो पर पर्दा डालनेका प्रयत्न करती है, ऐसे अवसर पर शेक्सपियर भावोंको अव्यक्त नहीं होने देता । वह बाहरी भाव ऐसी खूबीसे दिखाता है कि, हृदय-वृत्तिकी जटिलता और मनुष्य स्वभावकी अस्थिरता, परस्पर विरोधी, ये दोनो भाव एक दम व्यक्त हो जाते है । शेक्सपियरके सिवाय दूसरा कोई भी इस काममें पार नहीं पा सकता। शेक्सपियर मनुष्य उत्पन्न कर सकता है। आप जैसा मनुष्य चाहेगे, वैसा ही मनुष्य वह तैयार कर देगा । यदि आप शकुन्तलाके जैसी सरला, मुग्धहृदया, सामाजिक-कुटिलतासे अनभिज्ञ

बालिका चाहते हैं, तो मिराण्डा और डेस्डिमोना तैयार हैं। यदि आप ऐसी स्त्रीको देखना चाहें, जो घर-बारके कामकाजसे घबड़ाए नहीं, भागे नहीं, तो मिस्ट्रेस क्युकली भी हाज़िर है। पतिपरायणा, पतिरता स्त्री चाहें, तो पोरशिया है ही। जगतको अपनी मायाजालमें फँसा उस का सत्यानाश करनेमें तत्पर, ऐसी दुर्बुद्धिशाली, भुवनमोहिनी चाहते हैं, तो क्लियोपेट्रा बैठी ही है। यदि आप ऐसी स्त्री चाहें, जिसका हृदय दुराकांक्षासे जर्जरित हो गया हो, लोगोंपर अपना सिक्का जमानेके लिये पाषाणवत् दृढ संकल्प करने वाली हो, पुरुषको पाप कर्ममें प्रवृत्त करने वाली हो, तथा साक्षात् राक्षसीका अवतार हो, तो लेडी मैकबेथ हाज़िर है। इस प्रकार शेक्सपियरने सब प्रकारके मनुष्योंकी रचना की है। इतना ही नहीं, शेक्सपियरने ऐसी भी एक स्त्रीकी सृष्टि की है, जो राज सुखके लिये अपने दूधमुहें बच्चेकी भी हत्या करनेसे बाज़ नहीं आती और जो राजाका मुख अपने पिताके मुखके ऐसा देखकर राजाकी हत्या करनेसे पीछे नहीं हटती।

कालिदासने इस प्रकारकी सृष्टि-रचना नहीं की है। मनुष्यके हृदय-के सुन्दर भावोंको ही दिखानेके लिये उन्होने बीड़ा उठाया था, उन्होंने शकुन्तला के बिदा होने के समय का कण्वमुनिका रोदन भी सुन्दर बना दिया है। इसके बाद कण्व को एक दम हटा दिया है। और फिर उनकी सुध तक नहीं ली है। शकुन्तला का चित्र परम सुन्दर है, इसी से उसको अथसे इति तक देखनेकी इच्छा होती है। ऐसी मुग्ध बालिका का प्रथम प्रेम बड़ा सुन्दर है। उसी प्रेम के कारण, भारी कष्ट सहते हुए भी, पिता माताकी तरह सुख दुःखसे पाले हुए हरिनोंके बच्चे और चिरवर्द्धित नवमालिका लताको त्याग करके, उसका जाना भी सुन्दर है। राजाके प्रत्याख्यान करने पर उसे मूढ़ बालिकाकी तरह छिपानेका यत्न भी सुन्दर है। प्रत्याख्यानके समयका किञ्चित क्रोध भी सुन्दर है। इतने अपमान पर भी पुनः मिलनेकी आशा भी सुन्दर है। कश्यप के तपोवनमें दुष्यन्तको देखते ही उसके सब अपराध क्षमा कर के एक दम पामर प्राणी के हाथ में शकुन्तला का आत्म-

सम्पर्ण करना भी सुन्दर है। कालिदास श्रेष्ठ कवि हैं। दूसरे किस की सामर्थ्य है कि, इतना सौन्दर्य दिखा सके ?

यदि सुन्दर मनुष्य का चरित्र देखना हो, तो विक्रमोर्वशी खोलिए। राजा का स्वभाव कैसा सुन्दर है। राजा सूर्य भगवान की अर्चना करके सूर्य लोक से लौटता है, कि एकदम अप्सराओं का आर्त्तनाद सुनाई पड़ा। राजा ने सुना कि दैत्य केशरी अप्सरा को चुराके ले जा रहा है। उसने केशरी के हाथ से उर्वशी का उद्धार किया। वीरता स्त्रियोंके मनको बड़ी आसानीसे अपने वश कर लेती है। राजाकी वीरता पर उर्वशी निछावर हो गई। वह उसपर लट्टू हो गई। क्या यह प्रेम सुन्दर नहीं है ? उर्वशीका प्रेम एकदम निष्फल नहीं गया। राजाका मन भी कुछ पिघल चला। वह धारिणीके ऊपर वीत-तृष्ण हुआ; किन्तु धारिणीने उसका अपमान करनेमें कुछ उठा न रक्खा। इतने पर भी उसने धारिणीसे एक भी कड़ा शब्द न कहा। अन्तमें धारिणीने प्रिय-प्रसाधन व्रत करके चन्द्र और सूर्यकी साक्षी देकर कहा कि अभीतक मेरे स्वामीके प्रेमकी जो आकांक्षा करती होगी, उसको मैं बहिनकी तरह समझूंगी। क्यों यह सुन्दर नहीं है ?

उर्वशीके साथ मिलाप होनेके थोड़े ही दिन बाद राजा हिमालय पर्वत के रम्यस्थानोमे विहार करने को गया। साथ में उर्वशीको भी लेता गया। वहां वसन्त ऋतुमे, पुष्प वनमें, नदीके किनारे, निर्जनप्रदेशमें संध्या समय दोनों परमसुख से समय बीताते थे। एक दिन उर्वशी कार्तिकके बगीचेमे चली गई। कार्तिक कुवाँरा था। स्त्रियों का उस बगीचे में जानेसे सम्भव था कि, उसके देव-कार्य मे बाधा पड़े; इस कारण वहां यह शाप था कि, स्त्री उस बागमें जानेसे लता होजाय, तस्मात् उर्वशी भी लता हो गई। राजा उसके विरह में उन्मत्त हो गया। मेघको देख कर उसने सोचा कि कदाचित् दैत्य उसको पुनः हर ले गया हो। मेघको उसने अनेक गालियां दी। मेघ ने भी उसपर पानी बरसाया। राजाने समझा कि पापी दैत्य ने हमारा सर्व-नाश किया है और उलटा हमी पर बाण बरसाता है। वह भय से खड़ा हो गया, और देखता क्या है कि

एक पेड़ पर एक मोर गर्दन ऊची करके कुछ देख रहा है । राजाने उस से पूछा क्या मेरी प्रिया भी तुझे कहीं नज़र आती है ? मयूर बोला 'कक्‌क्‌' । इस पर राजाको गुस्सा आ गया, कि मैं महाराज पुरुरवा हूं क्या तू मुझे नहीं पहचानता ? और पूछता है ! कः कः ? बस उन्होंने एक मिट्टी का ढेला उठाकर मोर को मारा । मोर उड गया । फिर राजाने बड़े कष्ट से गोरी-पाद भ्रष्ट अलक्तक मणि के संयोग से उर्वशी का उद्धार किया । उर्वशी ने कहा, "महाराज अब यहां रहना ठीक नहीं, राजधानी को चलिए ।" राजा बोला कि, तो फिर तुम मेघ हो । उर्वशी मेघ हुई । राजा उसपर चढ़कर पलभर में प्रयाग आ पहुंचा । कहिए, इससे भी बढ़कर क्या कोई दूसरा चित्त-विनोद हो सकता है ?

अभी तक हमने नाटक की बातें सुनाई । थोड़ा और सुन लीजिए । नाटक मनुष्य के हृदय के भावों को व्यक्त करता है । कालिदासने नाटक में बहुत कुछ सौन्दर्य दिखाया है और बहुत अभी बाकी भी है । वह बाकी अब कालिदास में मिलती नही। उसके लिये हम को शेक्सपियर की शरण लेनी पड़ेगी । कालिदास का सौन्दर्य शेक्सपियरमें भी झलकता है । कालिदासका पुरुरवा, कालिदास की शकुन्तला खोजने से शायद मिल भी सके । किन्तु शेक्सपियरका प्रस्पेरो ढूंढ़ने से भी कहीं नहीं मिलेगा । प्रस्पेरो का स्वभाव मनुष्य हृदयगत सौन्दर्य को हद है । जिस शत्रुने उसको जीर्ण शीर्ण नावमें चढ़ाके अगाध-समुद्रमें छोडा था, जिसके कारण उसको राजपाट गुमा कर बारह वर्षतक जन-शून्य जंगल मे रहना पड़ा था, ऐसे शत्रु को क्षमा करना कोई सामान्य उदारता की बात नहीं है । प्रस्पेरो के गुण में कोई अतिशयोक्ति नहीं है, सब सम्भव है । कन्या मिरान्दा अपने पिता प्रस्पेरो की वशीभूता थी । नेपुलके राजा ने उसका राज्य लौटा दिया । फर्डिनन्द इसको देवता समझता था। सांसारिक कार्य में प्रस्पेरो कैसा दक्ष था, उसके नाटक में इसके अनेक दृष्टांत मिलते हे । वह मूर्तिमान शान्त था । वह शांति की मूर्ति था । परोपकार उसके अलंकार थे । सैकड़ों अपराध करने पर भी, कालिबान को उसने स्वतंत्रता दी, कारण की वह उसको चाहता था, एरियल को

उसका समय पूर्ण होने के पूर्व ही उसने छोड़ दिया। एन्टोनियो का मुजरिम सिद्ध कर और प्राण दण्ड पाने का अधिकारी बनाकर, सिर्फ एक बार धमकी देकर ही छोड दिया। उसका घर लूटने आए हुए तीन लड़कों को भी उसने क्षमा प्रदान की। प्रस्पेरो का चरित्र पढ़ने ही से उस पर श्रद्धा और भक्ति उत्पन्न होती है। यह भी एक प्रकार का सौन्दर्य है। जब धर्म बुद्धि और पाप-बुद्धि में युद्ध होता है; उस समय का वर्णन भी क्या सुन्दर नहीं है? ब्रूटस, एण्टनी, हैमलेट ही नहीं, पर मैकबेथ भी इस विवाद के कारण कोई काम नहीं कर सकता था। उसकी चित्त वृत्तियां अस्थिर थीं। क्या यह सुन्दर नहीं है? क्या ऐसे लोगों के लिये लोग सहानुभूति नहीं दिखाते? कालिदास में ऐसा सौन्दर्य कहां है?

क्या सौन्दर्य मात्र ही से काव्य की इति श्री है? नहीं, सौन्दर्य के अलावे दूसरी बहुत सी वस्तुएँ हैं, जिन से काव्य बनता है। उन में दो बातें उल्लेखनीय हैं। पण्डितों का कथन है, कि तीन पदार्थों से कल्पना जनित आनन्द की उत्पत्ति होती हैं, एक बड़ी वस्तु देखने से, दूसरे नई वस्तु देखने से और तीसरे सुन्दर वस्तु देखने से। ये तीनों जैसे बाह्य जगत में घटते हैं, वैसे ही अन्तर्जगत में भी घटते है। अन्तर्जगत में जब अपने किसी को लोकान्तरित क्षमतावाला देखते हैं, जब देखते है कि जिन देव ने व्याघ्री के लिये अपना देह अर्पण किया, जब देखते हैं कि रामचन्द्र पिता की आज्ञा पालने के लिये बन में गए तभी हम प्रकाश वस्तु को देखते हैं, तभी हमारे मन में विस्मय का आविर्भाव होता है, और उस से विस्मय मिश्रित एक अपूर्व आनन्द तथा भक्ति का उदय होता है। कालिदास ने ऐसे पुरुष प्रकाण्ड का चित्र नहीं दिखाया हैं। विश्वजित यज्ञ में जब रघु राजाने

"मृत्पात्रशेषामकरोत विभूतिम्"

और जब पार्वती ने मदन दहन के बाद कठोर तपश्चर्या से अपने शरीर को आंच देना आरम्भ किया, उस समय, हां, कालिदास ने इस प्रकार

का प्रकाण्ड-चित्र दिखाने का प्रयत्न किया है; परन्तु पार्वती की तपश्चर्या के अलावे और कहीं भी वह विस्मय उत्पन्न करने में समर्थ नहीं हुआ है। जब कि शेक्सपियर इस प्रकार का विस्मय उत्पादक है। इसके नाटकोंमें मनुष्य हृदय के चित्र असंख्य हैं। उसमें उज्ज्वल चित्रों की संख्या नहीं है। सर्व प्रधान लेडी मैकबेथ में एक बार भी अनुताप नहीं हैं, उल्टो प्रतिज्ञा ही नज़र आती है। एक बार भी हृदय की दुर्बलता का प्रकाश नहीं है। कैसा प्रत्युत्पन्न मतित्व है? जब सभा में बांको की आत्मा आकर मैकबेथ को विह्वल करने लगी, और जब मैकबेथ भय और अनुताप से गुप्त बातों को कहने लगा उस समय लेडी मैकबेथने कैसी क्षमता दिखाई है। दूसरी स्त्री होती तो "अरे मेरा सत्यानाश हुआ" कह कर पुक्का मारती, किन्तु लेडी मैकबेथने सभा के सब लोगों को समझाया कि राजा को अकसर ऐसी बदहवासी हो जाया करती है। ऐसी हालत में उन के पास यदि कोई जाता है, तो यह और भी बढ़ती जाती है। यह समझा कर उसने सभों को विदा किया और उसके पास बैठ कर उसके दुर्बल मन को दृढ़ता सम्पादन करने लगी। ऐसा चरित्र पढ़कर भला किसके मन में विस्मय नहीं उत्पन्न होगा?

कल्पना-जनित-आनन्द का दूसरा कारण नवीनता है, अर्थात् अजीब वस्तुओं का वर्णन करना। आरब्योपाख्यान में इस के अनेक उदाहरण मिलेंगे। ऐसा अजीब वस्तुएँ कालिदास और शेक्सपियर में नहीं मिलेंगी शेक्सपियर के ग्रन्थों में भी परी आदि का समावेश हुआ है। उस में भी नवीनता है और सुन्दरता भी है। उन्होंने शोक और दुःख को नहीं उत्पन्न किया है। शोक और दुःख का जिन वृत्तियों से अनुभव होता है, वे वृत्तियां भी उन में नहीं है। वे तो केवल एक प्रकार के आनन्द ही के उत्पादक हुए है। देखिए, एरियल क्या कहता है—

Ariel—Your charm strongly works them
That if you now beheld them, your affections
Would become tender

Prospero—Dost thou think so, spirit?

Ariel—Mine would, Sir, were I human

एरियल—आप के मन्त्र ने उन पर पूरा काम किया है। इस समय यदि आप उन को देखेंगे, तो आप को भी उन पर तरस आवेगी।

प्रस्पेरो—क्यों तू ऐसा सोचता है?

एरियल—श्रीमान् यदि मैं मनुष्य होता, तो मेरा दिल अवश्य पिघल जाता।

एरियल यदि मनुष्य होता, तो वह अवश्य मनुष्य के दुःखों को देख कर दुःखित होता। देवयोनि के लोग तो मनुष्य को अपना खलौना बना क्रीड़ा करते है। मनुष्य को वे जिस अवस्था में चाहते हैं बना के आनन्द करते हैं। इन सब बातों को पढ़ने से पाठक के आगे एक नए जगत की सृष्टि हो जाती है। यहां तक कि पाठक स्वयं परियों में विलीन हो जाते हैं। कालिदास के ग्रन्थों में भी चित्रलेखा, सहजन्या मिश्रकेशी और उर्वशी का वर्णन है; किन्तु शेक्सपियर का परीस्थान एक दूसरी ही वस्तु है।

शेक्सपियर के हास्यरस के पात्रों के चरित्र भी आश्चर्यजनक हैं। कितनी बार फालस्टाफ बातों के फेर मे फस जाता था, लेकिन वह घबड़ाने वाला व्यक्ति न था। जब जब उसमें विद्या और बुद्धि का अभाव प्रदर्शित होना चाहता, तब तब वह एक नवीन चालाकी निकालता। वह कभी पीछे हटने वाला व्यक्ति न था। कालिदास के विदूषक मे इतनी युक्तियाँ और चालाकियां नहीं भरी थीं।

हृदय की प्रवृत्ति वर्णन करने में कौन कितना कुशल है, अब यह किसी से छिपा नहीं रह गया। कल्पना जनित सुख तीन कारणों से उत्पन्न होते हैं—प्रकाण्डता, सौन्दर्य तथा नूतनता। प्रकाण्डता अर्थात् विस्मयकारी हृदय भाव का जाज्वल्यवान वर्णन करने में शेक्सपियर का सानी कोई भी नहीं है। अतिनैसर्गिक पदार्थ-सृष्टि में शेक्सपियर अतीव मनोहर है, हास्यरस का वर्णन करने में वह बड़ा कारीगर है। सौन्दर्य वर्णन तथा हृदयवृत्ति की जटिलता और गंभीरता के वर्णन में शेक्सपियर कालिदास के तलवे की भी बराबरी नहीं कर सकता। जिस चरित्र के पढ़ने से मनमें उदारभाव उत्पन्न होते हैं, जिस चरित्र का अनुकरण करके शिक्षा

प्राप्त करने की इच्छा होती है, ऐसा चरित्र कालिदास में मिलना मुश्किल है। तिस पर भी जहां हृदयभाव का सहज वर्णन चाहिए, वहां कालिदास बहादुर है। कालिदास के नाटक पढ़ने से, जो भाव उत्पन्न होते है, उनको गेटी (Goethe) ने बहुत अच्छी तरह कहा है। अभिज्ञान शाकुन्तल के विषय में गेटी कहते है।

"Wouldst thou see spring's blossoms and the fruits of its decline
Wouldst thou see by what the souls enraptured feasted fed
Wouldst thou have this earth and heaven in one sole name combined
I name thee oh Sakuntala! and all at once is said"

गेटी का कहना है कि शकुन्तला वह चीज है, जो यौवनावस्था मे उत्पन्न हुई अनुराग रूपी कली को प्रौढ़ावस्था में उत्पन्न हुए भावरूपी फल से मिला देती है। शकुन्तला वह चीज़ है, जो पृथ्वी का स्वर्ग के साथ मेल कराती है। इसमें वह सिद्धान्त निहित है जिसके द्वारा फूल में फल का, पृथ्वी में स्वर्ग का, और जड़ में चेतन का विकास पाया जाता है।

बाह्य जगत के वर्णन में कालिदास अद्वितीय है। शेक्सपियर ने बाह्य जगत के वर्णन में हाथ नहीं डाला है। और न उसको बाह्य जगत की परवाह ही है। उसकी तो मनुष्य के हृदय पर पूर्णसत्ता है। जैसे उसकी अन्तर्जगत पर सत्ता है, वैसे ही कालिदास की बाह्यजगत पर पूर्ण सत्ता है।

कालिदास और शेक्सपियर

परिचय।

कालिदास का समय।

पुष्पेषु जाती नगरीषु काञ्ची नदीषु गंगा कवि कालिदासः।

कालिदास का नाम तो इस समय संसार में चारो तरफ फैला है, पर उनके ग्राम का कुछ भी ठीक ठिकाना नहीं है। जिसके मन में जो आया, वही उसने लिख मारा। कोई इनको नदिया का निवासी कहता है, तो कोई काश्मीर के राजसिंहासन का अधिपति, और कोई इनको एकदम सिंहल द्वीपमें घसीट ले जाता है। अन्ध-कवि होमरको भी यही यातना भोगनी पड़ी थी। उसके लिये सैकड़ो नगर खड़े हो गए थे। उनमे बड़ी कहा सुनी हुई। कोई कहता कि होमर का जन्म हमारे यहां हुआ है, हमारे ही नगर को उसकी मातृ-भूमि होने का गौरव प्राप्त है। दूसरा इसको कब सह सकता था। वह अपनी ही 'टॉय टॉय फिस' लगाता। यही हाल कालिदासके जन्मतिथि का है। कोई "बेताल भट्ट-घटकर्पर कालिदासा:" कहके नवरत्नो में इनको गिनता है और विक्रम सम्वत् की पहली शताब्दी इनका समय बताता है। इस विषय में यदि विद्वान ईसा की पहली शताब्दी से हज़ार वर्ष पूर्व तक की दौड़ न लगावे

तो उनके विद्वत्ता की तारीफ़ ही क्या ! देखिए, लब्ध प्रतिष्ठित, धुरन्धर विद्वान लोग क्या कहते हैं—बेंटले साहब ने तो अपने प्रमाण उपस्थित कर दिए कि कालिदास ईसा की ग्यारहवी शताब्दी मे विद्यमान थे। हिपलाइट् फास साहब ने दबी जबान से कहा-नहीं, कालिदास ईसाकी आठवी शताब्दी में हुए थे। इतना ही नहीं, पिटर्सन साहबने कालिदासको एकदम ईसाकी पहली शताब्दी मे पहुंचा दिया। कीलहार्न और बिलफर्ड इत्यादि ने सबके कहने पर पानी फेर दिया और कालिदास का समय पाचवीं शताब्दी ईसा की निश्चित किया है। इसमें इनका दोष नहीं, यह समय का फेर है। शेक्सपियर को अभी कितने दिन हुए है ? एलिजबेथ ही के जमाने मे न थे ? तिसपर भी लोग यह कहने से बाज़ थोड़े ही आए कि 'शेक्सपियर नाम का कोई व्यक्ति ही नहीं था। शेक्सपियर के नामसे प्रसिद्ध जो नाटक हैं, वे सब बेकन नामक दार्शनिक के लिखे हुए हैं।' भले कहैं। शेक्सपियर का अस्तित्व अब मिट थोड़े सकता है। कालिदास चाहे धारा नगरी के हो या उज्जयिनी के, पर यह तो निर्भयता पूर्वक कहा जा सकता है, कि ऋतुसंहार और मेघदूत, कुमारसम्भव और रघुवंश, द्वात्रिंशत्पुत्तलिका, विक्रमोर्वशी, मालविकाग्निमित्र और शकुन्तला ये सब नाटक और काव्य एक ही कवि, स्वयं कालिदासकी, ही अमर लेखनी से निकले हैं। अपने इन्हीं काव्यों के कारण, कालिदास चासर और टामसन की तरह उच्चश्रेणी के स्वभावसिद्ध कवि, शेली और स्वेनबर्न की तरह गीति-काव्यों के रचयिता, वाल्टेयर की तरह जातीय-महाकाव्यों के प्रणेता, बोकेशियो की तरह आख्यायिका लिखने में सिद्धहस्त और कर्नल काल्डेरन की तरह प्रचलित प्रथा की नाट्य-रचना में निपुण माने जाते हैं। अस्तु—

चालुक्यवंशीय राजा दूसरे पुलकेशीके समय का एक शिला-

लेख मिला है। वह ६३४ ईसवी का है। उस शिलालेख में खुदे हुए श्लोकों का कर्त्ता रविकीर्ति नामक एक कवि है। उसमें उक्त कवि ने कालिदास का नाम दिया है। अतएव कालिदास ईसा की सातवीं शताब्दी के पहले अवश्य वर्तमान थे। उसके बाद के वे नहीं हो सकते।

कालिदास का लिखा हुआ मालविकाग्निमित्र नामक एक नाटक है। उसके नायक का नाम अग्निमित्र है। अग्निमित्र के पिता का नाम पुष्पमित्र था। इसी पुष्पमित्रने सुङ्गवंश की स्थापना, ईसा के १७९ वर्ष पहले की थी। इससे यह निश्चित हुआ कि ईसा के पूर्व १७९ वर्ष से लेकर ईसा की सातवीं शताब्दी के बीच में किसी समय कालिदास हुए होंगे। अब यह अनुसन्धान करना चाहिए कि इन सात आठ सौ वर्षों में किस समय कालिदास का होना सम्भवित होता है।

कालिदास ने रघुवंश में इन्दुमती के स्वयंबर का वर्णन किया है। उस स्वयंबर मे उपस्थित राजाओं मे सब से प्रथम स्थान कालिदास ने मगधनरेश को दिया है। प्राचीन समय में बड़े बड़े कवि अवश्य ही किसी न किसी राजा के आश्रय। में रहते थे। अपने आश्रयदाताका गुण कीर्तन करना और उसकी सबसे बढ़कर प्रतिष्ठा करना, आश्रित कवि के लिये स्वाभाविक बात है। मगधराज का जो वर्णन कालिदास ने किया है, उसमे लिखा है कि मगधाधिप भारत का चक्रवर्ती राजा था और वह एक न एक यज्ञ करता ही रहता था। उससे बढ़कर दूसरा राजा भारत में नहीं था। इससे यह अनुमान करना अनुचित न होगा कि कालिदास मगध नरेश ही की सभा में थे।

अब इस बात का विचार कीजिए, कि सातवीं शताब्दी के पहले मगध में कोई ऐसा राजा था भी या नहीं, जिसके आधीन

मारा भारतवर्ष रहा हो और जिसने यज्ञ किए हो। इतिहास से इस बात का पता चलता है कि ऐसे दो राजा मगध मे हुए है—एक पुष्पमित्र, और दूसरा द्वितीय चन्द्रगुप्त। कालिदास के ग्रन्थो से यह पता लगता है कि वे गुप्तवंशीय राजाओं के समय मे ही वर्तमान थे क्योंकि—

रघुवश के चौथे सर्ग मे रघु के दिग्विजय का वर्णन है। उसमें लिखा है कि रघुने सिन्धु नदी के तट पर हूण लोगो को पराजित किया। ये हूण भारतवर्ष मे सब से पहले गुप्त राजाओ के समय मे ही आए थे और उसी समय इस देश पर उन्होंने आक्रमण किया था। सुङ्ग-राजाओं के समय मे हूणो के आक्रमण का कोई ऐतिहासिक उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता। बहुतों का मत है कि रघुवंश के प्रत्येक सर्ग मे गुप्त राजाओ का नाम वर्तमान है। चौथे और पांचवे सर्गों के निम्नोद्धृत श्लोक तो इस सन्देह को अच्छी तरह दूर कर देते हैं—

इक्षुच्छाय निषादिन्यस्तस्य गोप्तुगुणोदयम्
आकुमार कथोद्घात शालिगोप्यो जगुर्यशः ॥४० २०॥
सगुप्त मूल प्रत्यन्तः शुद्धपार्ष्णि रयान्वितः
षड्विध बलमादाय प्रतस्थे दिग्जिगीषया ॥४।२५॥
ब्राह्ममुहूर्ते किल तस्य देवी कुमारकल्पं सुषुवे कुमारम्
अतः पिता ब्रह्मण एव नाम्ना तमात्मजन्मानमज चकार ॥५।३६॥

किन्तु रघुवंश के चौथे और छठे सर्ग मे इसकी अपेक्षा और भी अधिक अखण्डनीय प्रमाण पाए जाते हैं। कालिदास कृत सम्पूर्ण वर्णन पढ़ने से मालूम होता है कि, उन्होंने रघुवंश मे जो

कुछ लिखा है, यह सब उनको आंखों देखी अथवा उनसे कुछ समय पहले व्यतीत हुई घटनावली का वर्णन है। ये सब घटनाएँ पाँचवीं शताब्दी में गुप्त राजाओं के अभ्युदय के समय में ही हुई थीं। यह बात रायल एशियाटिक सोसायटी के जर्नल में प्रकाशित, एक गवेषणा पूर्ण निबन्ध से स्पष्ट सिद्ध होती है। रघुवंश के चौथे सर्ग के ५८ श्लोक से ७१ श्लोक तक के वर्णन से पता लगता है कि उस समय ईरानी (पारस्य देशवासी) लोग भारत के पश्चिमी प्रान्त में राज्य करते थे। शायद विलोचिस्तान और कान्धार की 'द्राक्षावलय-भूमि' उन्हीं के अधिकार में थी। हूण लोग उस समय भारत के उत्तर काश्मीर के कुङ्कुमोत्पादक प्रान्त-समूहों के राजा थे। हूण-राज्य के उत्तर, हिमालय की दूसरी ओर, काम्बोज का राज्य फैला हुआ था। इन तीनों राज्यों का इस प्रकार सन्निवेश पाँचवीं शताब्दी में बहुत ही थोड़े समय तक था। हम चीन और फारिस के इतिहास से जान सकते हैं कि सन् ४७५ ईसवी के पहले श्वेतवर्ण के हूणों ने विदार-राजाओं से गान्धार देश छीन लिया था। इसके बाद ४८४ ईसवी में इन्हीं हूणों के साथ फारिस के राजा फ़ीरोज़ का भीषण युद्ध हुआ था। फ़ीरोज़ इस युद्ध में परास्त और हत हुआ, और भारत के समीपवर्ती पूर्वोक्त प्रान्त उसके अधिकार से निकल कर हूणों के अधिकार में चले गए। चीन के परिव्राजक सुं-इयेन के लेखों से भी यह बात परिपुष्ट होती है। उसने लिखा है कि, महाराज चिङ्कोयाङ् के राज्यकाल के प्रथम वर्ष, अर्थात् ५२० ईसवी में, वह गांधार देश में आया था। वहाँ उसने दो पीढ़ियों से राज्य करते हुए इपेथा, अर्थात् श्वेतवर्ण के हूणों के वंशधरों को देखा था। ग्रीस के रहने वाले भारत यात्री कॉसमस (Cosmus) ने, ५२२ ईसवी में लिखा है कि, उस समय भारत के उत्तर और पश्चिम में हूण राजा सोलास बड़े समारोह के साथ राज्य करता था।

इन बातों से सहज मे अनुमान किया जा सकता है कि, रघुवश के चौथे सर्ग मे ४३५ ईसवी के कुछ बाद की और ५२२ ईसवी के कुछ पहले की घटनावलियों का ही वर्णन है। कालिदास के मनमें गुप्त राजाओं के कथा वर्णनकी जो अभिलाषा थी, उसे उन्होंने रघु और अज की कथाओं के बहाने से पूर्ण किया है। "सगुप्त मूल प्रत्यन्तः," "तस्य गोप्तुगुणोदयम्" और छठे सर्ग के चौथे श्लोक के "मयूरपृष्ठाश्रयिणा गुहेन," आदि पद इस बात के दृढ़ और स्पष्ट प्रमाण हैं। क्योंकि गुप्त राजाओं के कुलदेवता स्वामिकार्तिक थे, और उनके चाँदी के सिक्कों की पीठ पर मयूर ही का चिह्न रहता था। अतएव यह निश्चित समझिए कि, रघुवंश में उल्लिखित यवनों, हूणों, और पारसीकों का अवस्थान केवल पाँचवीं शताब्दीमें सम्भव था। महाभारत और पुराणादिकोंमें इन लोगोंका नामोल्लेख है अवश्य, पर उनके मुख्य अवस्थिति स्थानों और स्थानीय द्रव्योंका उन ग्रन्थोंमे ठीक वैसा उल्लेख नहीं है, जैसा कि रघुवंशमें है। उनकी अवस्थिति आदिका ठीक निश्चय नहीं किया जा सकता। इसपर यह कहा जा सकता है कि, सम्भव है, कालिदासने इसके बहुत समय बाद इन घटनाओंके आधारपर अपने काव्यकी रचना की हो। इस सम्भावनाके खण्डनमें भी यथेष्ट प्रमाण मौजूद हैं। मन्दसोरमें ४७२ ईसवीका जो शिलालेख पाया गया है, उसके कई श्लोकोंमें मेघदूतके श्लोकोंकी छाया दिखाई देती है। इससे सिद्ध है कि मेघदूत उस शिलालेखके खोदे जानेके अवश्य कुछ पहले लिखा गया था। रचनाकी श्रेष्ठता, छन्दोंकी मधुरता और उपमा आदि अलंकारोंकी सार्थकतासे सूचित होता है कि कालिदासका रघुवंश उनके मेघदूतसे कमसे कम बीस वर्ष बाद लिखा गया है।

कालिदासने अपने कुमारसम्भवके सातवें सर्गमें सप्तमातृका

और नरकपालभूषिता कालीका उल्लेख किया है। गुप्त राजाओंके समयमें ही उत्कीर्ण शिला-लिपियोंमें पहले-पहल सप्तमातृका पूजाका उल्लेख है। ठीक उसी समय बौद्धधर्मसे तान्त्रिक हिन्दू-धर्मका विकास हुआ था।

कालिदासके नाटकोंमें जिस प्रकारकी प्राकृतभाषाका व्यवहार हुआ है, उसका मिलान अशोककी शिला-लिपियोंमें व्यवहृत प्राकृतसे करनेपर मालूम होता है कि, दोनोंमें बहुत अन्तर है। दोनों भाषाएं आपसमें नहीं मिलतीं। यदि कालिदास ईसा के पूर्व जन्म ग्रहण करते तो उनकी प्राकृत अशोककी प्राकृतसे अवश्य ही मिलती। परन्तु वह नहीं मिलती। कालिदासकी प्राकृत अशोकके बहुत समय पीछे की प्राकृत है। इससे यह सूचित होता है कि कालिदासका जन्म उसी समय भारत में हुआ होगा जिस समय इस देशमें गुप्त राजाओंका प्राधान्य था। गुप्त राजाओंके समयमें ही संस्कृत साहित्यकी विशेष उन्नति हुई। उसी समय की प्राकृत का प्रयोग भी कालिदासके नाटकों में है।

अब इस बातका विचार करना है कि, किस गुप्त राजाके समय में कालिदास विद्यमान थे।

पण्डितोंका विश्वास है कि, कालिदास विक्रमादित्यके समयमें थे। यह प्रवाद निर्मूल नहीं है। कालिदासके एक नाटकका नाम है विक्रमोर्वशी। इसमें पुरुरवा और उर्वशीकी कथा है। जान पड़ता है, इस नाटकके नाममें 'विक्रम' शब्द द्वारा कविने विक्रमादित्य—उपाधिधारी राजा ही की तरफ इशारा किया है। विक्रमादित्य उपाधिधारी राजाओंका पता गुप्तवंशीय राजाओंमें ही सबसे पहले मिलता है। उन राजाओंके पूर्व भी विक्रमादित्य-उपाधिधारी कोई राजा था, इसका पता इतिहास में नहीं है।

कालिदास ने मेघदूत में उज्जयिनी का जैसा अच्छा वर्णन किया

है, उस से ज्ञान पड़ता है कि वे अवश्य उज्जयिनी गए थे। विना देखे ऐसा अच्छा और ऐसा सच्चा वर्णन नही किया जा सकता। अब देखिए, विक्रमादित्य-उपाधिधारी कोई गुप्तवंशीय राजा उज्जयिनी-को गया था या नहीं। गुप्त राजाओंके इतिहाससे ज्ञात होता है कि द्वितीय चन्द्रगुप्तकी उपाधि विक्रमादित्य थी। उसने क्षत्रीयवंशीय शकनृपति रुद्रसिंहको परास्त करके मालवेका राज्य उससे छीन लिया था और उज्जयिनी के सिंहासन पर भी आसीन हुआ था। उदयगिरी नामक गुफा मे द्वितीय चन्द्रगुप्त का जो लेख उत्कीर्ण है, वह इस ऐतिहासिक घटना का साक्षी दे रहा है।* इन प्रमाणोंसे यह सिद्ध स्ता है कि, कालिदास गुप्त नरेश दूसरे चन्द्रगुप्त की सभा में थे। इस निश्चयकी पोषकतामे और भी कई प्रमाण दिए जा सकते हैं।

चन्द्रगुप्त द्वितीयके पिताका नाम समुद्रगुप्त था। समुद्रगुप्त दिग्वि-जयी राजा था। इलाहाबादकी लाटपर समुद्रगुप्तकी जो प्रशस्ति खुदी हुई है, उसमे उन प्रदेशोंके नाम है, जिन्हे समुद्रगुप्तने जीता था। रघु-वंशमे, कालिदासने रघुके दिग्विजयका वर्णन करते समय रघुकेद्वारा जिन प्रदेशोंका जीता जाना लिखा है, वे सब समुद्रगुप्तके द्वारा जीते गए प्रदेशोंके नाम आदिसे प्रायः ठीक ठीक मिलते हैं। इससे यह अनुमान करना अनुचित न होगा कि, अपने आश्रय दाता चन्द्र-गुप्तके पिताके विजयको ध्यानमे रख कर ही कालिदासने रघुके दिग्विजयका वर्णन किया है।

किसी किसी का मत तो यहां तक है कि, कुमारगुप्त या स्कन्दगुप्त के जन्मोपलक्ष्यमें ही कालिदासने कुमारसम्भव की रचना की है।

कालिदासने मेघदूत मे दिङ्नाग नामक बौद्ध नैयायिक का उल्लेख किया है। इस दिङ्नागका ऐतिहासिक पता लग गया है। बौद्ध

* फ्लीट साहबकी संग्रह की हुई उत्कीर्ण शिलालेखोंकी पुस्तकके तीसरे भागमें यह लिखा हुआ है।

साहित्यके अवलोकन और चीनी परिव्राजक ह्वेनसांगके भ्रमण-वृत्तांतके पाठसे ज्ञात होता है कि मनोरथ नामक बौद्ध पण्डितके दो शिष्य थे—एक आसंग और दूसरा वसुबन्धु। इसी वसुबन्धुका शिष्य दिङ्नाग था। पुष्पपुर अर्थात् प्राचीन पटना में ही दिङ्नाग ने वसुबन्धुका शिष्यत्व ग्रहण किया था। वसुबन्धु और दिङ्नागने ही नालन्द-विश्वविद्यालयकी स्थापना की थी। दिङ्नागके न्याय-शास्त्रका नाम "प्रमाण-समुच्चय" है। बौद्धाचार्य वसुबन्धु स्कन्दगुप्त विक्रमादित्यकी सभामे थे और उनके गुरु मनोरथ कुमारगुप्तकी सभामें। परमार्थ नामक पण्डित मगधदेशसे चीन गए थे। बौद्धधर्मके प्रचारके लिये वे नरेन्द्रगुप्त बालादित्य द्वारा भेजे गए थे। ५६९ ईसवीमे वे चीनमे परलोकगामी हुए। परमार्थका लिखा हुआ वसुबन्धुका एक जीवनचरित्र है। उसीमें लिखा है कि, वसुबन्धु स्कन्दगुप्त विक्रमादित्यके सभा पण्डित थे। उधर ह्वेनसांगने अपने भ्रमण वृत्तांतमे लिखा है कि मगध-नरेश-कुमारगुप्तकी सभामे शास्त्रार्थ करनेके लिये मनोरथ गए थे। वहां वे अन्यायपूर्वक परास्त किए गए। इस कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली और इस अन्यायकी सूचना मरनेके पहले उन्होंने वसुबन्धुको देदी। इससे यह प्रमाण मिला कि कुमारगुप्तके राजत्वकालमे वसुबन्धु और दिङ्नाग दोनों ही विद्यमान थे। अन्यायपूर्वक किए गए मनोरथके पराजयमे कालिदास भी शामिल थे। अपने गुरुके गुरु मनोरथ पण्डितके पराजयका प्रतिशोध लेनेके लिये ही दिङ्नागने कालिदासके काव्योंके विरुद्ध समालोचना की थी। यही कारण है कि, मेघदूतमें कालिदासने दिङ्नागका इस प्रकार व्यंगपूर्वक उल्लेख किया है। इससे यह सूचित होता है कि कुमारगुप्तकी सभाकी शोभा भी कालिदासने बढ़ाई थी।

कालिदासने अपने काव्योंमें राशिचक्रका उल्लेख किया है। जामित्र और होरा इत्यादि ज्योतिषके कुछ परिभाषिक शब्द भी

उन्हाने लिखे हैं। ज्योतिषका सूर्यसिद्धांत ३०० ईसवीके आसपासका ग्रन्थ है। इसमें राशिचक्रका उल्लेख नहीं है; परतु आर्यभट्टके ग्रन्थमें है। आर्यभट्टका जन्म ४७८ ईसवीमे पाटलिपुत्रमे हुआ था।

राशिचक्र और जामित्र आदि शब्दोंका ज्ञान हमे ग्रीक लोगोंसे हुआ। होरा, द्रेकोण या द्रेस्कोण इत्यादि राशिचक्रके विभागकी बात सबसे पहले फर्मिकस मीटरनस (Fermicus Metternus) नामक ग्रीक ज्योतिषीके ग्रंथमें उल्लिखित है। उसका समय ३३६ ईसवी से ३५४ ईसवी तक है। इससे यह सिद्ध होता है, कि कालिदास ३३६ ईसवीके अनन्तर विद्यमान थे।

यहां तक जो कुछ लिखा गया उससे यह ज्ञात होता है कि ३३६ ईसवीके पहले कालिदासका जन्म ग्रहण करना इतिहास दृष्टिसे असम्भव है। अतएव जिन अनुमानों और प्रमाणोका उल्लेख ऊपर किया गया है, वे सूचित करते हैं कि, कालिदास गुप्त राजाओंके अभ्युत्थान के समयमें ही उत्पन्न हुए थे और उनके ग्रंथ इस बातका साक्ष्य दे रहे हैं कि, विक्रमादित्य उपाधिधारी दूसरे चंद्रगुप्तके सभामें विद्यमान थे।

कालिदासका आत्म-चरित

काव्य ही कवि का जीवन है। उसीमे उसकी आत्मा निवास करती है। यदि हम किसी कविका वास्तविक रूप देखना चाहते है, तो हमें उसके काव्यों का अवलोकन करना चाहिए। उनसे हम कविके जीवनके विषयमें कुछ बातें अवश्य जान सकते है। कविका किसपर अनुराग था, किससे घृणा थी, कब, कब उसे सुख दुःख का अनुभव करना पड़ा, ये सब बातें उसके ग्रंथो का ध्यानपूर्वक अध्ययन करनेसे प्रकट हो जाती है। कालिदासके विषयमें बड़ी खोज की गई, पर अभी तक निश्चितरूप से कुछ भी ज्ञात नहीं हुआ।

उनके स्थितिकालके विषय मे भी अभी तक विद्वानों में बड़ा मतभेद है। कोई उन्हें ईसाके पहले विक्रमादित्य का समकालीन मानते हैं, तो कोई उन्हें राजा भोजका सभाकवि कहते हैं।* उनकी जन्मभूमि-का भी पता नहीं। कोई मालवा कहता है,तो कोई काश्मीर बतलाता है। अभी हाल मे (प्रवासी) के एक लेखकने उन्हें बङ्गाली प्रमाणित करनेकी चेष्टा की है। अस्तु, नीचे उनके ग्रंथो के आधारपर उनके जीवन की कुछ बाते लिखी जाती हैं।

कालिदास ने कई काव्य और नाटक लिखे हैं। पर उनका आत्मचरित जाननेके लिये मेघदूतहीका आकलन करना चाहिए। महाकाव्य और नाटकमे कविका कल्पनाक्षेत्र संकुचित रहता है। वह अपने हृदय के उद्गारों को भलीभांति व्यक्त नही कर सकता। इसीलिये रघुवंश और अभिज्ञान-शाकुन्तल हमारे काम के नहीं। मेघदूत कवि की उपज है। उसमें उसकी कल्पना निर्बाध विचरण करती है। इसलिये उसमे उसके मनोविचार साफ़ साफ़ लक्षित होते हैं।

कालिदास का प्रकृति-निरीक्षण बड़ा विलक्षण था। किन किन ऋतुओ में, कौन कौन फूल खिलते हैं, कैसे कैसे पक्षी देख पड़ते हैं, वे कहां कहां घोसले बनाते हैं, किस ऋतुमें कौन पौधा कितना बढ़ जाता है, ये सभी बाते उन्होंने ठीक ठीक लिखी हैं। इससे प्रतीत होता है कि उनका बाल्यकाल गांव में ही व्यतीत हुआ था। उन्होंने ग्रामीण स्त्री-पुरुषोका बड़ा ही सरल चित्र खींचा है। इससे भी इस अनुमान की पुष्टि होती है। सम्भव है, उनकी जन्मभूमि मालवा अथवा उसके आसपास कहीं रही हो। अन्य प्रांतो की अपेक्षा मालवे पर उनका प्रेम भी अधिक है।

* इस विषयको अन्यत्र 'कालिदासका समय' शीर्षक लेखमे सविस्तार देखिए।

कालिदासके विषयमें कई किंवदंतियां प्रसिद्ध हैं। उनसे यह मालूम होता है कि कालिदास पहले बड़े मूर्ख थे, पीछे से देवीकी आराधना करके उन्होंने अलौकिक कवित्व-शक्ति प्राप्त की थी। मेघदूतसे विदित होता है कि कालिदास बड़े भारी विद्वान थे। भिन्न भिन्न शास्त्रोंमें तो उनकी गति थी ही, वे संगीत और चित्रकला भी भलीभांति जानते थे। वे प्राकृत-सौंदर्य के बड़े प्रेमी थे।

कालिदास का शास्त्रज्ञान।

कालिदास के काव्य और नाटक इस बात का साक्ष्य दे रहे हैं कि कालिदास केवल महाकवि ही न थे। कोई शास्त्र ऐसा न था जिसमे उनकी गति न हो। वे असामान्य वैयाकरणी थे। अलंकार शास्त्र के वे पारगामी थे। सस्कृत भाषा पर उनकी निःसीम सत्ता थी। जो बात वे करना चाहते थे उसे कविता द्वारा व्यक्त करने के लिये सबसे अधिक सुंदर और भाव-व्यञ्जक शब्दो के समूह के समूह उनकी जिह्वा पर नृत्यसा करने लगते थे। कालिदास की कविता में शायद ही कुछ शब्द ऐसे होंगे जो असुन्दर और अनुपयोगी अथवा भावोद्बोधन मे असमर्थ समझे जा सकें। वेदांत के वे ज्ञाता थे,आयुर्वेद के वे ज्ञाता थे,सांख्य,न्याय और योग के वे ज्ञाता थे;ज्योतिष, पदार्थ विज्ञान, लोकाचार, राजनीति, असाधारण नीति आदि मे भी उनकी असाधारण गति थी। प्रकृति-परिज्ञान के तो वे अद्भुत पण्डित थे। प्रकृति की सारी करामातें-उनके सारे काम-उनकी प्रतिभा के मुकुर मे प्रतिबिम्बित हो कर उन्हें इस तरह देख पड़ते थे, जिस तरह कि हथेली पर रखा हुआ आँवला देख पड़ता है। वे उन्हें हस्तामलक हो रहे थे। उनकी इस शास्त्रज्ञता के प्रमाण उनकी उक्तियो और उपमाओं मे जगह जगह पर रत्नवत् चमक रहे हैं।

दर्शनशास्त्रों का ज्ञान ।

ग्रंथारम्भ मे कही गई कालिदास की उक्तियो से यद्यपि यह सूचित होता है कि वे शैव थे, किंवा शिवोपासना की ओर उनकी प्रकृति अधिक थी, तथापि वे पूरे वेदांती थे। वेदांत के तत्वोको वे अच्छी तरह जानते थे। ईश्वर और जीव, माया और ब्रह्म, आत्मा और परमात्मा के सम्बंध को वे वैसा ही मानते थे जैसा कि शंकराचार्य ने पीछे से माना है। ईश्वर की सर्वव्यापकता भी उन्हे मान्य थी। अभिज्ञान-शाकुंतल का पहला ही श्लोक-"या सृष्टिःस्रष्टुराद्या"-इस बातका साक्षी है। इस मे उन्होने यह स्पष्टतापूर्वक स्वीकार किया है कि ईश्वर की सत्ता सर्वत्र विद्यमान है। परमात्मा की अनंतता का प्रमाण रघुवंश के इस श्लोकमे है.—

ता तामवस्था प्रतिपद्यमान स्थित दशव्याप्य दिशो महिम्ना।
बिष्णो रिवास्यानवधारणीयमीदृक्तयारूपमियत्तया वा ॥

पुनर्जन्म अथवा आत्मा की अनिश्वरता का प्रमाण रघुवंश के निम्नोद्धृत पदार्थ मे पाया जाता है—

मरणं प्रकृतिः शरीरिणा विकृति जीवनमुच्यते बुधैः ।

कालिदास की योग-शास्त्र-सम्बंधिनी विज्ञता उनकी इस उक्ति से स्पष्ट है:—

तमसः परमापदव्ययं पयोगसमाधिना रघुः ।

मायाका आवरण हट जाने और संचित कर्म क्षीणता को प्राप्त होने से आत्माका योग परमात्मा से हो जाता है। यह वेदांततत्त्व है। इसे कालिदास जानते थे, यह बात भी उनकी पूर्वोक्त उक्ति से सिद्ध है।

वेदांतियों का सिद्धांत है कि कार्यों या संस्कारो.का बीज नष्ट नहीं होता कालिदास नेः—

(१) प्रपेदिरे प्राक्त न जन्मविद्याः ।

और

(२) भावस्थिराणि जननान्तर सौहृदानि

कह कर इस सिद्धांत को भी स्वीकार किया है। सांख्य-शास्त्र संबंधिनी उनकी अभिज्ञता के दर्शक एक श्लोक का अवतरण देखिए।

त्वामामनन्ति प्रकृतिं पुरुषार्थ प्रवर्तिनीम् ।
तद्दर्शिनमुदासीनं त्वामेव पुरुषविदुः ॥

ज्योतिष का ज्ञान।

इस में तो कुछ भी सन्देह नही कि कालिदास ज्योतिषशास्त्र के पण्डित थे। इस बात के कितने ही प्रमाण उनके ग्रन्थों में पाए जाते हैं। उज्जयिनी बहुत काल तक ज्योतिविद्या की केन्द्र थी। जिस समय इस शास्त्र की बड़ी ही ऊर्जितावस्था थी उसी समय अथवा उसके कुछ काल आगे पीछे, कालिदास का प्रादुर्भाव हुआ। अतएव ज्योतिष से उनका परिचय होना बहुत ही स्वाभाविक था।

(१) दष्टिप्रपातं परिहृत्यतस्य कामः पुरः शुक्रमिव प्रयाणे ।
(२) ग्रहैस्ततःपञ्चभिरुच्च संस्थै ब्राह्मे मुहूर्ते किल तस्य देवी।
(३) मैत्रे मुहूर्ते शशलाञ्छनेन योगं गतासूत्तरफल्गुनीषु ।
(४) हिमनिर्मुक्तयार्योगे चित्राचन्द्रमसोरिव
(५) तिथौ च जामित्रगुणान्वितायाम् ।

इत्यादि ऐसी कितनी ही उक्तियां कालिदास के ग्रन्थों में विद्यमान हैं जो उनकी ज्योतिष-शास्त्रज्ञता के कभी नष्ट न होने वाले सर्टिफिकेट हैं।

ग्रहण के यथार्थ कारण को भी कालिदास अच्छी तरह जानते थे। उन्होंने रघुवंशमे लिखा है:—

छाया हि भूमेः शशिनो मलत्वेनारोपिता शुद्धिमतः प्रजाभिः।

पदार्थ विज्ञान का ज्ञान।

कुमारसम्भव के:—

हरस्तु किञ्चित्प्रविलुप्त धैर्यश्चन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः।
इस श्लोक से सूचित होता है कि समुद्र में ज्वार-भाटा आने का प्राकृतिक कारण भी उन्हें अच्छी तरह मालूम था।

ध्रुव प्रदेश में दीर्घ काल तक रहने वाले उषःकाल का भी उन्हें ज्ञान था। उन्होंने लिखा है:—

मेरोरुपान्तेष्विव वर्त्तमान मन्योन्य संसक्त महस्त्रियामम्।

उनके उषःकाल-सम्बन्धी ज्ञान का यह दृढ़ प्रमाण है।

सूर्य की उष्णता से पानी भाप बनकर उड़ जाता है। वही बरसता है। इस बात को भी वे जानते थे। कुमारसम्भव का चौथा सर्ग इसकी गवाही दे रहा है:—

रविपीतजला तपात्यये पुनरोघेन हि युज्यते नदी।

रघुवंश के:—

सहस्र गुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः।

इस पद्यार्द्ध से भी यही बात सिद्ध होती है।

"अयस्कान्तेन लोहवत्"—लिख कर उन्होंने यह सूचना दी है कि हम चुम्बक के गुणों से भी अनभिज्ञ नहीं।

आयुर्वेद-ज्ञान।

कालिदास चाहे अनुभवशील वैद्य न रहे हो, चाहे उन्होंने आयुर्वेद का विधिपूर्वक अभ्यास न किया हो, परन्तु इस शास्त्र से भी उनका थोड़ा बहुत परिचय अवश्य था। और सभी सत्कवियो का परिचय प्रधान प्रधान शास्त्रों से अवश्य ही होना चाहिए। बिना सर्व शास्त्रज्ञ हुए—बिना प्रधान प्रधान शास्त्रोंका थोड़ा बहुत ज्ञान प्राप्त किए—कवियो की कविता सर्वमान्य नहीं हो सकती। महाकवियों के लिये तो इस तरह के ज्ञान की बड़ी ही आवश्यकता होती है। क्षेमेन्द्र ने इस विषय मे जो कुछ कहा है बहुत ठीक कहा है। वैद्य-विद्या के तत्त्वो से कालिदास अनभिज्ञ न थे। कुमार-सम्भव के दूसरे सर्गमे तारक के दौरात्म्य और पराक्रम आदि का वर्णन है। उस प्रसङ्ग मे कालिदास ने लिखा है।

> तस्मिन्नुपायाः सर्वे नः क्रूरे प्रतिहत क्रियाः।
>
> वीर्य वन्त्यौषधानीव विकारे सान्निपातिके॥

मालविकाग्निमित्र के सर्पदंश-चिकित्सा के विषय में कविकुल गुरु की उक्ति है:—

> छेदो दशस्य दाहो वा क्षतस्यारक्तमोक्षणम्।
>
> एतानि दष्टमात्राणामायुष्याः प्रतिपत्तयः॥

इन अवतरणों से यह सूचित होता है कि कालिदास की इस शास्त्र में भी बहुत नहीं तो थोड़ी गति अवश्य थी।

भूगोलका ज्ञान।

मेघदूत में कालिदास ने अनेक देशो, नगरो, पर्वतो और नदियो आदि का वर्णन किया है, उससे जान पड़ता है कि उन्हें भारत का भौगोलिक ज्ञान भी बहुत अच्छा था। चोल, केरल, और पाण्ड्य देश का उन्होंने जैसा वर्णन किया है; विन्ध्यगिरि, हिमालय और काश्मीर के विषय मे उन्होंने जो कुछ लिखा है, रघुवंश के तेरहवे सर्गमे भारतीय समुद्र के सम्बन्ध मे जो उक्तियाँ उन्होने कही है—वे सब प्रायः ठीक ही है।

कालिदास की सच्चरित्रता

कुछ लोग भोजप्रबन्ध के आधार पर कालिदास को चरित्र-हीन कहते हैं। परन्तु भोजप्रबन्ध ऐतिहासिक दृष्टि से प्रमाण योग्य नहीं। उसमे कही गई कितनी ही बाते परस्पर विरुद्ध और भ्रमात्मक ठहर चुकी हैं। किसी भी इतिहासवेत्ताने भोजप्रबन्ध की नीव पर अपनी कल्पनाभित्ति नहीं उठाई है। उसके कर्त्ता ने कालिदास, भवभूति, माघ, बाण आदि प्रसिद्ध प्रसिद्ध कवियो को एक ही लाठी से हाँका है। इन सभी कवियों का आविर्भाव काल भिन्न भिन्न है।

अच्छा, थोड़ी देर के लिये मान लीजिए कि भोजप्रबन्ध ऐतिहासिक ग्रन्थ है, और उसमे कही गई कालिदास विषयक बातें भी सच हैं, तो भी रघुवंश आदि के प्रणेता महाकवि कालि-दास चरित्रहीन नही ठहरते। भोज ग्यारहवी शताब्दी मे हुआ है और कालिदास की स्थिति, किसी के भी मत से, छठी शताब्दी के बाद की नहीं। अतः निश्चय है कि भोजप्रबन्ध में वर्णित कोई और ही कालिदास होगा; वह भले ही चरित्रहीन रहा हो।

यदि कोई मनुष्य दुश्चरित्र है, तो यह निश्चय है कि उसकी

रचनाओं से अवश्य ही दुश्चरित्रता की गन्ध निकलेगी। कहीं न कहीं वह अपनी स्वाभाविक मनोवृत्ति को प्रकट करने में निश्चय ही विवश हो जायगा। उसकी आन्तरिक वृत्ति झलके बिना न रहेगी। सेनेका (Seneca) नाम के तत्ववेत्ता का कथन है:—

No one can persevere long in a fictitious character; for nature will soon reassert itself

अर्थात् - दुश्चरित्र मनुष्य अपने को बहुत दिनों तक नहीं छिपा सकता। उसका स्वभाव कभी न कभी अपना रङ्ग दिखाए होगा। किसी ने कहा है:—

आबद्ध कृत्रिमसटां विकरालवक्त्रः
प्राप्तो हठान्मृगपतेः पदवीं यदि श्वा।
मत्तेभकुम्भतटपाटनलम्पटस्य
नाद करिष्यति कथं हरिणाधिपस्य॥

अर्थात्—भले ही कोई बनावटी अयाल लगा कर कुत्ते को सिंह बना ले। परन्तु मतवाले हाथियो के गण्डस्थलों को विदीर्ण करने वाले सिंह की गर्जना वह कैसे करेगा? मुँह से शब्द निकलते ही उसका असली रूप प्रकट हो ही जायगा।

कविका सच्चा भाव उसकी कविता में प्रकट हो ही जाता है। क्योंकि कवि को कल्पना की तरङ्गों में गोते लगाने ही पड़ते हैं; संकीर्णता और अनुदारता उसे छोड़नी ही पड़ती है; व्यक्तिगत गुणों अथवा दोषों को भुला देना पड़ता है; भावोन्माद या सत्त्वोद्रेक होने पर उसे आपे से बाहर हो जाना पड़ता है; दिल की तङ्गी को छोड़ कर दुनिया के सांचे में उसे ढलना पड़ता है। इस दशा में उसे एक और ही चीज़ बन जाना पड़ता है। जिस कवि में ये बातें नहीं हैं; उसे सच्चा कवि कहना भूल है। उसकी कविता

समाज के चित्त पर कुछ भी प्रभाव नहीं डाल सकती। उसका आदर होना असम्भव है। कालिदास सच्चे कवि थे। उन्हें तो सच्चे कवियों का शाह कहें तो भी अत्युक्ति न होगी। अच्छा, तो आइए दिल खोल कर लिखने वाले कालिदास की कविता की परीक्षा करें और देखें कि उसमें दुश्चरित्रता की बू आती है या नहीं।

कालिदास अपनी स्त्री को किस दृष्टि से देखते थे? दाम्पत्य सम्बन्ध के विषय में कालिदास का भाव कैसा था? उनके प्रेम का आदर्श क्या था? उस आदर्श की महत्ता कितनी उदार थी। इन्हीं बातों को अब देखना है।

रघुवंश में कालिदास ने स्थान स्थान पर एक-नारी-व्रत का महत्व दर्शाया है। उनके काव्य का आदर्श ही यही है। मंगलाचरण ही में दाम्पत्यप्रेम का कैसा उत्तम निदर्शन है।

"वागर्थाविव सम्पृक्तौ"—से बढ़ कर क्या कोई पतिपत्नी की अभिन्न हृदयता का नमूना बतला सकता है? क्या किसी व्यभिचारी की लेखनी से ऐसी उपमा निकल सकती है?

नीचे के अवतरणों पर विचार कीजिए—

(१) प्रजायै गृह-मेधिनाम्।

(२) असक्तः सुखमन्वभूत्।

(३) अनाकृष्टस्य विषयैः।

(४) पारिणेतुः प्रसूतये।

(५) कलत्रवन्तमात्मानमवरोधे महत्यपि।
तथा मेने मनस्विन्या लक्ष्म्या च वसुधाधिपः॥

(६) तस्यामात्मानुरूपायामात्मजन्म समुत्सुकः।

(७) तत्तद्भूमिपतिः पत्न्यै दर्शयन्।

(८) महिषसिखः।

(९) गृहिणी सहायः ।

(१०) धर्मपत्नी सहितः ।

(११) अपि स्वदेहात् किमुतेन्द्रियार्था-
यशोधनानां हि यशो गरीयः ।

(१२) तामेक भार्यां परिवादभीरोः
साध्वीमपि त्यक्तवतो नृपस्य ।
वक्षस्य सघट्ट सुखं वसन्ती-
रेजे सपत्नी रहितेव लक्ष्मीः ।

(१३) का त्वशुभे कस्य परिग्रहो वा
कि वा मदभ्या-गमकारण ते ।
आचक्ष्व मत्वा वाशिनां रघूणां
मनः परस्त्री-विमुख प्रवृत्ति ॥

(१४) यो हीन संसर्ग परङ-मुखत्वाद्-
युवाप्यनर्थैं र्व्यसनै विहीनः ।

इन अवतरणों से क्या यह नही प्रतीत होता कि कालिदास के हृदय में धर्मपत्नियो की कितनी प्रतिष्ठा थी ? जिसके विचार ऐसे निर्मल हों क्या वह अपनी धर्मपत्नी का हक़ दूसरी सामान्य स्त्री को सौंप सकता है ?

प्रेम का जैसा सच्चा और मनोहर वर्णन कालिदास ने किया है, वैसा चरित्रहीन मनुष्य नही कर सकता । दाम्पत्यप्रेम का एक उदाहरण लीजिए। कवि कुल गुरु कहते हैं—

रथांग नाम्नोरिव भावबन्धनं बभूव यत्प्रेम परस्पराश्रयम् ।
विभक्तमप्येक सुतेव तत्तयोः परस्परस्यापरि र्यमचीयत् ।।

अहा ! कैसा अच्छा जीवित और जागरूक वर्णन है । आगे चल कर एक जगह आप कहते हैं—

काकुत्स्थश्चिर विरहोत्सुकावरोधान् राजन्यान् स्वपुरनिवृत्तयेऽनुमेने

राजाओं के लौटने का कैसा अच्छा कारण कविने बताया है ।

अजविलाप को अन्यत्र देखिए, वह अवतरण भी इस सम्बन्ध में ध्यान देने योग्य है ।

कालिदास का मेघदूत तो दाम्पत्यप्रेम का समुद्र ही सा है । उसे पढ़ते समय प्रेम की अलौकिक स्पृहणीयता का अनुभव होता है ।

राजा दुष्यन्त कण्वके आश्रममें आता है । कण्वऋषि उसे वहां नहीं मिलते । उनकी पुत्री अलौकिक रूपवती शकुन्तला दो सखियोंके साथ छोटे छोटे पौधोको सींचती हुई देख पड़ती है । राजा उसे देख कर सहसा उसकी रूप-सम्पत्ति पर मुग्ध हो उठता है, और "अधरः किसलयरागः" आदि शृंगार रसात्मक वर्णन करने लग जाता है । इस पर उसके अन्तःकरण में एक प्रकार के क्षोभ, वैलक्ष्य और लज्जा के भाव उत्पन्न होते हैं । राजा बड़ा धर्मात्मा है । उसको अपने अन्तःकरण पर बड़ा विश्वास है । उसका अन्तःकरण आजकल के युवकों की तरह मलीन नहीं । अतः वह अपने अन्तः-करण की सच्चाई के बिरते पर कहता है—

असंशयं क्षत्रपरिग्रहक्षमा यदार्यमस्यामभिलाषि मे मनः ।
सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरण प्रवृत्तयः ।।

अर्थात्— यह ऋषिकन्या निश्चय ही क्षत्रिय से ब्याहने

योग्य है—इसका पाणिग्रहण क्षत्रिय कर सकता है। इसमें सन्देह नहीं। अन्यथा मेरा साधु-शील, सच्चा और दृढ़ मन अकस्मात् इस प्रकार इसकी ओर क्यों झुक जाता? क्योंकि, सन्देह होने पर अच्छे लोगों की प्रवृत्ति ही प्रमाण का काम देती है। उनके मन का झुकाव ही भले बुरे की गवाही देता है।

बस इसी से आप समझ लीजिए कि कालिदास का मन कैसा था? वे परस्त्रीगामी थे अथवा नहीं? विशेप लिखने की आवश्यकता नहीं।

कालिदास ने अपने जीवनकाल में ही प्रतिष्ठा पा ली थी। उनको अपनी कवित्वशक्ति का ज़रा भी अभिमान न था। वे विद्वानों की सम्मतियों का आदर करते थे। उनका तो यह कहना था कि "आपरितोषाद्विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्"। अपने जीवन के प्रारम्भ में उन्हें अवश्य शंका हुई थी कि लोग कदाचित् उनकी कृति को नवीन समझ कर उपेक्षा की दृष्टि से देखें। यह उन्होंने अपने मालविकाग्निमित्र में व्यक्त किया है—

पुराणमित्येव न साधु सर्वं
न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम्।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते
मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः॥

अर्थात्—प्राचीनता से ही किसी का आदर नहीं होता, और न नवीनता से निन्दा। विद्वान परीक्षा करके अच्छे को ग्रहण कर लेते हैं। तो भी मेघदूत के पाठ से ऐसा मालूम होता है कि कालिदास के कुछ प्रतिस्पर्धी भी थे। ऐसे लोगों की उन्होंने अच्छी खबर ली है—

ये संरम्भोत्पतनरभसाः स्वांगभंगाय तस्मिन्।
मुक्ताध्वानं सपदि शरभा लंघयेयुर्भवन्तम्।

तान्कुर्वीथास्तुमुलकरका वृष्टिपातावकीर्णान्

के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्ना. ॥

अर्थात्—तेरा गर्जन सुन कर शरभो को बड़ा कोप होगा। अपने बलका उन्हे बड़ा घमण्ड है। तुझे लांघने के लिये ऊपर कूद कूद कर वे अपने हाथ-पांव तोड़ेगे। तू ओसो की वर्षा करके उन्हे भगा देना। निष्फल यत्न करने से जगत मे किसकी हँसी नहीं हुई ? दिङ्नाग पर भी उन्होंने ऐसा ही वाक्-प्रहार किया है—

दिङ्नागानां पथि परिहरन्स्थूल हस्तावलेपान् ।

कालिदास को अपने निन्दकों की ज़रा भी परवा न थी। उनको अपनी कवित्व-शक्ति पर पूरा विश्वास था। तभी तो उन्होंने लिखा है—

अन्त.सारं धन तुलयितुं नानिलः शक्ष्यति त्वाम्

रिक्तः सर्वो भवति हि लघु· पूर्णता गौरवाय ।

अर्थात्—हे मेघ, तुझमें सार है। वायु तुझे न उड़ा सकेगा। निस्सार ही हीन होता है। पूर्णता से तो गौरव बढ़ता है।

कुछ लोगो की राय है कि कालिदास शैव थे। हम यह तो निश्चय पूर्वक नहीं कह सकते कि वे शैव ही थे, पर मेघदूत से उनकी अगाध शिव-भक्ति अवश्य प्रकट हो जाती है।

कालिदास को आमोद-प्रमोद से रहना अधिक पसन्द था। वैसे तो सुखदुःख का चक्र सदा चलता ही रहता है—"नीचैर्गच्छ-त्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण" पर जान पड़ता है कि कालिदास का अधिकांश समय सुख मे ही व्यतीत हुआ था।

शेक्सपियर का आत्म-चरित।

इङ्गलैण्डके कालिदास विलियम शेक्सपियर का जन्म स्ट्रट-फोर्ड-अपान एवन (Strat fort upon Avon) नामक स्थानमें २३ अप्रेल सन् १५६४ ई० को हुआ था। उसका बाप ऊन कातने का व्यवसाय करता था, और कुछ दिनों तक वह एक जज का मातहत भी रहा था। शेक्सपियर की मां का नाम आर्डिन था। उसका मायका वारिकशायर प्रान्तमें था। शेक्सपियर की शिक्षा की ओर बड़ी बेपरवाही की गई थी। उसके बापने उसे छोटेपन ही से अपने व्यवसाय में लगा लिया था। अठारह वर्षकी अवस्था में शेक्सपियर ने अपने एक पड़ोसी किसान की लड़की से ब्याह कर लिया था इस लड़की का नाम मिस एन हाथवे (Miss Anne Hathaway) था और यह उमर में शेक्सपियर से आठ वर्ष बड़ी थी।

शेक्सपियरके आरम्भिक जीवन के बारेमें बहुत कुछ मालूम नहीं; और जो कुछ मालूम भी है उससे उसके चाल-चलन की अच्छाई नहीं प्रकट होती। परन्तु यह निश्चित मालूम होता है कि अपनी किशोरावस्था में बुरे मनुष्यों की सङ्गति में शेक्सपियर की बहुत बैठक रहा करती थी। और जैसा कि प्रायः ऐसी दशामें हुआ करता है, उसको इस बैठक के कारण बहुत कष्ट भी उठाना पड़ा। अपने कई साथियों के साथ वह बड़े आदमियों के बागों से हिरन चुराया करता था। यह आदत यहां तक बढ़ गईकि सर टामस लूसी ने जो स्ट्रटफोर्ड के निकट ही रहता था शेक्सपियर को हिरन चुराने के अपराध में कई बार पिटवाया। लूसी या लाऊस अंग्रेजी भाषा में जूँ का भी नाम है। इस लिये इस कष्ट से तङ्ग होकर शेक्सपियर ने लूसी के अपमानार्थ एक गीत लिखा। उसमें

सर टामस लूसी के लिये उसने 'जू' का अनादर-सूचक शब्द प्रयुक्त किया। वह गीत यह है—

A parliamente member, a justice of peace.
At home a poor scare-crowe, at London an asse
If lowsie is Lucy as some folke miscall it.
Then Lucy is lowsie whatever befall it,
He thinks himself greate,
Yet an asse in his state.
We allow by his ears but with asses to mate.
If Lucy is lowsie, as some folke miscall it
Sing lowsie Lucy, whatever befall it. *

चाहिए था कि वे लूसी के प्रति कुछ शिष्टता का व्यवहार करते। परन्तु इसके बदले आपने उस बेचारे को अपनी कविता में गधा, उल्लू तक बना डाला। इसी को चोरी और सीनाजोरी कहते हैं। शेक्सपियर के अनेक चरित्र लेखकों ने इस घटना को बिल्कुल ही उड़ा दिया है। बहुत से अंग्रेज इस घटना को सच नहीं मानते। इसका मुख्य कारण यह है कि उनका जातीय गौरव उनको अपने कवि के विषय में उसे सच मानने की आज्ञा नहीं देता। इसी लिये खींचा तानी के साथ यह यत्न किया जाता है कि यह एक मनगढ़न्त कहानी है। सम्भव है, ऊपर की बात मनगढ़न्त ही हो। कितने चरित्र-लेखकों ने इसका उल्लेख तो किया है† पर यह कह-

*शायद शेक्सपियर की प्रथम पद्य रचना यही है।

†सर वाल्टर स्काट (Sir Walter Scott) ने अपने उपन्यास कैनिलवर्थ (Kenilworth) में शेक्शपियर के विषय में इस प्रकार लिखा है-

"He is a stout man at quarter-staff and single falchion, though, I am told, a halting fellow, and he stood a tough

कर उसके अपराध को हलका करने की चेष्टा की है कि अल्पवय में बहुधा युवक ऐसी बातें कर बैठते हैं। सच है, प्रतिभाशाली मनुष्यों की बुराइयों पर परदा डालने का लोग ऐसे ही यत्न किया करते हैं। शेक्सपियर की इस बेवकूफी से यह शिक्षा तो अवश्य निकलती है कि एक ऊंचे दर्जे की प्रतिभावाला मनुष्य भी बुरी सङ्गति के बुरे परिणाम और बुरे प्रभाव से नहीं बच सकता। चोरी के दण्ड से बचने के लिये शेक्सपियर को अपना जन्मस्थान छोड़ देना पड़ा, वह लन्दन को भाग गया।

महारानी एलिज़बेथ के समय में घोड़ा-गाड़ियों का प्रचार कम था। किराए पर गाड़ी करने का रिवाज़ था ही नहीं। इस लिये बड़ी शानवाले अमीरो और आलसी या सुकुमार लोगों को (जो पैदल चल नही सकते थे या चलना पसन्द नहीं करते थे) जब कहीं दूर, किसी काम के लिये या नाच तमाशे मे जाना पड़ता था तब वे अपने घोड़ों पर जाया करते थे। लन्दन के थियेटरो को भी ऐसे लोग घोड़ो पर चढ़ कर जाते थे।

न्यायालय के डर से जब शेक्सपियर को लन्दन भाग जाना पड़ा था तब पहले पहल रोटी कमाने का उसने यह ढंग निकाला कि तमाशे के समय थियेटर के दरवाजे पर वह खड़ा रहता, और जब कोई अमीर आदमी घोड़े पर से उतर तमाशा देखने जाता तब

---

fight, they say, with the ranger of old Sir Thomas Lucy, of Charlecote, when he broke his deer park and kissed his keeper's daughter"

सच हो या झूठ इस कहानी का इतना सम्बन्ध शेक्सपियर से हो गया है कि शेक्सपियर को याद रखना और लूसी को भुला देना दुस्तर है। इसमें कुछ भी अपमान की बात नही। क्या अन्य बड़े बड़े पुरुषो के जीवन में ऐसी दुर्घटनाएं नहीं होतीं।

वह उसके घोड़े की बाग पकड़ लेता और जब तक अमीर साहब नाटकाभिनय देखते वह उनके घोड़ों की देख-भाल किया करता था। अभिनय समाप्त होने पर दो चार आने इन्हे भी मिल जाते थे।

इस व्यवसाय में वह इतनी फुर्ती और मुस्तैदी से काम करता था कि लोग उसे बहुत चाहने लगे थे। और जब तक शेक्सपियर मिल सकता था अपना घोड़ा वे और किसी के हवाले नहीं करते थे। होते होते इस व्यवसाय में शेक्सपियर को इतनी सफलता हुई कि उसने अपने नीचे दो चार लड़के नौकर रख लिये। ये लड़के इसकी निगरानी में काम किया करते थे। जब शेक्सपियर की पुकार होती तब इनमें से कोई लड़का हाज़िर हो जाता और कहता "हुजूर, मैं शेक्सपियर का नौकर हूं"। जब शेक्सपियर ने यह व्यवसाय छोड़ दिया तब भी बहुत दिनों तक ऐसे कायम मुकायम साईस 'शेक्सपियर के छोकरे' कहलाते रहे।

इस व्यवसाय को छोड़ने के बाद शेक्सपियर थियेटर मे पात्र बनने लगा। सब से पहले उसे हैमलेट की प्रेतात्मा का पात्र बनना पड़ा। परन्तु इसमे उसे सफलता नहीं हुई। इसके बाद फिर उसने इस काम में दो एक बार कोशिशें की, परन्तु सफलता न होने से उसने इस धन्धे को भी छोड़ दिया, और केवल नाटक लिखने का व्यवसाय स्वीकार किया। यह अच्छा ही हुआ, क्योंकि यदि ऐसा न होता तो आज हमे शेक्सपियर के इतने नाटकों से शायद वञ्चित ही रहना पड़ता। नाटक लिखने में शेक्सपियर को बड़ी सफलता हुई। उसके नाटकों की लोगो ने बड़ी कद्र की। स्वयं महारानी एलिज़बेथ ने उनको बहुत पसन्द किया और दो चार बार शेक्सपियर के नाटकों का अपने सामने अभिनय करवाया। महा-रानी ही की प्रेरणा से उनके चित्तानुरञ्जन के लिये शेक्सपियर ने

"मेरी वाइव्ज़ आफ विंडसर' (Merry wives of Windsor) नामक नाटक की रचना की ।

तीव्र बुद्धि और असीम प्रतिभा के अतिरिक्त शेक्सपियर में हँसने हँसाने के माद्दे का भी बहुत बड़ा अंश था। उसका स्वभाव बहुत अच्छा था। इसलिये उसकी मित्रता के लिये लोग बहुत उत्सुक रहा करते थे। राजकीय सम्मान के अतिरिक्त राज्य के बड़े आदमियोंमें भी शेक्सपियर को बड़ा मान प्राप्त था। अर्ल आफ साउथम्पटन उसका बड़ा आदर करता था। एक बार प्रसन्न होकर उसने शेक्सपियर को पन्द्रह हजार रुपये दे डाले। एक बात शेक्सपियर में और थी। वह असन्तोषी नहीं था। जब उसने काफी रुपया कमा लिया तब वह अपने जन्मस्थान स्ट्रैटफोर्ड नगर में एक सुन्दर मकान खरीद वहां भलेमानसों की तरह शान्ति में अपना शेष जीवन व्यतीत करने लगा। अब तो लोग चाहते हैं कि मरते दम तक कुछ न कुछ पैदा ही किया करें, कभी विश्राम न लें। पचपन साल के नियम के अनुसार सरकार जबर्दस्ती पेन्शन दे रही है। पर आप जन्मपत्री बदलवाए खड़े हैं।

शेक्सपियर अपने मकान में आराम के साथ रहता था। उसके आस पास के सब लोग उससे बड़ा मित्र-भाव रखते थे। उसके समकालीन बड़े बड़े विद्वान और लेखक उसके पास आया करते थे। प्रायः विद्वान लोग और प्रतिभाशाली जन एक दूसरे से ईर्षा रक्खा करते हैं; परन्तु शेक्सपियर में यह बात न थी। वह अपने समकालीन विद्वज्जनों और प्रतिभासम्पन्नों के गुणों की सदा प्रशंसा किया करता था। शेक्सपियर के समकालीनों में बेन जान्सन एक प्रसिद्ध कवि था। वह पांडित्य और बहुज्ञता में शेक्सपियर से कहीं बढ़ कर था; परन्तु वह शेक्सपियर की भाँति प्रतिभाशाली और प्रत्युत्पन्नमति नहीं था। इन दोनों में बड़ी नोक-झोंक रहा करती थी।

साहित्य-जीवनमें बेन जान्सन शेक्सपियर का 'रकीब' था। वह शेक्सपियर पर बड़े तीव्र कटाक्ष किया करता था और शेक्सपियर भी उसे खूब बनाया करता था। परन्तु सामाजिक जीवन में दोनों बड़े सच्चे और अच्छे मित्र थे। दोनो का आपस मे बड़ा हेल-मेल था। कहते हैं कि, एक रात को स्ट्रटफोर्ड के होटल मे एक भोज था। शेक्सपियर और बेन जान्सन भी उस मे शामिल थे। दोनो ने खूब आनन्द मनाया और रात भर आनन्द से जागरण भी किया। शेक्सपियर ने खूब मद्यपान किया। रात भर जगने और बहुत सुरा-पान करने से शेक्सपियर को ज्वर आ गया और उसी ज्वर में उसकी मृत्यु हुई। परन्तु बहुत लोग इस बात पर विश्वास नहीं करते। उनकी राय में शेक्सपियर ऐसे प्रतिभाशाली और विज्ञ मनुष्य का अतिशय शराब पीना असम्भव है।

यद्यपि शेक्सपियर ने अपने मन से ब्याह किया था, तथापि उसका वैवाहिक जीवन बिलकुल ही शान्ति और सन्तुष्टता-पूर्ण नहीं था। स्त्री-पुरुषों मे कभी कोई बड़ी लड़ाई नहीं हुई; परन्तु प्रायः आपस में चटक जरूर जाती थी। शायद शेक्सपियर की एकाध और प्रेमिकाओंका होना ही इस दम्पति-कलह का कारण हो।

अपना स्वास्थ्य बिगड़ता देखकर सन् १६१६ के आरम्भ में, शेक्सपियर ने अपना वसीयतनामा लिखा। इस वसीयतनामे का पहला पैरा पढ़ने योग्य है, क्योंकि उससे इङ्गलैंड के सर्व-प्रधान नाटककार का ईसाई धर्म मे अटल विश्वास प्रकट होता है। वह पैरा यह है—

"प्रथम, मैं अपनी आत्मा, अपने स्रष्टा ईश्वर, को सौंपता हूं। मै आशा करता हूं और दृढ़ विश्वास रखता हूं कि अपने एक मात्र त्राता, ईसामसीह के सद्‌गुणों के निहोरे पारलौकिक जीवन

मुझे भी हिस्सा मिलेगा। जिस पृथ्वी का मेरा शरीर बना हुआ है, उसीको मैं उसे सौंपता हूं।

उसी साल, अप्रल के महीने मे, शेक्सपियर की मृत्यु हुई। स्ट्रटफोर्ड के गिरजाघर की वेदी की उत्तर दिशा में वह समाधिस्थ किया गया। उसकी समाधि के ऊपर उसके स्मरण में कटि से ऊपर के भाग की उसकी प्रस्तरमयी मूर्ति (bust) स्थापित की गई। समाधि पर लगे हुए पत्थर पर एक चतुष्पदी कविता खोदी गई। कहते हैं कि इसे स्वयं शेक्सपियर ने पहले ही से रच रक्खा था। वह कविता यह है—

"Good friend, for Jesus-sake forbear,
To dig the dust enclosed here,
Blest be the man who spares these stones,
And curst be he who moves my bones."

अर्थात्—जो मिट्टी यहाँ गड़ी हुई है उसे हे सन्मित्र, ईसामसीह के निहोरे वैसी ही गड़ी रहने दो। उसे खोदो मत। जो इन पत्थरों को न छेड़े, उसका ईश्वर कल्याण करे और जो इन्हे इधर उधर हटा कर इनकी शांति भङ्ग करे, उन्हे ईश्वर दण्ड दे!

शेक्सपियर की प्रतिभा केवल कविता ही के लिये न थी। यदि उसके जीवन की घटनाओ और अवस्थाओं का वेग उसे जीवन के किसी और मार्ग में ले जाता तो वहाँ भी वह अपनी प्रतिभा के बल से चमत्कारिक कार्य कर दिखाता। प्रायः कवि आदि साहित्यसेवी जन साहित्य ही के रंग में मस्त रहते हैं। दुनिया के और कामों में न तो उनका मनही लगता है और न उनमे उन कामों के करने की योग्यता ही रहती है। रुपये पैसे की ओर उन्हें बेपरवाही होती है, और सांसारिक कार्यों में प्रबन्धदक्षता उनमे नहीं पाई जाती। परन्तु शेक्सपियर में यह कमी नहीं

थी। सांसारिक बातो में भी वह बड़ा चतुर था। यदि वह किसी राज्य का सचिव बना दिया जाता तो वह सचिव धर्म को बड़ी योग्यता के साथ निबाहता। यदि वह पार्लमेन्ट का सभ्य हो जाता तो राजनैतिक बातो में वह अच्छा नाम पाता। अपने रुपये पैसे के मामले में भी वह बड़ी होशियारी से काम करता था।

शेक्सपियर ने सब मिला कर कोई छत्तीस नाटकों की रचना की और बहुत से छोटे छोटे फुटकर काव्य भी लिखे हैं। ये काव्य प्रायः एक सुन्दर लड़के या एक सुन्दरी लेडी को लक्ष्य करके लिखे गए हैं। इनसे भी शेक्सपियर की प्रतिभा प्रकट होती है। लोगों का ख्याल है कि यह सुन्दरी शेक्सपियर की प्रेमिका थी और लड़का शेक्सपियर का 'रक़ीब'। परन्तु परमस्नेहभाजन सयोगान्त और वियोगान्त दोनो प्रकार के नाटक शेक्सपियर ने लिखे है। अपने नाटकों की कथा वह प्रायः पुराने किस्से कहानियों या नाटकों से लिया करता था। ऐतिहासिक मनुष्यों और घटनाओं को भी लेकर उसने कई नाटक लिखे हैं। रोम के इतिहास के आधार पर भी उसके बनाए हुए कई नाटक हैं। लव्ज़ लेबर लास्ट (Loves Labour Lost) नामक नाटक सर्व सम्मति से शेक्सपियर का प्रथम नाटक माना जाता है। रोमन इतिहास के आधार पर लिखे गए कोरियोलेनस (Coriolanus) को उसकी सब से अन्तिम रचना लोग मानते हैं। इसकी सृष्टि सन् १६०९ ई० अर्थात् शेक्सपियर की मृत्यु के सात वर्ष पहले हुई थी। मर्चेन्ट आफ वेनिस, किंग लियर, मैकबेथ, और हैमलेट शेक्सपियर की सर्वोत्तम रचनाएँ समझी जाती हैं। इनके सिवा ऐज-यू-लाइक-इट, रोमियो जुलियट, टेम्पेस्ट, जुलियस सीजर, मिड-समर नाइटस-ड्रीम, ओथेलो, और रिचर्ड दी सेकण्ड भी उसकी परम प्रसिद्ध कृतियाँ हैं।

यद्यपि अपने नाटको के कथानक को शेक्सपियर प्राय अन्य स्थानो से लिया करता था, परन्तु पात्रो के चरित्रो का चित्रण स्वयं उसके मस्तिष्क की कृति है। प्राकृतिक नियमो के अनुसार पात्रों के क्रिया-कलाओ का निबाहना, एक कोरी कथा को सुन्दर आवरण द्वारा सुधार करना और उसको सरस बनाना, आदि बाते शेक्सपियर का काम है। शेक्सपियर के नाटको में मानव-जीवन की सभी दशाओ तथा पहलुओ का सच्चा चित्रण है।

डाक्टर जान्सन ने शेक्सपियर की प्रतिभा के सम्बन्ध में जो कहा है वह बहुत ही ठीक कहा है। डाक्टर जान्सन ने लिखा है कि–

"शेक्सपियर सारे लेखकों से, या कम से कम आजकाल के सब लेखकों से, बढ़ कर प्राकृतिक-कवि है। शेक्सपियर वह कवि है कि जो अपने पाठकों के सामने जीवन और मनुष्य स्वभाव का सच्चा आईना रख देता है। उसके पात्र, स्थान विशेषोंकी उन रीति-रिवाजो से परिमित और निर्मित नही होते है, जो कि संसार के अन्य स्थानो में न प्रचलित हों। न वे अध्ययन विशेष और व्यवसाय विशेष की उन विशेषताओ से विशिष्ट होते है जो कि थोड़े ही मनुष्यो पर अपना प्रभाव डाल सकती हों। और न वे पात्र सर्वदा बदलने वाले फैशन और क्षणिक मतों से ही बद्ध होते है। शेक्सपियर के पात्र साधारण जनता के ठीक अवतार है। वे संसार में सदा और सब ठौर मौजूद हैं और जॉच करने से वे सबकाल मे पाए जा सकते हैं। अर्थात् शेक्सपियर के पात्र एक देशीय और एक कालीन नहीं, वरन सर्व-देशीय और सर्व कालीन हैं। शेक्सपियर के मनुष्य उन्ही साधारण मनोरागों की प्रेरणा से बोलते और काम करते हैं जो संसार के सभी मनुष्यो के चित्तों को क्षुब्ध किया करते हैं, और जिनसे यह समस्त जीवन जंजाल संचालित होता हुआ जारी रहता है। अन्य

कविया की कृतियो मे पात्र, बहुधा व्यक्ति विशेष होता है। पर शेक्सपियर की कृतियो मे वह साधारणतः कोई मामूली मनुष्य होता है।"

अर्थात् शेक्सपियर के पात्रो के गुण और त्रुटियाँ संसार के सभी मनुष्यो मे पाई जा सकती है। आगे चल कर डा० जान्सन कहते है कि, यही पात्रगत-सव-व्यापकता इस बात का प्रधान कारण है कि, शेक्सपियर की कृतियो को ससार के सब देशो और सब कालो के लोग पसन्द करते है, और उनकी शिक्षाओ को ग्रहण भी करते है।

शेक्सपियर का अवलोकन-शक्ति विचित्र थी। अपने ग्राम के निकट जिन प्राकृतिक दृश्यो को उसने अपने बालकपन मे देखा था, उनका वर्णन उसने अपने नाटको मे बड़ी अच्छी तरह किया है। पर शेक्सपियर केवल प्रकृति देवी का ही उपासक न था, उस मे मानवी-जीवन की प्रवृत्तियो को जान लेने की असाधारण शक्ति भी थी। वह जन समाज की भली से भली और बुरी से बुरी स्वाभाविक प्रवृत्तियो से अनभिज्ञ न था। केवल शेक्सपियर के नाटकों को पढ़ कर मनुष्य मनुष्य-जीवन का बहुत कुछ तजुरबा हासिल कर सकता है। कौन सी ऐसी घटना है, जिस का वर्णन शेक्सपियर ने न किया हो ? जिस घटना का वह वर्णन करता है उस का मानो वह चित्र खींच देता है। अति वृद्धावस्था मे मनुष्य के चित्त की क्या दशा होती है, यह आप "किंग लियर" मे देखें। उस राजा की दुष्ट पुत्रियो ने उसके साथ बहुत ही बुरा व्यवहार किया। शेक्सपियर के दुःख तथा पश्चात्ताप के वाक्यो को पढ़ नेसे यही मालूम होता है, मानो शेक्सपियर स्वयं ही अपनी सन्तान के हाथो पीड़ित हो रहा था। सन्तान को कृतघ्नता के विषय मे वह लिखता है:—

Ingratitude! thou marble hearted friend,
More hideous when thou showest thee in a child
Than the sea-monster.

अर्थात्—हे कृतघ्नते! हे पाषाण-हृदया राक्षसी! तू सन्तान मे प्रकट होकर घड़ियाल से भी अधिक भयावनी मालूम होती है।

देश-प्रेम

शेक्सपियर देश हित का नमूना है। उसके नाटको मे अनेक स्थानो पर देश-हित के बहुत ही अच्छे वर्णन हैं। 'द्वितीय-रिचर्ड' नामक नाटक मे वह अपने देश की ऐसी प्रशंसा करता है मानो उसके रोम रोम में देशहित भरा हुआ हो। वह लिखता है:-

This Royal throne of Kings, this Sceptred Isle.
This earth of Majesty, this Seat of Mars,
This other Eden, demi-paradise.

भला, अपने देश के लिये स्वर्ग से अधिक और कौन सी उपमा हो सकती है?

और देखिए—

This precious stone set in the silver sea.

अर्थात्—इंग्लैण्ड क्या है, मानो रुपहले समुद्र में हीरा जड़ा हुआ है। एक स्थान पर उसने लिखा है:—

As a long parted mother with her child
Plays fondly with her tears and smiles in meeting.
So weeping, smiling, greet I thee, my earth.

अर्थात्—जिस प्रकार बहुत दिनों से बिछुड़ी हुई माता, जब फिर अपने बच्चे से मिलती है, तब रो रो कर और हँस हँस कर उसके साथ खेलती है। उसी तरह हे देश, मैं आँसू बहा कर और मुसकराकर तेरा स्वागत करता हूं।

साधारणतः अपने देश की उपमा माता से दी जाती है। परन्तु यह देख कर कि कुपुत्र बहुत होते हैं और कुमाता शायद ही कोई, शेक्सपियर ने अपने देश की उपमा बच्चे से दे कर खूब कमाल किया है।

Feed not thy Sovereign's foe, my gentle earth.

अर्थात्—हे सुन्दर देश, अपने सम्राट् के शत्रुओं का पोषण मत कर।

Yield stinging nettles to mine enemies,
And when they from thy bosom pluck a flower,
Guard it, I pray thee, with a lurking adder,
Whose double tongue may with a mortal touch
Throw death upon thy Sovereign's enemies.

अर्थात्—हे देश, मेरे शत्रुओं को तूं काँट दे और जब वे तेरी गोद में से फूल तोड़ना चाहें, तब उस फूल में एक ऐसा साँप रख दे, जो अपने दुहरे मुंह से तेरे सम्राट् के शत्रुओं को काट खाए।

और भी देखिए, 'जूलियस सीजर' नामक नाटक में ब्रूटस अपने व्याख्यान में सीजर की हत्या का क्या कारण बताता है—

If there be any in this assembly, any dear friend of Caesar, to him I say that Brutus' love to Caesar was no less than his. If, then, that friend demand why Brutus rose against Caesar

this is my answer,—Not that I loved Caesar less, but I loved Rome more.

अर्थात् यदि आप मे से कोई सीज़र का मित्र है तो आज मै उसे बताता हूं कि ब्रूटस सीज़र का कम मित्र नही है। इसपर यदि वह पूछे कि मैने सीज़र को क्यो मारा, तो मेरा उत्तर यह है कि सीज़र पर मेरा स्नेह कम न था; पर रोम पर मेरा स्नेह अवश्य अधिक है।

शेक्सपियर के विपय मे जितनी कथाएँ प्रचलित हैं, उनसे मालूम होता है कि वह बड़ा शराबी था और उसमें शराबियों के सभी दुर्गुण वर्तमान थे। कुछ भी हो इसमें संदेह नहीं कि वह सदाचार का आदर्श नही था। लंदन पहुंच कर वह एक नाटक-मण्डली मे सम्मिलित हो गया। परंतु नटोंका जीवन सुखमय तो होता नहीं। शेक्सपियर के समय मे तो उनकी दुर्दशा थी। इसलिये उसको अपमान और कष्ट चुपचाप सहन कर लेना पड़ा। यह बात हम उसके निम्नलिखित पद्यो से अनुमानित कर सकते हैं।

Alas, it is true I have gone here and there
And myself a motley to the view,
Gored mine own thoughts, sold cheap what is most dear.

यही बात उसने हैमलेट के मुखसे भी कहलाई है।

Far who would bear the whips and scorns of time
The oppressor's wrong, the proudman's contumely,
The pangs of despised love, the law's delay.
The insolence of office and the spurns

That patient merit of the unworthy takes,
When he himself might his quietus make
with a bare bodkin.

अर्थात्—कौन समाज का तिरस्कार, अन्यायियो का अत्याचार, अभिमानियो का दर्प, तिरस्कृत प्रेम की वेदना आदि दुःखों को सहना स्वीकार करेगा; जब वह अपने शरीर के नाशसे इन दुखों से मुक्ति लाभ कर सकता है।

नीचो की संगति मे रहने से नीचता आही जाती है। जल मे रह कर कमल के समान निर्लिप्त बने रहना सभी लोगों के लिये सम्भव नही है। नाट्यशालओ मे काम करने वाले लोगोके जीवन में अर्ध रात्रिकी छाया सदैव बनी रहती है। उन्हे अपने भावोंके विपरीत रंगमंच पर प्रेम करना पड़ता है, निराश होना पड़ता है, तथा हर्ष और खेद प्रदर्शित करना पड़ता है। मनुष्य उसके लिये क्रीड़ा की एक सामग्री हो जाता है, और वे भावो का अनुकरण करते करते अन्तमे सर्वथा भावशून्य हो जाते हैं। इसी लिये उनके आचार व्यवहार मे कृत्रिमता और निर्लज्जता आ जाती है। शेक्सपियर पर भी नाट्यशाला के जीवन का प्रभाव पड़ा था। नाट्य शाला के बाहर वह बड़े लोगो की सङ्गति मे रहता था, जो सदा सांसारिक-वैभव और पार्थिव-सुखो मे ही लिप्त रहते थे। यही कारण है कि हम शेक्सपियर की प्रथम रचना—वेनस और एडोनिस में बाह्य सौंदर्य की अभिव्यक्ति और विलास की तीव्र भावना पाते है। इसके बाद उसने प्रेमोन्माद का अनुभव किया। वह अपने उन्मादपर लज्जित था, पर उसे छोड़ नही सकता था।

When my love swears that she is made of truth,
I do believe her, though I know she lies.

शेक्सपियरकी यह प्रेमभावना बढ़ती ही गई। अंत मे वह समस्त विश्व में अपनी प्रेमिका का सौंदर्य देखने लगा।

The lily I Condemned for thy hand,
And buds of marjoram had stolen thy hair.
The roses fearfully on thorns did stand,
One blushing shame, another white despair
A third nor red nor white, had stol'n of both
And to his robbery had annexed thy breadth,
More flowers I noted, yet I none could see
But sweet or colour it had stolen from thee

मैंने जितने फूल देखे सभी ने तुझ से कुछ न कुछ चुरा लिया है। किसीने तेरा रंग चुराया है, तो किसीने रूप। किसीने तेरा माधुर्य अपहरण किया है, तो किसीने तेरा सुगंधिमय निश्वास।

कालिदास सौन्दर्य का कवि है।

"कालिदास सौंदर्य का कवि है।" अलौकिक सौंदर्य-दृष्टि ही उसकी प्रतिभा का मूल तत्त्व है। कालिदास के साक्षात में यदि जगत की सुन्दरता दृष्टिगोचर होती है, यदि बहिर्जगत, अन्तर्जगत, बौद्धजगत और अध्यात्मजगत अपने अपने आवरण दूर कर नग्न सौंदर्य की झाकी कराते हैं, यदि सौंदर्य विविध रूप धारण कर उसके काव्यको प्रकाशमय बनाता है, और यदि उसके काम मे असुन्दर, असमधुर और असुकुमार का समावेश नहीं होता, तो निस्सन्देह कालिदास सौंदर्य का कवि है।

बहिर, अन्तर, सत्य और धर्म इस भेद के अनुसार चार ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। ज्ञेय-जगत इन चारों से अलग है। बहिर्जगत, अन्तर्जगत, बौद्धजगत और अध्यात्मजगत के रूपेन्द्रिय पदार्थों का सौंदर्यजगत में समावेश होता है। यहाँ इन जगतो के विषय मे कुछ लिखना असंगत नहीं होगा।

पहिला बहिर्जगत है। यह वह जगत है जो आँख आदि बहिरिन्द्रियो से जाना जाता है। इसके दो भेद हैं; एक जड़ और दूसरा चेतन। जड़ जगत पुनः प्राकृतिक और कृत्रिम में विभक्त है। प्राकृतिक-जगत वह है, जहाँ मनुष्य की क्रिया-शक्ति प्रयुक्त नहीं होती। जैसे नदी, पर्वत आदि। और कृत्रिम-जगत वह है जो मनुष्यके अधीन है जैसे मन्दिर, प्रासाद आदि। चेतन-जगत में भी एक तरफ नर-नारियाँ हैं; और दूसरी तरफ पशु, पक्षी, कीट आदि। जड़-जगत और चेतन-जगत दोनो एक ही स्रष्टा की सृष्टी है। विभिन्न होते हुए अनुभव द्वारा दोनो मिश्रित माने जाते हैं। प्राकृतिक-जगत में ही चेतन जगत के पशु, पक्षी आदि गिने गए हैं; और नर-नारियाँ कृत्रिम जगत के साथ। कालिदास ने भी अपने काव्यों में इसी की पुष्टि की है।

प्राकृतिक-जगत का विस्तार अनन्त है। जल में, थल मे, अंतरिक्ष में कहीं भी इसका अन्त नहीं मिलता। प्रकृति के अनन्त विस्तार की छाया कालिदास के काव्य में पड़ी हुई है। कालिदास का काव्य प्राकृतसौंदर्य का अनन्त भण्डार है। वहाँ किसी पदार्थ की कमी नहीं है। जो खोजेगे वही मिलेगा। प्रभात, मध्याह्न, संध्या, शर्वरी, तपनारुण, कौमुदी विभात, नक्षत्र-मण्डित आकाश-मण्डल, इन्द्र-धनुप रञ्जित विद्युत घोप, सुमधुर पवन संचार, मधुरनादी-सुदूर-मेघमाला, विकसित वृक्ष, पुष्पित-लताएं, नए कुपांकुर, उज्ज्वल औपधि, फूल, मधुफल, भ्रमर-स्पृष्ट-मुकुल, स्फुटोन्मुख किशलय, छायामय कुञ्जवन, सुखमय उपवन, निबिड़ अरण्य, अटल भूधर, उत्ताल सागर, उल्लसित तट, तरंगमय सरोवर, फेन सहित झरने, कणवाही समीर, शीतल शिशिर, हिमतुषार, सुगंधित पुष्प, ज्योत्स्ना-प्रकाश, मलयागिरि की वायु, तरंगो के हिलोरे, मधुमय, पराग, नीरद का वारि आदि कहाँ तक कोई लिख सकता है। उसमें जो खोजेगे वही मिलेगा। एक उदाहरण देख लीजिए; 'कुमार सम्भव' के प्रथम सर्ग मे कवि ने हिमालयका वर्णन किया है — वह कैसा मनोहर है :—

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः॥ १॥
यं सर्वशैलाः परिकल्प्य वत्सं मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे।
भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च पृथूपदिष्टांदुदुहुर्धरित्रीम्॥ २॥
अनंतरत्न प्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम्।
एको हि दोषो गुणसंनिपाते निमज्जतींदोः किरणेष्विवाङ्कः॥ ३॥
यश्चाप्सरों विभ्रममण्डनानां संपादयित्रीं शिखरैर्बिभर्ति।
बलाहकच्छेद विभक्त रागामकालसंध्यामिव धातुमत्ताम्॥ ४॥

आमेखलं संचरतां घनानां छायामधः सानुगतां निषेव्य ।
उद्वेजिता वृष्टिभिराश्रयंते शृङ्गाणि यस्यातपवंति सिद्धाः ॥ ५ ॥

पदं तुषारस्रुति धौतरक्तं यस्मिन्नदृष्ट्वापि हतद्विपानाम् ।
विदंति मार्गं नखरंध्रमुक्तैर्मुक्ताफलैः केसरिणां किराताः ॥ ६ ॥

न्यस्ताक्षरा धातुरसेन यत्र भूर्जत्वचः कुञ्जरबिंदु शोणाः ।
व्रजंति विद्याधरसुन्दरीणामनङ्गलेख क्रिययोपयोगम् ॥ ७ ॥

यः पूरयन्कीचकरन्ध्रभागान्दरीमुखोत्थेन समीरणेन ।
उद्गास्यतामिच्छति किंनराणां तानप्रदायित्वमिवोपगंतुम् ॥ ८ ॥

कपोलकण्डूः करिभिर्विनेतुं विघट्टितानां सरलद्रुमाणाम् ।
यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूतः सानूनिगंधः सुरभी करोति ॥ ९ ॥

वनेचराणां वनितासखानां दरीगृहोत्सङ्गनिषक्तभासः ।
भवंति यत्रौषधयो रजन्यामतैलपूराः सुरतप्रदीपाः ॥१०॥

उद्वेजयत्यंगुलि पार्ष्णिभागान्मार्गे शिलीभूत हिमेऽपियत्र ।
न दुर्वहश्रोणिपयोधरार्ता भिन्दन्ति मन्दां गतिमश्वमुख्यः ॥११॥

दिवाकराद्रक्षति यो गुहासु लीनं दिवाभीतमिवान्धकारम् ।
क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैः शिरसां सतीव ॥१२॥

लांगूलविक्षेपविसर्पिशोभैरितस्ततश्चंद्रमरीचिगौरैः ।
यस्यार्थयुक्तं गिरिराजशब्दं कुर्वन्ति बालव्यजनैश्चमर्यः ॥१३॥

यत्रांशुकाक्षेपविलज्जितानां यदृच्छया किं पुरुषाङ्गनानाम् ।
दरीगृहद्वारविलम्बिबिम्बास्तिरस्करिण्यो जलदा भवंति ॥१४॥

भागीरथी निर्झरसीकराणां वोढ़ा मुहुः कम्पितदेवदारुः ।
यद्वायुरन्विष्टमृगैः किरातैरासेव्यते भिन्न शिखण्डि बर्हः ॥१५॥

सप्तर्षिहस्तावचितावशेषाण्यधो विवस्वान्परिवर्त्तमानः ।
पद्मानि यस्याग्रसरोरुहाणि प्रबोधयत्यूर्ध्वमुखैर्मयूखैः ॥१६॥

[भारतवर्ष के उत्तर में पर्वतों का राजा, हिमालय नाम का एक पर्वत है। इसके शिखर हिममण्डित हैं। इसका विस्तार पूर्वीय सागर से लेकर पश्चिमीय सागर तक है। हिमालय, ऐसा मालूम पड़ता है, मानों, पृथिवी मापने का मानदण्ड ही हो। इस पर्वत पर नाना प्रकार के रत्न और औषधियां चमक रहीं हैं। चन्द्रबिम्ब में जैसेउसका कलंक छिप जाता है, अनेक गुणोमे जैसे एक दोप छिप जाता है, वैसे ही इसके अनेक गुणोंके आगे इसका हिमरूपी दोष छिप जाता है। इसके शृंगो पर, अकाल ही धातुराग के कारण, संध्या मालूम पड़ने लगती है, जिससे अप्सरावर्ग अपना शृंगार करती हैं। इसके शिखरो पर सूर्य-किरणे बड़ी शोभा देती है। इसके अधोभाग में मेघमण्डली जलधारा बरसाती है। गजहन्ता-सिंह के शोणित-सिक्त-पाद-चिन्ह बरफ मे विलीन हो जाते हैं। मार्ग मे गजमुक्ता बिखरे हुए देखकर किरात उनका मार्ग बताते हैं। कीचक वायु-पूरित हो के मानो गायक किन्नर-गणको प्यारी ताल देता है। विद्याधर सुन्दरियाँ भोजपत्र पर अनङ्ग-देव-सन्देश गेरुसे लिख कर अपने प्रिय के पास भेजती हैं। विपिन-निवासी अंधेरी रात मे औषधियों के प्रकाश मे खूब कलोल करते हैं। करि-कपोल-ताड़ित-साल-द्रुम-दुग्ध-गंध से सुरभित हो के, यहाँ की वायु सबको सुख देती है। निज कुच और नितम्ब के भारी बोझे के कारण किन्नर नारियाँ बरफ पर भी मंदगति ही से चलती हैं। महानीच भी जब श्रेष्ठ जनों को शरण लेता है, तब वे उसको, तत्क्षण, मृदुल वाणी से अभयदान देते हैं, उसी तरह, दिनमें, रवि-की डर से, उलुक की तरह अंधकार इस पर्वत की शरण लेता है, तब भूधरपति उसको अपनी गुफा में छिपा कर उसकी रक्षा करते हैं। इस पर्वत पर जब किन्नर-बाला रतिसमर मचाती हैं, और वस्त्र खींचने से लज्जावश, सकुच-सकुच रह जाती हैं, किन्तु गुफा-

द्वारों पर जब उनकी आँखें अनायास पड़ती हैं, तो मेघ को परदे की तरह लटके हुए देख, अपना सब सङ्कोच छोड़ देती हैं। सुरागाय अपनी पूंछों से इस पर चमर डुलाती है, मानो यह बतलाती है कि, यही महीधरों का राजा है। देवदारु-वृक्षोंको कम्पित करती-हुई, सुरसरि-कण-लाने वाली वायु को, थके हुए किरात लोग यहाँ पाते और सुखी होते हैं। दिनकर इसके उच्च-शिखर-गत-जल के कमलों को विकसित करता है। विधि ने इसमे धरणी के धारण करने की शक्ति देखकर इसको यज्ञभाग और भूधरपति का पद भी दिया है।]

- माघ, भारवि, बायरन (Manfed) सेलि (A lastor Prometheus) वर्डस्वर्थ आदि सभोने पहाड़ के वर्णन किए है; परंतु रैवतक, इन्द्रनील, प्रस्रवण, आल्पस, काकेशस, स्किडड आदिमे से कोई भी कालिदास के हिमालय की टक्कर नहीं ले सकता। सेलिके काकेशस का भी वर्णन देख लीजिए :—

The Ethereal Cliffs
Of Caucesous, whose big summits shone
Among the stars like sun light, and around
Whose caverned base, the whirlpools and the warve
Bursting and eddying irresistably
Rage and resound for ever + + +

A howl.
Of cataracts from their thaw cloven ravines
Satirates the listening mind; Continuous vast

The sun-awakened avalance

जरा वर्डस्वर्थ के पर्वत के भी दर्शन कर लीजिए :—

I fixed my view
Upon the summits of craggy ridge
The Horizons utmost boundary, for above
There was nothing but the stars and the grey sky.

× × ×

When from behind that craggy steep, till then
The Horizon's bound, a huge peak, black and huge.
As if with voluntary power instinct
Upreared its head. +

अपिच

The rock like something starting fom a sleep
Took up the lady's voice and laughed again.

---

* नक्षत्रों को विलीन करने वाले सूर्य के तेज की तरह काकेशस पर्वत के हिमशिखर शोभायमान हैं। भवँर निरन्तर उसकी तराई में निर्मित और नष्ट हुआ करते हैं और सदा जलरव किया करते हैं। हिमप्रवाह की झरझरी श्रोताओं पर जादू का काम करती है। विस्तृत मैदान में शान्ति का अखंड राज्य दृष्टिगोचर होता है। सूर्य के आतप से पिघल के हिमकण ऐसे गिरते हैं, मानो आपस में लागाबाजी करते हों।

† क्षितिज के निकटवर्ती नीचे ऊंचे पर्वतों के शिखर पर दूरतक ऊपर की तरफ दृष्टि डालने से तारागण और नील गगन के अतिरिक्त कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं होता।

× × ×

क्षितिज के किनारे पीछे से काले रंग की बड़ी चोटी वाला एक पर्वत अभिमान पूर्वक अपना सिर उठाए हुए था।

That Ancient woman seated on Hemenerag
Was ready with her caven Hanman-scar
And the tall steap of Silver-how, sent forth
A noise of laughter, southern laughing heard
And fairfied answered with a mountain tone.
Helvellyn far into the clear blue sky
Carried the lady's voice old skiddaw blen
His speaking trumpet back out of the clouds
Of Glaramara, southward came the voice.
And kirkstone tossed it from his misty head.

विस्तार के भय से यहां और लोगो के वर्णन नहीं दिए गए हैं। इन सब वर्णनों की तुलना करने से यह विदित होता है कि किसी ने तो पर्वत की भीषणता दिखाई है और किसी ने गंभीरता। परन्तु कालिदास के हिमालय की सुन्दरता किसी के भी पर्वत मे दृष्टिगोचर नहीं होती। यही हाल रघु के समुद्र वर्णन मे भी पाया जाता है। किसी ने (Byron) प्राकृतिक-जगत की भीम प्रचंडता में अपने हृदय के उद्वेग की छाया देखी थी, किसी को (Wordsworth) प्राकृतिक जगत मे एक विश्वमयी महाशक्ति का चिन्मय विकास नज़र आया, और किसी को (भवभूति) प्राकृतिक-जगत में प्रशांत गंभीरता की मूर्ति ध्यान मे आई, परन्तु किसी ने भी कालिदास की तरह प्रकृति मे सुषमा, शोभा, मधुरता और सुन्दरता की झांकी नहीं की है।

देखिए, हिमालय के गिरिवन में ऋतुराज वसन्त का समागम कैसी धूमधाम से होता है।

तस्मिन्वने संयमिनां मुनीनां तपः समाधेः प्रतिकूलवर्ती।
संकल्पयोनेरभिमानभूतम् आत्मानमाधाय मधुर्जजृम्भे ॥१॥

कुबेरगुप्तां दिशमुष्णरश्मौ गन्तुं प्रवृत्ते समयं विलङ्घ्य ।
दिग्दक्षिणागन्धवहं मुखेन व्यलीकनिश्वासमिवोत्ससर्ज ॥२॥
असूत सद्यः कुसुमान्यशोकः स्कन्धात्प्रभृत्येव सपल्लवानि ।
पादेन नापैक्षत सुन्दरीणां संपर्कमासिञ्जित नपुरेण ॥३॥
सद्यः प्रवालोद्‌गमचारुपत्रे नीते समाप्तिं नवचूतबाणे ।
निवेशयामास मधुर्द्विरेफान्नामाक्षराणीव मनोभवस्य ॥४॥
वर्णप्रकर्षे सति कर्णिकारं दुनोति निर्गन्धतया स्म चेतः ।
प्रायेण सामग्र्यविधौ गुणानां पराङ्मुखी विश्वसृजः प्रवृत्तिः ॥५॥
बालेन्दुवक्राण्यविकाशभावाद्‌बभुः पलाशान्यतिलोहितानि ।
सद्यो वसन्तेन समागतानां नखक्षतानीव वनस्थलीनाम् ॥६॥
लग्नद्विरेफाञ्जनभक्तिचित्रं मुखे मधुश्रीस्तिलकं प्रकाश्य ।
रागेण बालारुणकोमलेन चूतप्रवालोष्ठमलंचकार ॥७॥
मृगाः प्रियाल द्रुममञ्जरीणां रजः कणैर्विघ्नित दृष्टिपाताः ।
मदोद्धताः प्रत्यनिलं विचेरुर्वनस्थलीर्मर्मर पत्रमोक्षाः ॥८॥
चूताङ्कुरास्वादकषायकण्ठः पुंस्कोकिलो यन्मधुरं चुकूज ।
मनस्विनी मानविघातदक्षं तदेव जातं वचनं स्मरस्य ॥९॥
हिमव्यपायाद्विशदा धराणामापाण्डरीभूतमुखच्छवीनाम् ।
स्वेदोद्‌गमः कि पुरुपाङ्गनानां चक्रे पदं पत्रविशेषकेषु ॥१०॥
तपस्विनः स्थाणुवनौकसस्तामाकालिकीं वीक्ष्य मधु प्रवृत्तिम् ।
प्रयत्नसंस्तम्भितविक्रियाणां कथंचिदीशा मनसां बभूवुः ॥११॥
तं देशमारोपित पुष्पचापे रतिद्वितीये मदने प्रपन्ने ।
काष्ठागतस्नेहरसानुविद्धं द्वन्द्वानि भावं क्रियया विवव्रुः ॥१२॥
मधुद्विरेफः कुसुमैकपात्रे पपौ प्रियां स्वामनुवर्तमानः ।
शृङ्गेण च स्पर्शनिमीलिताक्षीं मृगीमकण्डूयत कृष्णसारः ॥१३॥
ददौ रसात्पङ्कजरेणुगन्धि गजाय गण्डूषजलं करेणुः ।
अर्धोपभुक्तेन बिसेन जायां सभावयामास रथाङ्गनामा ॥१४॥

गीतान्तरेषु श्रमवारिलेशैः किंचित्समुच्छ्वासित पत्रलेखम् ।
पुष्पासवाघूर्णित नेत्रशोभि प्रियामुखं किं पुरुषश्चुचुम्बे ॥१४॥
पर्याप्तपुष्पस्तबकस्तनाभ्यः स्फुरत्प्रवालोष्ठ मनोहराभ्यः ।
लतावधूभ्यस्तरवोऽप्यवापुर्विनम्रशाखाभुजबन्धनानि ॥१६॥

(कुमारसंभवं सर्ग ३ श्लोक २५-३९)

पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने कुमारसम्भव का भी हिन्दी में पद्यात्मक अनुवाद किया है। हम उन्ही के अनुवाद में से मूल के पर्याय पद देते हैं। द्विवेदी जी के विषय में कुछ लिखना सूर्य को दीपक दिखाना है—

उस आश्रम वाले अरण्य में थे जितने संयमी मुनीश,
उनके तपोभङ्ग मे तत्पर हुआ वहाँ जाकर ऋतु-ईश।
मन्मथ के अभिमान रूप उस मधु ने अपना प्रादुर्भाव,
चारो ओर किया कानन में; दिखलाया निज प्रबल प्रभाव ॥१॥
यक्षराज जिसका स्वामी है उसी दिशा की ओर प्रयाण,
करते हुए देख दिनकर को, उल्लङ्घन कर समय-विधान।
मन में अति दुःखित सी होकर, हुआ समझ अपना अपमान,
छोड़ा दक्षिण-दिशा-वधूने मलयानिल निश्वास-समान ॥२॥
कामिनियो के मधुर-मधुर-रवकारक नव-नूपुरवारी,
पद से स्पर्श किये जाने की न कर अपेक्षा सुखकारी।
गुद्दे से लेकर, अशोक ने, तत्क्षण, महा, मनोहारी,
कली नवल-पल्लव-युत सुन्दर धारण की प्यारी प्यारी ॥३॥
कोमल पत्तों की बनाय, झट, पक्षपंक्ति लाली लाली,
आम मञ्जरी के प्रस्तुत कर नये विशिख शोभाशाली।
शिल्पकार ऋतुपति ने उन पर मधुप मनोहर बिठलाये;
काम-नाम के अक्षर मानों काले काले दिखलाये ॥४॥

रहती है यद्यपि कनेर मे रुचिर रङ्ग की अधिकाई,
तदपि सुवास हीनता उसके मन को हुई दुःखदायी।
वही विश्वकर्त्ता करता है जो कुछ जी मे आता है,
सम्पूर्णता गुणों की प्रायः कही नही प्रकटाता है ॥५॥
बालचन्द्र सम जो टेढ़ी है, जिनका अब तक नही विकाश;
ऐसी अरुण वर्ण कलियो से अतिशय शोभित हुआ पलाश।
मानो नव-वसन्त नायक ने, प्रेम-विवश होकर, तत्काल,
वनस्थली को दिये नखो के क्षतरूपी आभरण रसाल ॥६॥
नई बसन्ती ऋतु ने कर के तिलक फूल को तिलक समान.
देकर मधुप मालिका रूपी मृदु कज्जल शोभा की खान।
जैसा अरुण रंग होता है बाल सूर्य मे प्रातःकाल,
तद्वत् नवल-आम-पल्लव-मय अपने अधर बनाये लाल ॥७॥
रुचिर चिरोजी के फूलों की रज जो उड़ उड़ कर छाई,
हरिणों की आँखों मे पड़ कर, पीड़ा उसने उपजाई;
इससे, वे अन्धे से हो कर, मरमरात पत्ते वाले,
कानन मे, समीर सम्मुख, सब भागे मद से मतवाले ॥८॥
आम मञ्जरी का आस्वादन, कोकिल ने कर बारंबार,
अरुण कण्ठ से किया शब्द जो महा मधुरता का आगार।
"हे मानिनी कामिनी! तुम सब, अपना मान करो निःशेष"
इस प्रकार मन्मथ-महीप का हुआ वही आदेश विशेष ॥९॥
जिनके अधर निरोग हो गये हिम पड़ना मिट जानेसे;
जिनकी मुख-छबि पीत हो गयी कुङ्कुम के न लगाने से।
ऐसी किन्नर-कामिनियों के तनमें स्वेद बिन्दु, सुन्दुर,
रुचिर पत्र-रचना के ऊपर, शोभित हुए, प्रकट हो कर ॥१०॥
शिव-आश्रम के आसपास थे जितने मुनिवर बनवासी,
असमय में ही देख आगमन ऋतुपति का माया राशी।

सहसा अति गुरुतर विकार का, कई बार, खाकर झोका,
किसी प्रकार उन्होंने अपना विचलितचित्त-वेग रोका ॥११॥
पुष्प-शरासन पर चढाय शर, उस प्रदेश में जब रतिनाथ
पहुंचा, निज सहधर्मचारिणी रति को लेकर अपने साथ।
जितने थे स्थावर, जङ्गम, सब आतुरता वश बारम्बार,
रति-सूचक-शृङ्गार भावना करने लगे अनेक प्रकार ॥१२॥
फूलरूप एक ही पात्र में भरा हुआ मीठा मकरन्द,
भ्रमरी के पीने के पीछे पिया भ्रमर-वर ने स्वच्छन्द।
छूने से जिस प्रिया मृगीने सुख बस किये विलोचन बन्द,
एक सींग से उसे खुजाया कृष्ण सार मृगने सानन्द, ॥१३॥
गजनी ने मुखमें रखकर जल पङ्कज-रजोवास वाला,
रसके वश होकर, फिर, उसको निज गज के मुखमें डाला।
आधे खाये हुए कमल के मञ्जुल तन्तु जाल देकर
चक्रवाक ने किया प्रिया का आदर, अनुरागी हो कर ॥१४॥
ऊंचे स्वरसे गान-समयमें, प्रचुर परिश्रम होने से,
कुछ कुछ बिगड़ गयी जिस मुख पर पत्रावली पसीने से
पुष्पासव पीनेसे जिस पर घूम रहे दृग अरुणारे,
रसिक किन्नरो ने पत्नी के चूमे मुख ऐसे प्यारे ॥१५॥
फूले हुए नवल फूलो के गुच्छे रूपी कुच वाली,
हैं चञ्चल पल्लव ही जिनके अधर मनोहरता शाली।
ऐसी ललित-लता-ललनाओं से तरुओ ने भी पाया,
झुकी हुई शाखाओं के मिस भुजबन्धन अति मन भाया ॥१६॥

प्रकृति का ऐसा सुन्दर वर्णन काव्य-जगत मे और कहीं भी नहीं है। तरुलता, कुसुम-पल्लव, मृग-मृगी आदिका समावेश कैसा मनोहर है। इस के आगे मिल्टन का स्वर्गोद्यान भी पानी भरता है। मिल्टन ने स्वर्ग का वर्णन करते समय सौंदर्य जगत

के सर्व उपादान एकत्र करने मे कुछ भी उठा नही रखा, परन्तु फिर भी वह कालिदास की हैसियत को न पहुंच सका। मिल्टन के स्वर्गोद्यान की भी एक झांकीकर लीजिए।

How from that sapphire fount the crisped
brooks,
Rolling on orient pearl, and sands of gold,
With mazy error under pendent shades,
Ran nector, visiting each plant, and fed
Flowers worthy of paradise,

× × ×

Profuse on hill, and dale and plain,
Both where the morning sun first warmly
smote,
The open field, and where the unpierced shade
Imbrowned the noon-tide bowers. Thus
was this place
A happy rural seat of various view,
Groves whose rich trees wept odorous
gums and balms;
Others whose fruit burnish'd with golden rind.
Hung amiable, and of delicious taste,
Betwixt them lawns, or level downs, and flocks.
Grazing the tender herb, were interposed,
Or palmy hillock or the flowery lap
Of some irriguous valley spread her store,
Flowers of all hue, and without thorn the rose

Another side, umbrageous grots and caves
Of cool recess, o'er which the mantling vine
Lays forth her purple grape and gently creeps
Luxuriant, meanwhile murmuring waterfall
Down the slope hills, dispersed, or in a lake,
That to the fringed bank, with myrtle crowned,
Her crytsal mirror holds, unite their streams.
The birds their choir apply, air vernal airs,
Breathing the smell of field and grove attune
The trembling leaves while universal pan
Knit with the Graces and the Hours in dance,
Led on the eternal spring

भावार्थ—मिल्टनके स्वर्गोद्यानमें सदा वसंत की तूती बोलती है। यहां अमृतवारि कैसी खूबीसे नीलम के हौज से निकल, खुर खुरे नाले में तथा मुक्तारज और स्वर्णरेणु पर छाँए मे चक्कर काटती हुई स्वर्ग के पुष्प और पौधों को सींचती है। पुष्पों का तो पूछना ही क्या है, जहाँ देखो वही पहाड़ पर, मैदान मे, जहाँ कही उगते हुए सूर्य की रोशनी पड़ती है, खुले खेत तथा छाएदार कुञ्ज में, सब जगह इन्होने गुलचमन बनाए रखा है। यह उद्यान अनेक भाँतिके आनंदप्रद दृष्यो से सुशोभित है। कुञ्ज के प्रत्येक महान वृक्षोंमेंसे सुमधुर और सुगंधित रस झरते हैं, पके हुए सुस्वादिष्ट फलोंसे वृक्ष जगमगा रहे हैं। मैदान में मवेशी हरी हरी दूब चर रहे हैं। बीच बीच में खजूर के पेड़ तथा पुष्पो से आच्छादित घाटियाँ नजर आती हैं। कांटे-रहित-गुलाब तथा रंग-बिरंगें पुष्प यहां की शोभा दिन दुनी और रात-चौगुनी बढ़ा रहे हैं। दूसरी तरफ छाएदार गुफा है, जिस पर अंगूर की लतर

चढ़ी हुई है और जिसमे अंगूर के गुच्छे के गुच्छे लटक रहे हैं, पासही में करारे पर मे पानी के झरने झर रहे हैं, जो एक झील में गिरते हैं, जिसके चारो तरफ मेहदी की टट्टी लगी है। और जिसका पानी स्फटिक की तरह निर्मल है। पक्षीगण अलग ही सुमधुर गान सुना रहे हैं। खेत और कुञ्ज मे से बसंती पवनके बहने के कारण वृक्षों की पत्तियां अलग ही अपना राग अलाप रही हैं। और सब लोग सब प्रकार के सुखमाओं से सुशोभित हो, हँसी खुसी से आनंद और नाच रंग मे अपना समय व्यतीत करते हैं।

यह वर्णन भी बहुत प्राकृतिक है। इस मे भी अमृतवारि, स्वर्णरेणु, मुक्तारज आदि का वर्णन है। कालिदास ने अपने वर्णन में प्रकृति की सीमा को नहीं छोड़ा है, अलंकार वर्णन में कालिदास ने प्रकृति की खूब सहायता ली है। मिल्टन ने भी अपने भरसक कुछ उठा नहीं रखा है; फिर भी मिल्टन की वसंत ऋतु कालिदास की बसंत ऋतु के आगे दब ही जाती है।

अब जरा भवभूति की चासनी देखिए;---

"स्निग्धश्यामाः क्वचिदपरतो भीषणाभोगरूक्षाः
स्थाने स्थाने मुखरककुभो झंकृतैर्निर्झराणाम्।
एते तीर्थाश्रमगिरिसरिद्गर्भकान्तारमिश्राः
सन्दृश्यन्ते परिचितभुवो दण्डकारण्यभागाः ॥"

[ये परिचित भूमि वाले दण्डकारण्य के हिस्से देख पड़ते हैं। कहीं हरी हरी घास से स्निग्ध-श्याम भूखण्ड हैं, और कहीं भयंकर रूखे दृश्य हैं। जगह जगह झरते हुए झरनों की झनकार से दिशाएँ गूँज रही हैं। कहीं तीर्थ हैं, कहीं आश्रम हैं, कहीं पहाड़ हैं, कहीं नदियाँ हैं और बीच-बीच में जंगल हैं।]

"निष्कूजस्तिमिताः क्वचित्क्वचिदपि प्रोच्चण्डसत्त्वस्वना
स्वेच्छासुप्तगंभीरघोष भुजग श्वासप्रदीप्ताग्नयः ।
सीमानः प्रदरोदरेषु विलसत्स्वल्पाम्भसो यास्वयं
तृष्यद्भिः प्रति सूर्यकैरजगर स्वेदद्रव. पीयते ॥"

[सीमांत प्रदेशोंमें कहीं एकदम सन्नाटा छाया हुआ है, और कहीं कोई स्थान पशुओंके भयानक गर्जनसे परिपूर्ण हो रहा है। कहीं अपनी इच्छा से सुख-पूर्वक सोए हुए गम्भीर-फूत्कार करने वाले सर्पों के निश्वास से प्रज्वलित होकर आग लग गई है, कहीं गढ़ों में थोड़ा-थोड़ा पानी भरा हुआ है और कहीं पर प्यास से विह्वल हुए गिरगिट अजगर के शरीर का पसीना पी रहे हैं।]

"इह समदशकुन्ता क्रान्तवानीर वीरुत्–
प्रसवसुरभि शीत स्वच्छतोया वहन्ति ।
फलभर परिणाम श्याम जम्बू निकुञ्ज–
स्खलन मुखर भूरि स्रोतसो निर्झरिण्य. ॥"

[यहाँ पर मदमत्त पक्षियों के बैठने से बेत की लताओं के पुष्प झड़ गए हैं। उनकी सुगंधि से युक्त ठंडे और स्वच्छ-जल वाली, तथा फलों के बोझ से झुके हुए जामुनों के निकुंज मे उनके काले फलों के गिरने से शब्दायमान, अनेक स्रोतो वाली नदियाँ बह रही हैं।]

"दधति कुहर भाजामत्र भल्लूक यूना–
मनु रसित गुरूणिस्त्यानमम्बू कृतानि ।
शिशिर कटुकषाय. स्त्यायते शल्लकीना–
मभि दलित विकीर्ण ग्रन्थि निष्यन्द गन्ध ॥"

[यह स्थान गिरि-कंदरा-निवासी तरुण-भालुओं के थूत्कार शब्द की प्रतिध्वनि से गंभीर हो रहा है और यहाँ हाथियों के झुण्डों द्वारा तोड़े गए शल्ल वृक्षों की विक्षिप्त ग्रन्थियों के रसमें से शीतल कटु-कषाय गन्ध फैल रही है।]

भवभूति का वर्णन सुन्दर है सही; परन्तु उसकी सुन्दरता मे भी भीषणता का समावेश होता है। कालिदास की रचना में मात्र सौंदर्य का ही साम्राज्य है। कालिदास के प्राकृतिक वर्णन की समालोचना ऋतुसंहार में से एक दो बातें कहे बिना पूरी नही होती। ऋतुसंहार मे ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त, शीत और वसंत इन छः ऋतुओं के यथाक्रम वर्णन हैं। कालिदास के काव्य-जगत में अन्य स्थान पर जैसा सौंदर्य का साम्राज्य है, वैसे यहां भी सुन्दर और फिर भी सौन्दर्य की ही सर्वत्र तूती बोल रही है।

ऋतुसंहार में कालिदास ने दावानल का कैसा सुन्दरवर्णन किया है।

"विकच नव कुसुम्भ स्वच्छ सिन्दूर भासा,
परुष पवन वेगोद्धूत वेगेन तूर्णं।
तरु विटप लताग्रालिङ्गन व्याकुलेन,
दिशि दिशि परिदग्धा भूमयः पावकेन ॥१॥

ध्वनति पवन विद्धः पर्वताना दरीषु,
स्फुटति द्रुपनिनादः शुष्क वंशस्थलीषु।
प्रसरति तृणमध्ये लब्ध वृद्धिः क्षणेन,
क्षपयति मृगयूथं प्रान्त लग्नो दवाग्निः ॥२॥

बहुतर इव जाताः शाल्मलीनां वनेषु,
स्फुटति कनकगौरः कोटरेषु द्रुमाणां।
परिणत दलशाखादुत्पतत्याशु वृक्षात्,
भ्रमति पवन धूतः सर्वतोऽग्निर्वनान्ते ॥३॥

गज गवय मृगेन्द्रा वन्हिसन्तप्तदेहाः,
सुहृद इव समेता द्वन्द्वभावं विहाय ।
हुतवह परिखेदादाशु निर्गत्य कक्षात्,
विपुल पुलित देशा निम्नगामाश्रयन्ते ॥४॥

[पवनके प्रबल वेग से दावानल धधक उठा और पेड़ पत्तों को जलाता हुआ पृथ्वी पर चतुर्दिक फैल गया। वायुसे संक्षुब्द हो के यह गिरि-गुहामें जा विराजा है। तृणराशि को स्वाहा करता है। सुखे वंशवन विकट शब्द करते है। मृगयूथ अग्नि-संस्पृष्ट हो के व्याकुलता से भागते हैं। शाल्मली-वनमे इसने अपना पूरा चक्र जमा लिया है। असंख्य अग्नि की तेजी से सुवर्ण की तरह यह वृक्षो के कोटरो में दीप्त हो रहा है। दावानल ने विकट रूप धारण किया—खूब जला-सूखे पत्ते, जीर्णशाखाएं, बड़े बड़े वृक्ष आदि सबको खाक कर डाला, वन भर मे खूब फैला। करी केशरी वैरभाव भूल गए और प्राणो की रक्षा करने के हेतु उन्होंने नदी के जल में आश्रय लिया।]

अंग्रेज कवि टामसन ने भी ऋतुसंहार लिखा है। उसके काव्य मे भी इंग्लैण्ड के वसंतादि चार ऋतुओंका वर्णन है। उसके काव्य मे भी वर्णनीय सब लक्षण हैं; परंतु कालिदास की तरह सुन्दरता उसमें नहीं झलकती। उसका वर्णन टीप मात्र ही है। रसोई करने की पद्धति के वर्णन में और रसोई करने वाले की रसोई में जो भेद है, वही उसके काव्य मे और कवि की कविता मे भेद है।* कवि का सौंदर्य चक्षु है। कवि बीन बीन

---

* "A recipe in the cookery book is as much like a good dinner as this kind of stuff is to true word-painting. The poet with a real eye in his head, dos not give useverything but the best of everything." Lowell.

कर तिलोत्तमाएँ रचता है। टामसन ने, एक बोल पर से सा, रे, ग, म. की साधना की है और कालिदासने उन सप्तसुरो मे मधुर-रागिणी का अलाप किया है। दृष्टांतस्वरूप कालिदास का वर्षा वर्णन ही देखिए :—

"शशीकराम्भोधरमत्तकुञ्जरस्तडित्पताकोऽशनि शब्द मर्दनः ॥
समागतो राजवदुन्नतध्वनिः घनागमः कामिजनप्रिय प्रिये ॥१॥
नितांतनीलोत्पलपत्रकांतिभि क्वचित् प्रभिन्नाञ्जनराशिसन्निभ. ॥
क्वचित् सगर्भप्रमदास्तन प्रभै समाचितं व्योम घनैः समंतत. ॥२॥
तृषाकुलैश्चातकपक्षिणांकुलैः प्रयाचितास्तोयभरावलम्बिनः ॥
प्रयांति मंदं नववारिवर्षिणोवलाहकाः श्रोत्रमनोहरस्वना. ॥३॥
वलाहकाश्चाशनिशब्दभूषणाः सुरेंद्रचापं दधतस्तड़िद्गुणं ॥
सुतीक्ष्णधारापतनोग्रसायकास्तुदंतिचेतो ध्वनिभिः प्रवासिनां ॥४॥
प्रभिन्नवैदूर्यनिभैस्तृणांकुरैः समाचिताप्रोत्थित कंदलीदलैः ॥
विभातिशुक्लेतर रत्नभूषिता वाराङ्गनेर्वाक्षितिरिंद्र गोपकैः ॥५॥
सदामनोज्ञाम्बुदनादसोत्सुकं विभातिविस्तीर्ण कलापशोभितं ॥
सविभ्रमालिङ्गनचुम्बनाकुलं प्रवृत्तनृत्यं कुलमद्यवर्हिणां ॥६॥
विपाटयन्त्य. पतितस्तटद्रुमान् प्रवृद्धवेगैः सलिलैरनिर्मलैः ॥
स्त्रिय. प्रकामा इव जात विभ्रमाः प्रयान्तिनद्यस्त्वरितं पयोनिधिं ॥७॥
तृणोद्गमैरुद्गत कोमलाङ्कुरैः चितानि नीलैर्हरिणी मुखक्षतैः ॥
वनानि रम्यानि हरन्ति मानसं विभूषितान्युद्गतपल्लवद्रुमैः ॥८॥
विलोलनेत्रोत्पल शोभिताननैः मृगः समन्तादुपजात साध्वसैः ॥
समाचिता सैकतिनी वनस्थली समुत्सुकत्वं प्रकरोति चेतसः ॥९॥
सुतीक्ष्ण मुच्चैर्ध्वनतां पयोमुचां घनान्धकारा वृत शर्वरीष्वपि ॥
ताडित्प्रभादर्शित मार्गभूमयः प्रयान्ति रागादभिसारिकाः स्त्रियः॥१०॥"

[वर्षाकाल राजा की तरह समृद्ध है। जलधर इसका जय-कुञ्जर है, बिजली इसकी जय-पताका है, वज्रनिर्घोष इसका जय-

टकार है। कामीजन को यह आनंद देने वाला है। आकाश मेघों से घिर गया। मेघका रंग कहीं नीलोत्पल, कहीं अञ्जन कृष्ण और कहीं कुछ धूसररंग है। धारावर्षी-मेघ जलभार से अवनत हैं। मधुर शब्द करते हुए मदगति से वे आकाश में तैर रहे हैं। तृषाकुल चातक टकटकी लगाए बैठे हैं। मेघकी गड़गड़ाहट प्रवासियों के हृदय पर तीर का काम करती हैं। (क्योंकि वह प्रेयसी का स्मरण करा देती है) नवाङ्कुरों से अपने को आभूषित कर के पृथ्वी ने भी अपनी माया फैलाई। उन्मत्त हो पूँछ फैलाके मयूर मधुर केकारव करने लगा। नदीने भी पूर्णकाय होके किनारे पर की सब वृक्ष लताएं उखाड़ कर फेंक दीं, जो मदोन्मत्त-स्त्री की तरह सागर-संगम की तरफ बही जाती थी। मृग उद्भ्रान्त हो के विलोल नेत्रों से वनस्थल में दौड़ने लगे। अभिसारिका अनुराग वश हो, मेघ को अवहेलना कर के, घनाधंकार में विजली की प्रभासे मार्ग ढूंढ़ती हुई अपने प्रिय से भेट करने को चली।]

अपिच,

"पयोधरैर्भीमगंभीर निस्वनैर्ध्वनिद्भिरुद्वे जित चेतसो भृशं॥
कृतापराधानपि योषितः प्रियान् परिष्वजन्ते शयने निरंतरं ॥११॥

विलोचनेन्दीवरवारि बिन्दुभिर्निषिक्त बिम्बाधर चारुपल्लवाः॥
निरस्तमाल्या भरणानुलेपना. स्थिता निराशाः प्रमदाः प्रवासिनां॥१२॥

विपाण्डुरं कीट रजस्तृणान्वितं भुजङ्गवद्वक्रगति प्रसर्पितं॥
ससाध्वसैर्भेककुलैर्विलोकितं प्रयाति निम्नाभिमुखं नवोदकं॥१३॥

प्रफुल्लपत्रां नलिनीं समुत्सुकां विहाय भृङ्गा श्रुतिहारि निस्वनाः॥
पतन्ति मूढाः शिखिनां प्रनृत्यतां कलापचक्रेषु नवोत्पलाशया॥१४॥

वनद्विपानां नवतोयदस्वनैर्मदान्वितानां स्वनतां मुहुर्मुहुः॥
कपोल देशा विमलोत्पलप्रभाः सभृङ्गयूथैर्मद वारिभिः श्रिताः॥१५॥

सतोय नम्राम्बुद चुम्बितोपलाः समाचिताः प्रश्रवणैः समन्ततः ॥
प्रवृत्त नृत्यैः शिखिभिः समाकुलाःसमुत्सुकत्वं जनयन्ति भूधराः ॥१६॥

कदम्ब सर्जार्जुन नीपकेतकी विकम्पयस्तत्कुसुमाधिवासितः ॥
सशीकराम्भोधरसङ्गशीतलः समीरणः कंन करोतिसोत्सुकं ॥१७॥

शिरोरुहैः श्रोणितटावलम्बिभि कृतावतंसैः कुसुमैः सुगंधिभिः ॥
स्तनैः सुपीनैवदनैःसशीधुभि. स्त्रियोरतिंसञ्जनयन्तिकामिनां ॥१८॥

तडिल्लताः शक्रधनुर्विभूषिताः पयोधरास्तोयभरावलम्बिनः ॥
स्त्रियश्चकाञ्चीमणिमेखलोज्ज्वला हरन्तिचेतोयुगपत्प्रवासिनां ॥१९॥

मालाः कदम्बनवकेशरकेतकीभिरायोजिताः शिरसिविभ्रतियोषितोऽद्य।
कर्णान्तरेषु ककुभद्रुममञ्जरीभिः श्रोतानुकूलरचिता नवतंसकाश्च ॥२०

(ऋतुसंहार)

[वज्रनिर्घोष से मानिनी चमक उठी, अपना अभिमान भूलकर उसने अपने पति से आलिंगन किया। प्रवासी-पति के विरह में विरहिणीने माला आदि आभरण उतार डाले और अपने सुमधुर-कोमल-चारु-बिंबाधर को अश्रु-धारा से सिक्त किया। नव-वारि धूलमे धूसरित हो के अपनी मर्यादा का ख्याल कर सर्प की गति से नीचे की तरफ बहने लगी। मेढ़क आनंदित हो कर टर्राने लगे। भ्रमर मधुहीन नलिनी छोड़के मधुर-गुञ्जन करता हुआ नवोत्पल के धोखेमें नाचते हुए मोर की फैली हुई पूंछ पर जा बैठा। जंगलके हाथियो ने उन्मत्त हो के गम्भीर चिंघाड़ करते हुए अपने गंडस्थल में से मद वारि की वर्षा की। सैकड़ों प्रस्रवणोंसे जलमय होके भूधर स्वेताभनीरद-शिखर सहित मयूर की तरह शोभायमान होने लगा। सुगन्धित समीर कुसुमित-कदंब और केतकी के वन को कम्पायमान करके शीकर के सम्पर्क से शीतल हो बहने लगा। रमणी लोगों ने कंदब, केशर, केतकी आदि की

माला पहिन, ककुभ मञ्जरी के कान के आभरण धारण कर अपनी माया जाल फैलाई। प्रवासियों के मन को ये सतत हरण करने लगीं। वकुल, मालती, कदंब, आदि फूलों से कामिनियो ने अपने अंग का प्रसाधन किया।

जलदकाल कई प्रकार से रमणीय है यह सबका प्रीतिप्रद है, यह प्राणियों का प्राणभूत है।]

ऊपर कह चुके हैं कि जड़जगत के दो भाग हैं: प्राकृतिक और कृत्रिम। प्राकृतिक जगत का दर्शन आप कर चुके अब कृत्रिमजगत की सैर कीजिए। जो जड़-जगत मनुष्य की क्रिया से सिद्ध होता है, वही कृत्रिम-जगत है। मनुष्य ने इसको अपनी रुचि, वासना और कल्पना के अनुसार इसमे उत्तरोत्तर शोभा बढ़ा के, इतना समृद्धिमय बनाया है। कौशल से प्रकृति को स्वेच्छानुसारिणी बना के सहकारिणी कर लिया है। परन्तु मनुष्य की कृत्रिमता पर दूसरे एक व्यक्तिका कृतित्व है, वह सर्व-ध्वंसी-महाकाल है। सैकड़ों युग के समृद्धशाली नगर भी काल के प्रभाव से भग्न हो जाते हैं। यह परिणति भी सुन्दर है, और देखने योग्य वस्तु है।

अतएव जड़-कृत्रिम जगत के दो भाग हुए हैं; एक शोभामय, समृद्धिशाली देवालय और राजमहल आदि, और दूसरा शान्ति-मय, विषादमय भग्नावशेष।

अब इन दोनों प्रकार के जड़-कृत्रिम-जगत के वर्णन में भी कालिदास की निपुणता देख लीजिए। कुबेरनगरी अलकापुरी का वर्णन करते समय कालिदास ने अपनी प्रतिभा का कैसा उत्तम परिचय दिया है। अपनी प्रियतमा के पास मेघ द्वारा सन्देश भेजते हुए यक्ष किस प्रकार अलका का परिचय देता है।

"विद्युत्वन्तं ललित वनिताः सेन्द्र चापं सचित्राः,
सङ्गीताय प्रहतमुरजाः स्निग्ध गंभीर घोषं।

अन्तस्तोयं मणिमय भुवस्तुङ्गमभ्रंलिहाग्राः,
प्रासादास्त्वां तुलयितुमलं यत्र तैस्तैर्विशेषैः ॥१
हस्ते लीला कमलमलके बालकुन्दानुविद्धं,
नीता लोध्र प्रसवरजसा पाण्डुता माननश्रीः।
चूड़ा पाशे नवकु रबकं चारुकर्णे शिरोषं,
सीमन्तेच त्वदुपगमजं यत्रनीपं वधूनां ॥२॥

गत्युत्कम्पादलकपतितैर्यत्रमन्दारपुष्पैः
पत्रच्छेदैः कनककमलैः कर्णविभ्रंशिभिश्च।
मुक्ताजालैः स्तनपरिसरच्छिन्नसूत्रैश्चहारै—
र्नैशो मार्गः सवितुरुदये सूच्यतेकामिनीनाम् ॥३॥
"यस्यां यक्षा सितमणिमयान्येत्य हर्म्यस्थलानि
ज्योतिश्छाया कुसुमरचितान्युत्तमस्त्रीसहायाः।
आसेवन्ते मधुरतिफलं कल्पवृक्ष प्रसूत
तद्गम्भीरध्वनिषु शनकैः पुष्करेष्वाहतेषु ॥४॥"
"मत्वा देवं धनपतिसखं यत्र साक्षाद्वसन्तं
प्रायश्चापं न वहति भयान्मन्मथः षट्पदज्यम्।
सभ्रूभङ्ग प्रहित नयनैः कामिलक्ष्येष्वमोघै
स्तस्यारम्भश्चतुरवनिता विभ्रमैरेव सिद्धः ॥५॥

अब जरा यक्ष के गृह की भी सैर कर लीजिए:—

"तत्रागारं धनपतिगृहा दुत्तरेणास्मदीयं
दूराल्लक्ष्यं सुरपतिधनुश्चारुणा तोरणेन।
यस्योपान्ते कृतकतनयः कान्तया वर्द्धितो मे
हस्त प्राप्यस्तवकनमितो बाल मंदारवृक्षः ॥६॥
"वापी चास्मिन्मरकतशिला बद्ध सोपान मार्गा
हैमैश्छन्ना विकचकमलैः स्निग्धवैदूर्यनालैः।

यस्यास्तोये कृतवसतयो मानसं सन्निकृष्टं
नाध्या स्यन्ति व्यपगतशुचस्त्वामभिप्रेक्ष्यहंसाः ॥७॥
"तस्यास्तीरे रचितशिखरः पेशलैरिन्द्रनीलैः
क्रीड़ाशैलः कनककदली वेष्टन प्रेक्षणीयः।
मद्गेहिन्याः प्रिय इति सखे चेतसा कातरेण
प्रेक्ष्योपान्त स्फुरित तड़ितं त्वां तमेवस्मरामि ॥८॥
"रक्ता शोकश्चलकिसलयः केसरश्चात्र कांतः
प्रत्यासन्नौ कुरबकवृतेर्माधवीमण्डपस्य।
एकः सख्यास्तव सहमया वामपादाभिलाषी
काङ्क्षत्यन्यो वदनमदिरां दोहदच्छद्मनाऽस्याः ॥९॥
"तन्मध्ये च स्फटिकफलका काञ्चनी वासयष्टि–
मूले वद्धा मणिभिरनति प्रौढ़वंश प्रकाशैः।
तालैः शिञ्जावलय सुभगैर्नर्तितः कांतया मे
यामध्यास्ते दिवस विगमे नीलकण्ठः सुहृद्वः ॥१०॥

"यक्ष मेघ से कहता है कि अलका अनेक बातो मे तेरी समता करेगी। तुझ मे कुछ ऐसी विशेषताएं हैं जो अलका के महलों मे भी हैं। देख, मैं बताता हूं। तुझ मे बिजली है, अलका के महलों नें भी विद्युल्लता सी ललित ललनाएं हैं। तेरे साथ इन्द्रधनुष है, उसके महलो मे भी नाना रङ्गों से रञ्जित विचित्र चित्रावली है। तू मीठा मीठा गम्भीर घोष किया करता है, उसके महलों में भी सङ्गीत-सम्बंधी मृदंग बजा करते हैं। तेरे भीतर जल है; उसके महलो के फर्शों और आँगनों में भी मणिया जड़ी हुई हैं। तू ऊंचा है, उसके महल भी अभ्रङ्कश–बादलो को छूने वाले हैं। इसी से मैं कहता हूं कि अनेक बातों मे वह तेरी बराबरी करेगी।

"अलका एक विचित्र पुरी है। वहाँ हर ऋतु के फूल हर-

समय प्राप्त होते हैं। वहाँ की स्त्रियाँ हाथ मे नीले कमल लिये रहती हैं; अलकों में कुन्द की कलियाँ खोसे रहती हैं; आननो में लोध के फूलो के पीले पीले पराग का लेप लगाए रहती हैं; चोटियों मे नवीन कुरबक गूँथे रहती हैं; कानो मे सिरस के फूल रखे रहती हैं; और मांगो में, तेरी (मेघ) बदौलत प्राप्त होने वाले, वर्षा ऋतु में उत्पन्न, कदम्ब-कुसुम धारण किए रहती हैं। क्यो, हो गए न सभी ऋतुओ के फूल ?

"यहाँ के महल शुभ्र मणियोंके हैं। कोई महल ऐसा नहीं है जिसमें मणियाँ पची न की गई हो। इस कारण रातको नक्षत्रो और तारो की छाया जब उन पर पड़ती है, तब ऐसा मालूम होता है मानो उन पर फूल बिछे हैं। उन महलों मे सदा ही नाच-राग-रङ्ग हुआ करता है। जिस समय मंद मद मदंग बजते हैं मालूम होता है कि बादल गरज रहा है। सस्त्रीक यक्ष उन्हीं महलो में रहते हैं और कल्पवृक्ष के कुसुमो से तैयार की गई मदिरा पी पी कर आनंदपूर्वक विहार किया करते हैं।

"अलका की अभिसारिका स्त्रियाँ अपने अपने प्रेमियों से मिलने के लिये कभी कभी रात को बाहर निकलती हैं। जल्दी जल्दी चलने के कारण मार्ग में कहीं उनकी अलकों से मंदारके फूल गिर जाते हैं, कही कर्णफूलवत् पहने हुए कनक-कमल कानोसे खिसक पड़ते हैं, और कही हृदयस्थल की ऊँचाई के कारण, डोरा टूट जानेसे हारके मोती बिखर जाते हैं। प्रातःकाल इन चीजों को पड़ी देख, लोग तत्काल ताड़ जाते हैं कि इसी राह से अभिसारिकाएँ गई हैं।

"यक्षोंके दीपक मणियों और रत्नो ही के हैं। वे कभी बूझते ही नहीं। उन्हें कभी जलाने की जरूरत भी नही होती। अपने

स्थान से वस्त्र खिसक जाने पर, यक्षोंकी अल्पवयस्का-अङ्गनाएँ लज्जित होकर; कुमकुम आदि मुट्ठीमे लेकर उसे, सामने रखे हुए बड़ी लौ वाले उन रत्न-प्रदीपों पर, फेंकती हैं कि वे बुझ जाएँ; परंतु उनका यह प्रयत्न व्यर्थ जाता है। भला रत्नों के भी दीप कहीं बुझ सकते हैं ? आखिर को वे मुग्धा ही तो ठहरीं। मुग्ध जनोंको शक्यता अशक्यता का ज्ञान कहाँ ?

"मनोज इस बातको अच्छी तरह जानता है कि कुबेर के सखा साक्षात् पिनाक-पाणि-शङ्कर वहाँ रहते हैं। अतएव उनके डरसे वह भौंरों की प्रत्यंचा वाले अपने चाप को चढ़ाने का बहुत ही कम साहस करता है। शायद ही कभी वह उसे उठाता होगा। परंतु चाप न चढ़ाने पर भी उसका काम हो ही जाता है; वह नहीं रुकता। उसके धनुष का काम वहाँ की स्त्रियों के भ्रूभङ्ग युक्त-नेत्रों से चलाए गए कुटिल-कटाक्षरूपीशरों से हो जाता है। वांनताओंके इन विभ्रम-विशिखों को तू ऐसा वैसा न समझना, जिस पर लक्ष्य करके ये चलाए जाते हैं, उसे ये घायल किए बिना नही रहते। ये अपने निसाने पर लग कर ही रहते हैं; कभी निष्फल नहीं जाते। इनकी मार से कोई भी अपना बचाव नहीं कर सकता।

"अलका पहुंच कर तू मेरे घर जाना। वह कुबेर के महलों से उत्तर की ओर कुछ ही दूर आगे है। मैं तुझे अपने घर की पहचान बताता हूं। उसके द्वार पर अनेक रङ्गों से रँगा हुआ, इंद्र धनुषके समान शोभाशाली तोरण तुझे दूर से दिखाई देगा। घर के उद्यान मे मंदार का एक बालवृक्ष है। उसे मेरी प्रियतमा पत्नी ने पुत्रवत् पाला है। फूलों के गुच्छों से लदकर उसकी डालियां इतनी झुक जाती हैं कि सहज ही उन तक हाथ पहुंच सकता है। उसके फूल तोड़ने में कुछ भी कष्ट नहीं होता।

"उसी उद्यान में उसी पुष्पवाटिका में एक जलाशय है। उसकी

सीढ़ियों पर पन्ने जड़े हुए हैं—वे सीढ़ियाँ मरकत-शिलाओं की हैं। जलाशय के जल पर नीलम के समान सुन्दर दालो वाले कनक कमल छाए रहते हैं। उसका जल इतना निर्मल और इतना मीठा है कि वहाँ रहने वाले हंसो को तुझे देख कर भी—वर्षा ऋतु आ जाने पर भी मानसरोवर की याद नहीं आती। वह सरोवर यद्यपि अलका के पास ही है, दूर नहीं। तथापि मेरे उद्यान में हंसों को उतना सुख है कि वे मानसरोवर को भूल सा गए हैं।

"पूर्वोक्त जलाशय के तीर पर मेरा क्रीड़ा शैल-मन बहलाने का कृत्रिम-पर्वत है। उसके शिखर पर सुन्दर सुन्दर नीलम लगे हुए है। कनक-कदली की दर्शनीय बाड़ से शैल चारो तरफ घिरा हुआ है। जब मै प्रान्त भाग में चमकती हुई बिजली से युक्त तुझे देखता हूं तब मेरा वह शैल मेरे नेत्रों के सामने नाचने लगता है। बात यह है कि तुझसे मैं उसकी समता पाता हूं। तुझे देखते ही मुझ को उसका नीलम जड़ा हुआ शिखर याद आ जाता है और तेरे प्रान्त भाग में बिजली चमकती देख उसकी वह कनक कदली की बाड़ याद आ जाती है। मेरी गृहिणी उस शैल को बड़ा प्यार करती है। इस कारण उसका स्मरण होते ही मेरा कलेजा कांप उठता है और मै विह्वल हो जाता हूं।

"उस क्रीड़ा-शैल पर चमेली का एक मण्डप है, जिसके चारों ओर कुरुवक की बाड़ है। उसी के मंडप के पास दो वृक्ष हैं—एक तो लाल अशोक का जिस के हिलते हुए पत्ते बहुत ही सुहावने मालूम होते हैं, दूसरा वकुल (मोलसिरी) का जिस की मनोहरता का मैं वर्णन नहीं कर सकता। उन में से पहला तो तेरी सखी (मेरी पत्नी) के बाएं पैर का स्पर्श चाहता है; क्योंकि बिना उसके वह फूलता ही नही; और दूसरा दोहद के बहाने उसकी मुख-मदिरा की प्राप्ति की आकांक्षा रखता है, क्योंकि वह भी बिना

उस के फूल नही देता। मित्र ! देख; मेरे क्रीड़ा-शैल के इन वृक्षों की वृत्ति भी मेरी ही सी है। जैसे मैं अपनी गृहिणी के पैर छूने और मदिरापान के बहाने उसके मुखका रस लेने की इच्छा रखता हूं। वैसे ही ये भी रखते हैं।

"उन्ही दोनो वृक्षों के नीचे सोने का एक ऊंचा खम्भा है। उस की जड़ मे हरे बॉस की कमनीय कान्ति वाले सुन्दर सुन्दर रत्न जड़े हैं। खंभे के ऊपर स्फटिक की एक पटिया है। उसी पर तेरा मित्र मोर सायंकाल के समय आ बैठता है तब मेरी हृदयेश्वरी कंकण बजते हुए अपने कोमल कर से ताल दे दे कर उसे नचाती है।

नगरकी समृद्धि का वर्णन अनेक कवियो ने किया है। परन्तु क्या कोई भी कालिदास के वर्णन की वराबरी कर सका है? माघ कविका द्वारका, श्रीहर्ष का भीमपुर, बाणभट्ट की उज्जैनी, मिल्टन का रोम इन सभोंमे से क्या कोई भी अलकापुरी की ओट कर सकता है? अस्तु, जरा मिल्टन के रोम की भी हालत देख लीजिए:—

'Divided by a river on whose banks
On each side an imperial city stood,
With towers and temples, proudly elevated,
On seven small hills, with palaces adorned,
Parks and theatres, baths and aqueducts,
Statues and trophies and triumphal arcs,
Gardens and groves presented to his eyes
Above the hight of mountains interposed
× × × Great and glorious Rome, queen of the earth

So far renowned and with the spoils enrich'd
Of nations; there the capital thou seest
Above the rest uplifting his stately head
On the Parpeian rock, her citadel
Impregnable, and these mount Palatine
The imperial palace, compass huge and high
The Structure, skill of noble architects
With gilded battlements conspicuous far
Turret and terraces and glittering spires,
× × × pillars and roofs,
Carved work, the hand of famed artisans
In cedar marble ivory or gold.

[राजधानी रोम सात पहाड़ियों पर बसा है। इस नगर की बस्ती टाइबर नदी के दोनों किनारे पर है। यहां देवालय और मीनार बड़े ठाठ से खड़े हैं, प्रासादो की शोभा का तो पूछना ही क्या है, बाग, फूलवाड़ी और नाटक-घरों की भी कमी नहीं है, गुसलखाने और मोहरियों का भी पूरा प्रबन्ध है, मूर्तियां, विजय-चिन्ह आदि पहाड़ियों पर जहां तहां नजर आते हैं। अनेक जातियों के धन से समृद्ध, शानदार रोम की सुप्रख्यात महती नगरी का दुर्भेद्य किला पारपियन पर्वत पर दूर ही से नजर आता है। राज प्रासाद पालेटाइन पर्वत पर बना है। जिसकी कारीगरी शिल्पकला का एक उत्तम नमूना है। जिसके खम्भे, कंगूरे, मीनार, सीढ़ियां आदि दूर ही से चमक रहे हैं। जिसकी पच्ची कारी और हाथी दांत तथा सोने पर की नकाशी देखने से कुशल कारीगर की निपुणता प्रदर्शित होती है।]

अलकापुरी और राम नगर मे कौन किससे बढ़ कर है; पाठक स्वयं इसका निर्णय कर लें। प्राच्य और पाश्चात्य दोनों नगरों की पाठक सैर कर चुके हैं, दोनों कवियों की प्रतिभाओं का भी नमूना देख चुके हैं। अस्तु, समृद्ध कृत्रिमता का नमूना आपने देख लिया, अब समृद्धि के भग्नावशेष का उदाहरण भी देख लें। कालिदास ने परित्यक्त रघुराजधानी अयोध्या का वर्णन कैसा किया है, सो भी देख लीजिए :—

अर्धरात्रि हो गई थी। प्रदीप स्तिमित हो गए थे। सब लोग शयन कर रहे थे। ऐसे समय अयोध्या की अधिष्ठात्री देवीने कुश के शयन-मन्दिर में प्रवेश किया। वह उससे कहने लगी।—

विशीर्ण तल्पाट्टशतो निवेशः पर्यस्तसालः प्रभुणा बिनामे।
निडम्बयत्यस्तनिमग्न सूर्यं दिनान्तमुग्रानिलभिन्नमेघम् ॥
निशासु भास्वत्कलनूपुराणां यः सञ्चरोऽभूदभिसारिकाणाम् ॥
नदन्मुखोल्का विचितामिषाभिः स वाह्यते राजपथः शिवाभिः ॥
आस्फालित यत्प्रमदा कराग्रै मृदङ्ग धीर ध्वनिमन्वगच्छन्।
वन्यै रिदानी महिषैस्तदम्भः शृङ्गाहतं क्रोशति दीर्घिकाणाम् ॥
वृक्षेशया यष्टि निवासभङ्गान् मृदङ्गशब्दापगमादलास्याः।
प्राप्ता दवोल्काहत शेष बर्हाः क्रीडा मयूरा वनवर्हिणत्वम् ॥
सोपान मार्गेषु च येषु रामा निक्षिप्तवत्यश्चरणान्सरागान्।
सद्यो हतन्यङ्कुभिरस्त्रदिग्धं व्याघ्रैः पदं तेषु निधीयते मे ॥
चित्रद्विपाः पद्मवनावतीर्णाः करेणुभिर्दत्त मृणालभङ्गाः।
नखाङ्कुशाघात विभिन्नकुम्भाः संरब्धसिंह प्रहृतं वहन्ति ॥
स्तम्भेषु योषित्प्रतियातनानामुत्क्रान्तवर्णक्रमधूसराणाम्।
स्तनोत्तरीयाणि भवन्ति सङ्गान्निर्मोकपट्टाः फणिभिर्विमुक्ताः ॥
कालान्तर श्यामसुधेषु नक्तमितस्ततोरूढतृणाङ्कुरेषु।
त एव मुक्तागुण शुद्धयोऽपि हर्म्येषु मूर्च्छन्ति न चन्द्रपादाः ॥

[मेरी बस्ती की सब अट्टालिकाएँ टूट गई हैं; परकोटे भी नष्ट हो ग हैं। आज कल वह अस्तोन्मुख सूर्य और प्रचण्ड पवन के बखेरे हुए मेघों वाली सन्ध्या की होड़ कर रही है। जिस राजमार्ग में पहले अपने नूपुरों से मधुर शब्द करती हुई, रात के समय, अभिसारिकाएँ चलती थीं वहाँ अब चिल्लाती हुई शृंगालियाँ माँस ढूँढ़ने के लिये दौड़ा करती हैं। जिन बावलियों का जल पहले स्त्रियों की हथेलियों से ताड़ित होकर मृदङ्ग की गम्भीर ध्वनि की होड़ करता था, उनमे अब जङ्गली भैंसों के सींग मारने से कर्ण-कर्कश शब्द होता है। पहले मोरोके बैठने की छतरियाँ थीं, पर वे अब वृक्षों पर रहते हैं। पहले मृदङ्ग की ध्वनि होते ही वे नाचते थे, पर अब मृदङ्ग कहाँ। इस लिये वे नाचना भी भूल गए हैं। दावाग्नि से उनकी पूँछें भी जल गई हैं। वे अब पहले के मोर नहीं। वे अब जङ्गली मोरो के समान हो गए हैं। जिन सीढ़ियों पर पहले रमणशीला युवतियाँ अपने महावर लगे हुए चरणों को रखती थी, उन पर अब तत्काल हरिण को मार कर सिह अपने रुधिर-भरे पञ्जे रखते हैं। खम्भों में स्त्रियो की मूर्त्तियाँ बनी हुई है, पर अब उन पर से रंग उड़ गया है। उन पर सांपों की केंचली चोली के समान लिपटी रहती है। समय के फेर स महलों के चूने (सफेदी) काले पड़ गए हैं; उन पर घास भी उग आई है। अब उन पर मोतियों के समान चन्द्रकिरणें नही चमकतीं।]

किसी पाश्चात्य कविका कथन है कि शोक में अतीत सुख की पूर्व स्मृति ही शोक की पराकाष्ठा है। अयोध्या के भग्नावशेष वर्णन मे कवि ने पूर्व समृद्धि स्मरण करा के विषाद की यह पराकाष्ठा उपस्थित की है। यह वर्णन कितना सुन्दर और कितना हृदयग्राही है।

---

* * * * * It is true the poet sings that a sorrow's crown of sorrow is remembering happier things.

बायरन ने अपने काव्य में (Child Harold) समृद्ध रोम का शोचनीय परिणाम वर्णन किया है। कालिदास की तुलना में वह अति अकिञ्चित है। देख भी लीजिए:—

Come and see
The Cypress, hear the owl and plod your way
O'er steps of broken thrones and temples, ye
Whose agonies are evils of a day!
A world is at our feet as fragile as our day!
The noble of nations! There she stands
Childless and crownless in her voiceless woe,
An empty urn within her withered hands
Whose holy dust was scattered long ago
The Scipio's tomb, contains no ashes now.
The very sepulchres lie tenantless
Of their heroic dweller · Dost thou flow
Old Tiber, thro' a marble wilderness?
Rise with thy yellow waves and mantle her distress,

* * * *

Cypress and ivy and well flower grown
Matted and massed together hillock heaped
On what were chambers, arch crushed column, strown
In fragments, choked up vaults and frescos Steep'd
In subterranean damps where the owl peeped

Deeming it midnight, temples, baths or halls
Pronounce who can? For all that learning reaped
From her research hath been that those are walls.
Behold the imperial mount!, 'Tis thus the mighty fall.

[वह समृद्ध रोम, सब जातियों का सिरमौर, आज उसकी यह दशा है। आज वह वंध्या स्त्री की तरह अपना सिरताज गुमाकर कहर रहा है। जहां के तख्त और मंदिरे जमीन चूम रहे है, चारो तरफ झंखाड़ ही झंखाड़ नज़र आते है। जहां देखो वहीं बर्बादी के प्रत्यक्त चिन्ह नज़र आते है। एक दिन वह था जब रोम की एक चुटकी रज के लिये लोग लालायित होते थे और एक आज का दिन है कि वह स्वयं हाथ में खप्पर लिये हुए घूम रही है। न अब सिपियो की कब्र का वह प्रभाव रहा और न वीर योद्धाओं के कब्रो का कोई नामो निशान। टाइबर, क्या अभी भी तू उस अभागे नगर में बहती है? चल, उठ और अपनी धारा से उसक कष्टो को धो डाल। जहां पहिले बड़े बड़े कमरे और गुम्मज़ थे, वहां अब मट्टी के ढेर लगे हैं, जहां पहिले सुगंधित पुष्पों की झाड़ लगी थी वहां अब बड़ी बड़ी घास और जंगली लताएं फैली हुई हैं मन्दिर, गुसलखाने और कमरों के गुम्मज़ और नकाशियां सब मट्टी में मिल गई, भला अब कौन कह सकता है कि यहां पहिले ये चीजें थीं?

बड़े बड़े विद्वानों ने भी खूब खोज के बाद यही पता पाया कि यहाँ पर पहिले दीवालै थीं। देखिए, किस तरह शानदार उत्कष और फिर उसका कैसा गहरा पतन होता है।]

बहिर्जगत के जड़ भाग का तो दृश्य आपने देख लिया। अब चेतन भागका भी वर्णन देखिए। चेतन जगत में मनुष्य और इतर प्राणी दोनों का समावेश होता है। चेतनजगत में एक तरफ नर-नारी हैं तो दूसरी तरफ पशु-पक्षी आदि। देखना चाहिए इस जगत में कालिदासने क्या खूबी दिखाई है।

हम ऊपर कह चुके हैं कि प्राकृतिक जगत का, वर्णन करते समय कालिदास ने अनेक स्थानो पर पशु-पक्षी आदि का वर्णन किया है। वास्तविक अवकाश मिलने ही के कारण इस कविका मन इस तरफ दौड़ता था। उदाहरणार्थ, दिलीपने वशिष्टाश्रम में सुगन्धित पवन खाई और मोर का केकारव सुना, फिर दूसरे स्थान पर चटुल-नयन-मृगदम्पती और पानी में कलनादी सारस-पंक्ति देखा। कण्वाश्रम देखते समय दुष्यन्त ने मालती के किनारे हंस मिथुन देखा, हिमालय की तराई मे हरिन के बच्चे देखे, आश्रम वृक्ष के नीचे कृष्णसार युगल देखा। क्यो देखा ? उसका एक ही जबाब है। मधुर केकारव, मृगनयन, कलनादी सारसपंक्ति आदि सुन्दर हैं, और कालिदास सौंदर्य का कवि है।

एक अंग्रेज समालोचक का कथन है कि, उनके देश मे इतर प्राणियोंका आदर करना केवल कवि ही जानते है। जिस देशमे इतर प्राणियो का प्रधान विनियोग मनुष्य की उदर पूर्ति है, उस देश के संबंध मे ऐसा कथन कहां तक सत्य है, यह हम नहीं कह सकते। क्योंकि हम देखते हैं कि काउपर (Cowper) के जैसा कवि इतर प्राणियों को मैत्री भाव से देखता है, वारनस (Barnes) उनपर सहानुभति दर्शाता है; और वर्डस्वर्थ (Wordsworth) के जैसा कवि जिनको जागतिक भाव से देखते हैं। इतने पर भी कालिदास की तरह किसी कवि ने भी प्राणी जगत के सौंदर्य का

अनुभव नहीं किया है। उसमें क्या है ? तुलना कर के निर्णय कर लिया जाय —

"ग्रीवाभंगाभिरामं मुहुरनुपततिस्यन्दने दत्त दृष्टिः
पश्चार्द्धेन प्रविष्टः शरपतनभयाद्भूयसापूर्वकायम्।
दर्भैरर्धावलीढैः श्रमविवृतमुखभ्रंशिभिः कीर्णवर्त्मा
पश्योदग्रप्लुतत्वाद्वियति बहुतरं स्तोकमुर्व्यां प्रयाति ॥"

(शाकुन्तला)

[पीछे आते हुए रथ को हरिन फिर फिर कर देखता जाता है और बान लगने के डर से कभी कभी अगले शरीर से सिमटता है, मार्ग में उसके थके मुख से अध-चाबी दाभ गिरी है, अब ऐसी कुलांच भरता है मानो धरती पर पैर ही नहीं रखता।]

कालिदास ने भयभीत मृग का वर्णन इस प्रकार किया है। अब शेक्सपियरकृत मृगया-अश्व का वर्णन देखिए—

"Round hoofed, short jointed, fetlocks shag and long,
Broad breast, full eye, small heads, and nostrils wide,
High crest, short ears, straight legs, and passing strong,
Thin mane, thick tail, broad buttock, tender hide:

(Venus and Adonis).

(यह घोड़ा कैसा है) ? इस के खुर गोल हैं, जोड़ छोटे और कलगी ऊंची है; इसकी बावरी लम्बी और झबरी है; इसका सीना और पुट्ठे विशाल हैं; इस के कान और सिर छोटे हैं; टागें सीधी और शीघ्र-गामी हैं; यह कोमल खाल और सुन्दर आँख वाला है, अयाल इस की पतली है और दुम घनी है।

पाठक ने दोनों कवियों का वर्णन देख लिया, अब आप स्वयं निर्णय करले।

बहिर्जगत मे रूप का चरमोत्कर्ष मनुष्य मे है। मनुष्य ही सौंदर्य का ललाम है-अन्तिम विवर्तन है। कालिदास को इसकी सुन्दरता का कितना अनुभव था सो उनके एक ही दो दृष्टान्तों से विदित हो जायगा। उनकी उर्वशी का निरुपम-लावण्य, आभरणों में आभरण और प्रसाधनो में प्रसाधन भूत है। यह सृष्टि साधारण विधाता की नहीं है। इसका श्रेष्टा कान्तिप्रद चन्द्रमा अथवा मधुररस मदन अथवा कुसुम कर बसंत है।

यक्ष वनिता ही का रूप देखिए:—

''श्यामास्वंगं चकित हरिणी प्रेक्षणे दृष्टिपातं
वक्त्रच्छायां शशिनि शिखिनां बर्हभारेषु केशान्।
उत्पश्यामि प्रतनुषु नदीवीचिषु भ्रूविलासा—
न्हन्तै कस्मिन्क्वचिदपिन ते चण्डि सादृश्यमास्ति॥''

(मेघदूत)

(यक्ष मेघ से कहता है कि मेरी पत्नी से जा के कहना कि ''प्रिये मैं दिन रात तेरे रूप का चिन्तन किया करता हूं और दर्शनों से अपने नेत्र कृतार्थ करने के लिये तेरी समता ढूढ़ने में लगा रहता हूं। तेरे अङ्ग की समता मुझे प्रियङ्गु-लताओं में मिल जाती

है; तेरी चितवन की समता चकित हरिणियों की चितवन में मिल जाती है; तेरे कपोलों की समता चन्द्रमा में मिल जाती है; तेरे केशों की समता मोर-पखों में मिल जाती है; तेरे भौंहों की मरोड़ की समता नदी की पतली पतली चञ्चल तरंगों में मिल जाती है। परन्तु, हाय हाय! तेरे सर्वाङ्ग की समता किसी एक वस्तु में कहीं भी एकत्र देखने को नहीं मिलती।

विश्वमोहिनी नगराज-दुहिता-पार्वती के रूप वर्णन में कालिदास ने जिस सौंदर्य का समावेश किया है वह किसी से छिपा नहीं है:—

"अभ्युन्नताङ्गुष्ठनखप्रभाभिर्निक्षेपणा द्रागमिवोद्गिरन्तौ।
आजहतुस्तच्चरणौ पृथिव्यां स्थलारविन्दश्रियमव्यवस्थाम्॥
सा राजहंसैरिव संनताङ्गी गतेषु लीलाञ्चितविक्रमेषु।
व्यनीयत प्रत्युपदेशलुब्धैरादित्सुभिर्नूपुरसिञ्जितानि॥
वृत्तानुपूर्वे च न चातिदीर्घे जङ्घे शुभे सृष्टवतस्तदीये।
शेषाङ्ग निर्माण विधौ विधातु र्लावण्य उत्पाद्यइवास यत्नः॥
मध्येन सा वेदिविलग्नमध्या वलित्रयं चारु बभार बाला।
आरोहणार्थं नवयौवनेन कामस्य सोपानमिव प्रयुक्तम्॥
अन्योन्यमुत्पीडयदुत्पलाक्ष्याः स्तनद्वयं पाण्डुतथा प्रवृद्धम्।
मध्ये यथा श्याममुखस्य तस्य मृणाल सूत्रान्तरमप्यलभ्यम्॥
शिरीष पुष्पाधिक सौकुमार्यौ वाहूतदीयाविति मे वितर्कः।
पराजितेनापिकृतौ हरस्य यौ कण्ठपाशौ मकरध्वजेन॥
चन्द्रं गता पद्मगुणान्न भुङ्क्ते पद्माश्रिता चान्द्रमसीमभिख्याम्।
उमामुखं तु प्रतिपद्यलोलाद्विसंश्रयां प्रीतिमवाप लक्ष्मीः॥
पुष्पं प्रवालोपहितं यदि स्यान्मुक्ताफलंवा स्फुटविद्रुमस्थम्।
ततोऽनुकुर्याद्विशदस्य तस्यास्ताम्रौष्ठपर्यस्तरुचः स्मितस्य॥

स्वरेण तस्याममृतस्रुतेन प्रजाल्पितायामभि जातवाचि ।
अप्यन्यपुष्टा प्रतिकूलशब्दा श्रोतुर्वितन्त्रीरिवताड्यमाना ॥
प्रवातनीलोत्पल निर्विशेषमधीरविप्रेक्षित मायताक्ष्या ।
तया गृहीतंनु मृगाङ्गनाभ्यस्ततो गृहीतंनु मृगाङ्गनाभिः ॥
तस्याः शलाकाञ्जननिर्मितेव कान्तिर्भ्रुवोरायत लेखयोर्या ।
तां वीक्ष्य लीलाचतुरामनङ्गः स्वचापसौन्दर्यमदं मुमोच ॥
लज्जातिरश्चां यदि चेतसिस्यादसंशयं पर्वतराजपुत्र्या ।
तं केशपाशं प्रसमीक्ष्यकुर्युर्बालप्रियत्वं शिथिलं चमर्यः ॥

(कुमारसंभवं प्रथमसर्ग)

जैसे रंग चित्र की छवि को दूनी कर देता है, जैसे भानु कमल-कली की शोभा को बढ़ा देता है, वैसे ही नवयौवना नगराज दुहिता के तन की सुन्दर सुघराई बढ़ा रहा था, और जिस की अनुपम छटा उसके अंग अंग में प्रदर्शित होती थी।

"चलते समय जब वह पृथ्वी को अंगूठों से दबाती थी, उस समय ऐसा जान पड़ता था, मानों नख-आभा के मिस, वह लालरंग टपकाती हो। उसकी मतवाली चाल हंस-गति को मात करती थी।

"उसकी जाघें हाथी के सूड़ की आकृति की थी और जो केले के खम्भे की तरह कोमल और चिकनी थीं।

"जिस गोदी तक अन्य कोई कामिनी भूल कर भी नहीं पहुंची थी, उसी गोदी में उसको शिव जी ने सुख पूर्वक धारण किया। इसी से पाठक विचार कर सकते हैं कि उस विश्वविजयिनी बाला की कटि का पिछला भाग कैसा कमनीय होगा ?

"उसकी रोमावली, कटि-करधनी-मध्यगत-नीलम के आभास समान शोभायमान है। उसके उदर पर जो त्रिबली पड़ती थी, वह ऐसी मालूम पड़ती थी कि मानो कामदेव ने यौवन के चढ़ने के लिये सीढ़ियाँ बना दी हों।

"उस सरोजनयनी के कलशाकार कुच एक दूसरे से बारंबार लग कर बड़ा दुख देते हैं। काले मुख वाले वे गोरे कुच बढ़ते बढ़ते ऐसे सट गए हैं कि मृणाल तन्तु भी उनके बीच प्रवेश नहीं कर सकता।

"यह बराबर सुना जाता है कि कामदेव के बाण फूलों ही के हैं; परन्तु रतिपति ने शिव जी से पराजित होने पर, जब अपने को संभाला, तब उसने शिव जी के श्रीकण्ठ में, उसके, सिरस के फूल से भी अधिक मृदुल, बाहु का बंधन डाला।

"पयोधरो से उन्नत उसका कण्ठ और मुक्तामाला एक दूसरे की परस्पर शोभा बढ़ा रहे थे। चन्द्र और कमल की सुन्दरताई किसी स्थान पर भी एक साथ नहीं देखी गई है, परन्तु उमा के चन्द्रानन में कमलनेत्र की शोभा प्रकृति के नियम को भी अलग बैठाती है।

"नए पुष्प के पल्लव पर मोती जैसी शोभा देता है वही शोभा जब उमा हँसती थीं तब आती थी, जब वह मृदुल भाषण करके सुधा-सलिल बरसाती थी, उस समय कोकिल की कूक विषमवीणासम कानो को अच्छी नहीं लगती थी।

"वायु वेग से कम्पित सुन्दर-नील कमल की छवि भी उस विशाल नयनी की चंचल चितवन के आगे पानी भरती थी। कवि पूछता है कि यह चपलदृष्टि उसने मृग-किशोरियों से पाई अथवा वह स्वयं मृग-किशोरियों को दे आई है ?

"उसकी विलासशील, काली काली भव्य भौंहों को देख कर कामदेव का अपने धनुपका घमण्ड चूर चूर हो गया। पशु को यदि लज्जा होती तो चमरी गाय उमा के अति प्यारे कच देख उनके बंधनार्थ अपने केश का मोह बिल्कुल छोड़ देती।]

जिस तरह चन्द्र की किरणोंके आगे जुगनू फिका पड़ जाता है, उसी तरह कालिदास के वर्णन के सामने अन्य कवियों के वर्णन फिके पड़ जाते हैं। दूसरा ऐसा कौन है, जिसके साथ कालिदास के वर्णन की तुलना की जाय—

शेक्सपियर के जूलियट की भी दशा देख लीजिए :—

"Oh, she doth teach the torches to burn bright
Her beauty hangs upon the cheek of night
Like a rich jewel in an Ethiop's ear,
Beauty too rich for use, for earth too dear,
So shows a showy dove trooping with crows
As yonder lady, over her fellows shows."

(Romeo and juliet)

[जुलियट के तेज के आगे साधारण प्रकाश झक मारता था। यदि वह अंधकार मे चली जाती तो वहाँ भी प्रकाश हो जाता और अंधकार दुम दवाए फिरता। अपनी अनुपम और अलौकिक सुन्दरता के कारण वह अपनी सहेलियां मे ऐसी मालूम पड़ती मानो काकसमाज में हंस।]

आइमोजन के रूप का भी वर्णन देखिए :—

"Cytherea,
How bravely thou becomess thy bed, fair lily
Add whiter than the sheets.
Tis her breathing that
Perfumes the chamber thus, the flame, the taper
Bows towards her; and would under-peep her lids

To see the enclosed light, now canopied
Under these windows, white and azure laecd
With blue of heavens own tinct "(Cymbeline)

[सुन्दरी, तुम्हारा गौर वर्ण चांदनी को भी मात करता है। जब तुम अपने बिछौने पर बिराजती हो तब तुम्हारी शोभा देखते ही बनती है।

तुम्हारे श्वासोछ्वास से कमरा सुगन्धित हो रहा है। मोमबत्ती का प्रकाश तुम्हारे सामने सिर झुकाता है और पलक के पर्द के पीछे सफेद और नीले रंग की चौखट वाली खिड़की में छिपे हुए प्रकाश के लिये छट पटा रहा है।]

मिल्टन के ईव का भी वर्णन देख लीजिए—

"So lovely fair
That what seemed fair in all the world
seemed now
Mean or in her summed up, in her contained.
And in her looks which from that time infused
Sweetness into my heart unfelt before"

[उसकी मनोहर सुन्दरता के आगे दुनिया भर की सुन्दरता पानी भरती है। जब से मैंने उसको देखा है उसने मेरे पर एक ऐसी मोहिनी डाल दी है जिसका पूर्व मे मुझे ज्ञान भी न था।]

नारी वर्णन में तो आप समझ ही चुके होंगे कि किसका वर्णन किस प्रकार का है और किस की कहाँ तक पहुंच है। अब नर के वर्णन की ओर चलिए, यह एक दूसरे ही प्रकार का है। भीमकांत दिलीप अथवा गंभीर मधुराकृति दुष्यन्त इसके दृष्टान्त हैं। पर नर का श्रेष्ठ उदाहरण योगेश्वर महादेव है; उनका वर्णन इस भांति है।

"श्रुताप्सरो गीतिरपिक्षणेऽस्मिन्हरःप्रसंख्यानपरोबभूव ।
आत्मेश्वराणां नहि जातु विघ्नाः समाधिभेदप्रभवोभवन्ति ॥
लतागृहद्वारगतोऽथनन्दी वामप्रकोष्ठार्पितहेमवेत्रः ।
मुखार्पितैकांगुलिसंज्ञयैवमाचापलायेति गणान्व्यनैषीत् ॥
निष्कम्पवृक्षंनिभृतद्विरेफं मूकाण्डजं शान्तमृग प्रचारम् ।
तच्छासनात्काननमेव सर्वं चित्रार्पितारम्भमिवावतस्थे ॥

सदेवदारुद्रुमवेदिकायां शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम् ।
आसीनमासन्न शरीर पातस्त्रियम्बकं संयमिनं ददर्श ॥
पर्यङ्कबन्धस्थिर पूर्वकायमृज्वायतं संनमितो भयांसम् ।
उत्तानपाणिद्वयसंनिवेशात्प्रफुल्लराजीवमिवाङ्क मध्ये ॥

भुजंगमोन्नद्ध जटाकलापं कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम् ।
कण्ठ प्रभासङ्गविशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमती दधानम् ॥
किंचित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारैर्भ्रूविक्रियायाविरत प्रसङ्गैः ।
नेत्रैरविस्पन्दित पक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखैः ॥

अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाहमपामिवाधारमनुत्तरंगम् ।
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम् ॥
कपालनेत्रान्तर लब्धमार्गैं ज्योतिः प्ररोहैरुदितैः शिरस्तः ।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां बालस्य लक्ष्मींग्लपयन्त मिन्दोः ॥

["चतुर अप्सराएँ मंजुल मनोहर गीत गा रही है; महेश्वर भगवान आत्मचिन्तन मे लगे हुए हैं, वे ज़रा भी विचलित नही हुए। जिन महानुभावो ने अपना मन वश कर लिया है, उनके पास तपोविघातक विघ्न फटक भी नहीं सकता।

"लताभवन के भव्य द्वार पर उद्दण्ड नंदी खड़ा है। उसके बाएँ हाथ मे हेम का दण्ड है। मुख पर उंगली रख कर वह गण वृन्दों को चुप करा रहा है।

"नन्दी की दुर्विलक्ष्य आज्ञा होते ही, चारों तरफ सन्नाटा छा गया। अपने अपने स्वाभाविक नियम को छोड़ सब चित्रवत हो गए; भौंरे गतिहीन हो गए, खग मूक हो गए, मृग अपना आवागमन भूल गए।

"देवदारु की विस्तृत छाया में, बाघाम्बर पर तीनो नयनो से समाधि लगाए महादेव बैठे हैं।

"शंकर वीरासन लगाए बैठे है, उनका उपरी अंग स्थिर है, उनके कंधे कुछ झुके हुए हैं। उनके उलटे रखे हुए पाणियुग ऐसी शोभा दे रहे हैं मानो गोद मे कमल खिले हो।

"जटा कलाप में भुजंग लपटे हुए है, दोनो कानो मे दोहरी अक्षमाला लटकती हैं; गले मे कृष्णसार-मृग चर्म पड़ा है, जिसकी कालिमा को कण्ठ की कालिमा ने और भी बढ़ा दिया है।

"जिनकी भृगुटी ऐसी अचल हो गई है मानो वह अपना सारा विलास भूल गई है। जिनकी पलकें निश्चल है। नेत्र मे से किरणें नीचे की ओर गिरती हैं। नयन उनके नासिकाग्र पर स्थिर है।

"प्राणायाम-श्वासनिरोध के कारण इस समय शंकर की ठीक वही दशा है जो लहर-रहित महासागर की, अथवा वायु-रहित मन्दिर के दीपक की होती है—अर्थात् शंकर चित्रवत् प्रतीत होते हैं।

"तृतीय नैन से ज्योति निकल कर चारों तरफ फैल रही है। यह ज्योति मृदुल-मृणाल-तन्तु की माला से भी अधिक कोमल बाल-चन्द्र की शोभा को भी म्लान कर रही है।

[शंकर, मन को निश्चल कर समाधि लगा, अपने हृदय कमल में उस आत्मा को, ध्यान करके देख रहे हैं, जिस को सब अविनाशी कहते हैं।"]

महिमान्वित महापुरुष का इस से अधिक सुन्दर वर्णन नहीं

हो सकता। मिल्टन ने भी महापुरुष का वर्णन किया है! उनका भी दर्शन कर लीजिए और फिर तुलना कीजिए:—

"Down thither-prone in flight
He (Raphael) speeds and through the vast
ethereal sky
Sails between worlds and worlds,
Till within soar
Of towering eagles to all the fowls he seems
A phœnix, gazed by all; × × ×
At once on the eastern cliff of Paradise
He lights and to his proper shape returns,
A seraph winged: six wings he wore to shade
His lineaments divine; the pair that clad
Each shoulder broad came mantling o'er
his breast
With regal ornament; the middle pair
Girt like a starry zone his waist and round
Skirted his loins and thighs with downy gold
And colours dipped in heaven; the third
his feet
Shadowed from either heal with feathered
mail
Sky-tinctured grain, Like Maias son he stood
And shook his plumes, that heavenly
fragrance filled
The Circuit wide."

[आकाश मार्ग से इतर लोक में घूमता हुआ वह निपुण उड़ाक राफैल स्वर्ग की पूर्वीय पहाड़ी पर उतरा। आसमान पर जब वह खूब ऊँचे पर उड़ रहा था, तब वह फोनिक्स की तरह लोगों का लक्ष्य बन गया था। पहाड़ी पर उतरने पर उसका वास्तविक रूप ध्यान मे आया। उसको देव के दूत की तरह छः डैने थे; दो डैने उसके विशाल कंधे पर थे, जिससे उसका सुभ्राभरणालंकृत वक्षस्थल ढका था; दो डैने उसके कमर में थे, जो कमरपेटी का काम करते थे और उसके कमर और जंघों को ढाके हुए थे और दो उसके दोनो एड़ियो को छाए हुए थे जो आसमानी रंग के जीर-ह्पोश से सुरक्षित थी। उसने खड़े होके जब अपने डैने फटकारे तो, सुरभि सुगन्धि निकली, जिससे सुदूर तक सब दिशाएँ दमक उठी।]

हृदय के जैसे भाव हो, वैसा ही देह का भंगी होना चाहिए। हृदयदेह स्थाई है और भाव-भंगी अस्थाई; परन्तु अनेक स्थानो पर भावभंगो ही से हृदय के सच्चे भाव का पता लगता है और भंगी (pasture) ही के कारण पूर्ण स्वरूप ध्यान में आता है। खिलौने बनाने वाले कोहार और चित्रकारोका भंगी ही बड़ा भारी उपादान है। फिदियस के खिलौने और हागिलो के चित्र केवल भंगीमय हैं। कवि के काव्य मे देह तथा भगी दोनों का समावेश होना है। कालिदास ने भी वैसा ही किया है। देह वर्णन तो आप देख चुके है, अब भंगी वर्णन का भी एक नमूना देखिए—

"अशोक निर्भर्त्सित पद्मरागमाकृष्टहेमद्युतिकर्णिकारम्।
मुक्ताकलापीकृत सिन्धुवारं वसन्तपुष्पाभरणं वहन्ती॥
आवर्जिता किंचिदिव स्तनाभ्यां वासो वसाना तरुणार्करागम्।
पर्याप्तपुष्पस्तवकावनम्रा संचारिणी पल्लविनी लतेव॥
स्रस्तां नितम्बाद वलम्बमाना पुनः पुनः केसरदामकाञ्चीम्।
न्यासी कृतो स्थानविदा स्मरेण मौर्वी द्वितीयामिव कार्मुकस्य॥

सुगन्धिनिश्वास विवृद्ध तृष्णं बिम्बाधरासन्नचरं द्विरेफम् ।
प्रतीक्षणं संभ्रम लोल दृष्टिर्लीलारविन्देन निवारयन्ती ॥"

(कुमार संभवं)

[गिरिबाला, पार्वती ने बसन्त-पुष्पों के गहने पहने थे। जिसके शरीर पर के नए अशोक के पुष्पों के आगे पद्मराग की शोभा हीन प्रतीत होती है। जिसके कर्णिकार-कुसुमों ने स्वर्ण-वर्ण की आभा मात कर दी है। जिसकी निर्गुण्डी की माला के आगे मोतियो की माला झक मारती है। उतुङ्ग-उरोज-भार से वह कुछ झुक सी गई थी। इस लिये ऐसा जान पड़ता था, मानो फूलो के बोझ से झुकी हुई लाल-लाल नवपल्लव-धारिणी कोई लता ही आ रही है। बकुल-फूलो की कमर की करधनी बार-बार खिसक जाती है और वह उसको बार-बार नितम्ब पर ठहराती है। उसके मुख में से निकले हुए परम-सुगन्धित श्वासो से आकृष्ट होकर काले काले मधुप बार-बार उसके बिम्बाधर पर आते थे। जिनको वह अपने दृग चञ्चल करके और खेल के कमल से उड़ाती थी।]

बहिर्जगत का सौन्दर्य तो आप देख चुके। अब अन्तर्जगत क सौन्दर्य को भी एक झाँकी कर लीजिए।

आँख, कान आदि जो बहिरिन्द्रियो का विषय है, वही बहिर्जगत है। और सुख, दुःख, राग द्वेषादि जो मन के विषय हैं, वही अन्तर्जगत है। किन्तु य सुन्दर नहीं है। शङ्कर का आत्म-भरिता और शैतान के देव-द्वेष का अन्तर्जगत मे समावेश होता है, पर वे सुन्दर नहीं हैं। अन्तर्जगत के वेही भाग सुन्दर हैं, जो रूपेन्द्रिय को ग्राह्य हैं। और कालिदास ने भी अपने काव्य मे उन्हीं को स्थान दिया है, क्योकि वह सौन्दर्य का कवि है।

बहिर्जगत को तरह अन्तर्जगत भी खूब विस्तृत है। वैचित्र्य-भेद के कारण इसके विस्तार की सीमा नहीं है। एक जर्मन दार्श-

निक का कथन है कि, दो पदार्थों की पर्यालोचना करने से उसका मन बड़ा विस्मित हो जाता है; एक तो नक्षत्रवाला अनन्तनीलाकाश और दूसरा अनन्त-वैचित्र्य-मय मनुष्य का अन्तजगत। मनुष्य का अन्तर्जगत वृत्तिमय है। वृत्ति मन का विकार है। सब वृत्तियाँ सुन्दर नही है; अतएव, कालिदास के काव्य में सब वृत्तियों का उल्लेख नही मिलेगा। जो वृत्तियाँ सुन्दर हैं, मधुर हैं, सुकुमार हैं, उन्हो की छाया कालिदास के काव्य में नज़र आवेगी। कारण की वह सौन्दर्य का कवि है। और इसी कारण से उसके ग्रन्थों मे उत्कट धिक्कार, विकट क्रोध निन्द-नीय कर्म, दुष्ट लोभ, घातकी ईर्ष्या आदि का उल्लेख नहीं मिलता। किन्तु हाँ, सरल-प्रेम, विमल-बन्धुता, मधुर-स्नेह, करुण-विच्छेद, शान्त-भक्ति की छाया स्थान स्थान पर दृष्टिगोचर होती हैं। कालिदास के ग्रन्थो में इयागो की खलता, ओथेलो का सन्देह, क्लाउडियस की कामुकता, मैकवेथ की दुराशा, रिगन का पितृद्वेष रिचर्ड की स्वार्थसन्धि, फालस्टाफ की पाशविकता, क्रेसिडा की इन्द्रियपरायणता, पोलोनियस की आत्मभरिता, और टाइमन का स्वजाति-द्रोह नहीं मिलेगा। उनमें तो विदुषक की सरसता, रति की करुणा, दुष्यन्त का विरह, पुरुरवा की उन्मत्तता, उर्वशी का पूर्व राग, प्रियम्बदा का सख्य-प्रेम, कश्यप और शकुन्तला का प्रणयोच्छ्वास भरा पड़ा है। विवाह की चर्चा छिड़ने पर पार्वती ने अपना सिर नीचा कर लिया और नील-कमल के दल गिनने लगी—यह व्रीड़ा का वर्णन हुआ। पैर में कुशांकुर धसने और पेड़ की शाखाओं मे वल्कल फसने के बहाने शकुन्तला घूमकर चालाकी से दुष्यन्त को देखती है—यह प्रेम-छल का वर्णन है। राम ने स्पर्द्धी, आतताई, पराजित-शत्रु परशुराम के चरण की वन्दना की है—यह विनय का वर्णन है। गिरिराज ने, सप्तर्षि के

आगमन से, पृथ्वी की धरती छोड़, स्वर्गारूढ़ की तरह अपने को कृतार्थ भया हुआ समझा—यह सन्मान का वर्णन है। बालक रघु ने अपने पिता के अश्वमेध के घोड़े की रक्षा करने में सुरपति इन्द्र की अवज्ञा की और हथियार धारण किए-यह स्पर्द्धा का वर्णन है। दुष्यन्त विरह-शय्या-शायी है, किन्तु विपन्न का आर्त्तनाद सुनते ही उसने वीरदंभ से धनुष का टंकार किया, यह उत्साह का वर्णन है। निरपराधिनी, निर्वासिता, पति-चित्त-प्राणा शकुन्तला ने प्रथम स्वामी सन्दर्शन होने पर, अपना अभिमान भूल 'जय आर्यपुत्र' कह के पति से वातचीत की-यह प्रेम-क्षमा का वर्णन है। इसी प्रकार दूसरे अनेक वर्णन कालिदास के ग्रंथों मे भरे पड़े है। अब जरा एक दो वर्णनो को विस्तृत रूप मे भी देखिए।

पुरुरवा प्रेम-प्रवीण है। बहुत कोशिश करने पर उसको उसकी प्रियतमा उर्वशी मिली; किन्तु वासनारूपी अग्नि केशान्त करने ही मे उसने उसको खो दिया। अब वह संज्ञाहीन की तरह उसकी खोज में इधर-उधर, गिरि, वन, कुञ्ज में भटकता फिरता है। कोयल के ललित पञ्चम सुर में उर्वशी का कण्ठ-स्वर सुन, वह धोखे में आ जाता है और उसके समागम की घड़ी गिनने लगता है। भ्रमर-गुञ्जन मे अपनी प्रेम-पात्री की आवाज सुन, वह उत्कण्ठित होके इधर उधर देखने लगता है। कभी हंस के कलनिनाद को वह नूपुर-ध्वनि समझ, उसी तरफ दौड़ता है। कभी गज-मिथुन की सरस खेलवाड़ देख कर वह रोमांचित होता है। कभी वह मृग को मृगी को सींग से खुजलाते देख अपने भाग्य को ठोकता है। चक्रवाक-दम्पती के प्रेम-अभिनय को वह इर्षा पूर्ण-दृष्टि से देखता है। फेन-युक्त नदी की कुटिल लहरो को देख वह प्रेमरस से आप्लुत हो जाता है। कभी ज्ञान-हीन-मनुष्य की तरह

वह केकारव करते हुए मोर से और कभी पुष्पाच्छादित पर्वतों से उर्वशी की खबर पूछता है। कभी काले मेघ मे बिजली की चमक देख, वह यह समझ बैठता है कि, दुष्ट दानव उर्वशी को लिये जाता है और वह शरासनमे बाणकी योजना करने लगता है। कभी वर्षाद के जल से भींग जाता है, और बिरहाकुल प्राणों से काल की गति रोक, वर्षाकाल के प्रति आदेश करता है। और कभी पुष्पिता-अशोक शाखा को स्तवकाभिनम्रा देख, पीनस्तनी उर्वशी की कल्पना कर, उससे आलिंगन करता है।

यह वर्णन बड़ा हृदय-ग्राही है। काव्य-जगत मे इसकी तुलना विरल है। भवभूति ने मालती माधव मे इसका अनुकरण किया है। वह वर्णन भी अति उत्कृष्ट है, किन्तु कालिदास के वर्णन के आगे वह दब जाता है। मूर्ति और तसबीर मे जो अन्तर है, वही अन्तर कालिदास और भवभूति के वर्णनों मे है। शेक्सपियर के ट्राइलस और रोमियो के भी चरित इस नर के जीवन के घटना-चक्र में एक एक बार घटित हो चुके हैं; किन्तु कालिदास के अतिरिक्त और किसी का भी वर्णन ऐसा सुन्दर और ऐसा हृदय-ग्राही नहीं है।

एक प्रेमी अपनी प्रियतमा से कहता है—"आपकी उपमा इस महिमंडल मे बड़ी प्रिय है।" यही बात कालिदास के सम्बन्ध में भी घटती है। पुरुरवा के उन्माद-वर्णन का परियाय कालिदास के मेघदूत मे मिलता है। वह यक्ष-रमणी का विरह वर्णन है। पुरुरवा पुरुष है; यक्ष-रमणी स्त्री है। पुरुष प्रगल्भ और बहिर्मुख है, स्त्री लज्जाशील और अंतर्मुख है। इस बात का ध्यान रख के मेघदूत का वर्णन पढ़िए।

चक्रवाक के विरह से चक्रवाकी की तरह प्रिय के विरह से यक्ष-रमणी उत्कंठित प्राणों से शशि-मथित-पद्मिनी की तरह परि-

म्लान हो गई है। अविरल रोने से उसकी आँखें सूज गई हैं; गरम-गरम श्वासोच्छ्वास से उसके बिंबाधर फीके पड़ गए हैं, बिखरे हुए केशाधार में अवरुद्ध चन्द्रमुख हस्तन्यस्त हुआ है। यक्ष-रमणी कभी अपने स्वामी के कल्याणार्थ पुष्प-वलि देती है और कभी वह पिंजरस्थ-सुग्गे को अपने प्रिय की बातें सुनाती है। कभी मलीन-वस्त्र धारण कर प्रिय-नाम का मधुर-गीत गाने लगती है, तो नयन जल से वीणातन्त्री भीग जाती है। कभी विरह के एक-एक दिन गिन के मानस-सिद्ध प्रिय समागम का उपभोग करती है। कभी उत्कण्ठा के कारण निद्रा खो बैठती है, और विरह-शैया को आसुओं से तर कर देती है। कभी असंयत रूखे, धूसर बालो को हटा के निद्रा मे प्रिय-समागम की इच्छा करती है। अंग पर के मनोहर आभूषणो को उसने उतार दिए हैं। उसके नेत्र कज्जल रहित है और विलास-रहित भी। उसकी पलक स्नेह-शून्य है और उसका जीवन सुख-रहित है।

जिसके विरह मे प्रणयिनी की यह दशा हुई है, वह प्रिय बहुत दूर निर्वासित हुआ है। विधुर को प्रिया के कोई समाचार नहीं मिले, तब उसने संज्ञा-हीन मेघको अपना दूत वनाया। और अपने कल्पित मेघ दूत द्वारा यह संदेशा भेजा। मेघ यक्ष-रमणी से कहता है:—

"हे सखि, तेरा पति रामगिरि नामक पर्वत पर रहता है। वह कुशल-पूर्वक है और तुझ वियोगिनी का कुशल समाचार पूछता है। वैरी विधाता ने, शाप के कारण, तेरे पति के आने का मार्ग रोक दिया है। वह विवश है और दूर परदेश मे पड़ा है। तू कहीं यह न समझना कि वह सुख से है। नहीं, उसकी दशा तुझ से भी अधिक दयाजनक है। मानसिक सङ्कल्पो से ही नहीं, शरीर से भी वह अत्यन्त दीन है। तू दुबली है; वह तुझ से भी अधिक

दुवला है। तू वियोगाग्नि से तप रही है, वह तुझ से भी अधिक तप रहा है। तू दुःखाश्रु बहाती है; उसकी आँखों से दुःखाश्रुओं की सतत धारा बहती है। तू उससे मिलने के लिये उत्कण्ठित है, उसकी उत्कण्ठा तुझ से भी अधिक है। तू लम्बी उसासे लेती है, उसकी उसासें तुझ से भी अधिक लम्बी हैं। सारांश यह कि उसकी वियोग-विषयक व्याकुलता तेरी व्याकुलता से भी बहुत अधिक बढ़ी चढ़ी है और वह बड़े कष्ट से अपने दिन काट रहा है। जब वह तेरे पास था तब सखियों के सामने कही जाने योग्य बात भी, वह तेरे कान में इस लिये कहने दौड़ता था कि इसी बहाने तेरे मुख-स्पर्श का सुख उसे मिले। सो वही आज दैवयोग से तुझ से इतनी दूर जा पड़ा है।

"हे सौभाग्यवती, तुझ से अपनी करुणा कथा कहने का और कोई द्वार न देख उसने बड़े चाव से यह सन्देशा मुझे याद करा दिया है। उसी को मै तुझे सुनाता हूं। तू सावधान होकर उसे मेरे मुख से सुन"—

'प्रिये, मै दिन-रात तेरे रूप का चिन्तन किया करता हूं और दर्शनों से अपने नेत्र कृतार्थ करने के लिये तेरी समता ढूंढ़ने मे लगा रहता हूं। तेरे अङ्ग की समता मुझे प्रियङ्गु लताओं में मिल जाती है; तेरे कपोलों की समता चन्द्रमा में मिल जाती है; तेरे केशो की समता मोरपंखों मे मिल जाती है; और तेरी भौंहों के मरोड़ की समता नदी की पतली-पतली चञ्चल तरङ्गों में मिल जाती है। परन्तु, हाय ! तेरे सर्वाङ्ग की समता किसी एक वस्तु में कहीं भी एकत्र नही मिलती।

'मै कभी मन ही मन यह अनुमान करता हूं कि तू मुझ से रूठ कर मानिनी बन बैठी है। इससे तुझे मनाने के लिये मैं पत्थर

की शिला पर गेरु से तेरा चित्र खींचता हूं। परन्तु ज्योंही मैं अपना सिर तेरे चरणों पर रखना चाहता हूं, त्यों ही मेरी आँखों में आँसू उमड़ आते हैं और मेरी दृष्टि रुक जाती है–मुझे तेरा चित्र ही नहीं दिखाई देता। मुझे न मालूम था कि कृतान्त इतना क्रूर और इतना निर्दयी है। वह तो हम दोनों के चित्र-मिलाप को भी नहीं देख सकता। निठुरता की हद हो गई।

'मघों की पहली जलधारा से सींची गई भूमि की सुगन्धि के सदृश सुगन्धि वाले तेरे मनोहारी मुख से दूर रहने के कारण मैं तो यों ही क्षीण–यों ही अस्थिपञ्जर–हो रहा हूं। परन्तु पञ्च-शायक को मुझ पर फिर भी दया नहीं आती। वह मुझ क्षीण पर भी बाण बरसा कर और भी क्षीण कर रहा है। वह तो मरे को मारने पर उतारु है। उसके इस पराक्रम को धिक! खैर, ग्रीष्म ऋतु तो किसी तरह बीत गई। अब तो बर्षा-ऋतु आई है। सूर्य का ताप कम हो गया है। आकाश में सर्वत्र बादल उमड़ रहे हैं। अब तक जैसी बीती, बीत गई। अब ये वर्षा के दिन कैसे कटेंगे?

"मेरी सदा यह कामना रहती है कि स्वप्न में ही तू मुझे मिल जाय। परन्तु मेरी यह इच्छा बहुत कम फलवती होती है। यदि सौभाग्य से कभी तू मुझे स्वप्न मे मिल जाती है तो मै तेरा गाढ़ आलिङ्गन करने के लिये उतावला होकर अपनी दोनों बाँहें फैलाता हूं। मुझे ऐसा करते देख बनदेवियों को तरस आती है। वे मेरी विफलता और दीनता देख कर दया से द्रवित हो जाती हैं और आँखों से मोतियो के समान बड़े बड़े आँसू बहाने लगती हैं। उनके वे आँसू तरुओ के नवलपल्लवों पर घण्टों गिरा करते हैं।

'कभी कभी उत्तर से दक्षिण को वायु चलने लगती है। यह वायु बर्फ से ढके हुए हिमालय के शिखरों के : पर से आती है। अतएव बहुत ठंढी होती है। हिमालय पर देव दारु के वृक्ष बहुत

हैं। उनकी कोपलों को तोड़ती हुई, जब यह वायु बहती है, तब उनके दूध के स्पर्श से सुगन्धित भी हो जाती है, क्योकि देवदारु के दध में बड़ी सुगन्धि होती है। हे गुणवती! इस सुगन्धि-सनी और शीतल वायु को मैं बड़े ही प्रेम से अङ्ग मे लगाता हूं। बात यह है कि, मेरे मन मे आता है कि कहीं यह तेरे अङ्गों को छूकर न आई हो। मेरी उत्कण्ठा का यह हाल है कि तेरी स्पर्श की हुई वस्तुओं के समागम को भी मै ब_त कुछ समझता हूं।

'तुझ से विमुक्त होने के कारण मैं बड़ी ही भीषण व्यथाएँ सह रहा हूं। वे इतनी सन्ताप-कारिणी हैं कि उनके कारण मेरा शरीर दहकता सा रहता है। हाय! मै अपनी रक्षाके लिये किसकी शरण जाऊं? हे मृगनयनी! मेरी दशा तो विक्षिप्त के सदृश है। मेरे मन का यह हाल है कि व्याकुलता के कारण वह असम्भव को भी सम्भव समझता है। वह अत्यन्त दुर्लभ क्या, अलभ्य पदार्थों के प्राप्ति की भी इच्छा करता है। वह यह सोचता रहता है कि इतनी लम्बी लम्बी रातें किस तरह एक क्षण के समान कट जायँ और दिन प्रातःकाल से सायङ्काल तक, किस तरह बहुत ही कम कष्टदायक हो। भला ये बातें क्या कभी सम्भव है? मुझ वियोगी को न दिन को चैन, न रात मे कल। आठो पहर चौसठो घड़ी तड़फते ही बीतता है।

'मै मन ही मन तरह तरह की कामनाएँ किया करता हूं। तुझ से मिलने पर मै वह करूंगा, मै यह करूंगा—यही दिन रात मैं अपने मन मे गुना करता हूं। इसी तरह बड़े चाव से मै शाप के दिन गिन रहा हूं और अपने प्राणों को रख रहा हूं। तू भी ऐसा ही कर। तू भी धीरज धर, और जैसे होसके वियोग के दिन काट दे। हे कल्याणी!! कातर न हो। सुख दु.ख सदा एक सा नही रहता।"

ऐसा मधुर भाव दूसरे किस कवि के काव्य में है ? सहृदय विलसन ने यथार्थ ही कहा है कि प्राचीन कहिए, अथवा नए कहिए, विरले ही कवि के काव्य मे ऐसी सुकुमार कोमलता अथवा ऐसे सुद्ध भाव नज़र आते है ।*

एक उदाहरण और देकर अन्तर्जगत की समालोचना का उपसंहार किया जायगा। कुमारसम्भव के रति-विलाप से आप सब परिचित हैं। हर-कोपानल में काम के भस्मीभूत होने पर रति के प्रेमाधार-हृदय मे से विषाद की जो धारा बही थी, काव्य-रसिको ने उसका आस्वादन किया ही होगा। किन्तु कालिदास ने दूसरे एक पुरुष के हृदय की करुणा-क्रन्दन-ध्वनि जो सुनाई है, वह मेरे ध्यान मे आता है कि रति के विषाद-गीत से कहीं अधिक मधुर है। वह क्रन्दन इस प्रकार है।

कुसुमके कोमल आघातसे इन्दुमती का सुकुमार शरीर गिर पड़ा। प्राण-वायु महा-वायु में मिल गया। राजा अज अपनी प्रियतमा का शव गोद नें रख के रो रहा है:—

"हाय, कोमल कुसुम के स्पर्श का जो यह परिणाम हुआ तो विधाता के वध के अस्त्र और दूसरे क्या होंगे ? यमराज कोमल वस्तु को कोमल ही से मार डालता है—देखो, कमलिनी का नाश कोमल पाले से ही होता है। यह माला यदि प्राण लेने वाली है तो यह मेरे हृदय पर भी तो पड़ी है, यह मुझे क्यों नहीं मार डालती ? बात यह है कि विधाता की इच्छा से कभी तो विष अमृत हो जाता है और कभी अमृत विष बन जाता है। अथवा मेरे भाग्य के दोष से ही विधाता ने इस माला को ही वज्र बना

* We have few specimens, either in classical or modern poetry of more genuine tenderness or delicate feeling

H H Wilson

दिया। इस ने वृक्ष को तो नहीं गिराया, परन्तु उसकी आश्रित लता का नाश कर दिया है। प्रिये, मैं ने कितने ही अपराध किए पर तू ने मेरा कभी भी तिरस्कार नहीं किया। परन्तु आज तू बिना ही अपराध के मुझ से क्यों रूठ गई है? मुझे ऐसा जान पड़ता है कि तू ने मुझे छली और शठ समझा है। तभी तू बिना पूछे ही परलोक चली गई। मेरे प्राण कुछ देर के लिये तेरे पीछे चले गए थे, फिर क्यों लौट आए? जान पड़ता है, उन्हें अभी अपने कर्मों का दुःख भोगना है। तेरे मुख पर अभी तक पसीने की बूंदे वर्तमान है, पर तू स्वयं नष्ट हो गई है। धिक्कार है देहधारियों के जीवन की इस असारता को। मैंने तो स्वप्न मे भी तेरा अहित नहीं सोचा था, फिर तू मुझे छोड़ के क्यों चली गई? नाम तो मेरा भूपति है, पर मेरे हृदय पर तो तेरा ही साम्राज्य है। तेरे पुष्पो से सुशोभित भ्रमर के ऐसे काले घूंघरूवाले बाल हवा मे उड़ रहे हैं। हाय, मेरी बुद्धि मारी गई है! प्रिये, मै तेरे लौटने की राह देख रहा हूं, एक बार तो लौटो। बहुत देर हुई, अब उठ। तू प्रकाशरूप है। मेरे हृदय के विषाद रूपी अन्धकार को दूर कर। हाय, तेरा मधुर कण्ठ-स्वर बन्द हो गया है। सखि, चन्द्र और रजनी का मिलन हुआ; चक्रवाक और चक्रवाकी के विरह का अन्त आया; किन्तु तेरे और मेरे विच्छेद का अन्त नहीं हुआ। हाय जिस सुकुमार शरीर को कुसुम-शैया में व्यथा होती थी आज उसी शरीर को मैं कठिन चिता को सौंपूंगा। सखि, तेरी चिरसंगिनी इस मेखला ने मानो शोकातुर होके चिरकाल के लिये निरवता धारण कर ली है। कोयल ने तेरी मधुर वाणी ले ली है; हंसों ने तेरी मन्द गति छीन लिया है; मृगी ने तेरा बिलोल-कटाक्ष और लता ने पवन कम्पन के कारण तेरा विभ्रम सीख लिया है। और तू

स्वर्ग को चला गई है। तो क्या मैं इन को देख के सन्तोष कर सकता हूं ? हे सखि, उठो, अब नींद छोड़ो। सुकुमार पुत्र बहुत छोटा है; मैं अनुरक्त हूं, मेरी अवहेलना मत करो। तेरे विरह के कारण सुख का आज अन्त हुआ; अनुराग गायब हो गया; संगीत नीरव हुआ; वसन्त उत्सव हीन हुआ, अलंकार निर्थक हुए और सेज शून्य हुई हैं।"

शेक्सपियर की प्रेम-उन्मादिनी विनस अपने प्रियतम एडोनिस को गुमा कर विलाप करती है। देखिए, इस विलाप में कहां तक स्वाभाविकता और आवेश नजर आता है। और उस की तुलना अज के विलाप से कीजिए। फिर देखिए, किस में करुणा, मधुरता और सौन्दर्य अधिक है। एडोनिस मर गया है। विनस एडोनिस के घाव को एक टक से देख रही है। देखते देखते उस की आँखें चोन्धला गई हैं और उस को एक की जगह दो एडोनिस नज़र आने लगे। अब वह विलाप करती है:—

"My tongue cannot express my grief for one,
And yet," quoth she, "behold two Adnos dead!
My sighs are blown away, my salt tears gone
Mine eyes are turned to fire, my heart to lead
Heavy heart's lead, melt at mine eye's red fire!
So shall I die by drops of hot desire

Alas, poor world, what treasure hast thou lost!
What face remains alive that's worth the viewing!
Whose tongue is music now? What canst thou boast.

Of things long since, or anything ensuing ?
The flowers are sweet, their colours fresh and trim.
But true sweet beauty lived and died with him.
To see his face, the lion walked along
Behind some hedge, because he would not fear him.
To recreat himself when he hath sung,
The tiger would be tame, and gently hear him,
If he had spoke, the wolf would leave his prey
And never fright the silly lamb that day.
When he beheld his shadow in the brook,
The fishes spread on it their golden gills,
When he was by, the birds such pleasure took,
That some would sing, some other in their bills,
Would bring him mulberris and ripe-red cherries.
Had I been tooth'd like him, I must confess,
With kissing him I should have killed him first;
But he is dead, and never did he bless
My youth with his, the more am I accurst
With this she falleth in the place she stood,
And stains her face with his congealed blood.
She looks upon his lips, and they are pale;

She takes him by the hand, and that is cold,
She whispers in his ears a heavy tale,
As if they heard woeful words she told
She lifts the coffer-lids that close his eyes,
Where, lo ! two lamps, burnt out, in darkness lies.

(Venus and Adonis)

[भावार्थ:—हाय, मेरी जबान में एक एडोनिस के लिये अपना शोक प्रकाश करने तक की तो शक्ति रही नहीं है और यहाँ तो दो दो एडोनिस मरे पड़े हैं ! निःश्वास तक मुझ से छोड़ा नहीं जाता, आँसू सूख गए हैं, आँखों में से अंगारे निकल रहे हैं, दिल पर पत्थर पड़ा हुआ है जो आँखो के अंगारों से पिघलेगा। और मैं इसी तरह सिसक सिसक के मर जाऊँगी। हे जगत के लोग तुम्हीं बताओ तुम्हारी कौन सी निधि खो गई है ? बताओ, उसके ऐसा सुन्दर अब संसार में कौन है ? किस का स्वर वैसा मधुर है ? क्या आप को उसके लिये गौरव नहीं था ? या और भी कोई वस्तु उसके ऐसी है ? फूलो में मधुरता है, उनके रङ्गों में कोमलता और ताजगी है; किन्तु सच्चा सुमधुर सौन्दर्य तो उसी में था जो उसके साथ गया। उसके मुख की आभा देखने के लिये सिंह उसके पीछे पीछे झाड़ी में घूमता था। जब वह गाता था तब शेर बिल्ली बन के उसका गाना सुनता और आनन्दित होता था। यदि वह बोल उठता तो भेड़िया अपने शिकार को छोड़ देता था और उस दिन मूर्ख मेमनों को डराता न था। जब वह अपनी परछाई किसी तलाव में देखता तो उस में की मछलियाँ उस पर अपने सोनहरे गलफड़ों को फैला देतीं। चिड़ियाँ जब कभी उसको अपने पास देखतीं तो वे इतनी प्रसन्न होतीं कि कुछ गाने लग जातीं, और कुछ

अपनी चोंचो मे वैर और करौंदे बिन लातीं। वे इसको वैर आर करौंदे भेट देतीं और ये उनको अपना दर्शन। हाय, मुझे भी यदि उस भालू की तरह दाँत होते तो मैंही पहले अपनी अभिलाषा पूरी कर लेतीं। पर अब तो, हाय, वह मर गया। मुझे उसने कभी भी अपने यौवन का सुख नही दिया। हाय, मैं बड़ी अभागिनी हूं।" यह कहते हुए वह जहाँ खड़ी थी वहीं गिर पड़ी और उसके खून से अपना शरीर रंग लिया। उसने उसके होटो को देखा। वे एक दम पीले पड़ गए थे। उसने उसके हाथ छूए और वे एकदम ठंढे हो गए थे। उसने उसके कान में अपनी व्यथा कह सुनाई· जाने वह सुनता ही हो। उसने उसकी पलके खोलीं और क्या देखा कि दो बुते हुए लम्प अन्धेरे मे पड़े हैं।]

शेक्सपियर ने और भी एक स्थान पर रोदन का उल्लेख किया है। वह विलाप नहीं है। वह आर्त्तनाद है। वह पुत्र शोक का गगन-भेदी आर्त्तनाद है। वह रोदन प्रलय काल के रोदन से भी अधिक प्रभाव कारी है। तथापि अज के विलाप की तरह वह करुण, मधुर और सुन्दर नहीं जंचता।

कान्स्टेन्स अपने एकलौते बेटे आर्थर के शोक में पागल हो रही है। उसकी हालत इस समय ठीक उसी सिंहनी की सी है, जिसने अपना बच्चा खो दिया है और उसके खोज में पागल हो गई है। बादशाद फिलिप कान्स्टेन्स को समझा रहा है; किन्तु वह क्यों धैर्य धारण करने लगे।

वह कहती है—

No, I defy all cunsel, all redress,
But that, which ends all counsel,true redress.
Death. death.—Oh amiable lovely death !

Thou odoriferous stench ! sound rottenness !
Come, grin on me, and I will think thou smilest,
And buss thee as thy wife ! Misery's love,
O come to me.

बादशाह फिलिप—

O faire affliction, peace.

कान्स्टेन्स—

No, No, I will not, having breath to cry —
Oh, that my tongue were in the thunder's mouth !
Then with a passion would I shake the world
Grief fills the room up of my absent child,
Lies in his bed, walks up and down with me,
Puts on his pretty looks, repeats his words,
Remembers me of all his gracious parts
Stuffs out his vacant garments with his form.

(King john)

किसी कवि का कथन है कि जीवन के दुःख की छाया काव्य में प्रति फलित होती है। और कहा भी जाता है कि शेक्सपियर के इस विलाप लिखने के थोड़े ही दिन पहले उसके पुत्र की मृत्यु हुई थी। कालिदास का अज-विलाप भी क्या कवि के चित्तवृत्ति की प्रति कृति है ?

* मुझे इन सब उपदेशों और सुधार की जरूरत नहीं है। मैं तो प्यारी मृत्यु को चाहती हूं, जो इन सब उपदेशोंका अन्त करती है और सच्चा सुधार करती है। ओ, प्यारी मृत्यु, सुगन्धित दुर्गन्ध, आ मेरे पर हाथ फेर। तभी

अभी तक आपने कालिदास के अन्तर्जगत की सुन्दरता देखी, अब जरा बौद्ध जगत के सौन्दर्य की भी आलोचना कीजिए। उपर कह चुके है कि, जो जगत बुद्धी से सम्बन्ध रखता है वही बौद्ध-जगत है। बुद्धि ही सत्येन्द्रिय है। इसी के द्वारा हम सत्यासत्य का निर्णय करते हैं। और जो जगत सत्येन्द्रिय-ग्राह्य है, वही बौद्ध-जगत है। दर्शन, विज्ञान, धर्मनीति, समाजतत्त्व आदि का समावेश इसी जगत मे होता है। यह भी उपर कह चुके हैं कि, बौद्ध जगत मे जिन विषयो का समावेश है वे सब सुन्दर नही है। चार्वाक की नास्तिकता, हब्स का स्वार्थवाद, भी बौद्ध-जगत मे समावेशित है; किन्तु ये सुन्दर नही है अर्थात् बौद्ध-जगत का वही भाग सुन्दर है जो रूपेन्द्रिय ग्राह्य है। और कालिदास के काव्य का विषय भी यही भाग है। क्योंकि कालिदास सौन्दर्य का कवि है।

दर्शन, विज्ञान, धर्मनीति-समाजतत्त्व की कवितामयी आलोचना को काव्य मे दार्शनिकता कहते है। दार्शनिकता के विषय मे यहां एक-दो बाते लिखनी पड़ेगी, क्योकि, कोई कोई इस सम्बन्ध मे यह विरोध उपस्थित करते है कि, दार्शनिकता दर्शन मे रहती है,

---

मै समझूंगी कि तेरी मुझ पर कृपा है। हे मृत्यु आ, मै तेरी स्त्री की तरह तेरी इज्जत करूंगी। ऐ आपत्ति की प्यारी आ, मेरी तरफ निगाह फेर।

बादशाह फिलिप शान्त्वना देता है —हे दुःखिनी, धैर्य धरो।

कान्स्टेन्सः—नही, ऐसा कदापि नही होगा। जब तक श्वास है, तब तक मै वज्रघोष की तरह, अपने दु ख से दुनिया को हिला दूंगी।

× × ×

शोक ने मेरे गत-प्राण-पुत्र के कमरे को छा लिया है। वह उसके बिछौने पर लेटता है। चलने फिरने मे शोक मेरा साथ नही छोडता। वह उसका सुन्दर रूप धारण कर लेता है और उसके शब्दो को दुहराता है। मुझे उसकी सब खूबियो की याद दिलाता है और उसके सब कपड़ो को भी धारण कर लेता है।

वैज्ञानिकता विज्ञान में, और समाजनीति तथा धर्मतत्त्व की बात साहित्य मे रहती हैं, तब फिर इनका काव्य में अनधिकार प्रवेश कैसा ? उत्तर में वर्डस्वर्थ का यह कथन स्मरण करा देना ही अलं होगा। वर्डस्वर्थ का कथन है कि "विज्ञानतत्त्व में जो एक मर्म-स्पर्शी छाया है, वही काव्य है।" १ वास्तव में, दर्शन आदि में एक अपूर्व सौन्दर्य निहित है। उसके आगे सब दूसरे सौन्दर्य आभाहीन प्रतीत होते हैं। होना भी ऐसा ही चाहिए। सृष्टि-तत्त्व समाज-तत्त्व धर्म-तत्त्व सर्वत्र अनन्तज्ञान, अनन्त शक्ति, अनन्त कल्पना का अनन्त सौन्दर्याभास प्रकाशित है। जगत ईश्वर-सृष्ट है। जग-तत्त्व यह अनन्तज्ञान है अनन्त शक्ति अनन्त-कल्पना प्रसूत है। दर्शन दूसरा और कुछ नहीं है, वह इसी तत्त्व काव्य को विज्ञानमय आलोचना है। तस्मात् काव्य मे इस दर्शन की कवितामयी आलोचना क्यो न रहनी चाहिए ?

मैथु आरनल्ड ने ठीक ही कहा है कि "दिनो दिन हम यह समझते जायँगे कि यह काव्य ही है, जो जीवन मरण की समालोचना करके अपने प्राणों मे आशा और उत्साह का संचार करता है और शान्त्वना का अमृत छिड़कता है। काव्य के अभाव से विज्ञान की पूर्ति कभी नहीं हो सकती। आज जो धर्म तथा दर्शन शास्त्र के अन्तर्गत नज़र आता है, कल उसका स्थान काव्य ही को मिलेगी।"२

1 Poetry is the impassioned expression which is in countenance of all Science

Wordsworth

2 More and more mankind will discover that we have to turn poetry to interpret life for us to console us, to sustain us Without poetry our science will appear incomplete and most of what now passes with us for religion and philosophy will be replaced by poetry

Essay in Criticism II

काव्य में दार्शनिकता का क्या अर्थ है यह आप नीचे लिखे हुए उदाहरण से मजे में समझ जायँगे। जर्मनकवि गेटीकी मारगरेटने अपने प्रेमी फाउस्टसे पूछा "फाउस्ट तुम ईश्वरपर विश्वास रखते हो कि नहीं?" उत्तरमें फाउस्टने कहा कि मैं दार्शनिक वेदान्तके चिन्मय निरंजन ब्रह्मतत्त्व पर विश्वास रखता हूं। देखिए, वह क्या कहता है :—

Hear me not falsely, sweetest Countenance.
Who dare express him?
And who profess him
Saying. I believe in him!
Who feeling, seeing
Deny his being
Saying. I believe him not!

*　　　　*　　　　*

Arches not there the sky above us?
Lies not beneath us firm the earth!
And rise not on us shining
Friendly, the everlasting stars?
Look I not eye to eye, on thee,
And feelest not thronging
To head and heart, the force
Still weaving its eternal secret
Invisible, visible, around thy life?*

---

* भावार्थ—हे शुभानने, मेरे कहने हीपर मत रहो। भला, तुम्हीं बताओ कौन उसका वर्णन कर सकता है? "मैं ईश्वरवादी हूं" इतना ही कहनेपर कौन उसके अस्तित्व को मानता है? कौन ऐसा है जो उसको देखते हुए

यही दर्शन की कवितामयी आलोचना है। और इसी को काव्य में दार्शनिकता कहते है। कालिदास के काव्यों में ऐसी दार्शनिकता और ऐसी आलोचनाएँ बहुत देखने में आती हैं। इन आलोचनाओ और ऐसी दार्शनिकता में एक विशेषता पाई जाती है। वह विशेषता दूसरी और कोई नहीं है। वह यही विशेषता है, जो कालिदास के काव्य के सब अङ्गों में पाई जाती है। अर्थात् इनकी आलोचनाओ और दार्शनिकता में भी सरसता और सुन्दरता की मात्रा भरपूर है।

ख्याल कीजिए:- विक्रमोर्वशी की नांदी क्या है? हे देव, देव, सबको मुक्ति दीजिए। आप वेदान्त के विश्व व्यापी एक-पुरुष हैं। निरर्थक ईश्वर शब्द भी आप ही का सार्थक है। संयमी और मुमुक्षु योगी आपको अन्तर मे खोजते हैं। दृढ़ भक्ति उनका साधन है। हे शिव, सबको मुक्ति दीजिए।

शकुन्तला की नांदी भी इसी प्रकार की है। उसका सौन्दर्य भी बुद्धि-गम्य है, वह नांदी भी बहुत हृदय-ग्राही है।

आदर्श राजा दिलीप के वर्णन में भी इसी सौन्दर्य की छटा नज़र आती है। वह सौन्दर्य भी बुद्धि-गम्य है। दिलीप का वर्णन यो है:—दिलीप एक आदर्श राजा हैं। उसकी दैहिक, मानसिक, और नैतिक सब शक्तियां पूर्ण रूप से विकसित हैं। उसकी छाती

और उसका अनुभव करते हुए, यह कह सकता है कि मै ईश्वर को नहीं मानता।

× × ×

क्या अपने लोगो को सिरके ऊपर फैले हुए नीलाकाश, पैर के नीचेकी सुदृढ पृथ्वी और सदा सर्वदा चमकने वाले नक्षत्रगण नजर नही आते? क्या मै उसको अपनी आखों से नही देख रहा हूं? और क्या मै अपने मस्तिष्क और हृदय द्वारा उस महाशक्तिका अनुभव नही कर रहा हू, जो निरन्तर प्रत्यक्ष और परोक्षमे मेरे जीवनके चारो तरफ अपने उद्देश्य-पूर्ति मे लगी हुई है?

विशाल और कन्धे चौड़े है। उसके बाहु सुदीर्घ और देह उन्नत है। उसका बल सब से अधिक है। उसका तेज सब से अधिक प्रभावकारी है और उसका शरीर सब से अधिक उत्कृष्ट है। उसकी प्रज्ञा उसकी देह के अनुरूप है, विद्या प्रज्ञा के अनुरूप है, और क्रिया विद्या के अनुरूप है। वह भीमकान्त मृदु होते हुए प्रखर है। वह यथार्थ मे नियन्ता है। उसके शासन मे प्रजा धर्म-मार्ग से विचलित नहीं होती थी। उसका सैन्य-बल केवल शोभाही के काम का था। उसकी बुद्धि तथा बाहुबल ही से उसके सब कार्य पूरे हो जाते थे। सेना की आवश्यकता ही नहीं पड़ती थी। वह मंत्र-कुशल था। उसकी गुढ़-मन्त्रणा केवल फल-काल ही मे विवृत होती थी। उसने निर्भय हो के आत्मरक्षा, अरोगी रह के धर्मचर्चा, निर्लोभ हो के धनचर्चा और अनाशक्त होके सुख-भोग किया था। वह ज्ञानी होते हुए मौना था, शक्ति-मान होते हुए क्षमाशील था, दाता होते हुए श्लाघाहीन था। विषय विमुख, विद्याबुद्धि, धर्म-प्राण राजा का यश अधिकाधिक बढ़ता जाता था। प्रजा की रक्षा शिक्षा और पालन का भार अपने पर लेकर, वह उनके पिता का काम करता था। दण्ड-प्रयोग वह दुष्ट-दमन के ही लिये करता था, विवाह पुरुषार्थ के लिये और पुरुषार्थ धर्म के लिये। प्रीति वह शिष्ट जनों में ही करता था। उसके गुण दूसरों की सेवा में ही रत थे। वह विधाता का अपूर्व राज-सृष्टि था।

सुन्दरता का यह वर्णन भी कुछ कम नहीं है; किन्तु रघु तथा कुमार के ईश्वर-स्तोत्र इससे कहीं अधिक सुन्दर हैं। रघुवंश में ईश्वरस्तोत्र इस प्रकार है:—

"हे देव. आप को नमस्कार है, आप जगत के सृजन, पालन और संहारकर्त्ता हैं, आप त्रिमूर्ति हैं। आप सदा निर्विकार हैं, केवल गुण योग से ही प्रभेद अंगीकार करते हैं। आप भुवन के

परिमाण को जानते हैं, भला आपका परिणाम कौन जान सकता है? आप निष्काम हैं और कामना के फलदाता है। आप विष्णु हैं, और अजित हैं। आप सूक्ष्म हैं और इस स्थूलजगत के कारण भी आप ही हैं। आप अन्तर्यामी हैं। आप को कोई खोज नहीं सकता। आप निस्पृह हैं। हे देव, आप की तपश्चर्या किस वास्ते करनी चाहिए। आप तो स्वयं दयामय हैं और दुःख रहित हैं। आप पुराण हैं, अजर हैं, अमर है। हे प्रभु, आपको कौन जान सकता है ? आप स्वयम्भु है; पर जगत के कारण हैं। आप देवों के देव हैं। एक होते हुए भी आप अनेक हैं।

"सातो साम आपकी महिमा गीति है। सातों समुद्र आप के शयनागार हैं। सप्तर्षि आपके मुख हैं। सातो लोक आपके आश्रित हैं। चतुर्वर्ण, चतुर्युग, चतुर्वर्ग सब को आप ही ने उत्पन्न किए हैं। हे देव, आप चतुर्मुख हैं। आप की महिमा अपार है। आप अजन्मा होते हुए जन्मवान है। निरीह होते हुए आप शत्रु का मर्दन करते है। स्वप्न-मय होते हुए भी आप जागरुक हैं। आप मे सब सम्भवित है—विषय-भोग, तपश्चर्या औदासीन्य। आप कांक्षित है। आगम हज़ारों मार्ग से आप ही के उद्देशित हैं, ठीक उसी तरह जैसे शाखा नदी सागर की ओर। भक्तिमान मुमुक्षु योगी की आप ही अनन्य गति हैं। हे प्रभु, आप के स्मरणमात्र से पाप-ताप विलीन हो जाते हैं, तब आप के दर्शन का तो कहना ही क्या है ? समुद्र के रत्नों की तरह, सूर्य के किरणों की तरह, हे प्रभु, आप की कीर्ति-कथाओं का अन्त नहीं है।"

पाश्चात्य कवि के काव्य में भी दार्शनिकता का अभाव नहीं है, किन्तु कालिदास के काव्य की तरह क्या कहीं भी ऐसी सरस सुन्दरता है ? ड्राइडन, पोप आदि जो द्वितीय पंक्ति के कविगण

है. उनकी तो बात ही जाने दीजिए, क्योंकि उनके काव्यका एक-मात्र आश्रय वाक्छल अथवा भावछल है। किन्तु मिल्टन, वर्डस्वर्थ, टेनिसन आदि के साथ इसकी तुलना करने से आप का सन्देह दूर हो जायगा। मिल्टन के स्वर्गच्युति काव्य मे बहुत दार्शनिकता नजर आवेगी। यहाँ सका एक उत्कृष्ट नमूना भी देख लीजिए:—

"So will fall
Man and his faithless progeny whose fault
Whose but his own? Ingrate, he had of me
All that he could have, I made him, just and right
Sufficient to have stood, but free to fall,
Not free what proof could they have given sincere
Of true allegiance, constant faith or love
Where what they needs must do appeared,
Not what they would? what praise could they receive?
What pleasure I from such obedience paid'
When will and reason, reason also is choice
Useless and vain, of freedom both despoiled
Made passive both, had served necessity
Not me? they therefore us to right belonged
So were created, nor can justly accuse
Their maker or their making or their face
As if predestination over-ruled

Their will, disposed by absolute decree
Or high fore knowledge. They themselves decreed
Their own revolt, nor I, if I fore-know
Fore knowledge had no influence on their fault
Which had no less proved certain fore known *
etc etc.

इसको आप काव्य कहेंगे या तृतीय श्रेणी का एक युक्ति वाद। कालिदास के साथ इसकी तुलना करने से मिल्टन हीन-प्रभ हो जाता है। मिल्टन के सम्बन्ध में जो बातें लिखी गई हैं वे सब टेनिसन के स्तुति-गीत (In Memorium) में भी खूब घटती हैं। स्तुति-गीत को शुरू से पढ़ने में जी उकता जाता है। कहीं कहीं उस में

---

*भावार्थ—अपने ही कर्मों के प्रभाव से मनुष्य और उसकी कृतघ्न संतान इसी प्रकार गिरेगी। मैंने उसके सब मनोरथ पूरे किए और उसको स्वावलम्बी बनाया। फिर भी वह गिरता है। क्यों न गिरे? उसने अपनी सत्य-भक्ति का कौन सा परिचय दिया है? तिस पर भी उसको जब जिस वस्तु की सख्त जरूरत पड़ती है वह उसको मिलती है। और उसकी अधिक प्रशंसा क्या की जाय? इस प्रकार की आज्ञाकारिता से मैं कहां तक प्रसन्न हो सकता हूं? जब कि उसकी बुद्धि और उसकी इच्छा से जो व्यर्थ और निरर्थक है उसी का काम निकलता है न कि मेरा। वास्तव में वह मेरे ही आधीन है। उसकी सृष्टि भी उसी प्रकार हुई है। वह अपने स्रष्टा को उसके कृति अथवा अपने शकल के लिये किसी प्रकार का भी दोष नहीं दे सकता। क्योंकि उसने उसके कर्मों के मुताबिक ही उसकी सृष्टि की है। यह विद्रोह भी उन्हीं के कर्मों का फल है न कि मेरे। यद्यपि मैं इसको पहले से जानता था, लेकिन उस पूर्व ज्ञान का उनके दोषों पर कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ सकता क्योंकि वे पहले ही से प्रत्यक्ष थे।

सुन्दर कविताए मिलती भी हैं; परन्तु वे अधिकतर नीरस, अविचित्र और कृत्रिमता-मय हैं। लक्सलि हालमे भी कहीं कहीं सुन्दर कविताएँ मिलती है। पर वे भी कालिदास की टक्कर नही ले सकतीं।

अंग्रेजी काव्य मे यदि कहीं कालिदास के जोड़ की कविताएँ मिलेंगी, तो वे केवल वर्डस्वर्थ के दार्शनिक काव्य में। उसकी कविता का यही एक बड़ा उपादान है। उसकी कविता का यही एक मूल मंत्र है। जलमे, थलमें, चराचरमें; जीव तथा जड़मे, वह विश्वमयी, चिन्मयी, महाशक्ति की विचित्र लीला देखता था। उसके छायालोक से उसका काव्य उद्भासित है। इतने पर भी, अन्त मे यही कहना पड़ता है कि सुन्दरता और सरसता की मात्रा में वर्डस्वर्थ भी कालिदास की समता नही पा सकता। उसके काव्य में भी दर्शन की आलोचना स्थान स्थान पर नीरस, अमधुर और असुन्दर जॅचती हैं। वर्डस्वर्थ के भक्त आरनल्ड ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि "वर्डस्वर्थ का दर्शन निर्जीव है। वह काया-शून्य-छाया मात्र ही है। इसी कारण अनेक स्थानों पर उसके काव्य की गणना कवि के हीन-वागाडंबर मे हुई है*। वर्डस्वर्थ पर वीणा-पाणी की सर्वदा कृपा-दृष्टि नहीं रहती थी। प्रतिभा का प्रकाश जब उसके हृदय में से निकल जाता था तब उसके काव्य नीरस, अमधुर और असुन्दर होते थे। उसके काव्य में दार्शनि-

* His poetry is the reality, his philosophy, so far at least as it may put on the form and habit of a Scientific system of thought and the more that it put them on is the illusion .. They are a tissue of elevated but abstract verbiage, alien to the very nature of poetry.. In wordsworth's case, the accident of inspiration, for so it may almost be called is of peculiar importance.

कता की अवतारणा के कारण ही विशेषतर ऐसा हुआ है। अतएव उसकी दर्शन-आलोचना कालिदास के टक्कर की न हो तो, इसमें आश्चर्य ही क्या ?

बौद्ध-जगत की आलोचना आपने देख ली। अब अध्यात्म-जगत की ओर चलिए। देखें, कालिदास ने उसका कैसा वर्णन किया है।

जो जगत विवेक (Conscience) से सम्बन्ध रखता है, वही अध्यात्म-जगत है। विवेक ही धर्मेन्द्रिय है। नीति-ज्ञान का साधन भी यही है। इसी से धर्माधर्म का निर्णय भी होता है, पाप-पुण्य का निश्चय होता है, उचित-अनुचित, कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य के तत्त्व की उपलब्धि करते हैं। तस्मात जो जगत धर्मेन्द्रिय-ग्राह्य है, वही अध्यात्म-जगत है।

हम ऊपर यह कह चुके हैं कि अध्यात्म जगत में जो कुछ है सभी सुन्दर नहीं है। दानव इयागो, दानवी रिगन अध्यात्म-जगत में हैं ; किन्तु वे सुन्दर नहीं हैं। अर्थात् अध्यात्म-जगत का वही भाग सुन्दर है जो रूपेन्द्रिय-ग्राह्य है।

अध्यात्म-जगत का स्वरूप कैसा है ? जैसे शरीर का जीवन, शारिरिक शक्ति और प्राकृतिक शक्ति का नित्य संग्राम है, वैसे ही अध्यात्म जीवन मे पाप और पुण्य का निरन्तर-युद्ध है। इस युद्ध में कभी पुण्य की जय होती है और कभी पाप की तूती बोलती है। किन्तु रणान्त मे दोनो थक जाते हैं, दोनो घायल हो जाते हैं। हिन्दुओं में देवासुर के आध्यात्मिक संग्राम में देखिए, पारसियों के अहुरमसद और अहिरमान के त्रिकालव्यापी युद्ध में, या खिस्तियो के ईश्वर और शैतान की स्वर्ग की लड़ाई मे, सर्वत्र, सर्वदा पुण्य और पाप ही मे महायुद्ध हुआ है। यह युद्ध सृष्टि के आदि से प्रलय के अन्ततक चलता है और चलेगा। इससे यह निश्चय होता

है कि, अध्यात्म-जगत का स्वरूप परस्पर-विरोधी पुण्य-शक्ति तथा पाप शक्ति का महासमर है।

ये दोनों शक्तियां, कभी एक ही मानव के अन्तरात्मा में संग्राम करती हैं; कभी विभिन्न जीवों को अपना आधार बना के रण में आगे बढ़ती है। स्वामी भक्त, साहसी, वीर मैकबेथ ने सैकड़ों लड़ाई में वीर दंभ से तलवार चला के स्वामी-भक्ति का परिचय दिया है, किन्तु आज वही मैकबेथ दुराकांक्षाओं का शिकार बन गया है। आज वही अपने स्वामी का सिरोच्छेदन कर के, राज-मुकुट अपने सिर पर रखना चाहता है। स्वामी-भक्ति और दुराकांक्षा का महान् युद्ध छिड़ गया। दुराकांक्षा मूर्तिमती हुई, पिशाचिनी का वेष उसने धारण किया। अब वह आशा रूपी प्रकाश दिखा कर मैकबेथ को ललचाने लगी। दुराकांक्षा मूर्तिमती होके, लेडी मैकबेथद्वारा उसने मैकबेथ को पुरुषार्थ का ताना दिलाया, और उस को उत्साहित किया। दुर्बल स्वामी भक्ति प्रबल दुराकांक्षा के आगे पराजित हुई। पाप की जय हुई और पुण्य की पराजय। इस उदाहरण में, पुण्य-शक्ति और पाप-शक्ति दोनों एक ही व्यक्ति मे स्थित है। और एक दृष्टान्त देखिए। गनारियल और रिगन अपने पिता ही की कृपा से रानी हुई थीं। अब देखिए, उन्हों ने किस प्रकार अपने पितृ-भक्ति का परिचय दिया है। अंधेरी रात में, जब आंधी खूब चल रही थी उस समय उन के पिता ने उन से आश्रय मांगा। आश्रय के एवज में उस को चार ललकारें मिली, और वह घर के बाहर सड़क पर हांक दिया गया। इस प्रकार उन्हो ने अपने पितृप्रेम का परिचय दिया। कारडिलिया के पिता ने उस को देश में से निकाल दिया। किन्तु उसने अपने पिता की बीमारी में खूब सेवा सुश्रुषा की, निराशा में उस को शान्त्वना दी और विपद में उस

को धैर्य दिया। उसने पिता के द्वेष का बदला इस प्रकार लिया। ये दोनों उदाहरण पुण्य-पाप के महा युद्ध हैं। इन दृष्टान्तो मे पुण्य-शक्ति और पाप-शक्ति दोनो ने एक ही व्यक्ति में आश्रय नहीं लिया है, किन्तु विभिन्न व्यक्तियों को अपना अपना आश्रय बनाया है। अध्यात्म-जगत मे ऐसे ही दृष्टान्त सर्वत्र नज़र आते हैं। जहां अध्यात्म-जीवन है वही पुण्य पाप का महारण है। जैसे अन्धकार बिना प्रकाश रह नहीं सकता, प्रतियोद्धा बिना योद्धा हो नही सकता, वैसे ही पाप बिना पुण्य रह नहीं सकता।

विचार कर के देखिए, इयागो बिना डेस्डिमोना का चरित पूर्ण नहीं सिद्ध होता, क्लाउडियस बिना हैमलेट का चरित अधूरा ही रह जाता है, आइक्यामोना बिना आइमोजन का चरित अपूर्ण रह जाता है। अर्थात् पाप के सिवाय पुण्य असिद्ध होता है। अतएव पुण्य की चर्चा करने के लिये पाप की बात छेड़नी पड़ती है। पुण्य के चित्र को आलोचना करते समय पाप के चित्र की अवतारणा करनी पड़ती है। कवि के काव्य को आलोचना से यह सिद्धान्त निकलता है। परन्तु हाँ, पुण्य सुन्दर है और पाप असुन्दर। पाप का चित्र भस्सड़ है और पुण्य का सौन्दर्यमय। इयागो कुरूप है और डेस्डिमोना सुन्दर। शेक्सपियर के काव्य मे भी सुन्दर और असुन्दरका घनिष्ट सम्बन्ध है। यहां तक कि उस में सुन्दर और असुन्दर दोनो परस्पर मिल गए है। पाप और पुण्य के मेल ही से अध्यात्म-जगत बना है। एक के अस्तित्व की कल्पना करने मे दूसरे के अस्तित्व भी कल्पना करनी पड़ती है। इतने परभी पुण्य पुण्य ही है और पाप पाप ही। पुण्य सुन्दर ही है और पाप असुन्दर ही।

परन्तु जो सौन्दर्य का कवि है। निरन्तर सौन्दर्य ही जिस के काव्य का उपादान रहा है। खराब, कुत्सित, और असुन्दर

को जिस के काव्य मे स्थान नहीं मिलता, ऐसे कवि-शिरोमणि के अध्यात्म-जगत का चित्र कैसा होगा? अध्यात्म-जीवन का चित्र खींचते समय सुन्दर और असुन्दर दोनो का समावेश होना चाहिए। तब हम अनुमान कर सकते है कि, ऐसे कवि के अध्यात्म जगत का चित्र पूर्णावयव नहीं होगा। क्योंकि वह तो सौन्दर्य का कवि है, असुन्दर वह कहां से लावेगा? पुण्य सुन्दर है सही, किन्तु वह असुन्दर पाप के विना रह नहीं सकता। देखिए, समुद्र का फेन कैसा सफेद और कैसा निर्मल है, परन्तु वह तरंगो के मन्थन ही से उत्पन्न होता है, वही हाल पुण्य का भी है। कालिदास के काव्य की आलोचना करने से उपरोक्त अनुमान प्रमाणित होता है। शेक्सपियर के काव्य मे अध्यात्म-जगत की जैसी उज्ज्वल तसबीर मिलती है, वैसी कालिदास में नहीं मिलती; क्योंकि वह सौन्दर्य का कवि है और असुन्दर का समावेश न होने से अध्यात्म-जगत सिद्ध नहीं होता। कालिदास के काव्यमें इयागो, क्लाउडियस आदि के लिये स्थान नहीं है। फिर वहाँ डेस्डिमोना, हैमलेट, आइमोजन आदि कहाँ से आ सकगे?

तो क्या कालिदास के काव्य मे अध्यात्म-जगत का चित्र है ही नहीं? सो क्यो? यदि है तो वह भिन्न प्रकार का होगा।

ऊपर हमने अध्यात्म-जीवन के सम्बन्ध में जितने उदाहरण दिए हैं, वे सब परस्पर-विरोधिनी पुण्य-शक्ति तथा पाप-शक्ति के संग्राम के दृष्टान्त है। उनमे आपने देख लिया कि किस प्रकार ये दोनो परस्पर विरोधिनी शक्तियाँ, एक मनुष्य में, अथवा भिन्न भिन्न मनुष्यो में आश्रय लेती हैं; पर ऐसे भी मनुष्य देखे गए हैं, जिनका अध्यात्म-जीवन स्वाभाविक और स्वतः सिद्ध, पुण्य-शक्ति तथा पाप-शक्ति के संग्राम-सिद्ध नहीं। दुष्यन्त क्षत्रिय राजा है,

चित्त-संयम में उसका पूरा अभ्यास है। नदी के पानी में स्रोत जैसे स्वभाव-सिद्ध है, वैसे ही उसके चित्त में संयम स्वाभाविक है। उसको शकुन्तला का दर्शन हुआ। दोनों ने परस्पर आत्म-समर्पण किए; किन्तु मिलन नहीं हुआ। शकुन्तला विरह-ज्वाला में जली और नलिनी-पत्र की शैया पर सुती दुष्यन्त भी चन्द्र-किरणों से विदग्ध होके गरम-गरम दीर्घ श्वास छोड़ने लगा। अनेक यातनाएँ भोगने पर उनका मिलाप आ। किन्तु मिलाप के आनन्द के रस-स्वादन का जब समय आया, तब गुरुजनो के आगमन से शकुन्तला अन्तर्हित हो गई। दुष्यन्त भी निराश हो के उसके कमलानन, मधुराधर, तथा मृगनैनो का ध्यान करने लगा। इस समय उसके चित्त की कैसी अवस्था रही होगी? इतने मे एकाएक, उसने राक्षसो के त्रास से दुःखित तपस्वियो का आर्त्तनाद सुना। बस, उसने विरह, विषाद और विकल्पों को न मालूम कहाँ छिपा दिया और वीर-दर्प से भयार्त्त का रक्षा करने के लिये आगे बढ़ा।

यह चित्तसंयम, अध्यात्म-जगत का उत्कृष्ट पदार्थ है। अध्यात्मजगत का यह श्रेष्ट उपादान अत्यन्त हृदय-ग्राही और सौन्दर्यमय है। किन्तु पापप्रवृत्ति के साथ इसका सघर्षन नहीं हुआ है; यह स्वाभाविक और स्वभाव सिद्ध है। कहिए, और कहीं भी आपने ऐसा संयम देखा है? जब हम कालिदास के अध्यात्म-जगत की सुन्दरता को देखते है तो यह नजर आता है कि वह अपकृष्ट, असुन्दर पाप-शक्ति के साथ की लड़ाई का फल नहीं है। वह तो सौन्दर्य का कवि है, फिर असुन्दर को उसके काव्य में कैसे स्थान मिल सकता है? यह तो आप देख ही चुके कि कालिदास और शेक्सपियर, दोनो ने, परस्पर विरोधिनी पुण्य और पाप शक्तियों को एक आतमा मे किस प्रकार दिखाया है।

भिन्न भिन्न जीवात्मा को आधार बना के पुण्य तथा पाप-शक्तियों की बात कालिदास ने कहीं भी नहीं लिखी है, क्योंकि वैसा करने में उनको पुण्य-शक्ति के साथ पाप-शक्ति की मदद भी जरूर लेनी पड़ती। पाप-शक्ति असुन्दर है, भला कालिदास क्यों उसका वर्णन करने लगे? रामचन्द्र जी के अलौकिक चरित्र ने कालिदास को आकृष्ट किया था। क्यों न करे? ऐसा सुन्दर चरित्र और किस देश में मिलेगा? नदी का मैला पानी जिस प्रकार नभःस्पर्शी गिरि-चूड़ा को स्पर्श नहीं कर सकता, उसी प्रकार जगत की पाप-शक्ति इस महापुरुष को स्पर्श नहीं कर सकती। इसी कारण कालिदास ने इस सुन्दर चरित्र के वर्णन में छः सर्ग नियोजित किए हैं। ताड़का-बध से लेकर हर-धनुभंग, भार्गव-विजय, वनवास, रावण-बध, सीता-उद्धार, मैथिल-विसर्जन, पुण्याश्वमेध, आदि सब सुन्दर वर्णन हैं। किन्तु कैकेयी की ईर्षा-रूपिनी पाप-शक्ति, जिसके आधार पर राम-चरित गठित हुआ है, और जिसके वर्णन में बाल्मीकि ने कई अध्याय लिख डाले हैं, कालिदास ने उसका मात्र उल्लेख ही किया है, क्योंकि वह पाप-शक्ति है। यदि इस पाप-शक्ति को बाद कर दें तो, फिर वर्णनीय क्या रह जाता है? कह भी चुके है, कि पाप-शक्ति और पुण्य शक्ति का नित्य संग्राम ही अध्यात्म-जगत का स्वरूप है। वहिर, अन्तर और बौद्धजगत का सौन्दर्य, समुद्र के तरंगो की तरह राशि राशि अलग हो के कालिदास के काव्य में दृष्टि गोचर होता है। परन्तु अध्यात्म-जगत में वह बात नहीं है; फिर भी उसमें जो कुछ है, वह अत्यन्त मधुर तथा मर्म-स्पर्शी है। एक दृष्टान्त देखिए। अपुत्रक दिलीप राजा पुत्र की कामना से वशिष्ठ के आश्रम में गया। ऋषि ने अपने ध्यान-योग से जान लिया कि, सुरभि गौ के श्राप ही से राजा को पुत्र-लाभ नहीं होता। अतएव उसने आश्रम-

धेनु-सुरभि-वत्सा नन्दिनी की सेवा में राजा को नियुक्त किया। धनुर्धारी राजा छाया की तरह वन-वन नन्दिनी के पीछे घूमने लगा। दावानल जलता और शान्त होता, वृष्टि होती और बन्द होती, अरुण उषा, लोहित संध्या हो जाती, परन्तु राजा नन्दिनी की सेवा से विरत नही होता था। इसी प्रकार बहुत समय व्यतीत हो गया। एक दिन नन्दिनी स्वेच्छापूर्वक विचरती हुई तृणा-च्छन्न-हिमालय-गह्वर में चली गई। राजा भी एकाग्रचित्त से वन की शोभा देखता हुआ, उसके पीछे पीछे चला गया। एकाएक नन्दिनी के करुण चित्कार से गिरि-गुहा प्रतिध्वनित हुई। दिलीप ने जो घूम कर देखा तो, सामने एक भीषण सिंह नन्दिनी को खींचता हुआ नज़र आया। बस उसने धनुष पर तीर चढ़ाया। इतने में रोष और क्षोभ से स्तंभित सिंह ने मनुष्य की आवाज़ में कहा; "महाराज, आप क्यो व्यर्थ परिश्रम कर रहे है ? मै दैवी सिंह हूं। मानवी हथियार से मेरा कुछ भी नही होने का। आज मेरे भाग्य से मुझे अच्छी खोराक मिली है। आप धेनु मुझे दे दें और चले जायँ।" शरणागत-वत्सल राजा ने सिंह से अपने शरीर के बदले में नन्दिनी को छोड़ देने के लिये कहा। सिंह ने हँसकर कहा—"महाराजा, आप की कैसी बुद्धि हो गई है ? समृद्ध-राज्य, पृथ्वी का स्वामित्व, नवीन-यौवन आदि को आप तिलाञ्जलि दे रहे हैं। यदि आप जीवित रहेगे तो करोड़ो प्रजाका उपकार होगा। तुच्छ गौ के जीवन मे क्या रक्खा है ?" इन बातो को कौन सुनता है ? दिलीप क्षत्रिय राजा था। वह विपत्ति को हरने वाला था। अपने जड़ शरीर का बलि देकर वह शरणागत की रक्षा में तत्पर हुआ। राजा अपने शरीर को अकिंचित् मास-पिण्ड की तरह सिंह के ग्रास में देना चाहता ही था, और सिंह भी उस पर झपटने ही वाला था, कि एकदम सब इन्द्रजाल जाता रहा। माया का सिंह,

मायावी-वन, सब अन्तर्हित हो गया। मात्र दिलीप राजा और देव-धनु नन्दिनी रह गई। और देव-बालाएं उन पर पुष्प की वृष्टि करने लगी।

अध्यात्म-जगत का यह चित्र कैसा सुन्दर है? परन्तु इस से भी अधिक सुन्दर दूसरा चित्र कालिदास के काव्य में है। उसको भी देखिए। पति के लिये सीता ने कितने कष्ट भोगे थे, यह किसी से छिपा नहीं है। परीक्षा के बाद पुनः परीक्षा के लिये जब रामचन्द्र की प्रजा-मण्डली-वेष्टित बड़ी सभा में वह लाई गई थी, उस समय उसके मुख में से एक भी शब्द नहीं निकला था। क्रोध, क्षोभ तथा अभिमान का एक भी शब्द उसके मुख से नहीं निकला था। उस समय उसका शरीर लाल वस्त्र से आच्छादित था और उसकी दृष्टि उसके पैर की तरफ थी। उसकी इस शान्त-मूर्ति ही से उसका पवित्र स्वभाव झलक रहा था। उसकी शान्त-मूर्ति का दर्शन करते ही प्रजावर्ग अपनी की हुई झूठी निन्दा पर लज्जित हुए और अपना अपना सिर नीचे झुका लिया।

महर्षि बालमीकि ने प्रजा के सन्देह को दूर करने के लिये देवी से कहा, "हे देवी, अब कितना कष्ट और सहन करोगी?" इस पर देवी ने कहा, "यदि मैं मनसा, वाचा और कर्मना अपने पति से विचलित न हुई हूं तो, हे देवी विश्वम्भरा, मुझे आप अन्तर्हित करें।" पृथ्वी उसी दम विदीर्ण हो गई। अन्दर से विद्युत-प्रभा निकली। उस प्रभा-राशि में एक अपूर्व सिंहासन पर बैठी हुई स्वयं वसुन्धरा प्रकट हुईं और दुःखिनी सीता को अपनी गोद में लेकर अन्तर्हित होने लगी। इस समय सीता क्या करती है? उस समय भी सीता ने अपने दोनों नेत्रों को अपने पति पर ही स्थिर रक्खे। राम के नहीं नहीं कहते न कहते, वसुन्धरा ने उसको लेकर रसातल में प्रवेश किया।

उस समय भी सीता के दोनों नेत्र पति ही पर स्थिर है। कहिए, ऐसा चित्र कहाँ है ? पति-भक्ति का ऐसा भाव किसके मन मे है ? क्या हमारे किसी के भी मन मे ऐसा भाव है ? पाश्चात्य-कवि की कल्पना मे यह भाव था कि नहीं, इस मे भी सन्देह है। वास्तव मे, अध्यात्म–जगत का ऐसा चित्र अतुलनीय है। अन्याय का ऐसा मधुर प्रतिदान, जुल्म का ऐसा सुन्दर प्रतिशोध, जगत के और किसी भी काव्य मे नहीं है।

यथाक्रम ऊपर बहिर्जगत, अन्तर्जगत, बौद्ध-जगत और अध्यात्म जगत की आलोचनाएँ की गई है। आलोचना के फल-स्वरूप यह नजर आता है कि सचमुच मे इन चारो जगत ने अपने अपने आवरण-बसन को हटा के कालिदास के काव्य मे अपने नग्न-सौन्दर्य का दर्शन कराया है। सौन्दर्य ने भी अनेक रूप धारण करके उसके काव्य को खूब प्रकाशित किया है। अतएव कालिदास को सौन्दर्य का कवि कहा जाय और उसकी प्रतिभा का मूलतत्त्व अमानुषी सौन्दर्य-दृष्टि स्थिर किया जाय तो, कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

कालिदास और शेक्सपियर की नायिकाएं।

शेक्सपियर की नायिकाओं में लज्जा की मात्रा कितनी है, यह जान लेने से यह पता लग जायगा कि लज्जा-सम्बन्ध मे कालिदास और शेक्सपियर मे कितना अन्तर है। इस प्रभेद का कारण जानने पर यह समझ में आ जायगा कि शकुन्तला मिरान्दा से कहीं बढ़कर लोक-ललाम भूता है। पङ्खा की आड़ में मुँह छिपाने को अथवा रूमाल से आँख ढक लेने को लज्जा नहीं कहते। वह लज्जा नहीं है वह तो छलना है। लज्जा हम उसको कहते हैं। जो हृदय के छिपे हुए झरने में से बहती है; जिसके प्रभाव से प्राण और मन आपोआप कांपने लगता है; मन की बात जीभ पर अपने ही से सजड़ हो जाती है। लज्जा तो सरलता की सहचरी है, विनय की माता है, और सौन्दर्य की निदानभूता। अब देखना चाहिए कि शेक्सपियर की कल्पिता, सुशिक्षिता; सुसंस्कारिता नायिकाओं मे लज्जा कहां तक पाई जाती है।

ब्रान्सियो की पुत्री डेस्डिमोना, ओथेलो के साथ अपने पिता के घर से चम्पत हुई। फिर वह न्यायालय में लाई गई। उस समय मर्मपीड़ित ब्रान्सियो ने, अपनी कन्या के निर्दोषपने के विषय मे निश्शंक होने से, डेस्डिमोना से कहा—"आव, आव, तुझे जो कुछ कहना हो, कहो। तुझे किस पर आधार रखना चाहिए, यह तू स्वयं जानती है।" इस पर डेस्डिमोना बोली, "पिता जी

इस स्थान पर मेरा कर्त्तव्य दो हिस्से मे बट गया है। आपके आगे मैं अपने जीवन और शिक्षण के लिये कर्जदार हूँ और इसी कारण मैं आपका सम्मान करती हूं, मेरे सब कर्त्तव्यों के नेता आप ही हैं, आप मेरे पिता हैं, परन्तु ये मेरे स्वामी हैं। सारांश यह कि, मेरी मां अपने पिता से अधिक आप पर, जिस प्रकार स्नेह रखती थी, उसी तरह मैं भी आप से अधिक अपने स्वामी पर स्नेह करने मे पीछे हटने वाली नहीं।"

वृद्ध राजा लियर ने जब अपनी तीनो कन्याओं को बुला के प्रत्येक से पूछा कि सब से अधिक तुझे कौन प्यारा है। तब शेक्सपियर की नायिका कार्डिलिया ने वृद्ध पिता से क्या कहा:—

"पिता जी, आपने मुझे जन्म दिया है, मेरा लालनपालन किया है। मैं भी आपको उसके अनुसार उचित मान देती हूं, प्रेम करती हूँ और सबसे अधिक आपकी भक्ति करती हूँ। परन्तु जब मै विवाह कर लूँगी तब मेरे साथ जो विवाह करेंगे, वे मेरे प्रेमके अधिकारी होंगे। मै अपनी बहिनों की तरह विवाह नहीं करूँगी, जो विवाह करके भी अपना सब प्रेम पिता मे उत्सर्ग करेंगी

लियर—क्या तू अपने मन की बात कहती है ?

कार्डिलिया—हाँ, पिता जी।

लियर—इतनी छोटी अवस्था मे ऐसी निर्दई हो गई।

कार्डिलिया—पिता जी, इतनी छोटी उम्र मे भी मैं इतनी सत्यवादिनी हूँ।"

अपिच,

इंग्लैण्ड के बादशाह सिम्बेलाइन ने, जब अपनी कन्या आइमोजन को अज्ञातकुल-पोस्थ्युमस के साथ विवाह करने के लिये तत्पर देखा, तब उसने उसको खूब धिक्कारा। तब आइमोजन क्या उत्तर देती है :—

"महाराज ! मै पोस्थ्युमस से प्रेम कर बैठी हूं। इसका कारण भी आप ही है। आप ही ने उसको मेरे खेलने के साथी की हैस्यित से पाला था। अब तो मै देखती हूँ कि वह रमणीमात्र का योग्य पात्र है। मुझे तो उसने मेरी अनुचित कीमत दे खरीद लिया है।"

रोमियोने जूलियट को कभी नहीं देखा था। जूलियट ने भी रोमियो को नही देखा था। दोनो मे से कोई किसी को पहचानता भी न था, और जानता भी न था। जूलियट के राजभवन मे एक दिन उत्सव हुआ। रोमियो अपनी प्रेम-पात्री रोजलाइन को देखने की आशा से वेष बदल के वहां गया, वहाँ उसने सुन्दरी जूलियट को देखा। उसके देखते ही रोमियो के हृदय में से रोज लाइन की प्रतिमा काफूर हो गई, और उसके स्थान पर जूलियट के उज्ज्वल रूप का प्रकाश फैला। जूलियट भी उसके भाव से गद्गद् हो गई। रोमियो को देखते ही, वह उसके रूप पर ऐसी लट्टू हो गई, कि उसने अपने मन ही मन अपने प्राण और मन उसको अर्पण कर दिए।

इस प्रकार शेक्सपियर की नायिकाओं मे लज्जा के स्थान पर सरलता, विनय की जगह स्पष्टभाषण, रमणी की रमणीयता के बदले पौरुषिक ओजस्विता सर्वत्र नजर आती है। परन्तु कालिदास में ऐसी निर्लज्जता की छाया भी नहीं दिखलाई देती। इसका कारण क्या है ? शकुन्तला की जड़ी-भूत बातचीत, उर्वशी का लतामण्डप में शाप से प्रभावित होना, पार्वती का सखी-समाज में अप्रस्तुत भाव, ये सब कैसे हुए ? यदि कहा जाय कि कालिदास एशिया खण्ड में उत्पन्न हुआ है, अतएव यह बात उसमें पाई जाती है, तो शेक्सपियर की दिगन्त-व्यापिनी कल्पना के ऊपर दोष लगता है।

जो रमणी के सौन्दर्य और माधुर्यका सर्वश्रेष्ठ उपकरण है, वह सरस्वती के आंग्लदेशीय वर पुत्र की नायिका-मण्डल में दुर्लभ ही है। नायिका चाहे शिक्षिता हों अथवा अशिक्षिता, किन्तु सभी को पुरुष की तरह निस्संकोच वार्तालाप करने से उनके स्वाभाविक सौन्दर्य को बहुत हानि होती है। आमतौर से, हम यह स्वीकार करते हैं कि, सरल स्वभाव की मिरान्दा, कुल बिहारिणी परडिटा, तेजस्विनी हारमाइयोनी, सुचतुरा रोजलिन, एकाग्रचित्त वाली जूलियट, प्रेममुग्धा अरीलिया, सर्वत्यागी डेस्डिमोना, पितृ-वत्सला कार्डिलिया हमारे स्नेह की सामग्री है, प्रीति के योग्य हैं, भक्ति की पात्र हैं और कितनी उन में पूजनीया भी हैं। नाना प्रकार के गुणों से वे आभूषित भी है। भूल से भी हम कभी उनके छिद्रान्वेषण में तत्पर होना नहीं चाहते, और न उनके चरित्र पर हम को विस्मय ही होता है। परन्तु शान्तचित्त से इस विषय पर विचार करने से उनके गुणों मे एक न्यूनता नज़र आती है। वह यह कि, उन मे लज्जा का एक दम अभाव है; अथवा स्थलविशेष मे लज्जा का मात्र आभास ही है। यदि कोई कहे कि, लज्जा से तो सरलता का ह्रास होता है। लज्जा और सरलता की मैत्री कैसी? लज्जा तो केवल छल को छिपाती है और चतुराई का आडम्बर बढ़ाती है। अगर ऐसी बात है तो, यही कहना पड़ेगा कि, फिर काव्यशास्त्र से तो उनका सम्पर्क भी न होने देना चाहिए। उनकी केवल एक शास्त्र और वार्षिक पञ्चाग ही तक पहुँच रहे। क्योंकि कुदरत के अनेक पदार्थों मे, अनेक मानसिक भावो मे, हृदय के अनेक उच्छ्वासों मे, एक ऐसा अनिर्दिष्ट, सूक्ष्म, अगाढ़, तथापि स्वप्नमय सौन्दर्य और मधुरता, गंभीर भाव मे निहित है कि, उनका अनुभव करना प्रत्येक का काम नहीं है।

वर्षा ऋतु में आधी रात के समय बिजली का गिरना और मूसलधार पानी का बरसना देख के, एक किसान यही विचार करेगा कि 'इस ऋतु मे धान ख़ूब होगा।' जब कि एक शरीर-तत्त्व-विन् यह निर्धारित करेगा कि, "बिजली के गिरने से वायु स्वच्छ हो जायगी।" किन्तु रात की इस निस्तब्धता मे भयंकरी मेघगर्जना मे, दिगन्त-विहारिणी विद्युत-प्रभा मे, अरस्र वृष्टि धारा में कैसा एक मोहमन्त्र है, कैसा एक स्वप्न का आभास है, कैसा एक कल्पना-माधुर्य-ग्रंथित है, ये सब बातें अनुभव ही से जानी जा सकती हैं। ये वर्णन करने की वस्तुएँ नहीं हैं। वह माधुर्य न्यायशास्त्र से सिद्ध नहीं होता, गणित से प्रमाणित नहीं होता। तर्क-वितर्क से उसको सिद्ध करना असम्भव है। इसी प्रकार रमणी-चरित मे लज्जा की ख़ूबी वर्णनीय वस्तु नहीं है, तर्क-वितर्क का वह पदार्थ नहीं है, वह केवल अनुभव का विषय है, भोग का विषय है, स्वप्न का विषय है। साहस की वह विरोधिनी है। रमणी की मधुरता का वह बड़े से बड़ा उपकरण है। हिम्मत और स्पष्टता, ये दोनों पुरुष के गुण है। विशेषतः प्रेम के विषय में उन में कितने असुन्दर भाव हैं। प्रेम के प्रभात के आभास मे शरीर की कुछ छाया पड़ती है। उसी छाया के स्वप्नमय अनुभव में रमणी-हृदय आप ही आप संकुचित हो जाता है। इस कमजोरी—प्रकाश की आसंका—के कारण रमणी का हृदय स्वयमेव जड़ हो जाता है। विशेषत प्रेम के प्रथम चरण में, जब प्रेमी और प्रेमिका एक दूसरे के मन के भाव को नहीं जानते, जब माशूक़ प्रेम में जलते हुए भी प्रतिदान की आशा करने की हिम्मत नहीं कर सकती, तब प्रेमरूपी कमल लज्जा के सुकुमार परदे में ढँक जाते हैं। धीरे धीरे कुसुम-कली ज्यों ज्यों खिलने की तैयारी करती है, त्यों त्यों वह परदा हटता जाता है और अन्त मे वह खिले हुए फूल की तरह शोभा देती है।

इस बात को बाल्मीकि से लेके जयदेव तक सभी जानते थे, सभी समझते थे और अनुभव भी करते थे। किन्तु दुर्भाग्य से इंगलैंड के महाकवि में इस विषय की सूक्ष्मदर्शिता पर्याप्त मात्रा में नहीं नज़र आती।

प्रेम के प्रथम उच्छ्वास की लज्जा को वह अपनी विश्व-व्यापिनी प्रतिभा के कारण जान सका था सही, किन्तु वह केवल अपने ज्ञान के प्रभाव से ही जान सका था, हृदय में वह उसका अनुभव नहीं कर सका था। हमने कहा है कि 'लज्जा ही खिलते हुए प्रेम की सहचरी है।" शेक्सपियर के ही द्वारा हम इसको भी सिद्ध करेंगे और उसी के साथ यह भी प्रमाणित करेंगे कि शेक्सपियर, लज्जा मे जो सौन्दर्य है, उससे विमुग्ध नहीं हुआ था। अथवा हो ही नहीं सका था। प्रेम के प्रथम चरण में स्त्रियों के लिये लज्जा स्वाभाविक है। स्त्री, चाहे शिक्षिता हो अथवा अशिक्षिता, वह जिस प्रकार प्रेम का अनुभव कर सकती है, उसी प्रकार वह लज्जा का भी अनुभव कर सकती है। प्रेम के अरुण-आभास से प्रेम लज्जा की अस्फुट ललाई में रंजित होता है और अवश्य होता है। महाकवि शेक्सपियर को हम इतना दोष अवश्य देते है, और इसका वही हमारा सब से बड़ा कारण भी है। देखिए, जब मिरान्दा और फर्डिनन्द को एकान्त मे प्रेमालाप करने का मौका मिला था, जब मिरान्दा को अपने मन के विचार प्रकाश करने का अवसर मिला था, तब मिरान्दाने फर्डिनन्द से यही कहा था कि, "मै अपनी अयोग्यता पर रोती हूं, 'क्योंकि मैं अपनी अयोग्यता को समझती हूं और इसी से मेरी हिम्मत नहीं होती कि मैं आपको वह प्रेम अर्पण करूं, जिस को यदि मै आप से न पाऊँगी तो मेरा मरण निश्चय है। परन्तु यह भी एक सामान्य बात है। इसको जाने दीजिए, मैं ज्यों ज्यों अपने प्रेम को छिपाने

का यत्न करती हूं, त्यों त्यों वह पूर्ण अवयव धारण करता जाता है। अतएव, हे लज्जामयी कपटता, तू मेरे पास से दूर हो और हे पवित्र सरलता तू ही मुझे उत्तेजित कर।*

अज्ञात कुल के रोमियो के साथ नाट्यशाला मे प्रेमपूजा के अञ्जली स्वरूप चुम्बन आदि क्रिया करके कुमारी जूलियट रोमियो के ध्यान में निमग्न हो गई थी। एक रात को जूलियट विरहव्यथा से उत्कंठित हो के अपनी शैय्या पर से उठी और खिड़की में खड़ी हो आकाश के दो तारो को लक्ष्य कर रोमियो के ऊपर अपना प्रगाढ़ प्रेम प्रकाश करने लगी। उसी समय रोमियो भी दीवार लाँघ के उसी खिड़की के नीचे आकर खड़ा था। प्रेम-मुग्धा जूलियट के मनोद्गार सुन के प्रेममय रोमियो अपने को गुप्त न रख सका। उसने बड़ी चतुराई से जूलियट को अपना परिचय दिया। आशिक और माशूक का मिलाप हुआ। प्रेमका प्रथम आलाप हुआ। दिल खोल के बातचीत हुई। दोनो को यह निश्चय हो गया कि एक दूसरे पर मरता है। तब जूलियट ने पहले की सब प्रेम की बातों पर लक्ष रखते हुए रोमियो से कहा—

आप तो जानते ही हैं कि, मेरा मुख रात्रि के अन्धकार मे ढका हुआ है। यदि ऐसा न होता तो, मेरे मनोद्गार का मुझे स्मरण हो आने से मेरा मुख अवश्य लज्जा के रंग मे रंग जाता।

---

*At my unworthiness, that dare not offer
What I desire to give, and much less take
What I shall die to want But this is trifling,
And all the more it seeks to hide itself,
The bigger bulk it shows Hence bashful cunning
And prompt me, plain and holy innocence!
[Tempest]

मेरी इच्छा है कि, मै लौकिक रीति का अवलम्बन करूँ और अपने पूर्वोक्त शब्दों को अस्वीकार करूँ, परन्तु, हे लौकिक आडम्बर ! मै तुझ से विदा होती हूँ : ❀ ❀ ❀

हे प्रशान्त रोमियो, यदि आप मुझे सचमुच चाहते है, तो सरल हृदय से आप उसको प्रकाशित कीजिए। और यदि आप ऐसी धारना करे कि, आपने बहुत थोड़े परिश्रम से मेरे हृदय पर अधिकार कर लिया है तो, वह भी प्रकट करे। उनको जानकर मै भी साधारण रीत्यानुसार आपके प्रेम की स्पष्टता में पूर्व ही से विरुद्धभाव दिखाऊँगी। और आपकी लच्छेदार बातो ही पर मैं आपके प्रेमका प्रतिदान देना नही चाहूँगी। मेरे ऐसा करने से आप मेरा मन रखने का अधिक प्रयत्न करेंगे।❀

हम आपको दूसरे अनेक उदाहरणों से यह दिखाएँगे कि लज्जा स्त्रीहृदय का एक स्वाभाविक भाव है—इस बात को शेक्सपियर भली भाँति जानता था। किन्तु वह लज्जा की इन्द्रधनुवत् सुकोमल रंग की छटा को कल्पना की आँखो से देख नही सकता था, और उसके माधुर्यका भी वह अनुभव नहीं कर सकता था। शेक्सपियर ने जो कुछ लिखा है, उस पर किसी प्रकार के

Thou know'st the mask of night is on my face,
Else would a maiden blush bepaint my cheek,
For that which thou hast heard me speak to night
Fain would I dwell on form, fain, fain deny
What I have spoke, but farewell compliment !
Gentle Romeo

If thou dost love, pronounce it faithfully
Or if you think I am too quickly won,
I'll frown and be perverse and say thee nay,
So thou wilt woo, but else not for the world.

कटाक्ष करने मे यद्यपि हमारी लेखनी असमर्थ है, तथापि इतना पूछे बिना हम नही रह सकते कि रोमिया के साथ में जूलियट की' जो उपरोक्त बातें हुई हैं, क्या वह प्रेम के बाजार की दुकानदारी के जैसी नही मालूम पड़ती ? ऐसी दुकानदारी, ऐसी सरलता, ऐसी कष्ट-दायक-स्पष्टता हमारी आँखों में तो खटकती है। शेक्सपियर की नायिकाओ ने पूरी तरह बेहयाई करने ही को लज्जा करना समझा है। क्या खूब ? इस प्रकार हृदय-शून्य-ज्ञान का ढोंग करने से लज्जा थोड़े आ जायगी। इसी प्रकार मिरान्दा ने जब फर्डिनन्द के सामने कहा था कि "हे लज्जामयी कपटता! मै तुझे नमस्कार करती हूं।" इस वाक्य को सुन कर भला कौन यह नही निर्धारित कर सकेगा कि, मिरान्दा नटी की तरह से अभिनय करती है ? भला किस के मन में यह बात नहीं आवेगी कि, मिरान्दा यह चाहती है कि, लज्जा रूप नृशंस राक्षस को प्रेम के नन्दन कानन में से जबरदस्ती हांक निकाला जाय। परन्तु स्त्री के हृदय के भाव का वास्तविक रूप कैसा है ? उनमें क्रोध के पदार्थ नहीं होते, न उनमे उकता जाने के ही पदार्थ होते हैं, और न ज्वलन्त ज्ञान के ही पदार्थ उनमे होते हैं। प्रेम के प्रभात मे जब शकुन्तला दुष्यन्त के मुख की तरफ भी नहीं देख सकती थी, उर्वशी की साड़ी जब माधवी लता मे फँस गई थी, पार्वती जब ध्यान-मग्न महादेव के हाथ मे फूल माला देने जाते समय लज्जा की चमक मे चमक उठी थी, इन सब बातों से क्या यह निर्धारित नही हो सकता कि लज्जा के अवसर पर उनके हृदय में लज्जा का ज्ञान विकसित नही होता था।

कितनों का कहना है कि, शेक्सपियर की नायिकाएँ लौकिक आडम्बर के तावे नही थी, अतएव उनकी स्पष्टता क्षम्य और मधुर है। उत्तर में इतना ही कहना अलं होगा कि,लौकिक आडम्बर के

साथ स्वाभाविक विनय और लज्जाशीलता का कोई सम्बन्ध नहीं है। यदि कोई कहे कि, स्वाभाविक विनय तथा लज्जाशीलता तो दुनिया मे है ही नही। सो हो नहीं सकता, क्योंकि शेक्सपियर स्वयं इस बात का साक्षी है। उसने यह कहा है कि, प्रेम और लज्जा सदा एक ही सूत में बंधे रहते है। शेक्सपियर के नाटको से भी भलीभाँति पता लगता है कि शेक्सपियर अच्छी तरह जानता था कि प्रेम और लज्जा दोनों एक ही डाल के खिले हुए दो पुष्प हैं। जैसे एक स्वाभाविक होता है, वैसे ही दूसरा भी स्वाभाविक ही है। जान पडता है कि शेक्सपियर की प्रतिभा और कल्पना देश काल के फेर में पड़ और उस समय की सामाजिक रीति-भाँति देख अपने स्थान से विचलित हो गई है। यदि ऐसा न होता तो क्यो वह मिरान्डा, जूलियट, ओफिलिया आदि नायिकाओं मे रमणी-लज्जा का किञ्चित् आभास दिखा के तुरन्त उसको पौरुषिक कठोरता में परिवर्तित कर देता? शेक्सपियर यह जानता था कि, रमणी के हृदय में लज्जा नाम की एक कोमल वस्तु है। इतना जानते हुए भी, मालूम होता है उसके ध्यान मे यह बात नहीं आई थी कि, रमणी के हृदय का सौन्दर्य वर्णन करने मे वह एक अपरिहार्य उपकरण है। उसके ध्यान मे शायद यह समाई थी कि स्त्री अथवा पुरुष लज्जाहीन होने पर भी अपने अन्य गुणो से लोगो को मुग्ध कर सकता है। उसका ख्याल था कि, एक स्त्री नेपोलियन अथवा स्त्री-सोक्रेटीस, पौरुषिक नेपोलियनत्व और सोक्रेटीसत्व की रक्षा करके हमारी प्रशंसा, भक्ति तथा आदर की पात्री बन सकती है। किन्तु स्त्री और पुरुष मे जो वास्तविक भेद है, उसका शेक्सपियर के हृदय मे सूक्ष्म रूप से ज्ञान नहीं हुआ था।

रोमियो और जूलियट ही के प्रेम को लीजिए। दीवार उलांग के आए हुए रोमियो के प्रेम को समझने के लिये जूलियट को

कितना कष्ट सहन करना पड़ा था। जब कि उसी प्रेम में मत्त भई हुई शकुन्तला ने दुष्यन्त को अपने प्रेम का परिचय किस प्रकार दिया। दुष्यन्त क्या कहता है? वह कहता है कि शकुन्तला मेरे सब कार्यों में योग तो नहीं देती, किन्तु जब मैं बातें करता हूं तो वह एक-चित्त हो कर उनको सुनती है। वह हाव-भाव नहीं दिखाती है और न प्रमाद ही दिखाती है, किन्तु वह क्रनागत मेरी तरफ देखा करती है। क्या यह प्रेम का चिन्ह नहीं है?

कितने शेक्सपियर के समालोचकों का कथन है कि स्त्री चाहे सुशिक्षिता हो अथवा अशिक्षिता, किन्तु लज्जा स्त्रीमात्र के लिये स्वाभाविक है, जो अवस्था विशेष में अप्रकाशित रहती है तथा स्फुटित होती है। उनका कहना है कि, फर्डिनन्द से प्रेम करने के समय मिरान्डा की लज्जा स्फुटित नहीं हुई थी, क्योंकि शकुन्तला की तरह मिरान्दा के पास कोई ऐसी सखी नहीं थी जिसके आगे वह लज्जा कर सके। अतएव फर्डिनन्द जैसे, अपनी इच्छानुरूप, प्रेमी के मिलते ही वह निसंकोच, स्पष्ट बातचीत करने लगी। फिर भी कहना पड़ता है कि, यदि लज्जा स्वभावसिद्ध मानी जाती है तो, मिरान्डा के वृद्ध पिता के करते क्या शकुन्तला को दोनों सखियां लज्जा-स्फुर्ति का कोई विशेष कारण होती है? वृद्ध प्रस्पेरो ने जब, फर्डिनन्द पर मिरान्दा का प्रेम देख कर, उसका तिरस्कार किया था और कहा था कि दूसरे मनुष्यों के साथ फर्डिनन्द की तुलना करने से वह मुझे कुत्सित और कालिवान के जैसा नजर आता है; जब कि दूसरे मनुष्य मुझे देवता के सदृश नजर आते हैं। इस पर मिरान्दा ने क्या जवाब दिया था? उसने यही कहा था कि, कुछ भी हो, मैं उसको प्रेम करती हूं, मैं उसी में सन्तोष मानती हूं। मैं फर्डिनन्द से अधिक सुन्दर पुरुष को देखना ही नहीं चाहती। शकुन्तला छोटी उमर की सखियों के

साथ रहती थी लेकिन उसने अपने प्रेम का प्रथम परिचय इस स्पष्टता और निर्भिकता से कभी नहीं दिया था। एक माशुका अपनी विश्वसनीय सखी के आगे अपने प्रेम की जो बातें कह सकती है, उसको अपने प्रेमी के आगे वह कदापि नहीं कह सकती। प्रेमी के मन के भाव जान के सखियाँ कदाचित् हँसी उड़ावें, तथा प्रेमी स्वयं कदाचित भूलावा दे दे अथवा विरक्ति प्रकाश करे इतना ही नहीं, सम्भव है वह धिक्कारे आदि आशंकाओं से कुदरत ने स्वयं ऐसी लज्जा रमणी के हृदय मे रक्खी है। रमणी के हृदय का यह छिपा हुआ तत्त्व संस्कृत कविगण भलीप्रकार जानते थे। इसी कारण शकुन्तला के मन के भाव दुष्यन्त के जानने के पूर्व ही प्रियम्वदा और अनुसूया जान सकी थी। और इसी से उर्वशी की चित्रलेखा, मालती की लवंगिका, और रत्नावली की सुसंगता सब से पहले अपनी अपनी सखियों के प्रेम की स्फुर्तियाँ जान गई थीं।

कुछ लोगों के विचार हैं कि, मिरान्दा और फर्डिनन्द रोमियो और जूलियट आदि प्राय: समान पदवी के थे और पदवी के तारतम्य मे लज्जा और भय का उत्पन्न होना सम्भव नहीं है। किन्तु कालिदास ने मृत्युलोक के पुरूरवा के साथ स्वर्ग की अप्सरा का प्रेम वर्णन करने मे और भवभूति ने समान पदवी वाले मालती और माधव का प्रेम वर्णन करने मे स्वभावसिद्ध लज्जा को एक सूत भी नहीं हटाया बढ़ाया है! आशिक माशुक की पदवी के घटने बढने से प्रेम के प्रतिदान के विषय में भय तथा आशंका का तारतम्य उत्पन्न हो सकता है, परन्तु सच्ची लज्जा से उसका क्या सम्बन्ध ?

शेक्सपियर के कुछ समालोचकों का यह कहना है कि, शेक्सपियर की नायिकाओं का प्रेम इतना अधिक प्रबल था कि, लज्जा

के बन्धन उसके आगे ठहर नहीं सकते थे। इस पर यह प्रश्न हो सकता है कि क्या कालिदास और भवभूति की नायिकाएँ अधिक प्रेम से उन्मत्त नहीं हुई थीं? यदि त्याग का स्वीकार करना प्रेम की अधिकता का प्रमाण है, तो क्या शेक्सपियर की किसी भी नायिका ने प्रेम की आशा में पार्वती की तरह युवा-वस्था में योगिनी की तरह भयंकर कठोर व्रतसागर मे अपने को डुबा रक्खा था? क्या उसकी किसी भी नायिका ने उर्वशी की तरह अनन्त सुख को लात मार कर के मर्त्यलोक में रहने की इच्छा की है? क्या उसकी एक भी नायिका रत्नावली की तरह प्रेमाग्नि में स्वाहा होते हुए भी लज्जा के कारण अपने को मृत्यु के हाथ में सौंपने को गई है? जूलियट के मरण की बात कुछ छिपी नहीं है, सभी उसको जानते हैं, किन्तु जूलियट ने आत्महत्या नहीं की थी। अस्तु, कुछ भी हो, लेकिन यह तो अवश्य कहना पड़ेगा कि भारतवर्ष की बात भारतवर्ष ही के साथ है और इंग्लैण्ड की इंग्लैण्ड के साथ। इसी कारण हम ऊपर कर चुके हैं कि यदि शेक्सपियर एक सौर्य-जगत का सूर्य है तो कालिदास भी दूसरे एक सौर-जगत के सूर्य के सिवा और कुछ भी नहीं हो सकता। शेक्सपियर की दिगन्त-व्यापिनी, दिगन्त-अतिक्रमकारिणी कल्पना के आगे रुद्र, भयानय, अद्भुत रस मनुष्य प्रकृति के सुन्दर तथा कुत्सित, कोमल तथा कठोर भाव नखाग्र की तरह मालूम पड़ते है, आइने की तरह आंखो के सामने नजर आते हैं। यद्यपि हम कालिदास के विषय में यही बात नहीं कह सकते, तिस पर भी इतना अवश्य कहेंगे कि कालि-दास की स्वर्गमर्त्यव्यापिनी, महती कल्पना सुन्दर तथा चमत्कृत रस से इतनी अधिक परिप्लुत है और इतनी अधिक उसमे निमग्न है कि कालिदास भयानक वस्तु में से, वीभत्स वस्तु में से

और अद्भुत वस्तु में से भी सुन्दर भाव बीन के कल्पना द्वारा अपूर्व सुन्दरतम कुसुम में सजाना चाहता था। सौन्दर्य ही उसके कल्पना की हद थी। कालिदास सौन्दर्यजगत का राजा था। लज्जाशील शकुन्तला, छलनामयी उर्वशी, तपस्विनी पार्वती उसकी कल्पना के उत्तम उदाहरण हैं।

शकुन्तला और मिरांदा।

दोनों ऋषि कन्याएं हैं। विश्वामित्र और प्रस्परो दोनों राजर्षि है। दोनों ऋषि कन्याओं को अमानुषिक सहायता मिली है। मिरान्दा एरियल रक्षित है और शकुन्तला अप्सरा रक्षित है। दोनों ऋषि-पालिता हैं। ये दोनों बन-लताएं सौन्दर्य में उद्यान लताओं को मात करती हैं। शकुन्तला को देखते ही, राजवरोध वासिनियों का सौन्दर्य दुष्यन्त की निगाह मे गिर पड़ा। और वह बोल उठा।

शुद्धान्त दुर्लभमिदं वपुराश्रमवासिनो यदि जनस्य।

दूरी कृताः खलु गुणैरुद्यानलता बनलताभिः॥

[जैसे आश्रम की युवतियों का सुन्दर रूप रनवास की स्त्रियो मे मिलना कठिन है, वैसे ही वन की लता अपने गुणो से उद्यान की लताओं को लज्जित करती हैं।]

इसी तरह फर्डिनन्द ने भी जब मिरान्दा को देखा था, तब वह भी बोल उठा था—

"Full many a lady,
I have eyed with best regard; and many a time.
The harmony of their tongues hath into bondage
Brought my too diligent ear; for several virtues

Have I looked several women,
But you, O you
So perfect, and so peerless, are created
Of every creatures best."

[मैने अनेक स्त्रियो को देखा है; कितनो के मधुर शब्दो ने मेरे कान पर जादू का असर भी किया; और कितनो के गुणों पर मै मोहित भी हो गया हूं; परन्तु हे सर्वांग सुन्दरी तुम्हारे अनुपम सौन्दर्य के आगे सब मात है]

दोनो बन में पली हैं। दोनो सरलता के मोहमंत्र में सिद्ध हैं। शहर मे रहने से रमणियो की सुन्दर, सरल, और विशुद्ध प्रकृति खराब हो जाती है - कौन मेरे पर प्रेम करता है, कौन मुझे सुन्दर कहता है, किस प्रकार पुरुष को वश मे करूं, आदि नाना प्रकार के विलास के विचारो से चन्द्र की कालिमा की तरह उनमे कलुपता आ जाती है। शकुन्तला और मिरान्दा में यह कलुषता न थी, क्योंकि वे जन समुदाय के बीच नहीं पली थी। वल्कलधारी शकुन्तला, कमर पर एक छोटी गगरी लेकर पेड़-पालव को सींचती फिरती थी, और स्वयं भी सिंचित पानी से धोई हुई नवमल्लिका की तरह शुभ्रा, निष्कलंकिनी और प्रफुल्ल बदना थी, और चारों तरफ सुगंध फैला रही थी। वह नवमल्लिका पर बहन की तरह स्नेह रखती थी, पेड़-पालव पर उसका सखी भाव था, मातृ-हीन हरिन के बच्चों को वह पुत्रवत समझती। पति के घर जाते समय, इन से बिदा होती हुई, शकुन्तला अश्रुमुखी, खेदित और घबरा सी गई थी। किसी वृक्ष से हँसी करके, किसी का दुलार और किसी पर प्रेम करके शकुन्तला आनन्दित होती थी। लज्जा उसके चरित्र में बड़ी प्रबल थी। वह बातचीत के समय, दुष्यन्त के आगे लज्जा से सिर नीचा किए हुए बैठी थी—लज्जा ही के कारण

उसने अपने हृदय का प्रेम सखियों से नहीं कहा था। मिरान्दा ऐसी नहीं थी। उसमें लज्जा का अभाव था। उसमें लज्जा आवे भी तो कहाँ से ? अपने पिता के अतिरिक्त उसने किसी दूसरे पुरुष को देखा भी न था। पहले पहल फर्डिनन्द को देख कर वह नहीं समझ सकी थी कि यह कौन है ?

"Lord ' how it looks about ' Believe me, Sir,
It carries a brave form - But 'tis a spirit."

(Tempest)

[पिता जी, यह कैसा रूप है ? इसमें से वीरता टपकती है। यह कोई जिन्द मालूम पड़ता है।]

शकुन्तला शिष्टाचरणों से युक्त है, परन्तु मिरान्दा उनसे रहित। पिता के आगे फर्डिनन्द के रूप की प्रशंसा करने में उसको जरा भी संकोच नहीं आया। जैसे कोई चित्र की प्रशंसा करता हो, वैसे ही वह उसकी प्रशंसा करने लगी,—

"I might call him,
A thing divine, for nothing natural
I ever saw so noble."

(Tempest)

[मैं इसे एक दैवी-आत्मा कह सकती हूं, क्योंकि ऐसी अच्छी वस्तु मैंने आज तक कभी नहीं देखी थी।]

स्त्री चरित्र की स्वाभाविक पवित्रता जो लज्जा में है, वह मिरान्दा में न थी। इसी कारण शकुन्तला की मधुरता अधिक दे दीप्यमान हो जाती है। मिरान्दा ने जब देखा कि फर्डिनन्द उसके पिता को पीड़ित करने के लिये प्रवृत्त हुआ है, तब वह अपने पिता से क्या सिपारिश करती है—

"O, dear father,

Make not too rash a trial of him for
He's gentle, and not fearful."

[प्यारे पिता जी, आप इस के साथ बेरहमी से न पेश आएं। इस का शरीर कोमल है और यह डरपोक नहीं है।]

पिता के मुख से फर्डिनन्डकी निन्दा सुन कर मिरान्दा ने क्या कहा—

"My affections
Are then most humble. I have no ambition
To see a goodlier man.

[खैर, मेरा प्रेम इतना नीचा ही सही। मुझे दूसरे किसी की ख्वाहिश नहीं है।]

इन वाक्यों से यह स्पष्ट हो गया कि मिरान्दा सामाजिक शिष्टाचार को नहीं जानती थी। पर हाँ, इतना तो मानना पड़ेगा कि, वह पराए दुःख से दुःखित है, और स्नेह वाली है। उसमें लज्जा नहीं है किन्तु लज्जा का सार जो पवित्रता है, वह उसमें है।

जैसे शकुन्तला संसार से दूर रह कर बन में ऋषि के निर्जन आश्रम में पली थी और आश्रम-वासियों के अतिरिक्त किसी दूसरे को नहीं जानती थी, वैसे ही शेक्सपियर की मिरान्दा भी एक निर्जन देश में अकेली पिता के यहाँ पाली-पोषी गई थी। शकुन्तला के यौवन में जिस समय प्रेमोद्रेक हुआ था, उसी समय उसका दुष्यन्त के साथ साक्षात्कार हुआ था। उसी समय उसका जो नीरव-सलज्ज व्यवहार हुआ था, उसकी व्याख्या आगे देखिए। किन्तु शेक्सपियर ने ऐसे स्थान में, देखिए, कैसा व्यवहार दिखलाया है। मिरान्दा ने पिता के अतिरिक्त दूसरे किसी का मुख तक नहीं देखा था। किन्तु जब फर्डिनन्द के साथ उसकी भेट हुई तब वह इस तरह उससे बातें करने लगी·

जैसे कोई बड़ी बूढ़ी स्त्री बातें करती हो। शकुन्तला से साक्षात्कार होनेपर दुष्यन्त ने ही गान्धर्व विवाह का प्रस्ताव किया था। किन्तु यहाँ मिरान्दा का कैसा व्यवहार होता है, सो देखिए—

Mira — Do you love me ?

[मिरान्दा—क्या तुम मुझ से प्रेम करते हो ?]

Fer —O Heaven ! O earth ! bear witness to this sound,
And crown what I profess with kind event,
If I speak true,

× . × × I
Beyond all limit of what else the world,
Do love, prize, honour you.

[फर्डिनन्द—हम देवता, देवी, पृथिवी, सब के सामने कहते हैं, शपथ करके सत्य कहते है कि, हम केवल तुम से प्रेम ही नहीं करते बल्कि तुम को एक कुलीन कन्या समझ कर तुम्हारा सम्मान करते हैं। तुम्हारा जितना गौरव है, हम उसे खूब समझते हैं।]

Mira—I am a fool
To weep at what I am glad of

[मिरान्दा—फिर जिस से मैं हँसती हूं उसी से रोती क्यों हूं ?]

Fer—Wherefore you weep ?

[फर्डिनन्द—तुम क्यो रोती हो ?]

Mira.—At my unworthiness, that dare not offer.
What I desire to give. and much less take,
What I shall die to want. But this is trifling ;

And all the more it seeks to hide itself,
The bigger bulk it shows. Hence bashful cunning,
And prompt me, plain and holy innocence !
I am your wife, if you will marry me ,
If not, I'll die your maid to be your fellow
You may deny me , but I'll be your servant,
Whether you will or no.

[मिरान्दा—मैं अपनी हीनता और दीनता पर रोती हूं। मै तुम्हे जो दूंगी उसे तुम स्वीकार करोगे, इसकी मुझे आशा नहीं है। और जिसके न पाने से मैं मरी सी जाती हूं, वह अपना आप तुम मुझे दोगे, इस की भी मैं आशा नहीं रखती। इसी से रोती हूं। किन्तु इन वेकार बातों को जाने दो। मैं जिसे छिपाना चाहती हूं वह बाहर निकल पड़ता है। मैं लज्जा और चातुरी को धो बहा कर, साफ साफ कहती हूं कि, यदि आप मुझ से व्याह कर लेंगे तो मै आप की स्त्री हो कर रहूंगी। यदि नहीं तो आजीवन कुमारी ही रह जाऊंगी। मै आप की सहधर्मिणी होऊंगी यदि आप इसे अस्वीकार करेंगे तो दासी बनूंगी। इसे आप माने चाहे न मानें।]

Fer.—My mistress, dearest,
And I thus humble ever

[फर्डिनन्द—तुम मेरे प्राणो से प्यारी हो। क्या मै तुम्हारे योग्य हूं ?]

Mira —My husband then ?

[मिरान्दा—तब तो तुम मेरे प्राणनाथ स्वामी हो ?]

ऐसी चातुरी भरी मोहिनी बाते मिरान्दा ने कहाँ से सीखी ? उसने क्या यह नही कहा था कि मैने अब तक मनुष्य का मुँह नही देखा है ? क्या वह तीन वर्ष ही की उम्र में निर्जन द्वीप में नही लाई गई थी ? वहाँ उसने बारह वर्ष तक पिता को छोड़ कर और किसी का मुख नही देखा था। फिर उस वनवासिनी युवती मे ऐसी वाग्रचना-चातुरी कहाँ से आई ? शकुन्तला के आश्रम मे तो एक प्रकार जन-समाज का होना भी कहा जा सकता है। वहाँ ऋषि के चेले थे, गौतमी थी, अनुसूया और प्रियम्बदा दो सखियाँ भी थीं। फिर ऋषियों के आश्रम में पहले कौन नही जाता था ? इतना होने पर भी शकुन्तला के मुख से ऐसी कौशल भरी बातें नहीं निकली थीं। उस शकुन्तला को इतना भी साहस नहीं हो सका था कि वह स्वयं पहले, विवाह का प्रसंग छेड़ती। दुष्यन्त ने ही पहले विवाह का प्रसंग उठाया था। प्रसंग आने पर भी शकुन्तला ने इतने कौशल से आत्म-प्रकाश नहीं किया था। शकुन्तला बराबर लज्जा से सिर झुका कर खड़ी रही। मानवप्रकृति सर्वत्र ही समान होती है। मिरान्दा पाश्चात्य जन-समाज में तो शिक्षित हुई नहीं थी कि, उस समाज के रँग-ढंग की एकदम नकल करती; या उस समाज में रहने वाली तरुणी कुमारी के समान बोलने चालने में होशियार हो जाती। मालूम होता है, जैसे स्वभावत: शेक्सपियर ने जूलियट, रोसेलिण्ड, बिएट्रिस, आइमोजिन, डेस्डिमोना, हर्मिया आदि चतुर युवतियों में जो भाव दिखलाया था वही मिरान्दा मे भी दिखलाने में वे संकुचित नहीं हुए। शकुन्तला की व्यवहारोचित सरलता, लज्जाशीलता तथा स्वाभाविक और यौवन-सुलभ प्रेम-परिचयका चित्र क्या शेक्सपियर के पाश्चात्य समाज में ढूँढ़ने से कहीं मिल सकता है ? उसकी कल्पना करना भी

सहज नहीं है। मानवप्रकृति का यह सौन्दर्य केवल आर्य-साहित्य मे ही दिखलाई पड़ता है।

मिरान्दा की सरलता में साहस मिला हुआ है। लज्जा किसे कहते हैं, लज्जा का व्यवहार कैसा होता है, यह मिरान्दा ने कभी नहीं जाना था। उसके जी मे जो आता वही वह कह डालती। मन के वेग को वह छिपा नहीं सकती थी। उसकी इसी सरलता में मन का भाव दर्पण की तरह प्रकाशित हो जाता है। यदि ऐसी बात हो तो, फर्डिनन्द के साथ मिरान्दा का ऐसा संलाप अवश्य सरल और स्वाभाविक कहा जा सकता है। हृदय के आवेग मे जो निकलता है, वह अवश्य अकृत्रिम और सरल भाषा में होता है, इसमें कुछ सन्देह नहीं। यदि मिरान्दा का वार्तालाप स्वाभाविक माना जाय तो विचार करना होगा कि, यह कहां तक सम्भव हो सकता है। मिरान्दा के मुख से प्रेम की ऐसी बातें अपने विवाह के लिये इतनी अधीरता और मन के आवेग को इस प्रकार प्रकट करना, जनसमाज से बहुत दूर रहने वाली एक सरला युवती के चरित्र मे कैसे संगत हो सकता है? उसने कहा था—

"Hence bashful cunning"

इस प्रकार की 'सलज्ज चातुरी' उसे कैसे ज्ञात हुई? सलज्ज चातुरी अलग कर उसने फिर कहा था—

"And prompt me plain and holy innocence"

(आप ही मुझे पवित्र साधुता का उपदेश दीजिए।)

उसने चातुरी और सरलता का भेद कहां से सीखा? उस सरलता की पवित्रता उसने कैसे जानी?

देखिए, वह फर्डिनन्द से क्या कहती है—

"I am your wife, if you marry me. If not,

I'll die your maid to be your fellow. You may deny me; I'll be your servant, whether you will or no."

(यदि आप मुझ से व्याह कर लेंगे तो मैं आप की स्त्री होकर रहूँगी। यदि नहीं तो, आजीवन कुमारी ही रह जाऊँगी। मैं आप की सहधर्मिणी होऊंगी। यदि आप इसे वीकार करगे तो दासी बनूगी। इसे आप मानें चाहे न मानें।)

स्वाभाविक हृदयावेग को प्रकट करने में मिरान्दा की इतनी चतुरता उसकी सी निर्जन बन में रहने वाली सरला ललना को शोभा नहीं देती। ऐसा सम्भव भी प्रतीत नहीं होता। इस संलाप में उसका यौवन सुलभ हृदयावेग और इन्द्रिय-लालसा स्पष्टतः प्रकट होती है। मिरान्दा विवाह के लिये उतनी ही अधीर है, जितना कि फर्डिनन्द। शूर्पणखा की अधीरता और आग्रह से मिरान्दा में क्या फर्क पड़ता है? शेक्सपियर में यौवन की उन्मत्तता और अधीरता के ऐसे ही चित्र हैं। मिरान्दा इन्द्रिय-लालसा की प्रबलता और अधीरता का खासा नमूना है।

कवि सम्राट् रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने भी ठीक ही कहा है कि—"शकुन्तला की सरलता स्वाभाविक है और मिरान्दा की अस्वाभाविक। दोनोंका भिन्न भिन्न दशा में पाला जाना ही इस विभिन्नता का कारण है। शकुन्तला का भोलापन मिरान्दा की तरह अज्ञानता से ढका न था। शकुन्तला की दोनों सखियोंने उसे यह बतला दिया था कि वह यौवन-विकास की प्रथम अवस्था में थी। वह लज्जा की शिक्षा भी पा चुकी थी। परन्तु ये सब केवल बाहरी आभूषण हैं। उसका भोलापन और शुद्धाचार एक दम हृद्गत है। कवि ने उसे सांसारिक व्यवहार से बिलकुल अनजान बताया है। परन्तु वह सांसारिक व्यवहार से

कुछ कुछ परिचित जरूर थी। क्योंकि सांसारिक समाज से उसका आश्रम एकदम बाहर न था। वहां भी सामाजिक नियमोंका पालन होता था। पर शकुन्तला को उन नियमों का पूरा पूरा ज्ञान न था। उसमें विश्वास परायणता की मात्रा बहुत अधिक थी। वही उसके अधःपतन का कारण हुई और उसीने उसको उद्धार का रास्ता भी बताया। विश्वासघात के समय उसी विश्वास-परायणता से उसमें क्षमा, दया, धैर्य्य आदि समयोचित गुणों का विकास हुआ। मिरान्दा के भोलेपन की ऐसी कठिन परीक्षा कभी नहीं हुई। वह इस तरह की कसौटी पर कभी नहीं कसी गई थी।

शकुन्तला और डेस्डिमोना।

शकुन्तलाके साथ मिरान्दा की हम तुलना कर चुके हैं। उस में आपने देखा कि शकुन्तला की बराबरी मिरान्दा नहीं कर सकती। किन्तु मिरान्दा के साथ शकुन्तला की तुलना करने से शकुन्तला के चरित का एक भाग समझ में आ जाता है। शकुन्तला के चरित का दूसरा भाग समझने के लिये डेस्डिमोना के साथ उसकी तुलना करनी पड़ती है।

शकुन्तला और डेस्डिमोना की परस्पर तुलना हो सकती है और नहीं भी हो सकती। दोनों में समता है, क्योंकि दोनों ने अपने वृद्धजनों की अनुमति लिये बिना ही अपना प्रेम समर्पण कर दिया था। गौतमी ने शकुन्तला के विषय में जो कुछ दुष्यन्त से कहा था, वही डेस्डिमोना के संबंध में ओथेलो से भी कहा जा सकता है। गौतमीने दुष्यन्त से क्या कहा था सो भी देखिए:—

णावेक्खिदो गुरुअणो इमिए, तुएविणा पुच्छिदो बन्धू।
एक्कक्स्य अ चीरए कि भणादु एक्क एकस्मि॥

[आपस में तुम दोनो ने व्याह कर लिया, न तुमने अपने भाई-बन्धु से पूछा, न इसने अपने बड़े बूढ़ों से, अब आपस में तुम्हीं लोग समझो।]

दूसरे दोनों में यह भी समता पाई जाती है कि, दोनो ने वीर पुरुष ही को आत्मसमर्पण किए थे। दोनों जनीने दुरारोहिणी आशालता का अवलम्बन किया था। वीरत्वका प्रभाव जितना डेस्डिमोना पर पड़ा था उतना शकुन्तला पर नहीं।

ओथेलो काला और हबशी है। उसका रूप इटाली की लड़कियों को मोहित नहीं कर सकता, किन्तु नारियोंमे रूप के बनिस्बत वीरत्व का मोह अधिक होता है। व्यास की पाञ्चाली ने अर्जुन को ही अधिक प्रेम किया। वह उसके वीरता की कायल थी। इसी कारण उसके स्वर्ग का द्वार बन्द हो गया था, इस की उस ने जरा भी परवाह न की। व्यास जी इस वीरत्व के तत्त्व को जानते थे। शेक्सपियर ने भी इस तत्त्वको प्रकाशित किया है।

दोनों की दुरारोहिणी अशालताएँ अन्त मे टूट गई है। दोनो अपने स्वामियों से विसर्जित हुई हैं। संसार अनादर और जुलम से भरा है। अकसर यह देखा गया है कि संसार में प्रायः जो आदर के योग्य होते है उन्हीं को अनादर और जुल्म की पीड़ा सहनी पड़ती है। इसमे उनका कोई विशेष नुकसान नहीं होता, क्योंकि मनुष्य प्रकृति मे जो ऊंचे प्रकार की मनोवृत्ति है, वह ऐसी ही अवस्था मे भलीभांति विकसित होती है। अदृष्ट दोष से अथवा गुण से डेस्डिमोना मे इस मनोवृत्ति का विकास हो गया था और यही बात शकुन्तला मे भी पाई जाती है। इस कारण से भी दोनो का चरित तुलनीय हो सकता है।

दोनो परम स्नेह वाली है, दोनो सती हैं। जैसी स्नेहशालिनी और सती डेस्डिमोना है, वैसी ही शकुन्तला भी है। आजकल राम, शंकर, माधव आदि नाटक और उपन्यास लिखा करते हैं। उनकी नायिकाएँ मात्र स्नेहशालिनी सतियां हुआ करती हैं। इन सतियों के पास एक पालतु बिल्ली रहा करती है। जब यह बिल्ली उनके पास आती है, तब वे अपने स्वामियो को भूल जाती हैं। पतिचिन्ता मे निमग्न शकुन्तला दुर्वासा के भयंकर "अयमहं च" को नहीं सुनती। सभी सती है, असती कोई नहीं है। परंतु डेस्डिमोना के दृढ़ विश्वास को कौन समझ सकता है? मार

में, जुलुम में, त्याग मे और कलंक में, जो स्वामी पर की भक्ति अविचल रहे और इसी का नाम सतीत्व हो तो, डेस्डिमोना शकुन्तला से कहीं बढ़ कर निकले। शकुन्तला ने दुष्यन्त से बार बार पूर्व वृत्तान्त कह कर कण्वाश्रम की बात याद दिलाने की चेष्टाएँ की; पर सब व्यर्थ हुईं। इस समय तक भी शकुन्तला ने धैर्य धारण किया रहा, अपनी रौद्र मूर्ति नहीं धारण की थी। अन्त में जब राजा ने सम्पूर्ण स्त्री जाति के ऊपर चातुरी का अपवाद लगाया, तब शकुन्तला का गर्व चोट खा कर जाग उठा। उसने रोष के साथ कहा ही तो:—

"अणज्ज! अत्तणो हि अ आणुमाणेण किल सव्वं पेक्खसि। कोणाम अण्णो धम्मकंचु अव्यवदेसिणोतिणच्छण्ण कूवोवमस्स तुह अणुआरी भविस्सदि।"

[हे अनार्य! तुम अपने हृदय के अनुरूप ही सब को देखते हो? तुम धर्म कंचुक धारी तृण से ढके हुए कूप के समान हो। तुम्हारे समान और कौन होगा?]

प्रतारित नारी की समस्त लज्जा, रोष और घृणा शकुन्तला के हृदय में प्रज्वलित हो उठी। उसका क्रोध से लाल मुखमण्डल देख कर, दुष्यन्त तक स्तंभित हो उठे। साध्वी शकुन्तला ने क्रोध से काँपते हुए स्वर से कहा—

"तुम्हेज्जेव पमाणं जानध धम्मत्थिदिञ्च लोअस्स।
लज्जाविणिज्जिदाओ जाणन्ति ण किम्पि महिलाओ॥
सुठ दाव अत्तच्छन्दानुचारिणी गणिआ समुवट्ठिदा॥"

[राजन्, तुम ने जो मेरा पाणिग्रहण किया है, उसका साक्षी धर्म के सिवाय और कोई नहीं है। कुललनाएँ क्या कभी इस तरह निर्लज्ज होकर परपुरुष की आकांक्षा किया करती हैं?।

क्या तुम यह समझते हो कि मैं स्वेच्छाचारिणी गणिका की तरह तुम्हारे निकट उपस्थित हुई हूं ?]

ऐसा गुस्सा, ऐसा स्वाभिमान और ऐसी बुद्धि डेस्डिमोना में नहीं मिलेगी। ओथेलोने जब डेस्डिमोना को सब के सामने पाद्य पूजा करके बाहर हांक दिया था, उस समय भी वह कुछ नहीं बोली थी, सिर्फ, "अब मै आप के सामने खड़ी रह कर आप को कष्ट न दूंगी" यह कह कर वह जाही रही थी कि, ओथेलोने उसको फिर बुलाया तब भी "प्रभु" कह के चुपचाप उसके सामने खड़ी रही। ओथेलोने गुस्से मे आकर उसको कुलटा तक कह दिया। "What, not a whore ?"(क्या तू वेश्या नहीं है ?)

इस अपमान को भी वह पी गई और उत्तर में सिर्फ यही कहा,—

"No, as I shall be saved. O, Heaven forgive us !"

(मै निरपराधिनी हूं, ईश्वर इस का साक्षी है ।") इसके अतिरिक्त उसने और कुछ भी नहीं कहा। फिर, पति के स्नेह से वंचित होकर वह इयागो की तरफ इशारा करके बोली—

"O good Iago,
What shall I do to win my lord again ?
Good friend, go to him, for, by this light of heaven,
I know not how I lost him."

[ओ इयागो, बताओ मैं किस तरह अपने प्राणपति को प्रसन्न करूँ ? जाओ, उनसे पूछो। मै ईश्वर की शपथ खा कर कहती हूं कि मैं नहीं जानती किस कारण से उन्होंने मेरा त्याग किया है।]

इतना ही नहीं। रात्रि में सूती हुई सुन्दरी के संमुख जब वह विकराल राक्षस की तरह आकर खड़ा हुआ और बोला—

"Thou art to die."

(तेरा अन्त आ गया।)

फिर भी डेस्डिमोना को गुस्सा नहीं आया, अभिमान नहीं हुआ, अविनय अथवा स्नेह ने नहीं घेरा। इतने पर भी डेस्डिमोना के मुख से केवल ये ही शब्द निकले—

"Thou, lord, have mercy on me !"

(हे, दीनानाथ, मेरे पर दया करो।)

जब, वह मरने के भय से बहुत डर गई, तब उसने केवल एक दिन की भिक्षा मांगी—

"Kill me to-morrow, let me live to-night."

(आज रात भर मुझे छोड़ दीजिए, कल मेरा प्राण लीजिएगा।)

उस मूर्ख ने इतना भी नहीं माना। डेस्डिमोना ने अब भी गुस्सा, अभिमान, अविनय तथा अस्नेह नहीं दिखाया।

उसके अन्तकाल के समय जब इमिलिया ने उसको मुमुषु देखकर पूछा—

"O, Who hath done this deed ?"

(यह काम किसने किया ?)

पाठक, सुनिए, डेस्डिमोना क्या उत्तर देती है।

"Nobody I myself ; farewell :
Commend me to my kind lord; O, farewell "

(किसी ने नहीं, मैं ने स्वयं किया है। अब मैं बिदा होती हूं, मेरे प्राणनाथ को मेरे प्रणाम कहना, मैं जाती हूँ।)

डेस्डिमोना ने प्राण तक दे दिए, लेकिन मरते दम तक उसने

अपने मुंह से यह नहीं कहा कि मेरे स्वामी ने विना अपराध ही मुझे मार डाला है।

इसी कारण कहा गया है कि शकुन्तला की तुलना डेस्डिमोना के साथ हो सकती है और नहीं भी हो सकती। सब वस्तुओं में शकुन्तला की तुलना डेस्डिमोना के साथ नहीं हो सकती, क्योंकि शेक्सपियर का 'ओथेलो' नाटक सागर की तरह है और कालिदास का 'अभिज्ञान-शकुन्तला' नाटक नन्दन कानन की तरह। कानन में सागर की समता नहीं मिल सकती। जो सुन्दर है, जो सुदृश्य है, जो सुगंध वाला है, जो मधुर है, जो मनोहर है, और जो सुखकर है, वही इस नन्दन कानन में पद पद पर मिलता है, और जो गंभीर, दुस्तर, चंचल और भीमनादी है वही इस सागर में है। शेक्सपियर का यह अनुपम नाटक सागरवत् है। हृदयोद्धत विलोल-तरंग-माला में, मूक राग, द्वेष, ईर्ष्यादि, तूफान से घिरा हुआ है। ऐसा प्रबल वेग, दूरंत कोलाहल, उछलती हुई लहरें, मधुर नीलिमा, ज्योति, छाया, रत्न आदि साहित्य संसार में दुर्लभ है।

इन परस्पर विरोधी गुणों के कारण ही कहा जाता है कि कहाँ शकुन्तला और कहाँ डेस्डिमोना! दोनों की तुलना कैसे हो सकती है। शकुन्तला के दुःख के विस्तार को, उसकी गति और उसके वेग को कोई देख नहीं सकता, जब कि डेस्डिमोना के दुःख का विस्तार, उसकी गति और उसकी नम्रता किसी से छिपी नहीं है। शकुन्तला चित्रकार का चित्र है और डेस्डिमोना मूर्तिकार की सजीव मूर्ति। शकुन्तला तपस्विनी होकर भी गृहस्थ है, ऋषि कन्या होकर भी प्रेमिका है; शान्ति की गोद में लालन पालन होने पर भी उसकी मति चपल है; किन्तु डेस्डिमोना आत्मचिन्ता शून्य है।

प्रियंवदा और इमिलिया

उस प्रमोदवन मे वनलता पूर्ण प्रीति से नवमल्लिका को आलिगन करती है, उस मानसरोवर मे कनकमृणाल सरोजनी को अपने हृदय मे धारण कर तरंग मे हिलोरे खा रहा है, उस कुसुम-कानन मे असृत किशलय छिन्नवृत पुष्प को छाती पर रख अवनी के अक से खिसक पड़ता है। पाठक, काव्यजगत मे, भी ठीक ऐसी ही एक वनलता है, ऐसा ही एक कनकमृणाल है, ऐसा ही सुन्दर एक दूसरा किशलय है। क्यो, याद आया ? लीजिए हमी बना देते है, अभिज्ञान शकुन्तला की प्रियंवदा और ओथेलो की इमिलिया।

इन दोनों चरित्रो का प्रगति गत सौन्दर्य एक ही प्रकार का है और एक ही उपादान से बना है। यदि भारतवर्ष का कवि 'ओथेलो' लिखता तो वह प्रियंवदा का स्थान इमिलिया को देता, यदि इंगलड का कवि तपोवन का चित्र खीचता तो उनके गाऊन इगल-शोभित इमिलिया का स्थान प्रियंवदा को मिलता। इन दोनों चरित्रो के पृथक्करण से यह पता लगता है कि मानव हृदय सब काल मे और सब स्थानो मे एक ही सा है। सैकड़ों वर्ष बाद, सैकड़ो कोस की दूरी पर, तुषार, शुभ्रसागर के पास बैठ के मांसा-हारी चित्रकार ने जिस चित्र को तैयार किया है, ठीक वैसा ही चित्र सैकड़ो वर्ष पूर्व कानन-प्रदेश-वासी, तंडुल-भोजी चित्रकार की कलम से तैयार भया हुआ देख आश्चर्य होता है। दोनों चरित्रों का तारतम्य करने से, कदाचित् यह जान पड़ेगा कि, काननवासी कवि

के चित्र के करने तुषारमय-देश के कवि के चित्र का रंग कुछ उज्ज्वल है, केश कुछ अधिक भूरे हैं, और कटाक्ष कुछ अधिक चंचल है। दूसरे, एक का रंगस्थल तरंग-युक्त-सागर का किनारा है, जब कि दूसरे की अभिनयभूमि मन्दार-पुष्प-शोभित प्रमोद-वन है। किन्तु दोनों एक ही प्रकार से खड़ी हैं, एक ही प्रकार की बातचीत करती हैं, दोनों के मुखमण्डल पर एक ही प्रकार की चित्तवृत्ति नज़र आती है। कदाचित् यह भी नज़र आ जाय, कि अँग्रेज स्त्री भारत-वर्ष में आके कुछ लज्जाशील हो गई हो। किन्तु वह रमणीय हृदय वैसा ही है। उसकी भाषा, उसका भाव भी ज्यों का त्यों है। कदाचित् यह मालूम पड़े कि, बन्दर के गुलाब अपने देश की भूमि में फूले हैं; किन्तु आकार में उससे कुछ छोटे हो गए हैं और कुछ लजाई लिये हुए हैं। परन्तु उनकी पंखुड़ी, सुगंध और उज्ज्वलता ज्यों कि त्यों है।

प्रियंवदा और इमिलिया नारी-हृदय के पूर्ण-सहानुभूति के सुन्दर चित्र हैं। इस वैषम्य पूर्ण जगत में, मनुष्य हृदय का सुरा-कामना रहित निस्स्वार्थ प्रेम है। उस निस्स्वार्थ प्रेम की ये दोनों जीती जागती मूर्तियां हैं। अभिज्ञाना-शकुन्तल में दुष्यन्त के प्रेम में आत्माभिमान है, स्वार्थपरता है, मति-भ्रम है, किन्तु प्रियंवदा के प्रीतिपूर्ण, सहानुभूतिमय प्रेम में आत्माभिमान लेशमात्र भी नहीं है, स्वार्थपरता का स्पर्श भी नहीं है, और न मति-भ्रम की संभावना ही है। ओथेलो का प्रेम सन्देह से पूर्ण है, ईर्ष्यानल में सन्तप्त है; किन्तु इमिलिया का प्रेम पवित्र है, स्निग्ध और कलंक-शून्य है। ओथेलो ने पापात्मा इयागो की जाल में फंसने के पूर्व ही कहा था कि—

"My soul hath her content so absolute
That not another comfort like this

Succeed in unknown fate."

[मेरी आत्मा इससे पूर्णरूपेण संतुष्ट है। मै नहीं समझता कि इससे भी बढ़ कर कोई आनन्द होगा।]

और देखिए, इमिलिया अपनी प्राणप्यारी सखी के लिये सौगन्द खा के कहती है —

"If she not be honest, chaste, and true
There is no man happy . the purest of their wives
Is foul as slander."

[अगर ऐसी स्त्री को ईमान्दार, सती और सच्ची नहीं कहेंगे तो फिर मै समझती हूं कि संसार में कोई पुरुष भी सुखी नहीं है और उसकी सती कहलाने वाली स्त्री भी बदजात की तरह खराब है।]

प्राच्य कवि की रंगभूमि मे देखा जाता है कि शकुन्तला पानी छिड़कने का घड़ा हाथ में ले कर छोटे छोटे पौधों मे पानी सींचने के लिये दौड़ी और प्रियंवदा भी अनुरागवश उसके पीछे पीछे दौड़ी। प्रियंवदा पुष्प की बेल को चाहती थी, क्योकि शकुन्तला उसको चाहती थी। इसी कारण प्रियंवदा को कुसुम-कानन मे पानी सींचने मे आनन्द मिलता है। शकुन्तला के सुख के लिये वह नव-मालिकाओ को प्राणो से भी अधिक चाहती है। शकुन्तला भी प्रियंवदा को बहिन कह के बुलाती है। प्रियंवदा सदा शकुन्तला का मुख देखा ही करती है। शकुन्तला की चेष्टा ही से वह समझ जाती है कि वह क्या कहना चाहती है। शकुन्तला माधवी-लता को असमय ही मूल से लेकर चोटी तक मुकुल फूलों से शोभित देख कर कहती है

"असमये खलु एषा आमूलात् मुकुलिता माधवी लता? + + + सत्यं किं न प्रत्येये?"

प्रियंवदा ने उस के हर्षोत्फुल मुखमण्डल से उसके मन की बात जान ली और बोली "आसन्न पाणि ग्रहणासि त्वम ।"

प्रियंवदा का प्राण शकुन्तला के प्राणों में मिला हुआ है। प्रेमी के प्रथम ही दर्शन में प्रेम-मुग्धा शकुन्तला जो बात पूछना चाहती थी, पर लज्जावश उसको न पूछ सकती थी और उसको छिपाने की कोशिश करती थी, किन्तु प्रियंवदा के सामने वह कैसे छिप सकती थी। प्रियंवदा ने ठीक मौके से ही बात पूछी, जिस पर शकुन्तला सविस्मय और सहर्ष बोल उठी—

"हि अप्रमा उत्तम्म. एसा तुए चिंतिदं प्रियंवदा मन्तेपि"

अब शेक्सपियर की तरफ चलिए। वहां नज़र आता है कि ओथेलो के पवित्र प्रेम का उज्ज्वल प्रकाश एक दम प्रचण्डरूप से धधक उठा। बालिका डेस्डिमोना का कोमल प्राण, एक दम, पापात्मा इयागो के दुरभि संधि स्रोत में निमज्जित होता है। इस समय उस बालिका का एकमात्र सहाय उसकी ममतामयी प्राण सखी है। बालिका ने जिस के लिये, पिता के स्नेह को छोड़ा सगे सम्बंधियों को छोड़ा, वही आज उसके प्राण लेने के लिये दृढ़ प्रतिज्ञ हुआ है। इस समय उसके आपत्तिसागर में उसका एकमात्र अवलंब उसकी सखी इमिलिया है। डेस्डिमोना के लिये इमिलिया मृत्यु का सामना करने को भी तैयार है। वह इयागो के त्योरी की परवाह नहीं करती। ओथेलो की तलवार का उसको भय नहीं लगता। अम्लानमुख से इयागो की तलवार को छाती पर धारण कर के उस ने ओथेलो से कहा—

"Nay, lay thee down, and roar,
For thou hast killed the sweetest innocent.
That e'er did lift up eye."

[तू भी यहां लेटा रह और चिल्लाया कर, क्योंकि तू ने

संसार की एक पवित्रआत्मा का वध किया है।]

शकुन्तला, अप्सरा सम्भूता, कुलपति कण्व की पालिता कन्या है; प्रियंवदा एक अज्ञात कुल-शीला तपस्वि-कन्या है। दोनों में बड़ा अन्तर है। शकुन्तला की तरह प्रियंवदा का मुखमण्डल उस भुवन के मोहनरूप के प्रकाश से विभासित नहीं है। वह उस की एक सामान्य सखी मात्र है। डेस्डिमोना भी वीर केशरी ओथेलो की धर्मपत्नि है। इमिलिया डेस्डिमोना की तरह नहीं है। जैसी सरलता डेस्डिमोना में है, वैसी इमिलिया में नहीं है। वह पतिव्रता नहीं है। इमिलिया के मुख से यह सुन कर डेस्डिमोना को आश्चर्य होता है —

"Who would not make her husband
A cuckold, to make him a monarch?
I should venture purgatory for it'

[भला कौन ऐसी स्त्री होगी, जो अपने पति को राजा बनाने के लिये उस को धोखा न दे सकेगी ? और उसके लिये फिर प्रायश्चित्त कर डाले।]

यह अपूर्व सहानुभूति का आश्रय स्थान, कवि की कैसी सुन्दर सृष्टि है। जिस अनुपम सौन्दर्य के चरण-रज में वीर ओथेलो पड़ा था, जिस के भुवन मोहनी-रूप ने दुष्यन्त को उन्मत्त बना दिया था, जिस अनुपम लावण्य ने इयागो के हृदय में प्रचंड आग धधका दी थी। वही इमिलिया और प्रियंवदा के हृदय की सुन्दरता सरलता मे लावण्य पूर्ण गौरव प्रतिबिंबित होता है। जिस सौन्दर्य को देखने से हृदय मोहित हो जाता है। उसी सौन्दर्य से ये दोनो रात-दिन स्फूर्ति प्राप्त करती हैं। और उसी में विलीन रहती हैं। सन्ध्या के ताराओं का प्रकाश पूर्णेन्दु ही के कारण होता है। यदि यह अतुल सौन्दर्य न होता तो संसार इन को अंधकारमय स्मशान

की तरह मालूम पड़ता। इन के लिये इस सौन्दर्य से विच्छिन्न होना और देह त्यागना दोनों बराबर है। शकुन्तला और डेस्डिमोना से साथ प्रियंवदा और इमिलिया का वही संबंध है जो जीव और वायु का संबंध है। शकुन्तला जब पति के यहां जाती है तब प्रियंवदा ने आनन्द और विषाद से क्या पूछा है—

"अत्तं जणो दाणि कम्म हत्थे समधि दो"

[हमें किसके हाथ सौंपती हो।]

इसी प्रकार इमिलिया ने भी आम्लानवदन से डेस्डिमोना के लिये प्राण विसर्जन कर दिया और मृत्यु देह को आलिंगन करके बोली –

"Hark, canst thou hear me? I will play the swan.

And die in music."

कण्व मुनि और प्रस्पेरो।

काव्य-जगत मे यदि आप सूर्य और चन्द्र को देखना चाहते है, तो "शकुन्तला" के कण्व मुनि और "टेम्पेस्ट" के प्रस्पेरो का ध्यान कीजिए। कालिदास के कण्व मुनि का चरित मनुष्य के हृदय के महत्व का सौन्दर्यमय चित्र, काव्य-जगत मे अतुलनीय है, यदि इसकी थोड़ी बहुत तुलना किसी से हा सकती है, तो केवल शेक्सपियर के प्रस्पेरो के साथ ही हो सकती है। एक की ज्योति बालार्क के किरणो की तरह उज्ज्वल और तेज-पूर्ण है, जिनके देखते ही आंख चकाचौंध हो जाती है, तो दूसरे का प्रकाश शरद्-पूर्णिमा के सुधांशु की तरह कोमल, शीतल तथा उज्ज्वल है। दोनों अनन्त प्रेम की शिक्षा देते हैं।

कालिदास ने "शकुन्तला" मे कण्व मुनि की भेंट कराने के पूर्व अनेक चित्र अंकित किए हैं, मानो उस अतुल, गौरान्वित, तेजपुञ्ज मूर्ति के दर्शन के लिये ये सब तैयारियां की हों। अथवा हम लोगों का नन्हा सा हृदय एक दम इतना अधिक सौन्दर्य, इतना बड़ा महत्व धारण नहीं कर सकेगा, इसीसे धीरे धीरे इस ज्योतिर्मय चित्र की अवतारणा की हो। जैसे, अरुणोदय के पूर्व उषा-काल के मधुर हास्य से वसुमती प्रदीप्त होती है, मृदु-समीर तपन के आविर्भाव की घोषणा करता है, प्रफुल्ल-वदन, उषा-कुसुम खिलते हैं, उसी प्रकार अभिज्ञान-शाकुन्तल के पहिले अंक में कण्व मुनि के दर्शन तो नहीं होते, किन्तु उनके पवित्र प्रकाश की उज्ज्वल-ज्योति में वह तपोवन सुख, आनन्द और शान्तिमय

नजर आता है। कण्व मुनि बहुत दूर थे, तथापि उनका उज्ज्वल प्रकाश हृदय को स्पर्श करता था। यहाँ तक कि ससागरा पृथ्वी-पति दुष्यन्त, कुलपति कण्व के एक सामान्य शिष्य के दर्शन से आनन्दित और रोमाञ्चित हो उठा था। जिसके एक सामान्य शिष्य का इतना तेज और इतना गौरव है, तो स्वयं कण्व मुनि कितने उच्च और कितने महान होंगे। जिसने वीर-दर्प में निखिल-भुवन में आधिपत्य प्राप्त किया है, त्रिदिव-वासी देवता, समर-भूमि में, जिसके सहायता की भिक्षा मांगते हैं, ऐसा वीर नरपति दुष्यन्त आज इस महायोगी के योगबल-शासित-राज्य में प्रवेश करने में संकुचित होता है। किसी के बताए बिना ही, दूरसे देख कर ही वह समझ गया कि यह महायोगी का राज्य है। वह अपने साथी से बोला, "देखते नहीं कि सामने महामुनि का तपोवन है।"

नीवारा शुककोटरार्भक मुखभ्रष्टास्तरूणामधः
प्रस्निग्धाः क्वचिदिंगुदीफलभिदः सूच्यन्तएवोपलाः।
विश्वासोपगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगाः
तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखा निष्यन्दरेखाङ्किताः॥

[तोतो की कोटरों से गिर-गिर कर सामक मकड़े की जाल वृक्षों के नीचे पड़ी है। जहां तहां हल्दी कूटने की चिकनी शिल रक्खी हैं। हरिन मनुष्यों से ऐसे हिल रहे हैं कि हमारा आहट पाकर कुछ भी नहीं चौंकते। पगडण्डियों पर, नदी तक, गीले कपड़े से बूँदे टपक टपक कर कैसी लकीर बन गई है।]

यह सब देख कर दुष्यन्त की आँखे विमोहित हो गईं। वह रथ पर से उतर पड़ा और अपने सारथी से बोला "हे सारथी, यह लो मेरा राजवेश और धनुष-बाण तपोवन में विनीत-वेश से जाना चाहिए।" आज कुल-प्रदीप दुष्यन्त का सब राज्य-गौरव

महायोगी के महान प्रभाव के आगे विलीन हो गया। नए नए सौन्दर्य के बाद सौन्दर्य देखते हुए, उसने आश्रम के मध्य भाग में प्रवेश किया। वहाँ उसने क्या देखा ? वहाँ उसने वही देखा जिसका उसको स्वप्न में भी ध्यान न था, जिसको उसने अपने असीम राज्य में कभी नहीं देखा था, वहाँ उसने पवित्रता का निकेतन सरलता की जीवित प्रतिमा, अनाघ्राण पुष्प के जैसी, अनास्वादित-रस के जैसा, अखंड-पुण्य-फल के जैसी सुन्दर, सुकुमार, पवित्रतामय रूपराशि देखा। अहा, कैसा प्रेममय, और शान्तिमय राज्य है। देखिए, महाकवि ने अभी भी कण्व मुनि को रंगभूमि में उपस्थित नहीं किया, किन्तु पाठक, उनके दर्शन न होने पर भी उनके महत्व के कारण, उनके पवित्रतामय सौन्दर्य पर मुग्ध हो गए। यद्यपि वे सुदूर सोमतीर्थ में निवास करते हैं, तथापि उषाकाल के मधुर सुमंद प्रकाश की तरह उनकी तेजराशि हृदय को आनन्दित करती है। मधुरता का ऐसा दृश्य, सौन्दर्य का ऐसा चित्र और कहाँ नज़र आवेगा ? उत्ताल-तरंग-समाकुल, असीम-सागर में जन-शून्य-द्वीप की सैर कीजिए, वहाँ आपको ऐसा सुन्दर चित्र नजर आवेगा। वह चित्र अनेक अंशों में तथा रीतिभांति में इस से भिन्न हैं, किन्तु सौन्दर्य में इससे मिलता जुलता ही है।

सागर की रेती पर बैठके एक महापुरुष ने समुद्र को उग्ररूप धारण करने की आज्ञा दी। समुद्र ने वैसा ही किया। उसमें भीषण तरंगे उठने लगीं। लहरें देख, देखने वाले के दिल पर लहर सी उठती थी। एक असहाय जहाज इनके फेर में आ ही तो गया। जहाज पर के यात्री प्राण-भय से आर्त्तनाद करने लगे। उनके इस हाहाकार ने इस महापुरुष के पास रहने वाली एक सरला बालिका के हृदय पर असर किया। उसने बड़े कातर-

स्वर से महापुरुष से कहा "हे पिता! मैं आप से विनती करती हूं कि आप समुद्र को शान्ति धारण करने की आज्ञा दें। जहाज के यात्रियों के करुण-जनक आर्त्तनाद से मेरे हृदय में बड़ी व्याकुलता उत्पन्न हो रही है। महापुरुष ने हँसते हुए कहा, "बेटी भय की कोई बात नहीं है, शान्ति धारण करो, किसी का भी कुछ अनिष्ट नहीं होगा।*

वह सरला बाला यह न समझ सकी कि महापुरुष ने किसी उच्च, पवित्र, उद्देश्य साधनार्थ क्षण भर के लिये अमानुषिक योग-बल से इस इन्द्रजाल की सृष्टि की है। पाठक आप पहले दृश्य से ही यह समझ चुके होंगे कि प्रस्पेरो भी कण्व मुनि की तरह बहु-शास्त्र-दीक्षित और महायोग से समर्थ है। कण्व की तरह वह भी सांसारिक प्रलोभनों को तृणवत् समझता है। प्राकृतिक शक्ति उसके लिये बाएं हाथ का खेल है। वह भी हृदयाभ्यस्त है और अनन्त में लीन है। किन्तु कण्व मुनि के सदृश वह दीप्तिमान नहीं है। प्रस्पेरो निर्मल रात के पूर्णचन्द्र की तरह कोमलतापूर्ण, रंगशील, तथा हास्यमय है। प्रस्पेरो को देखने से हम एकाएक उसकी अतुल गरिमा, असीम-शक्ति तथा अनुपम गांभीर्य, हृदय में धारण नहीं कर सकते, किन्तु उसके कौतुक-प्रिय, हास्य-शील मूर्ति पर मोहित हो जाते हैं। गगन-विहारी, किन्नर-कुमार, एरियल (Ariel) और आधा मत्स्य और आधा मनुष्य रूप-धारी कालिबन (Caliban) उसके अवकाश के समय के साथी हैं। रंगभूमि में प्रवेश करने के बाद, प्रस्पेरो नाना प्रकार के हास्यमय कौतुक में प्रवृत्त हुआ। मिरान्दा को शान्त्वना देने

* "Be collected
No more amazement, tell your piteous heart
There's no harm done

के बाद उसने उस पर इन्द्रजाल किया। फिर उसने किन्नर-पुत्र एरियल को शून्यमार्ग से बुलाया और आज के जहाज डूबने के वृत्तान्त को विवृत्त करने की उसको आज्ञा दी। एरियल ने इस आश्चर्य घटना को विवृत करके कहा, "मैंने जहाज के यात्रियों के साथ नाना प्रकार के आश्चर्य-जनक कौतुक किए थे। नाना प्रकार की विपत्तियों की आशंका से, अनेक नवीन घटनाओं से उनको भयभीत, विस्मित तथा व्याकुल किया था, लेकिन आपकी आज्ञानुसार मैंने किसी का अणुमात्र भी अनिष्ट नहीं किया है।

' —Not a hair perished,
On their sustaining garments not a blemish
But fresher than beforo."

प्रस्पेरो ने हंसते हुए कहा "आज तुम को और भी अनेक कौतुक करने पड़ेंगे। यदि आज का सब कार्य पूरा कर लोगे तो मैं तुमको शीघ्र ही दासत्व से छुड़ा दूगां।"

प्रस्परो ने किन्नर को क्या आज्ञा दी?

"Go make thyself like a nymph of the sea
Be subject to no sight but thine and mine, invisible
To every eyeball else; go take this shape
And hither come in it go, hence with diligence

[जाओ, समुद्र की परी का रूप धारण करो। लेकिन, खबरदार, मेरे और तुम्हारे अतिरिक्त उसको कोई देख न सके। जाओ, वही रूप धरके यहां आओ। जाओ शीघ्रता करो।]

विचित्र महापुरुष की विचित्र आज्ञा पालन करने के लिये

किन्नर गगन मार्गसे चला। प्रस्पेरो ने नींद मे सोती हुई बालिका को जगाया और नवीन आमोद में प्रवृत हुआ। सरल-मुग्धा-बालिका के सामने विकटमूर्ति वाले कालिवान को उसने बुलाया और उसपर कल्पित क्रोध करके नाना प्रकार के कौतुक करने मे प्रवृत्त हुआ, किन्तु इससे भी वृद्ध की परितृप्ति नहीं हुई। वृद्ध प्रस्पेरो को नया कौतुक नवीन आनन्द, न मिलने से एक पल भी चैन नहीं पड़ती थी। अलौकिक आध्यात्मिक शक्ति के प्रभाव से उसने नेपल्स के सुन्दर युवराज फर्डिनन्द को सरला, मुग्धा, मिरान्दा के सामने उपस्थित किया। उसको देखते ही वह आश्चर्य सागर मे डूब गया। मिरान्दा ने भी आजतक कालिवान और एरियल के अतिरिक्त और किसी को नहीं देखा था। एकाएक आज उसने अपने सामने एक परम-सुन्दर राजकुमार को देखा। अहा, कैसा सुन्दर रहस्य है? कैसा मनोहर कौतुक है? यह कौतुक महापुरुष प्रस्पेरो के लायक ही है। जिसने मात्र अपने योगबल के प्रभाव से सागर के हृदय में भीम-पराक्रम-तरंगों की सृष्टि की थी, वही, अब एक सरल कुमारी के छोटे से हृदय मे प्रेम की तरंगें कैसी उठती हैं, यह देखने मे प्रवृत्त हुआ है। बालिका ने आश्चर्यित हो के पूछा, "देखिए, पिता जी कैसी सुन्दर देव-मूर्ति है।"

"—What is it? A spirit!
Lord how it looks about! Believe me sir!
It carries a braveform. But it is a spirit."

इस आश्चर्यजनक कौतुक पर मन ही मन हंसते हुए प्रस्पेरो ने कहा, "जो सोचाथा वही हुआ।*

वह रंगीला बुड्ढा उस समय उस विस्मय विमुग्ध बालक-बा-

*It goes on, I see as my soul prompts it."

लिका के दो छोटे हृदय के साथ खेलने में तत्पर हुआ है। बालिका का सुकुमार-हृदय प्रभात प्रसून की तरह कितना सुन्दर है, यह देखने के लिये उसने राजकुमार फर्डिनन्द पर क्रोध किया। अब वह उनके साथ नानाप्रकार के रंग रचने लगा। ममता की मोहिनी तस्वीर, पवित्रा की जीती-जागती मूर्ति मिरान्दा के स्फुटोन्मुख-प्रेम-कली का पूर्ण आघ्रान लेने के लिये वह अपनी भ्रू-भंग करके फर्डिनन्द को नाना प्रकार के भय दिखाते हुए बोला।

"Follow me.—
Speak not you for him; he's a traitor.—Come
I'll manacle thy neck and feet together;
Seawater shalt thou drink; thy food shall be.
The fresh brook muscles, withered root and
husks.'

अर्थात् [मिरान्दा से—वह एक धोकेबाज है, उसकी बात मेरे आगे मत कर। फर्डिनन्द से वह अपने पीछे आने के लिये कहता है और उसको हाथ पैर बांध कर उसे समुद्र में फेक देने का भय दिखाता है। जहां उसको पीने को खारा पानी और खाने को जड़ पत्ते के सिवाय और कुछ भी नहीं मिलेगा।]

युवराज फर्डिनन्द को, मिरान्दा के सामने लकड़ी ढोनेकी आज्ञा देकर, वह छिप कर प्रेम-मुग्ध, सरल युवक और ममतामयी व्यथित-प्राणा युवती के प्राणों का विकास—उसके प्रेमकी स्फूर्ति-देखने लगा। आज इस महापुरुष ने इस रेतीले जन-शून्य-टापू में जिस शीतल, पवित्र आनन्द की सृष्टि की है, क्या वैसा आनन्द, विधाता की असीम सृष्टि में और कहीं नजर आवेगा? आश्चर्य नहीं कि महापुरुष अपनी ही सृष्टि-सौन्दर्य पर मुग्ध होके कह उठे कि:—

"—My rejoicing,

At nothing can be more."

(इसी में मुझे परमसुख है ।)

प्रस्पेरो के कौतुक-मय जीवन का बहुरंगी प्रीतिपूर्ण अभिनय होने लगा। उस जन-शून्य मरुस्थल में कभी वहां के विहारी किन्नरों के ललित तान को वह प्रतिध्वनित करके और कभी विचित्र इन्द्रजाल से नेपल्स के राजा तथा उसके सहचरों को मंत्र मुग्ध बना के वह आनन्द मनाता था। सरला-बालिका मिरान्दा और स्वभाव-सुन्दर युवक फर्डिनन्द की कौतुकमयी परीक्षा लेके उसने दोनों को उनका अपूर्व पूर्वपरिचय देकर उनका विवाह कर दिया। अपने पहले सन्दर्शन में प्रस्पेरो को ऐसा रंगीला, हास्य-शील, पूर्णचन्द्र के जैसा देखते हैं। किन्तु जब उत्तर गीति से देखते हैं और सौन्दर्य उपलब्धि के लिये ध्यानपूर्वक उसका पर्यवेक्षण करते हैं, तब इस महापुरुष के महत् गाम्भीर्य पर मोहित हो जाते हैं। प्रस्पेरो का महिमापूर्ण, गौरान्वित रूप देख के विस्मित हो जाते हैं। उसके प्रत्येक शब्द में शान्तिरस का उच्छ्वास और प्रत्येक अभिनय में उन्नत नीतितत्त्व की अवतारणा देख आश्चर्यित होते हैं। शेक्सपियर के इस नाटक के पढ़ते समय विस्मित हो के हमने देखा था कि महापुरुष प्रस्पेरो ने महामंत्रबल के प्रभाव से जितनी रंगमयी लहरें उत्पन्न की थीं वे सब अन्त में एक एक करके महासमुद्र में विलीन हो गईं। वह महासमुद्र और कुछ नहीं है वरन् अनन्त, असीम, विश्वविकर्ण प्रेम है।

यह दुर्लभ प्रेम-तत्त्व कण्व तथा प्रस्पेरो के चरित्र का जीवन है। कण्वमुनि विषय-वासना-शून्य और संसार-त्यागी सन्यासी हैं। उन्होंने संसारी सुख और इन्द्रिय-लालसा को अपने पैरों के नीचे कुचल डाली है। किन्तु उनका हृदय अनन्त-प्रेम के सागर

मे तैरता है। उनके पुण्य-मय तपोवन मे प्रवेश करने से उस प्रेम का उच्छ्वास देखने को मिलता है, परन्तु अभिज्ञान-शाकुन्तल के चौथे अंक में वह प्रेम हजारों धारा मे प्रवाहित होता है। कुसुम-लता, माधवी वृक्ष, हरिन के बच्चे, जिसको प्राणों से अधिक प्यारे हैं और आदर की वस्तु हैं, सजीव और निर्जीव सभी को जो प्रीतिपूर्ण नेत्रों से निरीक्षण करता है और प्रतिपालन करता है, आज उसी की प्रियतमा, पालिता-कन्या, पवित्रतामयी, शकुन्तला सब को छोड़के, सब को रुला के अपने स्वामी के घर जाती है। कण्वमुनि उस समय क्या कहते हैं, "आज मै निश्चिन्त हुआ, क्योंकि जैसा पति मैंने तेरे लिये अपने मन मे विचारा था, वैसा ही तैंने अपने पुण्य प्रताप से पा लिया।" परन्तु, वास्तव मे, वे आज अश्रुपूर्ण नेत्रो से गद्गद् स्वरसे मन ही मन कह रहे हैं—

यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठतया,
अन्तर्बाष्प भरोपरोधि गदितं, चिन्ता जड़ं दर्शनम्।
वैक्लव्यं मम तावदीदृशमपि स्नेहादरण्यौकसः,
पीड्यन्ते गृहिणः कथं न तनया विश्लेष दुःखैर्नवैः ?

[आज शकुन्तला जायगी, इससे मेरा मन बहुत उदास है। गले से बात नहीं निकलती और आंखों से धुंधला दीखता है, जब मुझ सरीखे तपस्वियों को भी बेटी का पहला वियोग इतना दुःख देता है तो गृहस्थो की क्या दशा होती होगी ?]

महा प्रेम-मय महायोगी आज विस्मित हृदय से विचार करते है कि गृहस्थ पुरुप लड़की को स्वामी के घर विदा करते समय किस प्रकार असह्य दुःख को सहता है। शकुन्तला के विरह से इस शान्तिमय-आश्रम की क्या दशा होगी! शकुन्तला तपोवन छोड़ के जाती है, केवल इसी एकमात्र विचार से आज उनका हृदय-सागर क्षुब्ध नही है। उनको सब की चिन्ता है। वे सोचते हैं

कि मैं स्वयं तो अपने विषाद के अन्धकार को असीम प्रेमके प्रकाश से विलीन कर सकूंगा, किन्तु और सब क्या ऐसा कर सकेंगे ? उन्होंने शारंगरव और शारद्वत की ओर संदिग्ध नेत्रों से देख कर कहा, "विचार करने से क्या लाभ ! शकुन्तला को जाना तो पड़ेहीगा।" "वत्सौ ! भगिन्याः पन्थानम आदेशयत्रम्" फिर वे अनुसूया और प्रियम्वदा की ओर देख के बोले, "यदि तुम्हीं लोग रोओगी तो शकुन्तला को शान्त्वना कौन देगा ?" फिर गौतमी का शोक निवारण करने के लिये उन्होंने उससे पूछा, "कहो, पतिके घर शकुन्तला को किस प्रकार का आचरण करना चाहिए।" कभी शोकस्तब्ध तपोवन के तरुलताओं की कातरता से संतप्त होके वे कहते हैं, "आश्रम के वृक्षो, जो शकुन्तला तुम्हें सींचे बिना जल नहीं पीती थी, जो गहना बनाने को भी तुम्हारे फूल-पत्ते नहीं तोड़ती थी, जो तुम्हारे फूलने के दिनों बड़ा उत्सव मानती थी, सो आज सुसराल जाती है। तुम सब इसे प्रीतिसहित विदा करो।"

भो भो सन्निहित वनदेवतास्तपोवन तरवः।
पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वसिक्तेषु या,
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्।
आदौ वः कुसुम प्रवृत्ति समये यस्या भवत्युत्सवः,
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनु ज्ञायताम्॥

कभी शकुन्तला के पाले हुए हरिन के बच्चे उसका अञ्चल पकड़ते थे; मृग-शिशु की इस व्यथा को देख के कण्व दुःखित हो के बोले,—जिस का मुँह दाभ से चिरा हुआ देख कर तू अपने हाथ से हिंगोट का तेल लगाती थी, जिसे तैंने समाँ के चावल खिला खिला कर पाला है और अपने बेटे की भाँति लाड़ लड़ाया है सो इस समय तेरे पैर क्योंकर छोड़ेगा ?

यस्य त्वया व्रणविरोहणमिङ्गुदीनां,

तैलं न्यषिच्यत मुखे कुशसूचिविद्धे ।
श्यामाक मुष्टि परिवर्द्धित को जहाति,
सोऽयं न पुत्र कृतकः पदवीं मृगस्ते ॥

कैसा अनन्त सौन्दर्यमय प्रेम है। यहीं जगत के कवि-कुल-शिरोमणि शेक्सपियर ने भारतीय कवि के लिये सिंहासन छोड़ दिया है। जो आजीवन सन्यास धर्म मे दीक्षित रहा, जिसको, संसार की अपवित्र छाया को छूने तक की हिम्मत नहीं पड़ी, प्रकृति जिसके आगे हाथ जोड़े खड़ी रहती है, आज उसी महा-योगी के हृदय मे प्रेम का उत्सव हजारो प्रवाह से उच्छ्वासित हो रहा है। प्रेमबल के कारण आज वही संसार से पराङ्मुख सन्यासी, एक संसारी गृहस्थ की तरह शकुन्तला को पति के घर किस प्रकार रहना चाहिए, उसका उपदेश देता है। वह असीम शक्ति से आज निर्जीव जड़ पदार्थ को संजीवनी शक्ति देता है। प्रेम के प्रभाव से आज वह मंत्रमुग्ध हो के, रोती हुई कन्या की तरफ अश्रुपूर्ण नेत्रो से देख कर बोला, "हे बेटी जब तक कुटी के द्वार पर तेरे बोए हुए धान खड़े हैं, इन्हे देख देख मेरा शोक क्यों कर शान्त होगा ?

वत्से ! माम् एवं जड़ी करोषि। (निःश्वस्य) अपयास्यति मे शोक. कथं नु वत्से ! त्वया रचित पूर्वम् उटजद्वारविरुढं नीवार बलिं विलोकयतः ।

फिर वह असीम प्रेम-शक्ति से असीम सुख से कहता है:—

अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य संप्रेष्य परिग्रहीतुः ।
जातोऽस्मि सद्यो विशदान्तरात्माचिरस्य निक्षेपमि वार्ययित्वा ॥

(बेटी पराये घरका धन कहलाती है, सो आज शकुन्तला को ससुराल भेजकर मैं ऐसा निश्चिन्त हुआ हूं, जैसे कोई किसी की धरोहर फेरकर होता है।)

इसी प्रेमबल के कारण अतुल ऐश्वर्य के अधिपति प्रस्पेरोने अनेक दास-दासियों को छोड़, संपत्ति-पूर्ण राजमहलों को तिलाञ्जलि दे, अपनी एकमात्र कन्या और ज्ञान भण्डार अर्थात् ग्रन्थों को साथ ले, जनशून्य रेतीले समुद्र के किनारे अपना शान्ति-निकेतन स्थापित किया। यदि आप सच्चे प्रेमकी शिक्षा लेना चाहते हैं तो आपको चाहिए कि आप इन दोनों विशाल हृदयवाले महायोगी के पास जांय, जो कल्पना-जगत के चन्द्र और सूर्य हैं।

कण्व मुनि तथा प्रस्पेरो के चरित्र का यह महान् प्रेम-तत्त्व हमारा क्षुद्र हृदय सहसा धारण नहीं कर सकता। निदाघ तपनकी प्रखर प्रभा मे हम दृष्टिहीन हो जाते हैं और उसके भीतर का अमृतमय प्रेम एक दम नहीं देख सकते। वही हाल हमारी कण्व मुनि के दर्शन करने से होती है। प्रस्पेरो की कौतुकमय सुधांशु मूर्ति देखकर हम उसके प्रकृति गत असीम प्रेम को एकदम आत्मगत नहीं कर सकते। इसी कारण से, फर्डिनन्दने अपनी परीक्षा के समय प्रस्पेरो की प्रकृति न समझ कर, कहा था,—

"Oh! she is
Ten times more gentle than her fathers crabbe
And he is composed of harshness

चक्रवर्ती दुष्यन्त ने भी कण्व मुनि के सम्बन्ध में ऐसीही बात कही थी—

अहो! असाधुदर्शी खलु भगवान् कण्वः य इमामाश्रमधर्मे नियुङ्क्ते

इदं किला व्याज मनोहरं वपु:
तपः क्लमं साधयितुं य इच्छति।

---

* इसके पिताके क्रूर स्वभाव से तो इसका स्वभाव कहीं अच्छा है। इसके पिता का स्वभाव तो बड़ा कड़ा है।

ध्रुवं स नीलोत्पल पत्र धारया
शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति ॥

(यह ऋषि बड़ा अविवेकी मालूम पड़ता है, जिसने ऐसी सुकुमारी को आश्रम धर्म मे लगाया है। इस कोमल अङ्गवाली से तपस्या कराना ऐसा है, जैसे, कमल की पंखड़ी से शमीलता काटना। इसलिये जिस मुनिने इसे तप में लगाया है वह अविवेकी है। इस युवती का रूप बनावट का सा नहीं है।)

टेम्पेस्ट नाटक के प्रत्येक अङ्क मे, प्रत्येक दृश्य मे प्रस्पेरो का आध्यात्मिक तत्त्व विभासित होता है। भीषण तूफानवाले समुद्र के लहरों की गर्जना उसके पैरो के नीचे आके लीन हो जाती है। आकाश-विहारी प्रेतो की अलौकिक शक्ति, उसके असीम योग-बलसे उद्भूत और विलुप्त होती है। मिरान्दा और फर्डिनन्द की प्रीति का प्रवाह उसके चरणतलमें आके खूब आनन्द और शोभा देते हैं। कभी वह नेपुल्स के बादशाह के हृदय की क्षुद्रता पर हंसता है, और कभी अदृश्य रहकर, पापांध एण्टोनियो तथा सिबास्टियन को मानव-हृदय के सुख-दुःख के तत्त्व दिखाता है। इस प्रीति-पूर्ण रङ्गस्थल मे वह प्रत्येक अभिनेताका शिक्षागुरु है। मधुर एक तान-वादन मे वह प्रत्येक यंत्र तथा प्रत्येक तान का नियन्ता है। मनमोहन काव्य में वह प्रत्येक सङ्गीत का सृष्टिकर्त्ता है। टेम्पेस्ट नाटक क्या है, मानो विहग-कुजित ललित गीतों से उद्भासित मधुर-मारुत-सेवित, शरद-पूर्णिमा की रात्रि है और प्रस्पेरो उसमे पूर्ण गौरव-मय पूर्णेन्दु है। और कण्व मुनि? उनके तेज-पुञ्ज-कान्तिकी एक वार झांकी हुई थी। वह तेजोमय अरुण-मूर्ति, एक झलक दिखाके और सभोंको अपनी सौन्दर्य-छटा से विमुग्ध करके, फिर अन्तर्हित हो गई। महाकवि का वह कौशलपूर्ण चित्र है। अभि-ज्ञान शकुन्तला के प्रथम अंक में आपने देखा है कि कालिदास ने,

अपनी विस्मयोत्पादक चित्र-कुशलता से, कण्वमुनि को दूर ही रखके, उनके दर्शन कराए बिना ही, हमको उनके अनुपम सौन्दर्य में बांध लिया है। और हम अभिज्ञान शकुन्तला नाटक के एक के बाद दूसरे दृश्य देखने में लग गए हैं। कण्व मुनि ने एक बार के सिवाय फिर अपना दर्शन ही नहीं दिया है, परन्तु नए अभिनय में प्रत्येक नए चरित्र में, उस महामुनि की तेज-पुञ्ज-कान्ति का आभास नजर आता है। जो निरन्तर, उज्ज्वलता, रंग तथा नूतन सौन्दर्य से हमको विमुग्ध करता है। उस अनुपम शान्तिरस का सुन्दर प्रवाह अधिक प्रबलता से बहने लगा। जिस प्रकार, सूर्यरश्मि से, परिदृश्यमान जगत के विविध रंगकी उत्पत्ति होती है; उसी प्रकार, अभिज्ञान शकुन्तला के प्रत्येक चरित्रका जीवन, इस महामुनि के महान् सौन्दर्य से ही हुआ है। गौतमी तथा शारङ्गरव, शकुन्तला तथा प्रियम्वदा दुष्यन्त और मातलि सब उसी सौन्दर्य के भिन्न भिन्न अवयव मात्र हैं। वल्कलशोभिनी, तपोव्रतचारिणी, तपस्विनी बाला के प्रथम दर्शन के समय, जिसने कण्वमुनि को अविवेकी कहा था, देखिए, उसके बादही वह क्या कहता है:—

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं,
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी,
किमिवहि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्?

[जैसे कमल शैवलयुक्त होने से अधिक रमणीय होता है, जैसे चन्द्रमा की कालिमा उसकी शोभा को बढ़ाती है, वैसे ही यह सुन्दरी भी अपने वल्कल वस्त्रों से अधिक मनोज्ञ हो गई है। बात तो यह है कि जिनकी आकृति मधुर है, उनके लिये कौन चीज ऐसी है जो अलङ्कार का काम न दे।]

दुष्यन्त जब माढव्य के आगे तपोवन का वृत्तान्त कहता है, उस समय भी उसने शकुन्तला के बारे में कहा था कि:-

"अर्कस्योपरि शिथिलं,
च्युतमिव नवमालिका कुसुमम् ।"

[मानो डार से छूट कर आक पर चमेली गिरी हुई है ।]

दुष्यन्त का मेघाच्छादित हृदय, उस उज्ज्वल तपन की किरणों से, प्रकाशित हो गया है ।

प्रस्पेरो जैसे मिरान्दा का शिक्षगुरु था, वैसे ही कण्वमुनि शकुन्तला के थे । दोनों की शिक्षा का उद्देश्य एक ही था, किन्तु शिक्षा पद्धति विभिन्न थी । प्रस्पेरो ने बड़े यत्न से मिरान्दा को अपनी आंखों के सामने रख के शिक्षा दी थी । और अनंत सागर के अनन्त सौन्दर्य के उपादन, मिरान्दा के अपूर्व सौन्दर्यमय हृदय को निर्मित किया था । जब उसने देखा कि निर्माणक्रिया सम्पूर्ण हो गई है और संसार-सागर के तरंगो की आघात उसपर अपना असर नहीं कर सकती, तब वह उस सागर-तट निवासिनी, योगिनी बाला को निर्जन सागर-तीर से संसार मे ले आया । मिरान्दा की शिक्षा पूर्ण होने पर त्रिकालदर्शी, वृद्ध प्रस्पेरो ने कहा था—

"The our's hnow come,
The very minute bids thee open thine ear."*

और उस वृद्ध ने गर्वसहित हंसते हुए कहा —

'—And here
Have I, thy school master, made thee more profit
Than other princesses can that have more time
For vainer hours, and tutors not so careful."[1]

---

* अब वह समय आ गया है कि मे तुम्हे सब बात बताद्ं ।

ठीक ही है, ऐसी आश्चर्यजनक शिक्षा क्या किसी को मिलना सम्भवित होता है ? ऐसा शिक्षक भी जगत में दूसरा और कौन है ? पर हाँ, अभिज्ञान-शकुन्तला में इससे भी अधिक कौशलपूर्ण शिक्षण-पद्धति नजर आती है। प्रस्पेरो की तरह कण्वमुनि को शकुन्तला के शिक्षण में निर्जन, प्रलोभन-शून्य-पाठशाला की आवश्यकता नहीं पड़ी थी। शकुन्तला का शिक्षण-गृह तपोवन होते हुए लोकमय था। वह धीर, प्रशान्त, विभुप्रेममत्त, सन्यासियों का प्रेमनिकेतन होते हुए कुसुम-किशलय-शोभित, भृगंनिनादित, ऋतुराजसेवित, अनंग-विहारिन प्रमोदकानन है। कण्व मुनि ने गूढ़तम, उद्देश्यमय, उच्चतम शिक्षा के लिये इस सुमधुरतामय; अनंग के लीलानिकेतन, प्रमोद-उद्यान को शान्तिरस से ओत प्रोत कर रक्खा था।

शकुन्तला का शिक्षक कलुषमय संसार को पुण्यमय तपोवन बना सकता है। विलासिनी स्त्री को कामरहित योगिनी कर सकता है। पाप और चिन्तामय इस संसार को आनन्दमय सुरलोक में परिवर्तित कर सकता है। ऐश्वर्यमत्त दुष्यन्त नरपति को, वनवासिनी तापस-बाला के चरण में बांध सकता है।

प्रस्पेरो की शिष्या की तरह कण्व मुनि की शिष्या भी सरलतामयी बालिका, प्रेममयी युवती, स्नेहमयी रमणी, निष्कामधर्मचारिणी और तपस्विनी है। किन्तु प्रस्पेरो की शिष्या शकुन्तला की तरह तेजोमयी योगिनी नहीं है, वह लोकरंजिनी गृहिणी नहीं है। प्रस्पेरो की सरल पुतली अपने पिता के सामने ही अपने प्रेमी से निःसंकोच उसके आलिंगन करके वार्ता

और यहां मैंने तेरे शिक्षक की हैसियत से तेरा बड़ा उपकार किया है। दूसरी राजकुमारियों को इतना फायदा नहीं होता है क्योंकि वे अपना समय व्यर्थ बिताती हैं और दूसरे उनको अच्छा शिक्षक भी नहीं मिलता है।

"I am fool
To weep at what I am glad of ! " *

जब कि कण्वमुनि की स्वर्गच्युत मेनकाबाला प्रीति विस्फुटित नेत्रों से प्रेमी को देख कर कहती है, "मुञ्चमं, ण्क्खु अत्तणो पहवामि,"†

कण्वमुनि का चरित जैसे दुष्यन्त के चरित मे प्रतिबिम्बित होता है, उसी तरह टेम्पेस्ट नाटक मे एलन्सो तथा एण्टोनियो प्रस्पेरो के प्रतिनायक हैं। एक तरफ भोगबलशाली, मनोराज्य का राजा, असीम अध्यात्मिक शक्तिवाला महान् योगी है और दूसरी तरफ असीम ऐश्वर्यवाला, अतुल पराक्रमी नरपति है। ये दोनो परस्पर विरोधी, महान् चित्र, दर्शकों के सामने हैं: दर्शक लोग आपस में विचार करते हैं कि, देखे, महत्व और सौन्दय में कान किससे बढ़ जाता है। देखना चाहिए, दुष्यन्त का अमूल्य रत्न-मंडित सिंहासन बाजी मार ले जाता है, अथवा महामुनि का तपनरश्मिमय योगासन ? रत्नों से अलंकृत एलन्सो का शरीर अधिक प्रभावशाली सिद्ध होता है, कि प्रस्पेरो का योगकान्ति वाला शरीर ?

पुरुराज दुष्यन्त सुखलाभ की इच्छा से, नवजीवन की आशा से, अपने कनक प्रासाद छोड़के महर्षिके आश्रम की तरफ दौड़ता है। वहां पहुंच ने पर उस को शान्ति और सन्तोष मिलता है, और वह आनन्दित होता है। देखिए दुष्यन्त क्या कहता है:—

"अहो ! स्वर्गात् इदमधिकतरं निवृतिस्थानम्। अमृत ह्रदमिव अवगाढ़ेऽस्मि।"‡

---

* अर्थ १५० पृष्टमे देखिए।

† मुझे जान दो, मैं स्वतन्त्र नही हू।

‡ यह तो स्वर्ग से भी अधिक निवृत्ति स्थान है। इस समय में ऐसा हो रहा हूं मानों अमृत के कुण्ड में नहाता हूं ?

जिम दुष्यन्तने मात्र अपने बाहुबल के प्रताप से, अमर विरोधी दुर्द्धय दानवदल को पराजित करके, देवताओं को विस्मित किया था, वही आज शान्तिनिकेतन के आश्रम को देख के, किस प्रकार रोमाञ्चित हो कर कहता है कि:—

"प्राणा नामनिलेन वृत्ति रुचिता सत्कल्प वृक्षेवने,
तोये काञ्चन पद्मरेणु कपिशे पुण्याभिषेकक्रिया।
ध्यानं रत्नशिला गृहेषु विबुध स्त्री सन्निधौ संयमो,
यद्वाञ्छन्ति तपोभिरन्य मुनयस्त स्मिस्तपस्यन्त्यमी ॥"†

प्रस्पेरो के असीम योगबल पर मुग्ध और विस्मित होके नेपुल्स का राजा क्या कहता है:—

"This is as strange a maze as e'er man trod;
And there is in this business more than nature
Was ever conduct of Some oracles
Must rectify our knowledge" ‡

इन्हीं कारण से हमने कहा है; कि कण्वमुनि और प्रस्पेरो काव्यजगत के सूर्य और चन्द्र हैं। जब तक मनुष्य मे सहृदयता रहेगी जब तक काव्यजगत इन दोनो महाकवियों के काव्य से प्रकाशित रहेगा, तब तक इन काव्यों से मनुष्यको अनन्त प्रेम की शिक्षा मिलती रहेगी।

---

† जिस स्थानमें वास पाने की आर ऋिनाश्वर अपने तपके द्वारा आकांक्षा रखते है, जहां कल्पवृक्षके वन मे, पवन पाकर प्राण रखने का अवसर है, जहां कनककमल का पराग मिला हुआ पीला जल सन्ध्या पूजन को मिलता है. जहां रत्न शिलापर बैठ कर ध्यान हो सकता है और अप्सराओंके सामने भी इन्द्रियो को वश मे रखना बन पड़ता है, उसी स्थान म ये तपस्वी तपते है।

‡ इस विचित्र इन्द्रजाल को शायद ही कोई मनुष्य समझ सके। इसमें दैवीशक्ति का हाथ है। हमको तो यह तभी समझ आएगा जब कोई आकाशवाणी इसका खुलाशा करेगी।

कालिदास और शेक्सपियर की नीति-शिक्षा।

कविका काम केवल यही नहीं है कि वह समाजका चित्र पाठकोंके चित्त-रूपी चित्रपट पर यथावत् खींच दे, बल्कि उसका बड़ा भारी कर्त्तव्य, अपने सरस काव्य द्वारा, समाजके सामने एक उच्च आदर्श रखना है। कविका कर्त्तव्य केवल यही बतलाना नहीं है कि, समाज किस रुख जा रहा है, बल्कि यह बताना भी है कि, उसे किस रुख जाना चाहिए। कविका काव्य एक दर्पण है, जिसमे पढ़ने वाला केवल समाजकी सामयिक दशाका प्रतिबिम्ब ही नहीं देखता, बल्कि उसमे वह अपने जीवन का आदर्श भी देखता है। सच्चा कवि समाज का चित्र यथा-वत् खीचकर उसकी त्रुटियो और दोषो को दूर करता है, अपने मधुर शब्दो और अमृत स्राविणी कविता से मनुष्यो को उत्त-मोत्तम शिक्षा देता है, मलिन विषय-वासनाओं से चित्त को हटा कर उसे सत्कर्म की ओर प्रवृत्त करता है, तथा अपनी कविता के बल से पौरुष, वीरता, साहस, देशभक्ति जातीयता आदि गुणो को पैदा कर के सोते हुए मनुष्यो को जगा देता है। किम्बहुना, समाज और मनुष्यों के सामने उच्च आदर्श रख कर, उन्हें कर्त्तव्य पथ की ओर प्रवृत्त करना ही कविका परम कर्त्तव्य है।

इस बात मे कालिदास कहा तक बढ़े चढ़े थे यह उनके काव्य के रसिक पाठक ही जान सकते हैं। इस विषय मे वे अनुपम थे, यदि ऐसा कहा जाय तो अत्युक्ति नहीं होगी। कर्त्तव्य शिक्षा और नीति-शिक्षा जैसी हमे कालिदास के काव्यो से

मिलती है, वैसी अन्य कवियों के काव्यों में मिलना दुर्लभ है। इस लेख का उद्देश कालिदास में जो नीति-शिक्षाएं हमें मिलती हैं, उन्हें बतलाना है। कालिदास की नीतियों को हमने (१) व्यक्ति-नीति, (२) परिवार-नीति (३) समाज-नीति तथा (४) राजनीति इन चार भागों में बांटा है। इन पर इस लेख में यथाक्रम विचार किया जायगा।

(१) व्यक्ति-नीति

शरीर-रक्षा—कालिदास ने अपने शरीर की रक्षा और पोषण तथा अपनी उन्नति पर बड़ा जोर दिया है। उन्होंने अपनी रक्षा तथा उन्नति करना प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य बतलाया है। दिलीप के विषय में वे कहते हैं– "जुगोपात्मानमत्रस्तः" अर्थात् यद्यपि उसे किसी बात का भय न था तथापि वह अपनी रक्षा में तत्पर रहता था। कुमारसम्भव में भी ब्रह्मचारी वेश में शिव उमा से कहते हैं—"शरीरमाद्यं खलुधर्मसाधनम्"—अर्थात् धर्म्मका मुख्य साधन शरीर है, अतएव शरीर-रक्षा मनुष्य का परम कर्त्तव्य है। रघुवंश में नन्दिनी-वधाकांक्षी सिंह भी दिलीप को उपदेश देता है—

"तद्रक्ष कल्याणपरम्पराणां, भोक्तारमूर्जस्वलमात्मदेहम्।"

(हे राजन! तू अपने सुन्दर बलवान देह की रक्षा कर, जिस से तू अनेक सुखों को लगातार भोग सके।)

अपनी रानी की मृत्यु से दुःखित अज को शान्त्वना देते हुए, वसिष्ठमुनि कहते हैं—

"मरणं प्रकृतिः शरीरिणां, विकृतिर्जीवनमुच्यतेबुधैः।
क्षण मप्यवतिष्ठते श्वसन्यदि जन्तुर्ननुलाभवानसौ।"

(देहधारियों का मरण स्वाभाविक है, और जीवित रहना

अस्वाभाविक–यह बुद्धिमानों का वचन है। यदि प्राणी क्षणमात्र भी जीवित रहे तो यह उसके लिये बड़े भारी लाभ की बात है। यह उसका परम सौभाग्य है। अतएव शोक मे अपने शरीर को नाश करना मूर्खता है।)

कालिदास के इन वाक्योंसे पता लगता है कि वे शरीर-रक्षा पर कितना ज़ोर देते थे।

धनार्जन—शरीर के बाद मनुष्य का दूसरा कर्त्तव्य धन पैदा करना है। कालिदास इस बात को भूले नहीं हैं। रघुवंश में लिखा है कि, विश्वजित् यज्ञ में सर्वस्वदान करके रुक्ष हुए रघुके पास कौत्स-ऋषि गुरुदक्षिणा के लिये आया। किन्तु मिट्टी के अर्घ्य-पात्र से ही रघु की निर्धनता का अनुमान कर के उसने कहा—

"स्वस्त्यस्तु ते निर्गलिताम्बुगर्भं शरद्घनं नार्दति चातकोऽपि"।

(यज्ञ में दान देने से तुम निष्किञ्चन हो गए हो, अतएव तुम से धन की आशा करना व्यर्थ है। क्योंकि चातक भी शरद्काल के जल रहित बादल से जल की याचना नहीं करता।)

इस श्लोक से प्रकट है कि कालिदास भी धन को कितने महत्व की वस्तु समझते थे। इस से यह भी सूचित होता है कि, धन के बिना लोगों में आदर और प्रतिष्ठा की कितनी हानि होती है। एक और रघुवंशी राजा अतिथि के विषय में भी कालिदास ने यही विचार प्रकट किए हैं—

"कोशेनाश्रयणीत्वमिति तस्यार्थसङ्ग्रहः।
अम्बुगर्भो हि जीमूतश्चातकैरभिनन्द्यते॥"

धन पास रहने से ही लोग धनी मनुष्य का आश्रय लेते हैं और उसकी सेवा-शुश्रूषा करते हैं। इसी से राजा-अतिथि ने धन-संग्रह किया, क्योंकि चातक पानी भरे हुए मेघों ही की

सेवा और प्रशंसा करता है, जल रहित मेघों की नहीं। किन्तु कालिदास धनी कहलाने ही के लिये अथवा इसी लिये कि धन पास रहने से लोग धनी मनुष्य की खुशामद करेंगे, धन पैदा करना अच्छा नहीं समझते, और न वे यह चाहते है कि धन जमा कर के मनुष्य कृपण और कादर बन जाय। धनार्जन का उद्देश कालिदास बहुत उच्च बतलाते है। उन के मन से धन पैदा करने का परम उद्देश परोपकार करना है। रघुवंश मे एक स्थान पर वे कहते है—

"आदानं हि विसर्गाय सता वारिमुचामिव—"

(श्रेष्ठ पुरुष धन दान देने ही के लिये एकत्र करते है, जैसे मेघ बरसने ही के लिये समुद्र से जल खींचते हैं।)

रघुवंशी राजाओं का वर्णन करते हुए कालिदास कहते हैं—

"त्यागाय सम्भृतार्थानां"

(रघुबंशी राजा दान देने ही के लिये धन इकट्ठा करते थे।)

और दिलीप के संबंध मे वे कहते हैं

"अगृध्नुराददे सोऽर्थम्"

(दिलीप लोभ रहित होकर धन को ग्रहण करता था।)

मेघदूत मे भी कवि एक जगह कहता है—

"आपन्नार्तिप्रशमनफलाः सम्पदो ह्युत्तमानाम्"

(अर्थात् सज्जन पुरुष धन इसी लिये पैदा करते है, जिस से वे विपत्ति मे पड़े हुओ और दीन-दुखियो की सहायता कर सके।)

विनय और आर्जव—शिक्षा का बड़ा भारी गुण विनय और आर्जव है। शिक्षा मनुष्य को विनीत और नम्र बनाती है। शिक्षा पाने से मनुष्य को अपनी त्रुटियां और कमजोरियां मालूम हो जाती है। उसे यह भी समझ पड़ने लगता है कि, यदि संसार

में उन्नति करना है तो, हमें अपने अभिमान को दूर कर के, विनय और नम्रता आदि गुणों को ग्रहण करना चाहिए।

अतएव कालिदास ने भी इस पर जोर दिया है। वे स्वयं कितने विनीत और नम्र थे, इसका इस श्लोक से पता लगता है—

"मन्दः कवियशः प्रार्थी गमिष्याम्युपहास्यताम्।
प्रांशुलभ्ये फले लोभादुद्बाहुरिव वामनः॥

[बड़े बड़े कवियों के यश की इच्छा रखने वाले मुझ मन्द बुद्धि को लोग वैसे ही हंसेंगे, जैसे, ऊंचे पेड़ पर लगे हुए फल तोड़ने की इच्छा से हाथ उठाने वाले बौने को।]

रघु के विषय में कवि कहता है—

"तेषां सदश्वभूयिष्टास्तुङ्गाद्रविण राशयः।
उपदा विविशुः शश्वन्नोत्सेकाः कोशलेश्वरम्॥"

[काम्बोज विजय कर लेने पर, काम्बोज देश वालों के द्वारा दिए गए उत्तम घोड़ों के सहित सोने के बड़े बड़े ढेरों की भेंट निरन्तर रघु को प्राप्त हुई, परन्तु अभिमान न प्राप्त हुआ। अर्थात् इतना धन और ऐश्वर्य पाने पर भी उस में अभिमान का लेश भी न आया।]

राम और उनके छोटे भाइयों के विषय में कवि कहता है—

"स्वाभाविकं विनीतत्वं तेषां विनयकर्मणाम्।
मुमूर्च्छ सहजं तेजो हविषेव हविर्भुजाम्॥'

[जब कुमारों की स्वाभाविक नम्रता शिक्षा पाने से और भी बढ़ गई, जैसे अग्नि का स्वाभाविक तेज घृतादि डालने से और भी अधिक हो जाता है।]

लवणासुर का नाश करने पर जब ऋषिगण शत्रुघ्न की वीरता की प्रशंसा करते हैं, तब वे नम्रता के कारण अपना सिर

नीचा कर लेते है। इस बात को कवि इस श्लोक मे बड़ी अच्छी तरह प्रकट करता है—

> "तस्य सम्नूयमानस्य चरितार्थैस्तपस्विभि ।
> शुशुभे विक्रमोदग्रं व्रीड़या वनतं शिरः ॥"

[जब ऋषि लोग शत्रुघ्न की प्रशंसा करने लगे तब उनका सिर जो प्रताप से ऊंचा था, नम्रता से नीचा होकर शोभित हुआ।]

राजा अतिथि के विषय मे, रघुवंश मे, कवि कहता है—

> "वयोरूप विभूतीनामेकैकं मदकारणम्।
> तानि तस्मिन्समस्तानि न तस्योत्सिषिचे मन ॥"

[यौवन, सुन्दररूप और ऐश्वर्य इन मे से कोई एक भी मद का कारण होता है। अतिथि मे ये सब थे, तो भी उसे अभिमान न हुआ।]

विक्रमोवर्शी में कवि एक स्थान पर कहता है—

> "अनुत्सेकः खलु विक्रमालंकारः।"

(नम्रता वीरों का भूषण है।)

शेक्सपियर की नीति।

एक चालाक पिता अपने पुत्र को किस प्रकार नीति की शिक्षा देता है, यह आपको हैमलेट नाटक मे पोलोनिअस की शिक्षा से भलीभांति विदित हो जायगा। लायरटिस से वह कहता है—

"Give thy thoughts no tongue,
Nor any unproportioned thought his act
Be thou familiar, but by no means vulgar
The friends thou hast, and their adoption tried,
But do not dull thy palm with entertainment
Of each new hatched, unfledged comrade. Beware
Of entrance to a quarrel, but, being in,
Bear't, that the opposed may beware of thee
Give every man thine ear, but few thy voice.
Take each man's censure but reserve thy judgment
Costly thy habits, as thy purse can buy,
But not expressed in fancy, rich, not gaudy.
For the apparel oft proclaims the man;
Neither a borrower nor a lender be ·
For loan both loses both itself and friend;
And borrowing dulls the edge of husbandry;

This above all,—to thine ownself be true.
And it must follow, as the night the day.
Thou canst not then be false to any man."

अर्थात्—'मनसा चिन्तितं कर्मवचसा न प्रकाशयेत्' शेक्सपियर इस नीति को भलीप्रकार जानता था। बिना समझे बूझे कोई काम मत कर बैठो।

सम्बन्ध बाँधो पर उसको मर्यादित रक्खो।

मनुष्य जांच कर मित्रता करो।

घूस लेकर अपनी अवकात मत खराब करो।

किसी से झगड़ा मत करो। यदि झगड़ा कर बैठो तो उसको पूरा करो, जिसमें तुम्हारा प्रतिपक्षी तुम्हारा पुरुषार्थ जान जाय।

सभी की बात सुन लो, लेकिन कहो थोड़े ही लोगों से।

हर एक की शिकायत सुन लो; पर अपने विचार एक दम प्रकाशित मत करो।

अपनी टांग उतनी ही फैलाओ जितनी लम्बी तुम्हारी चादर हो।

अपनी पोशाक साफ और सुथरी रक्खो, न कि भभकेदार, क्योंकि पोशाक ही से मनुष्य पहिचाना जाता है।

कर्जदार और लहनेदार मत बनो; क्योंकि इस में धन और मित्र दोनों से हाथ धोना पड़ता है। दूसरे ऋणी मनुष्य की बुद्धि भी मारी जाती है।

सब के ऊपर यह बात है कि अपने आप को धोखा मत दो, यदि तुम अपने तई सच्चे रहोगे; जैसे दिन के बाद रात का होना सत्य है तो, तुम दूसरे किसी को भी धोखा नहीं दे सकोगे।

स्वाभिमान की रक्षा का मनुष्य को पूरा ध्यान रखना चाहिए। उसी में बड़प्पन है। बात बात में उलझ पड़ने में बड़प्पन नहीं है। देखिए—

Rightly to be great
Is not to stir without great argument,
But greatly to find quarrel in a straw
When honour's at the stake.

(छोटी छोटी बात मे उलझ जाने मे महत्व नहीं है। किन्तु हाँ, जब अपनी इज्जत पर आ बने, तब मनुष्य को कुछ भी न उठा रखना चाहिए।)

(२) परिवार-नीति ।

दाम्पत्य प्रेम—दाम्पत्य प्रेम के उदाहरण कालिदास के काव्यों में भरे पड़े हैं। दिलीप और सुदक्षिणा का पारस्परिक प्रेम, उर्वशी के वियोग में पुरुरवा का पागल हो जाना, यक्ष का अपनी पत्नी के विरह में मेघ के द्वारा सन्देशा भेजना, इन्दुमती के लिये अज का विलाप और काम के लिये रति का कारुणिक रोदन आदर्श दाम्पत्य प्रेम के उदाहरण हैं। यहां पर उदाहरण के तौर कुछ श्लोक उद्धृत करके हम यह दिखलाते हैं कि, कालिदास के दाम्पत्य प्रेम का आदर्श कितना उच्च था।

दिलीप अपनी महिषी सुदक्षिणा का कितना आदर करते थे, और सुदक्षिणा भी किस तरह पति के प्रेम में पगी थी, यह नीचे के श्लोकों से मालूम होता है—

"अथ यन्तारमादिश्य धुर्यान्विश्रामयेतिसः ।
तामवारोहयत्पत्नीं रथादवततार च ॥"

(दिलीप ने अपने सारथी को आज्ञा दी कि घोड़ों को रोको। तब रानी को रथ से पहले उतार कर, आप पीछे उतरा।)

"वसिष्ठधेनोरनुयायिनं तमावर्तमानं वनिता वनान्तात् ।
पपौ निमेषालसपक्ष्म पङ्क्तिरुपोषिताभ्यामिवलोचनाभ्याम् ॥"

(जब नन्दिनी को वन में चरा कर दिलीप आश्रम को लौटता था तब सुदक्षिणा दिन भर के वियोग में पति के दर्शनों के प्यासे नेत्रों से बार बार उसे देख कर भी नहीं अघाती थी, जैसे कोई प्यासा मनुष्य बार बार शीतल जल पीकर भी नहीं अघाता।)

देखिए,इन नीचे दिए हुए श्लोको मे अज अपनी पत्नी के लिये कैसा विलाप करता है--

"स्रगियं यदि जीवितापहा हृदये किं निहिता न हन्ति माम् ।
विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया ॥"

(यदि यह माला ही प्राण हरने वाली है, तो हृदय पर रक्खी हुई मुझे क्यो नही मारती ? सच है ईश्वर की इच्छा से कहीं विष भी अमृत हो जाता है और कहीं अमृत भी विष हो जाता है ।)

"अथवा मम भाग्यविप्लवादशनिः कल्पित एष वेधसा ।
यदनेन तरुर्न पातितः क्षपिता तद्विटपाश्रितालता ॥"

(अथवा मेरे खोटे भाग्य से विधाता ने इसे वज्र कर दिया, जिसने वृक्षका नाश तो न किया पर उसकी आश्रित लता का नाश कर दिया ।)

"शशिनं पुनरेति शर्वरी दयिता द्वन्द्वचरं पतत्रिणम् ।
इति तौ विरहान्तरक्षमौ कथमत्यन्तगता न मां दहेः ॥"

(रात्रि चन्द्रमा को फिर भी प्राप्त हो जाती है, चकवे को चकई फिर भी मिल जाती है-इसलिये वे दोनो वियोग को किसी भांति सह लेते हैं । किन्तु सदा के लिये तेरा वियोग मुझे क्यो न जलावेगा ?)

"धृतिरस्तमिता रतिश्च्युता विरतं गेयमृतुर्निरुत्सवः ।
गतमाभरणप्रयोजनं परिशून्यं शयनीयमद्य मे ॥"

(आज मेरा धैर्य नष्ट हो गया, हास-विलास बन्द हो गया, गाना गया, ऋतु उत्सवहीन हो गए, गहनो का प्रयोजन जाता रहा, शय्या सूनी हो गई ।)

गृहिणी सचिवः सखी रहः प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ ।
करुणा विमुखेनमृत्युना हरता त्वां वद किं न मे हृतम् ॥"

(तू मेरी भार्या थी, सलाह देनेमे मन्त्री थी, एकांत की सखी

थी। संगीत आदि ललित कलाओं में मेरी प्यारी शिष्या थी। अतएव तुझे कठोर काल ने हर कर, बता, मेरा क्या नहीं हर लिया ?)

देखिए इस श्लोक में विषाद करती हुई रति कितना उच्च भाव प्रकट करती है—

"मदनेन विना कृता रतिः क्षणमात्रं किल जीवितेतिमे ।
वचनीयमिदं व्यवस्थितं रमण त्वामनुयामि यद्यपि ॥"

(काम के बिना रति क्षणमात्र के लिये भी जिन्दा रही, यह निन्दा तो मेरी अचल हो ही गई। अब चाहे मैं तुम्हारा साथ देनेके लिये चिता में भस्म भी हो जाऊं, तथापि मेरा जलना भी इस कलंक को नहीं दूर कर सकता।)

इसी भाव को कवि रघुवंश में भी इस प्रकार प्रकट करता है—

"अथ रामं शिरश्छेददर्शनोद् भ्रान्त चेतनाम् ।
सीतां मायेति शंसन्ती त्रिजटा समजीववत् ॥
कामं जीवति मे नाथ इति सा विजहौशुचम् ।
प्राङ्मत्वा सत्यमस्यान्तं जीवितास्मीति लज्जिता ॥"

[राम के कटे सिर को देखने से व्याकुलचित्त जानकी को त्रिजटा ने "यह माया है"—कह कर जीवित किया। जानकी ने यह जान कर कि मेरे स्वामी जीते हैं, शोक को त्याग दिया, किन्तु प्रथम उनका मरण सत्य मान कर भी जीवित रही, इस कारण लज्जित भी हुई।]

किसी और देश के साहित्य में दाम्पत्य-प्रेम का ऐसा उच्च-आदर्श मिलना असम्भव है।

पति की इच्छा में अपनी इच्छा और पति के सुख में अपना सुख समझती हुई आर्य-ललनाएँ दाम्पत्य-प्रेम की पराकाष्टा

दिखला देती है। आर्यों के घर में पति के साथ पत्नी का स्वार्थ एक, सुख एक और स्वर्ग एक है। यदि इस प्रकार एकता न होती तो दम्पति एक कैसे हो सकेंगे? यूरोप में स्वार्थ की विभिन्नता, रुचि विभिन्नता और पारलौकिक इष्ट-साधन की विभिन्नता होने के कारण भारतीय दाम्पत्य-प्रेम में जैसा आत्मोत्सर्ग, जैसे एक निष्ठता और जैसी एकाग्रता देखी जाती है, वैसी सब बातें पाश्चात्य दाम्पत्य-प्रेम में कहीं पाई जायँगी? वहाँ पति-पत्नी में विच्छेद होने की ही अधिक सम्भावना रहती है। किन्तु भारतीय ललनाएँ सब प्रकार एकाग्र मन से पति की अनुगामिनी हो कर पति की सहधर्मिणी होती हैं। सब प्रकार से पति की ऐसी सहधर्मिणी बनने का सौभाग्य यूरोपीय ललनाओं को नहीं है। इष्ट वस्तु की विभिन्नता उन्हें अलग कर देती है। इसी से आर्य सतियों की सी प्रेम की प्रगाढ़ता हम यूरोपीय साहित्य में नहीं देखते। सहधर्मिणी का देवतुल्य सतीचरित्र केवल आर्य साहित्य में ही देखा जाता है। उस प्रेमचरित्र में देखा जाता है कि सती केवल इस जीवन में ही पति के साथ मिलकर एक होना नहीं चाहती, बल्कि उसकी एकान्त इच्छा ऐसी बनी रहती है कि हम परलोक में भी एक होकर देवत्व अमरत्व लाभ करें।

शेक्सपियर के नाटकों में यौवन की उन्मत्तता का ही चित्र है। उस उन्मत्तता का जो गुरुजनों के किसी प्रकार के शासन को नहीं मानती - जो सम्पूर्ण नैतिकशासनों से एक दम परे है-पापचित्र सर्वत्र देख पड़ते हैं। शेक्सपियर के पात्रों में इन्द्रियलालसा के घोर उन्माद और आवेग दिखाई पड़ते हैं। बेनडिड के मन में जब प्रेम की तरंग उठी, तब उसकी अधीरता का क्या कहना था। बियेट्रिस की अपेक्षा भी वह अधिक अधीर हो गया। रोसेलिंड यौवन राग से इतनी उन्मत्त होगई कि घंटे भर भी ऑरलैंडो के

बिना देखे न रह सकी। शेक्सपियर के संयोगान्त नाटकों में प्रेम का चित्र, यौवन की उन्मत्तता और इन्द्रियलालसा की इतनी कलंकित मूर्तियाँ देख पड़ती हैं कि यह कहना कठिन हो जाता है कि यह प्रेम चित्र है या इन्द्रियलालसा का चित्र।

पाश्चात्य जन समाज मे मानवप्रकृति की जैसी रीति नीति प्रचलित है, उसी का यथार्थ चित्र शेक्सपियर ने खींचा है। शेक्सपियर के सर्वश्रेष्ठ होने के कारण उनके नाटक यूरोप के आदर्श हुए हैं। रूप-गुण के मोह से जो अनुराग उत्पन्न होता है वह यौवन में कितना दुर्दमनीय होता है, इसी का चित्र हम पाश्चात्य साहित्य में देखते हैं।

पति भक्ति—कालिदास का हर एक स्त्री-पात्र पति-भक्त और पति की आज्ञा पर चलने वाला था। सुदक्षिणा यद्यपि आसन्न-प्रसवा थी और मुश्किल से उठ बैठ सकती थी, तथापि, जब कभी राजा दिलीप अन्तःपुर में प्रवेश करते, तब खड़ी हो कर वह उनका अभिनन्दन करती थी। हिमालय जब अपनी पत्नी मैना से शिव के साथ उमा के विवाह का प्रस्ताव करता है तब वह उस प्रस्ताव को तुरन्त स्वीकार कर लेती है। क्योंकि

"भवन्त्यव्यभिचारिण्यो भर्तुरिष्टे पतिव्रताः"

[पतिव्रता स्त्रियाँ पति की इच्छा के विरुद्ध कोई काम नहीं करतीं।]

किसी भी देश के इतिहास में सीता के समान पतिव्रता और साध्वी स्त्री मिलना असम्भव है। जब निर्दोष हो कर भी वह गृह से निर्वासित की जाती है तब वह पति के विरुद्ध कुछ नहीं कहती; वरन् अपनेही को दोष देती है —

"कल्याण बुद्धेरथवा तवायं न कामचारोमयिशङ्कनीयः।
ममैव जन्मान्तर पातकानां विपाक विस्फूर्जथुर प्रसह्यः ॥"

[तुमने मेरा त्याग अपनी इच्छा से किया है, इसकी शङ्का भी करना योग्य नहीं; यह तो मेरे ही पूर्व जन्मों के पापो का प्रबल उदय है।] अतएव वह निश्चय करती है कि—

"साहं तपः सूर्यनिविष्ट दृष्टि रूर्ध्वं प्रसूतश्चरितुं यतिष्ये ।
भूयो यथा मे जननान्तरेऽपि त्वमेव भर्त्ता नच विप्रयोग. ॥"

[सन्तान होने के उपरान्त मै सूर्य की ओर दृष्टि लगाकर तप करने का यत्न करूँगी, जिससे फिर भी, दूसरे जन्म मे, तुम्ही मेरे भर्त्ता हो और फिर कभी वियोग न हो।]

शेक्सपियर के पात्रो में हमारे सतीत्व और पातिव्रत धर्म की बाते रहना तो अलग रहे, बल्कि उसमे उनके विपरीत ही बातें देख पड़ती हैं। और ऐसा होना ही चाहिए; क्योंकि भारतीय ललनाओ के सतीत्व और पातिव्रत्य के ढंग दूसरे ही हैं। एकमात्र पति प्रेम से पूर्ण होकर उसी में एक निष्ट होकर रहना ही भारत-ललना क सतीत्व है। किन्तु पाश्चात्य समाज मे ऐसा सतीत्व नही है । उस समाज के सतीत्व का रंग रूप इस प्रकार है :—

(१) उस समाज मे स्त्रियाँ अनेक बार पति बना सकतीं है। एक पति को छोड़कर दूसरा पति बनाने की रीति होने के कारण, हिन्दू समाज मे एक निष्ठता का जैसा गौरव है, वैसा पाश्चात्य सतीत्व में नहीं है।

(२) यूरोपीय समाज मे स्त्रियाँ स्वेच्छानुसार पति चुनती है। वे एक को छोड़कर दूसरे को भी पति बनाती है। इससे यूरोप मे रमणियो की इच्छा ही प्रबल है। वे स्वेच्छानुसार कार्य भी करतीं हैं। उनकी स्वेच्छाचारिता और स्वतन्त्रता अत्यन्त अधिक है। इन दोनों से हिन्दू स्त्रियो के पातिव्रत्य और सतीत्व का कोई साम्य नही है। वे दोनों परस्पर विरोधी हैं।

इन्द्रियदमन— इन्द्रियों को अपने बश में रखना और उनको

चञ्चल करने वाले कारणों के होते हुए भी उनका चलायमान न होना, एक ऐसा गुण है जिससे मनुष्य बड़े से बड़ा काम कर सकता है। कालिदास के मन मे मनुष्य के इन्द्रियदमन और चरित्र की परख तभी होती है जब विकार पैदा करने वाले कारणों के होने हुए भी वह अपने चरित्र को अक्षुण्ण बनाए रहे। इसी बात को सिद्ध करने के लिये, कुमारसम्भव मे, तपस्या करते हुए शिव और उनकी सेवा करती हुई पार्वती के एक साथ रहने का औचित्य दिखलाते समय कालिदास कहते है—

"प्रत्यर्थि भूतामपि नां समाधेः शुश्रूषमाणां गिरिशोऽनुमेने।
विकार हेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः ॥"

(स्त्रियों का समीप रहना तपस्या के लिये विघ्न रूप है। तो भी महादेव जी ने पार्वती को अपनी सेवा करने से मना न किया। क्यों कि इन्द्रियों में विकार पैदा करने वाले स्त्री आदि कारणों के होते हुए भी जिनके चित्त मे विकार न पैदा हो वही सच्चे धीर और दृढ़ चरित्र हैं।)

विवाह करने का उद्देश्य भी कालिदास के मनमें केवल काम-तृष्णा का बुझाना ही नहीं है। कालिदास के मतमें विवाह करने का उद्देश्य सन्तान उत्पन्न करना है। कवि कहता है--

"प्रजायै गृहमेधिनाम्"

(अर्थात्-रघुवंशी राजा पुत्र के लिये विवाह करते थे, विषय-भोगके लिये नहीं।)

दिलीप के सम्बन्ध में भी कवि यही बात, दूसरे शब्दों में कहता है--

"परिणेतु प्रसूतये"—

[अर्थात् उसने सन्तान के निमित्त विवाह किया था।]

इन्द्रियों का दमन करने और अत्यधिक विषयभोग में फंसने

से मनुष्य की क्या दशा हो जाती है, इसका बहुत सुन्दर चित्र कालिदास ने रघुवंश के अन्तिम सर्ग में, अग्निवर्ण की असामयिक मृत्युका वर्णन करते हुए खींचा है।

यूरोपीय समाज में ऐसा नहीं है। वहां तो लड़के लड़कियां जवान हो जाती हैं पर उनका विवाह नहीं, कोई सांसारिक धर्म नहीं। वे स्वच्छन्द होकर अपना जीवन निर्वाह करते हैं। उनकी इन्द्रियलालसा प्रबल है, पर उस लालसा की कोई व्यवस्था नहीं। कोई पारिवारिक शासन नहीं। सर्व साधारण का न तो कोई धर्म है और न कोई कर्तव्य, ज्ञान है भी तो उतना प्रबल नहीं जिससे वे आत्मशासन मे स्थिर रहें। इसी से वे यौवन के प्रबलप्रवाह में बह जाते हैं। यौवन की प्रकृति को रोकना बड़ा कठिन है। वहां युवाओं का यथेच्छाचारी होना निश्चित ही है। इस दुर्दमनीय यौवन की यथेच्छाचारिता की ही शेक्सपियर के नाटको में अधिकता देखी जाती है।

शेक्सपियर ने आत्मशासन का चित्र खींचने की चेष्टा की है। उसकी इसाबेला ने आर्य विधवा की तरह अपना सांसारिक प्रेम भगवान के समीप अर्पित कर दिया था। उसका-मनुष्य प्रेम देव-प्रेम में परिणत हो गया था। देव-भक्ति का ऐसा चित्र शेक्सपियर ने केवल कैथोलिक धर्म मे ही देखा था। नवीन तपस्विनी इसाबेला अपने भाई की प्राणरक्षा के लिये आधी रात को अकेली एंजिला के पास पहुंची थी। एंजिला ने उस समय अपना पापाभिलाष प्रकट किया, पर यह इसाबेला को असह्य हुआ। उसने धर्मकोप मे प्रज्वलित होकर कहा--

"Better it were a brother died at once.
Than that a sister, by redeeming him,
Should die for ever"
(Measure for Measure)

[मेरे भाई की जान भले ही चली जाय, किन्तु उसको बचाने के लिये धर्म को धो बहाकर वह न कभी कलंकिनी नहीं होगी।]

फिर जब उस भाई ने अपनी बहन से पाप मे प्रवृत्त होने का अनुरोध किया, तब इसाबेलाने गरज कर कहा--

"O you beast !
O faithless coward ! O dishonest wretch !
Wilt thou be made a man out of may vice !"

(रे दुराचारी पापी । अपनी बहन को कलंकिनी बनाकर तू जीना चाहता है ? तुझे धिक्कार है ।")

इन दोनो स्थानो मे इसाबेला ने अपने धर्म और पवित्रताको बचाकर आत्मसंयम का सुन्दर परिचय दिया था। इसाबेला का हृदय जब धर्मानुराग से पूर्ण और पूत हो गया था, जब वह नए अनुराग से मठमे प्रवेश करनेको उद्यत हो गई थी, तब यदि उसने एंजिला का तिरस्कार कर दिया तो इसमें आश्चर्य ही क्या है ? उस समय उसके सुन्दर मनोवेग के सामने क्या पापी एंजिला ठहर सकता है ? यदि ऐसे ही चित्र शेक्सपियर मे होते तो उनका सम्मान बहुत अधिक बढ़ जाता।

एक-पत्नी-व्रत— विवाहिता सहधर्मिणी के रहते किसी अन्य स्त्री की इच्छा मनसा, वाचा, कर्मणातक न करना एक-पत्नी-व्रत कहाता है। इस व्रत का पालन बड़ा कठिन है। इस व्रत के पालन से मनुष्य भी देवता हो सकता है। इस व्रत की दीक्षा लिये हुए मनुष्य अतुलनीय दाम्पत्य-सुख भोग सकते हैं। गृहस्थी का तो एक-पत्नीव्रत मुख्यतम अङ्ग है। कालिदास ने इस पर भी कितना जोर दिया है, यह उनके काव्यो से प्रकट है। यद्यपि प्राचीन काल मे अनेक विवाह की प्रथा भारतवर्ष में प्रचलित थी, इसमे कोई सन्देह नहीं; पर यह एक ध्यान देने योग्य बात है कि कालिदास

न सिवाय दशरथ के वृतान्त में, इस प्रथा का जिक्र बहुत नहीं किया है। कालिदास के काव्यों के प्रधान प्रधान पात्र एक-पत्नी-व्रत परायण हैं; और यदि कुछ ऐसे भी हैं, जिनके एक से अधिक पत्नियां हैं तो इस बात की कवि ने उपेक्षा की है। विवाह के उपरान्त उमा, जब बड़ी बूढ़ी स्त्रियों के चरण छूकर प्रणाम करती है, तब वे यह आशीर्वाद नहीं देतीं कि "तू सौभाग्यवती हो" या "वीर प्रसूता हो" किन्तु वे आशीर्वाद देती हैं कि "अखण्डित प्रेम लभस्व पत्युः" — तू पति के अखण्डित प्रेम की पानेवाली हो— तेरे सुख में काटा बोने वाली कोई सयानी तुझे न मिले। और यद्यपि यह बात प्रसिद्ध है कि गंगा पार्वती की सौत थी तो भी कालिदास ने कुमारसम्भव के सात सर्गों में एक स्थान पर भी इस बात का जिक्र नहीं किया है। इन्दुमती की मृत्यु के बाद अज फिर विवाह नहीं करता। रामचन्द्र का एक-पत्नी-व्रत प्रसिद्ध ही है; और जब उनके लिये यह आवश्यक हुआ कि अश्वमेध-यज्ञ में अर्द्धांगिनी भी साथ हो, तब भी वे दूसरा विवाह नहीं करते, बल्कि सोने की मूर्ति बनवाकर उसी के साथ यज्ञ का अनुष्ठान करते हैं। इसी को कवि इस श्लोक में वर्णन करता है—

"सीतां हित्वा दशमुखरिपुर्नोपयेमे यदन्यां
तस्या एव प्रतिकृति सखो यत्क्रतूना जहार।
वृतान्तेन श्रवण विषय प्रापिणा तेन भर्त्तुः
सा दुर्वारं कथमपि परित्याग दुःखं विषेहे॥"

[राम ने सीता का त्याग करके पुनः दूसरा विवाह न किया बल्कि उसी की सोने की मूर्ति को सहधर्मिणी बनाकर यज्ञ पूरा किया। इस वृतान्त को सुन कर सीता ने दुःसह वियोग-दुख को किसी प्रकार सह लिया।]

अपने पिता का अनुसरण करने वाला कुश भी एकपत्नी

परायण था। जब आधीरात को कुश के शय्यागृह मे, स्त्री के वेष मे, राजलक्ष्मी ने प्रवेश किया तब वह उससे कहता है—

" कात्वं शुभे ! कस्य परिग्रहोवा किंवा मदभ्यागम कारणंते।
आचक्ष्व मत्वा वशिनांरघूणाम्मन: परस्त्री विमुख प्रवृत्ति ॥ "

[हे सुन्दरी ! बता तू कौन है ? किसकी स्त्री है ? मेरे निकट आने का क्या कारण है ? इस बात को याद रख कर उत्तर दे कि रघुवंशियो का मन दूसरे की स्त्रियो पर कभी जाता ही नही।]

शेक्सपियर के नाटको में रोमियो और जूलियट को शृंगार रस मे ऊँचा स्थान मिला है। वह नाटक प्रेमरस का एक चुहचुहाता नमूना है। देखना चाहिए शेक्सपियर के उस नाटक के नायक प्रेमरस मे कहाँ तक निपुण हैं। सच्चे प्रेम की मात्रा उसमें कितनी है ? कहाँ तक उसने एक पत्नी व्रत पालन किया है। रोमियो रोसेलिण्ड पर मोहित हो गया। उसे दिन रात चैन नहीं। उसके चित्त की शान्ति जाती रही। गरम गरम उसास आने लगे। आखो मे आँसू बह चले। ऐसी अवस्था को वह प्राप्त हो चुका था; किन्तु ज्योंही उसकी नजर जूलियट पर पड़ी त्योंही वह पलट गया। यह आश्चर्यमय परिवर्तन एक ही रात मे हो गया। फिर जूलियट के लिये भी वही बेचैनी उसे हुई। वह विकल होकर जूलियट के घर के चारो तरफ मंडराने लगा। अन्त में छिपकर वह उसकी खिड़की के पास गया।

शेक्सपियर के नाटक मे एकपत्नीव्रत ऐसा होता है। अब कहिए रामचन्द्र आदि के साथ उसकी तुलना कैसे की जाय ?

पितृ-भक्ति—पितृ-भक्ति के भी अनेक उदाहरण कालिदास के काव्यों में मिलते हैं। रघुवंशी राजकुमार पिता की आज्ञा का पालन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते थे। रघु के विषय में कवि कहता है—

"युवा युगव्यायत बाहुरंसलः कपाट वक्षा. परिणद्धकन्धर. ।
वपुः प्रकर्षाद जयद्गुरुं रघुस्तथापि नीचैर्विनयाद दृश्यत ॥ "

[महा भुजावाला, चौड़ी छाती और विशाल ग्रीवा वाला रघु, शरीर की सुन्दरता और गुणों में पिता से बढ़ा हुआ था; तथापि नम्रता और पितृ-भक्ति के कारण छोटा ही दिखाई पड़ताथा।]

वही रघु जब वृद्धावस्था मे अपने पुत्र अज को राज्यभार सौंपकर बन मे जाने लगता है तब अज करुणा से गद्गद् होकर पिता से बार बार परित्याग न करने की प्रार्थना करता है। जिस राज्य के लिये न जाने कितने बादशाहो और राजाओ ने अपने पिता का बध तक किया उसी पिता से दिए गए राज्य का अस्वीकार करके पिता से अपना परित्याग न करने की वह प्रार्थना करता है। अन्त मे यह तय होता है—

"सकिलाश्रममन्त्य माश्रितो निवसन्नावस थे पुराद्बहिः ।
समुपास्यत पुत्र भोग्यया स्नुषयेवा विकृतेन्द्रियः श्रिया ॥ "

[रघु संन्यास लेकर नगर के बाहर एक स्थान पर रहने लगा, और पुत्र-वधू के समान राज-लक्ष्मी उसकी सेवा करने लगी ।]

" दुरितैरपि कर्तुमात्मसात्प्रयतन्ते नृपसूनवोहियत् ।
तदुपस्थितमग्रहीदजः पितु राज्ञेति न भोगतृष्णया । "

[अनेक राज्यकुमार जिस राज्य को कुत्सित उपायों से अपने अधीन करने का यत्न करते हैं, स्वयं प्राप्त हुए उसी राज्य को अज ने अपने पिता की आज्ञा से स्वीकार किया, न कि भोग की इच्छा से ।]

रामचन्द्र की पितृ-भक्ति की कथा इतनी प्रसिद्ध है कि उसपर कुछ लिखना पिष्टपेषण करना है ।

जहाँ यूरोप में बालकपन ही से स्वतन्त्रता की वायु सेवन करने को मिलती है, जहां युवावस्था में इन्द्रियलालसा और यौवन मद

के आगे सामाजिक और पारिवारिक शासन के सब नैतिक बन्धन स्वयमेव खटाखट टूट जाते हैं, वहां विनयपूर्ण पितृ-भक्ति की कौन आशा की जाय ? इन्द्रियलालसा में लगे और यौवनमद से उन्मत्त शेक्सपियर के नायक और नायिकाओं का वर्णन आर्य साहित्य में ढूंढ़ने से भी मुश्किल से मिलेगा। डेस्डिमोना ने पिता के शासन की अवहेलना कर और यौवनमद से उन्मत्त हो कर खुली अदालत मे जिस निर्लज्जता का परिचय दिया था, वह भी देख लीजिए। वह अपने पिता से क्या कहती है।

"My noble father,
I do perceive here a divided duty :
To you, I am bound for life, and education.
My life, and education both do learn me
How to respect you, you are the lord of duty,
I am hitherto your daughter But here is
my husband.
And so much duty as my mother shew'd
To you, preferring you before her father.
So much I challenge, that I may profess
Due to the Moor, my lord." (Othello)

[पिता जी अब मैं अपने कर्तव्य को जानने लगी हूं। आप मेरे जन्मदाता हैं, आप ने मुझे शिक्षा दी है, जिस के लिये मैं आपकी ऋणी हूं और आप की इज्जत करती हूं। और यहीं तक मैं आप की लड़की हूं। यह मेरे प्राणपति खड़े हैं, अब मेरा कर्तव्य इनकी सेवा करने का है। जिस प्रकार मेरी माँ ने अपने पिता की बात न मान कर आप का साथ दिया था उसी तरह मैं भी अब मेरे प्राणपति का साथ दूंगी।]

आइमोजन अपने पिता को किस प्रकार उत्तर देती है, जरा उसकी भी सुन लीजिए।

"Sir.
It is your fault that I have loved Posthumus:
You bred him as my play fellow, and he is;
A man worth any woman; overbuys me
Almost the sum he pays." (Cymbeline)

[आइमोजन अपने पिता से कहती है, पिता जी मैं आप ही के कारण पोस्थ्युमस को प्यार करने लगी हूं। आप ने उसको मेरे साथी की हैसियत से पाला पोषा। मैं उसके साथ खेली कूदी। अब आप ऐसा क्यों कहते हैं? वह तो एक उत्तम कोटि की स्त्री के लायक है। मुझे उसने एक तौर से खरीद सा लिया है।]

जूलियट का हाल तो किसी से छिपा न होगा। उस के पिता की आज्ञा न मानने पर कैसा हत्याकांड हुआ था सो हमारे पाठकों से छिपा नहीं है।

शेक्सपियर के पात्रों की पितृ-भक्ति से आप उस समाज की दशा का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। हाँ हैमलेट को लोग पितृ-भक्त कहते हैं और उस के पागलपन का कारण भी पितृभक्ति ही बतलाते हैं। पर बात यह नहीं है। उस के पागलपन और दिमाग की अस्थिरता का कारण पितृभक्ति नहीं था। यदि पितृ-भक्ति ही से प्रेरित हो कर उसने पागलपन धारण किया होता तो—

(१) भूत (पिता की आत्मा) की आज्ञा पाने के बाद ही वह अपने पिता की हत्याका बदला लेने के लिये कोई कार्रवाई करता, ऐसा उसने नहीं किया।

(२) दो महीने तक वह चुप बैठा रहा। अपने उद्देश्य-पूर्ति के लिये उस ने कुछ भी नहीं किया।

(३) अपने वैरी चाचा को उसने कई दफे मौक़ा पाकर भी नहीं मारा।

(४) बादशाह पर खेल का कैसा प्रभाव पड़ता है, यह देखने का भार उसने होरेशियो पर छोड़ा, स्वयं न कर सका। उसको अपने पर भरोसा न था।

(५) पिता की हत्या का बदला लेने के पूर्व ही वह इङ्गलैण्ड जाने के लिये तैयार हो गया।

(६) होरेशियो के कहने पर भी वह लाएर्टिस से लड़ना नहीं चाहता था। और सामना करने से जी चुराता था। कितने स्थान पर उसके कहे हुए वाक्यों से यह सिद्ध होता है कि वह कुछ नहीं कर सकता था। जब वह अपनी माँ से बात कर रहा था और भूत (उसके पिता की आत्मा) वहां प्रकट हुआ तो वह उसके कुछ कहने के पहले ही समझ जाता है कि इस समय इस आत्मा का यहां आना केवल—

"To whet his almost blunted purpose"

[अर्थात् विस्मृत उद्देश्य का स्मरण कराने ही के लिये है।];

और वह एकाएक बोल उठता है—

Do you not come your tardy son to chide
That, lapsed in time and passion lets go by
The important acting of your dread
command ?"

(क्या तुम अपने अनाज्ञाकारी पुत्रको धिक्कारने के लिये तो नहीं आए हो ? जो तुम्हारी आज्ञानुसार चलने में शिथिलता करता है।)

पितृभक्ति इसको नहीं कहते। यह तो अपने इच्छा की भक्ति है

भ्रातृप्रेम—कालिदास के भ्रातृप्रेम का भी आदर्श बहुत ऊंचा है। दशरथ के पुत्रो के विषय मे कवि कहता है—

"परम्पराविरुद्धास्ते तद्रघोरनघं कुलम्।
अलमुद्योतयामासुर्देवारण्यमिवार्तव॥"

(राम आदि चारो भाइ परस्पर प्रेम करते हुए रघुकुल को वैसे ही शोभायमान करते थे, जैसे, वसन्त आदि ऋतु नन्दनवन को अधिक शोभायमान करते है।)

लक्ष्मण और भरत का भ्रातृप्रेम इतना उच्च और पवित्र है कि उसकी समता का उदाहरण किसी दूसरे साहित्य में मिलना दुर्लभ है। रघुवंश के इतिहास में भ्रातृ-विरोध का वैसा एक भी उदाहरण नहीं मिलता जेसा कि शाहजहां की मृत्यु शय्या पर अथवा औरंगजेब की मृत्यु पर भाइयो के बीच हुआ था। भ्रातृप्रेम रघुकुल का परम्परागत धर्म था। कुश आदि ने भी इस गुण को पैतृकसम्पत्ति के समान अपने पिता से पाया था। कवि लिखता है।

"अथेतरे सप्त रघुप्रवीरा ज्येष्ठं पुरोजन्मतया गुणैश्च।
चक्रुःकुशं रत्नविशेषभाजं सौभ्रात्रमेषां हि कुलानुसारि॥"

(लव आदि सात भाइयो ने उम्र और गुण मे सब से बड़े कुश को गद्दी पर बिठाया। सच है, भ्रातृप्रेम रघुकुल की रीति ही है।)

अब जरा शेक्सपियर के भ्रातृप्रेम से भी आनन्द उठाइए। शेक्सपियरने हैमलेट नाटक में बड़ी खूबी से चित्रित किया है कि भाई भाई का प्रेम कैसा होता है? आर्य साहित्य का भ्रातृप्रेम ऊपर देख ही लिया अब पाश्चात्य का नमूना देखिए। हैमलेट

का पिता डेनमार्क में राज्य करता था। क्लाउडियस नामका उसका एक भाई था। उस की भी राज करने की इच्छा हुई और उसने बाग में सोये हुए अपने भाई के कान में दो चार बुन्द जहर के टपका दिए। फल यह हुआ कि बादशाह का शरीर फूट निकला और वह मर गया। इधर क्लाउडियस ने यह खबर उड़ा दी कि बादशाह को सर्प काट गया और वह मर गए। चलो कांटा निकल गया। वह गद्दी पर बैठा और उसने अपनी भौजाई से विवाह कर लिया। मामला खतम। राज का राज और रानी घलुवे में। पाश्चात्य साहित्य में आपको भ्रातृप्रेम के ऐसे ही अनेक नमूने मिलेंगे।

[३] समाज-नीति

पारस्परिक सत्य व्यवहार—समाज के सभ्यों में, आपस में एक दूसरे के साथ सचाई और खरापन, समाज की स्थिरता का मूल कारण है। जिस समाज में लोग एक दूसरे को धोखा देने वाले होते हैं तथा एक दूसरे के साथ सचाई का वर्ताव नहीं करते वह समाज बहुत जल्द अधोगति को प्राप्त हो जाता है। कालिदास के काव्यों से पता लगता है कि वे सचाई के बड़े कायल थे। कालिदास के पात्रों का प्रधान गुण सचाई और खरापन है। कालिदास रघुकुल के राजाओं के सम्बन्ध में कहते हैं

"सत्याय मितभाषिणाम्"

रघुवंशी राजा सत्य बोलने के लिये मित-भाषी थे, जिसमें उनके मुख से कोई बात झूठ न निकल जाय। दशरथ के विषय में कवि कहता है—

"न वितथा (वाक्) परिहास कथास्वपि"

वह हंसी-मजाक में भी कभी झूठा न बोलता था। एक दूसरे रघुवंशी राजा, अतिथि, के विषय में भी कवि कहता है—

"यदुवाच न तन्मिथ्या"

जो कुछ उसके मुख से निकलता वह कभी झूठ न होता। यह प्रसिद्ध ही है कि दशरथ ने अपने प्राण और सुख को त्याग कर भी सत्य का पालन किया।

कृतज्ञता—कृतज्ञता अथवा दूसरे के किए हुए उपकार को मानना कालिदास के पात्रों का दूसरा गुण है। जब प्रिय-

दर्शन नाम का गन्धर्व, जो शाप के कारण हाथी हो गया था, अज से मारे जाने पर पुनः गन्धर्व शरीर प्राप्त करता है, तब वह अज का प्रत्युपकार करने के लिये कितना व्याकुल होता है, यह इस श्लोक से मालूम होता है—

"सम्मोचितः सत्ववतात्वयाहं शापाच्चिरप्रार्थित दर्शनेन ।
प्रति प्रियंचेद्भवतो न कुर्यां वृथा हिमे स्यात्स्वपदोपलब्धिः ॥

(हे राजकुमार ! आपने मुझे शाप से छुड़ाया । यदि मैं आपका प्रत्युपकार न करूं तो मेरा पुनः गन्धर्व-पद का पाना वृथा हो जायगा ।)

मेघदूत में कवि कहता है—

"न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः ।

(नीच मनुष्य भी अपने उपकारी मित्र की सहायता के लिये आने पर प्रत्युपकार करने से विमुख नहीं होता, तो फिर उच्चकुल में उत्पन्न मनुष्य का क्या कहना है ।)

कालिदास नेपशुओं के उपकार का भी बदला देना मनुष्य का धर्म बतलाया है । देखिए—

"तान् हत्वा गजकुलबद्धतीव्रवैरान्काकुत्स्थः कुटिल नखाग्रलग्नमुक्तान् ।
आत्मानं रणकृतकर्मणा गजानामानृण्यं गतमिव मार्गणैरमस्त ॥"

(अर्थात् दशरथ ने, हाथियों से महावैर रखने वाले, गजमुक्ता लगे हुए कुटिल नखवाले, सिंहों को मारकर, मानो युद्ध में अपने साथ उपकार करने वाले हाथियों से अपने को उऋण माना ।)

दया और औदार्य—दया और औदार्य्य में भी कालिदास के पात्र किसी के पीछे नहीं हैं रघु । कितने उदार और दानी थे, यह कालिदास के इस श्लोक से सूचित होता है—

"स विश्वजितमाजह्रे यज्ञं सर्वस्व दक्षिणाम् ।
आदानं हि विसर्गाय सतां वारिमुचामिव ।।"

(रघु ने विश्वजित नाम का यज्ञ किया, जिसमे उसने अपना सर्वस्व दक्षिणा मे दे दिया। सच है, श्रेष्ठ मनुष्य दान देने ही के लिये धन सञ्चय करते है जिस तरह कि मेघ जल बरसने ही के लिये समुद्र से पानी लेता है।)

रघु और कौत्सका वादविवाद, जो नीचेके श्लोक मे है, औदार्य्य का कितना उच्च उदाहरण है—

"जनस्य साकेत निवासिनस्तौ द्वावप्य भूतामभिनन्द्य सत्वौ ।
गुरुप्रदेयाधिकनिःस्पृहोऽर्थी नृपोऽर्थिकामादधिक प्रदश्च ।।"

(याचक की आवश्यकता से अधिक देने वाला रघु, और गुरुदक्षिणा के लिये जितना धन चाहिए उससे अधिक न लेने वाला कौत्स-ऋषि, दोनों अयोध्या–निवासियो की बड़ाई के पात्र हुए।)

रघुकुल के औदार्य्य की प्रशंसा में कवि कहता है—

"अप्यसुप्रणयिनां रघोःकुले न व्यहन्यत कदाचिदर्थिता"

रघुकुल में प्राण तक मांगने वालो की याचना कभी वृथा नहीं जाती।

आतिथ्य-सत्कार—कालिदास के काव्यो मे आतिथ्य-सत्कार की भी खूब महिमा गाई गई है। वशिष्ठ मुनि के आश्रम मे दिलीप के जाने पर कवि कहता है—

"तमातिथ्य क्रियाशान्त रथक्षोभ परिश्रमम् ।
पप्रच्छ कुशलं राज्ये राज्याश्रम मुनि मुनि ।।"

(जब आतिथ्य-सत्कार से मार्ग चलने की थकावट जाती रही तब वशिष्ठ मुनि ने रघु से कुशलवार्ता पूछी।)

इसी तरह गुरु-दक्षिणा के लिये आए हुए कौत्स ऋषि का आतिथ्य-सत्कार करने के पश्चात् रघु ने उससे कुशल वार्ता पूछी है। जब राजकुमार अज इन्दुमती-स्वयंबर के अवसर पर विदर्भ देश पहुंचा तब भोजराज ने अज का कैसा आतिथ्य-सत्कार किया, इसे कवि ने इस श्लोक में वर्णन किया है—

"प्रवेश्य चैनं पुरमग्रयायी नीचैस्तथोपाचर दर्पित श्री ।
मेने यथा तत्र जनः समेतो वैदर्भमागन्तुमज गृहेशम ॥"

(आज का प्रवेश राजधानी में करा कर और अज की सेवा में अपनी सर्वस्व लक्ष्मी सौंप कर भोजराज ने उसकी ऐसी सेवा और ऐसा आतिथ्य-सत्कार किया कि वहां आए हुए लोग विदर्भ-राज को पाहुना और अज को उस घर का स्वामी समझने लगे।)

शेक्सपियर के पात्रो की सामाजिक नीति के सम्बन्ध मे श्रीयुत पूर्णचन्द्र वसु लिखते हैं कि:—"शेक्सपियर पाश्चात्य जगत के जन समाज और मानव प्रकृति के चित्रकार थे। उन्होंने उस जन समाज के आचार-व्यवहार, रीति-नीति आदि का सजीव चित्र खीचा है। वह चित्र इतना प्रशस्त, इतना यथार्थ, इतना मर्मोद्घाटनकारी है कि देखने से मालूम होता है कि जैसे फोटोग्राफ से वह चित्र खीचा गया हो।"

"ईसाई धर्मानुसार मनुष्य में पापांश ही अधिक है। समाज के अधिकांश व्यक्ति राजसिक और तमोगुणी हैं। इससे जन-समाज के अधिकांश लोग निर्मल-चरित्र नहीं हैं। यूरोपीय जन-समाज जिन सब विशेष गुणो का आधार है, उसमे जिस प्रकार रजोगुण और तमोगुण सी के प्रकृत चित्र की प्रत्याशा यूरोपीय कवियो के चित्र मे की जा सकती है।" और वही शेक्सपियर ने भी किया है।

जब ऐसी बात है तो फिर आर्यसाहित्य के पात्रों की तरह परस्पर सत्यव्यवहार, दया और औदार्य, कृतज्ञता, आतिथ्य-सत्कार आदि जो सत्वगुण के प्रधान लक्षण है यूरोपीय समाज में कैसे पाए जा सकते हैं ?

(४) राज-नीति

इस विषय मे तो कुछ कहने की आवश्यकता ही नही। रघुवंश में राजाओं ही का वर्णन है। उ मे ऐसी सैकड़ो उक्तियां हैं, जो इस बात की घोषणा कर रही हैं कि, कालिदास बहुत बड़े राजनीतिज्ञ थे। राजा किसे कहते है, उसका सबसे प्रधान धर्म या कर्त्तव्य क्या है, प्रजा के साथ उसे कैसा व्यवहार करना चाहिए—इन बातों को कालिदास जैसा समझते थे, वैसा शायद आज कल के बड़े से बड़े भी राजे महाराजे और राजनीति-निपुण अधिकारी न समझते होंगे। कालिदास की—"स पिता पितरस्तासां केवलं जन्म हेतवः"—सिर्फ यह एक उक्ति इस कथन को समर्थन के लिये यथेष्ट है।

राजा का परम धर्म अपनी प्रजा का पालन करना और उसे हर प्रकार से प्रसन्न रखना है। वह राजा यथार्थ में राजा कहलाने योग्य नही जो अपनी प्रजा को प्रसन्न और सुखी नहीं रखता। इसी लिये कालिदास ने कहा है –

"राजा प्रकृति रञ्जनात्"।

कालिदास के समय मे राजा अपनी प्रजा से बहुत अधिक कर न लेते थे, और जो लेते भी थे, उसे प्रजा के हितार्थ खर्च करते थे। जैसा कि इस श्लोक से प्रकट होता है—

प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्रगुण मुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः॥

(प्रजा का हित करने ही के लिये दिलीप उनसे कर लिया करता

था, जैसे हजार गुना बरसने ही के लिये सूर्य पृथ्वी से जल लेता है।)

कालिदास के काव्यो मे राजा लोग पक्षपात रहित होकर दण्ड तथा पुरस्कार देते थे। रघु के विषय में कवि कहता है—

स हि सर्वस्य लोकस्य युक्त दण्डतया मन.।
आदद्धे नातिशीतोष्णो नभस्वानिव दक्षिणः॥

[नीति के अनुसार यथोचित दण्ड देने से रघु सब लोगो का मन हरने वाला था; जैसे न अधिक शीतल और न अधिक गरम दक्षिण पवन सब का मन हरने वाला होता है।]

दशरथ के विषय मे कवि कहता है—

समतया वसुवृष्टि विसर्जनैर्नियमना दसता च नराधिपः।
अनुयौय यमपुण्य जनेश्वरौ स वरुणा वरुणाग्रसरं रूचा॥

[महाराज दशरथ पक्षपात रहित होकर समान बरताव से, लोगों को धन का पुरस्कार देने से, तथा दुष्टो को दण्ड देने से वरुण सहित यम और कुवेर के. और तेज मे सूर्य के समान मालूम होते थे।]

प्राचीन काल में प्रजा को राजा अपने पुत्र के समान पालते थे। यह इस श्लोक से पता लगता है -

प्रजानां विनयाधानद्रक्षणाद् भरणादपि।
स पिता पितरस्तासां केवल जन्म हेतवः॥

[प्रजा को शिक्षा देने से तथा उसकी रक्षा करने और पालन करने से दिलीप वास्तव मे प्रजा का पिता था। उनके माता पिता तो केवल उनके जन्म देने वाले थे।]

शकुन्तला में भी दुष्यन्त एक स्थान पर कहता है—

येन येन वियुज्यन्ते प्रजा' स्निग्धेन बन्धुना।
स स पापादृते तासां दुष्यन्त इति घुष्यताम॥

[दुष्यन्त अपने राज भर मे डुग्गी पिटवा कर यह कहता है—

'हमारी प्रजा में से मृत्यु के कारण जिस किसी का किसी रिश्तेदार से वियोग हो जाय, वह दुष्यन्त को अपना रिश्तेदार समझे]

राम के विषय में कवि इसी बात को दूसरे शब्दों में कहता है-

तेनार्थवाँल्लोभपराङ्मुखेन तेन घ्नता विघ्नभयं क्रियावान् ।
तेनास लोकः पितृमान्विनेत्रा तेनैव शोकापनुदेव पुत्री ॥

[लोभ रहित राम से लोग अपने को धनवान समझते थे अर्थात् रामचन्द्र लोभ से प्रजा का धन न हरते थे। विघ्न भय को दूर करने वाले राम से लोग यज्ञ आदि का अनुष्ठान करते थे। जिससे प्रजा निश्चिन्त होकर यज्ञ आदि कर्मों का अनुष्ठान करती थी। राम प्रजा को शिक्षा देने वाले थे, इससे प्रजा उन्हे पिता समझती थी। वे प्रजा के दुःखों को दूर करते थे, इससे प्रजा उन्हे अपना पुत्र समझती थी।]

कालिदास के काव्यो के राजा अपने शत्रुओं को पराजित करके छोड़ देते थे, उन पर अत्याचार नहीं करते थे। शत्रुओं के शरण आ जाने ही पर उनका सन्तोष हो जाता था। पराजित शत्रु को उसके पूर्व वैभव में फिर बिठा देने ही को वे अपना गौरव समझते थे।

कालिदास वर्णित राजाओ के अङ्ग में उत्कृष्ट और योग्य गुण वास करते थे। प्रजाओ पर वे असह्नीय कर कभी न बिठाते थे। उनसे लिये हुए छोटे मोटे करों को वे उनके ही कल्याणार्थ खर्च कर दिया करते थे। न्यायाधीश का काम वे स्वयं करते थे। वे निष्पक्षपात होकर शासन करते थे। उनका प्रजा वात्सल्य गुण अवर्णनीय था।

रघुवंशी राजाओ ने दुःख सह कर भी प्रजा के कल्याणार्थ कर्म किए। और दूसरो के दुःख निवारण करने में सदैव तत्पर रहे। प्रजा के साथ उनका ऐसा अच्छा व्यवहार रहता था कि,

प्रत्येक जन यही समझता कि मुझ अकेले ही पर राजा की अत्यन्त कृपा है। राजा के उत्कृष्ट व्यवहार से प्रजा सदैव राजनिष्ठ बनी रही।

प्रजा भी केवल दिखलाने के लिये नहीं, बल्कि सच्चे हृदय से, राजा की भक्ति करती थी। प्रजा राजा के सुख मे अपना सुख और उसके दु:ख मे अपना दु:ख मानती थी। जब बहुत दिनो के बाद दिलीप ऋषि वशिष्ठ के आश्रम से लौटे तब उन्हे देख कर प्रजा कितनी प्रसन्न हुई यह इस श्लोक से जाना जाता है—

तमाहितौत्सुक्यमदर्शनेन प्रजा: प्रजार्थ व्रतकर्शिताङ्गम।
नेत्रै: पपुस्तृप्तिमनाप्नुवद्भिर्नवोदयं नाथमिवौषधीनाम ॥

[बहुत दिनों से न देखने से उत्कंठित प्रजा वशिष्ठ के आश्रम से लोटे हुए, और पुत्रव्रत करने से कृश-शरीर दिलीप को अतृप्त नेत्रों से देख कर प्रसन्न हुई, जैसे नवीन उदय हुए चन्द्रमा को देख कर लोग प्रसन्न होते हैं।]

इन्दुमती की मृत्यु से दु:खित अज के साथ प्रजा की कैसी सहानुभूति थी, इसे कालिदास इस श्लोक मे प्रकट करते है।

स विवेश पुरीं तया विना क्षणदापायशशाङ्कदर्शन.।
परिवादमिवावलोकयन्स्व शुच. पौर वधूमुखाश्रुषु ॥

जैसे रात्रि के वियोग से चन्द्रमा कान्तिहीन हो जाता है उसी तरह इन्दुमती के वियोग-दु:ख से कान्तिहीन अजने, पुर मे प्रवेश करते हुए, इन्दुमती के वियोग मे रोती हुई नगरवासिनी स्त्रियों की आखों से बहते हुए आँसुओ में, अपने दु:ख का प्रवाह सा बहते देखा।)

शेक्सपियर की राज-नीति।

शेक्सपियर के ऐतिहासिक नाटको के पढ़ने से उसके राजनतिक विचार का भली प्रकार पता लग जाता है। शेक्सपियर राजनैतिक प्रश्न को कई दृष्टि-बिन्दुओं से देखता था। पर विशेष तर वह शासकवर्ग के ही दृष्टि-बिन्दुओ मे राजनैतिक समस्याएँ हल करता था। क्योंकि वह शासन का पक्षपाती था। उसको सुशासन की आवश्यकता और उसके सदुपयोग का पूर्ण ज्ञान था। वह नौकरशाही का सदस्य न था; किन्तु वह अमनचैन का पूरा पक्षपाती था। जनता पर उसका विश्वास न था। यह बात उसके चतुर्थ हेनरी, जूलियस सीजर, कारोलेनस के नाटकों से भलीभांति प्रकट होती है। व्यापारियों को भी वह विश्वसनीय नहीं समझता था।

शेक्सपियर ने अपने ऐतिहासिक नाटको मे छः राजाओं के पूरे वर्णन किए हैं। जिनमें उसने तीन नाटको में तो राजाओं की सफलता दिखाई है और बाकी के तीन नाटकों में उनकी असफलता इन नाटकों के अनुशीलन से यह भलीभांति विदित होता है कि संसारपर अपना प्रभुत्व जमाने में किस प्रकार सफलता और असफलता प्राप्त होती है। श्लिगल (Schlegel) के कथनानुसार शेक्सपियर के ऐतिहासिक नाटक राजाओ के लिये दर्पन का काम करते हैं।*

---

* Hence they form, as Schlegel has well said, a mirror for Kings

शेक्सपियर सम्राज्यवादी था। वह इंगलैड मे एक साम्राज्य स्थापित करना चाहता था। इसी कारण उसने अपने पंचम हेनरी नामक नाटक मे चार विविध-भाषाभाषी महान शक्तियों को एक दिल होकर फ्रांस में लड़ते हुए दिखाया है। और यह दिखला दिया है कि जातीय एकता ही जातीय विजय का मूल कारण है।

पञ्चम हेनरी शेक्सपियर का आदर्श राजा है। वह नीति-प्रिय है। फ्रान्स के साथ युद्ध करने मे वह सर्वथा समर्थ होने पर भी लाट पादड़ी से उसने अपने अधिकार के सम्बन्ध में अनुमति ली।

युद्ध के लिये उसके रवाने होने के समय ही एक षड्यन्त्र पकड़ा गया जो स्वयं उसकी हत्या करने के लिये रचा गया था। राज-द्रोहियों को उसने उचित दण्ड दिया, जिसमें देशके अमन चैन में कोई गड़बड़ी न पड़े, न कि अपने व्यक्तिगत अपमान के कारण।

शेक्सपियर का राजा ईश्वर पर भी श्रद्धा रखता था। वह नास्तिक न था। नाटक मे बार बार उसने 'ईश्वर की इच्छा' का उल्लेख किया है। युद्ध में भी वह सब कार्यों का स्वयं निरीक्षण करता था अपनी प्रजा से भी वह उचित व्यवहार करता था। उनपर उसने अपना पूरा प्रभुत्व जमा लिया था।

शेक्सपियर अपने समय की प्रचलित शासनप्रणाली से सहानुभूति रखता था इस कारण से नहीं कि वह अच्छी थी वरन् इस कारण कि वह प्रचलित थी।* यद्यपि वह राजनैतिक-विग्रह के

* Shakespeare had the feeling of loyalty to the ancient polity of this country not because it was good but because it existed

W Bagehot

काल में नहीं उत्पन्न हुआ था और न उसके समय मे सुधार ही हुआ था, तथापि 'रोजेज के युद्ध' से उसने पैतृक राज्यशासन के दुष्परिणामको बखूबी देख लिया था। वह राज्य के अन्तर्गत प्रतिनिधि शासन का पूर्ण पक्षपाती था।

भाषा

संसार मे जितने नाटक लिखे गए है, उन सब को देखने से पता चलता है कि अधिकांश नाटक कविता अर्थात् छन्दोबद्ध भाषा में लिखे गए हैं। इसका क्या कारण है? श्रीयुत सुरेन्द्र नाथ सिंह बी० ए० ने 'अपने नाटक और अभिनय' शीर्षक लेख मे लिखा है कि जहां तक अनुमान किया जाता है इसके कारण निम्नलिखित हो सकते हैं. —

(१) प्राचीन काल मे ग्रन्थकारों की प्रवृत्ति कविता की तरफ़ अधिक थी। भारतवर्ष के विषय में तो यह बात और भी विशेषता से कही जा सकती है। मेरा विश्वास है कि सभी जातियों के साहित्य का प्रारम्भ कविता से हुआ है। उस समय गणित, ज्योतिष, आयुर्वेद इत्यादि की रचना छन्दोमयी भाषा में ही होती थी। कलाकौशल के भी ग्रन्थ छन्दों में ही लिखे जाते थे। अतएव ऐसी अवस्था में नाटकों की रचना पद्य में होना कोई आश्चर्य की बात नही है।

(२) भाव की अधिकता अर्थात् प्राचुर्य्य के कारण मनुष्य की बोली में तात्कालिक परिवर्तन लक्षित होता है। हिंसा, क्रोध, राग, द्वेष, अत्यधिक हर्ष, अत्यधिक शोक इत्यादि की अवस्था में मनुष्य की भाषा स्वाभाविक भाषा से अन्य प्रकार की हो जाती है। यह बात मानने के लिये बहुत से आदमी प्रस्तुत न होंगे। इसकी पूर्ण उपलब्धि तथा इसके पूर्ण सत्य की अनुभूति के लिये बहुकाल व्यापी अनुसन्धान तथा परीक्षा की आवश्यकता है। मानवचरित्र की विशेषताओं की तरफ जिनका लक्ष्य है, वे इस

बात को अवश्य स्वीकार करेंगे, कि मनुष्य जब क्रोध, हर्ष अथवा शोक में बेधड़क अपना वक्तव्य व्यक्त करता है, तब उसकी बोली में एक तरह का वजन चढ़ाव उतार, जोड़ तोड़, देखने में आता है जो कविता के वजन चढ़ाव उतार आदि से कुछ कुछ मिलता जुलता मालूम पड़ता है। इन दोनोंमें पार्थक्य अवश्य है; परन्तु प्राचीन कविताप्रिय लेखकों ने इनका सादृश्य ग्रहण करके पार्थक्य को छोड़ दिया। उनकी दृष्टि मे यह विभिन्नता नही जॅची।

(३) इस अवस्था में कुछ समय तक रहने के बाद नाटकों की भाषा में फिर परिवर्तन हुआ। इस परिवर्तन का कारण अमित्राक्षर छन्दों का आविष्कार कहना चाहिए। अमित्राक्षर छन्दों की भाषा को हम साधारणतः मित्राक्षर छन्दों की तथा गद्य की मध्यवर्तिनी भाषा मान सकते हैं, जिसमे एक फर्क तो हमें कविता का वजन, चढ़ाव उतार इत्यादि देखने मे आता है और दूसरी तरफ गद्य की स्वाधीनता तथा निरंकुशता भी देखने मेंआती है

(४) एक समय ऐसा था जब लोग स्वाभाविकता से श्रुति मधुरता का अधिक आदर करते थे। ऐसी अवस्था में नाटकों की रचना गद्य मे न होकर पद्य मे होना अधिकतर स्वाभाविक है।

पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी अपने नाट्यशास्त्र में लिखते हैं कि "भारतीय नाट्यशास्त्र के नियमानुसार नाटक की साधारण बातें गद्य में लिखी जानी चाहिए। परन्तु जहां किसी वस्तु का वर्णन आवे, अथवा जहां कोई अद्भुत बात कहनी हो; अथवा जहां का भाव बहुत ही अच्छा हो; वहां पद्य प्रयोग करना उचित है।"

कालिदास के नाटकों में पात्रो की योग्यता के अनुसार संस्कृत अथवा प्राकृत बोलने का नियम किया गया है। माग़डोनल साहेब अपने संस्कृत साहित्य के इतिहास में लिखते हैं:—

"In accordance with their social positon the various characters in a Sanskrit play speak different dialects. Sanskrit is employed only by heroes, knigs, Brahmans and men of high rank, Prakrit by all women and by men of the lower orders. Destinctions are further made in the use of Prakrit itself. Thus women of high position employ Maharastri in lyrical passages, but otherwise they, as well as children and the better class of servants speak. Saurseni. Magadhi is used, for instance, by attendants in the royal palace. Avanti by rogues or gamblers, Abhiri by cowherds, Paisachi by charcoal burners, and Apabhramsa by the lowest and most despised people as wellas barbarians."

[संस्कृत नाटक में पात्रों की भाषा उनकी स्थिति के अनुकूल होती है। नायक, राजा महाराजा, सूत्रधार और उच्चस्थिति वाले पात्र संस्कृत बोलते हैं। स्त्रियां और मध्यमस्थिति के पात्र प्राकृत का प्रयोग करते हैं। प्राकृत भाषाओं में शौरसेनी, मागधी, पैशाचीऔर महाराष्ट्री भाषाओं का विशेष प्रयोग है। उच्च स्थिति वाली स्त्रियाँ गीत में महाराष्ट्री का प्रयोग करती हैं और आमतौर से वे, बालक पात्र और उच्च श्रेणी के सेवक शौरसेनी बोलते हैं सेवक मागधी, असभ्य और जुआरी अवन्ती; गवाले अभीरी कोयला फूकने वाले पैशाची, और नीच और घृणित पात्र अपभ्रंश बोलते हैं]

संस्कृत के ग्रन्थों में इतना और भी लिखा है कि राजपूत

और वणिक अर्द्ध मागधी का प्रयोग करते हैं; विदूषक प्राच्यी और भूत, प्रेत पैशाची का। इसके अतिरिक्त अपने अपने प्रान्त के अनुसार साधारण लोग द्राविड़ी,वाल्हीक, आदि भाषाएं बोलते हैं।

कालिदास ने, जहां जैसा भाव है, वहां वैसी ही भाषा का प्रयोग किया है। साधारणतः शब्द जितना सरल, सहज और प्रचलित होता है, उतना ही वह जोरदार होता है। कालिदास की भाषा इसी तरह की है। कालिदास की भाषा में प्रायः प्रचलित सामान्य सरल शब्दों का ही सुन्दर समावेश है। उनके "शान्तमिद-माश्रमपदम्" अथवा "वसने परि धूसरेवसाना" आदि की संस्कृत अत्यन्त सहज है। फिर भी शब्दों की सार्थकता कितनी है।

भाव को गहरा,साथ ही, सहज और बोधगम्य कराने की शक्ति महाकवि का एक लक्षण है। कोई कोई बड़े कवि भी कभी कभी भाव को इतना गाढ़ा और जटिल कर डालते हैं कि समझने में बड़ी कठिनाइयां पड़ती हैं। संस्कृत के कवियों में यह दोष पूर्ण-मात्रा में मौजूद है। इस विषय में कालिदास सबके आदर्श हैं।

कालिदास की प्रौढभाषा और अनुकरणीय शैली के सम्बन्ध में श्रीयुत अरविन्द घोष ने अपने एक लेख में लिखा है कि:—

"कालिदास को संस्कृत कवितारूपी आकाश का पूर्णचन्द्र कहना चाहिए। उनके किस किस गुण की प्रशंसा की जाय। संस्कृत भाषा पर उनका अधिकार असामान्य था। उन्होंने अपनी कविता में चुन चुन कर सरल, पर सरस और प्रसङ्गानुरूप शब्दों की ऐसी योजना की है, जैसी कि आज तक और किसी कवि की कविता में नहीं पाई जाती। उनकी प्रतिभा विश्वतोमुखी थी। उनकी कल्पनाओं की पहुंच पृथ्वी, आकाश, पाताल सब कहीं थी। उनके वर्णन का ढंग बड़ा ही सुन्दर और हृदयस्पर्शी है। व्याकरण, ज्योतिष, अलङ्कारशास्त्र, नीतिशास्त्र, वेदान्तशास्त्र, पदार्थविज्ञान

इतिहास, पुराण आदि जिस शास्त्र और जिस विषय मे उन्हे जो बात अपने मतलब की देख पड़ी, उसी को वहां से खींच कर, उसके उपयोग द्वारा उन्होने अपने मनोभावों को मनोहर से मनोहर रूपदेकर व्यक्त किया है।

"बड़े बड़े कवि जब बहुत उत्तेजित होकर किसी बात का वर्णन करने लगते हैं, तभी उनमे उस बात को प्रत्यक्षवत् दिखा देने की शक्ति आती है। पर कालिदास मे यह शक्ति सब समय वर्तमान रहती थी। इसी शक्ति के साथ अपनी सौन्दर्य कल्पना की सर्वश्रेष्ठ शक्ति को मिला कर वे काव्यचित्र बनाया करते थे। वे जैसे उत्तम विषय की कल्पना कर सकते थे, वैसे ही उसे खूबसूरती के साथ सम्पन्न भी कर सकते थे। भाषा और शब्दो के सौन्दर्य तथा उनकी ध्वनि और अर्थ आदि का भी वे बड़ा ख्याल रखते थे। उन्होने संस्कृत भाषा के भण्डार से बहुत ही ललित छन्दो और भावपूर्ण सरस शब्दों को चुन चुन कर अपनी कविता के काम में लगाया है। इससे उनकी रचना देव-वाणी की तरह मालूम होती है। कालिदास की भावोद्बोधन-शक्ति ऐसी अच्छी थी, कि पिछले हज़ार वर्ष के संस्कृत-साहित्य मे सर्वत्र उसी की प्रतिध्वनि सुनाई पड़ती है। इनकी कविता मे संक्षिप्तता, गंम्भीरता और गौरव तीनो बाते पाई जाती हैं। भाषा की सुन्दरता और प्रसङ्गानुकूल शब्दो की योजना से इनकी रचना का सौन्दर्य और माधुर्य और भी बढ़ गया है। यों तो कालिदास ने सभी विषयों का वर्णन बड़े ही ललित पद्यों मे किया है, पर इनके ऐतिहासिक काव्य और नाटक बहुत ही अच्छे हैं। ऐतिहासिक काव्य-रचना मे कालिदास मिल्टन से भी बढ़ गए हैं, इनके नाटकों की भाषा मे असाधारण सुन्दरता और मधुरता है। वह भाषा बोल-चाल में व्यवहार करने लायक है।"

रचना शैली ।

किसी भाषा की कविता का आनन्द तभी मिलता है जब उस भाषा का बहुत अच्छा ज्ञान प्राप्त हो जाता है। पर कालिदास के काव्य मे कविता का रस उसे भी मिल सकता है जो प्रौढ़ बुद्धि नहीं हुआ, अर्थात् जो निरा विद्यार्थी है; क्योकि कालिदास की शैली में न तो पुराणो का सा शैथिल्य और सादगी है और न बाद के कवियों की सी जटिलता, समासो की प्रचुरता और भाषा की निस्सीम सजावट ही है। कालिदास के काव्य में क्लिष्टता नही है। वह कन्द मे सने हुए मक्खन की तरह है। मक्खन का लड्डू मुंह में रखते ही जैसे गले के तले हो जाता है उसी तरह कालिदास की प्रसाद-गुण-विशिष्ट कविता भी पढ़ते ही मनमे बिजली सी व्याप जाती है। उनकी कविता पढ़ने से जान पड़ता है कि उनको ज़रा भी सोचना न पड़ता था। वे कलम उठा कर बराबर लिखते चले गए है।

रस वर्णन।

कालिदास ने सदा मधुर और कोमल भाषा का प्रयोग किया है। चाहे वीररस का वर्णन हो चाहे शृङ्गार का, चाहे करुणा का। उदाहरण के लिये रघुदिग्विजय और इन्दुमती-स्वयंवर में आए ए राजाओं के साथ अज के युद्ध का वर्णन ले लीजिए। कालिदास ने इन दोनों ही स्थानों पर ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है, जिनसे पढ़ने वालों के हृदय पर वीररस का भाव उदित नहीं होता? उदाहरणार्थ देखिए -

संग्रामस्तुमुलस्तस्य पाश्चात्यैरश्वसाधनै ।
शार्ङ्गकूजित विज्ञेय प्रतियोधे रजस्यभूत् ॥
तत्र जन्यं रघोर्घोरं पार्वतीयैर्गणैरभूत् ।
नाराचक्षेपणीयाश्म निस्पेषोत्पतितानलम् ॥

पत्तिः पदाति रथिनं रथेशस्तुरङ्गसादी तुरगाधिरूढम् ।
यन्ता गजस्याभ्यपतन् गजस्थं तुल्यप्रतिद्वन्द्वि बभूव युद्धम् ।
ततःप्रियोपात्तरसेऽधरोष्ठे निवेश्य दध्मौ जलजं कुमारः ।
तेन स्वहस्तार्जितमेकवीरः पिवन्यशोमूर्तमिवावभासे ॥
ततो धनुष्कर्षणमूढहस्तमेकांसपर्यस्तशिरस्त्र जालम् ।
तस्थौ ध्वजस्तम्भविषण्णदेहं निद्राविधेयं नरदेवसैन्यम् ॥

किन्तु शृङ्गार और करुणारस का वर्णन करने में कालिदासने रस के अनुकूल शब्दो का प्रयोग किया है । यथा—

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्मलक्ष्मी तनोति ।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणा मण्डनं नाकृतीनाम् ॥

कालिदास को जिस रस अथवा जिस भाव को कहना रहता उसको वे थोड़े से शब्दो मे कह डालते । अन्य कवियो की तरह वे बहुत से शब्दो में खूब बढा चढ़ा कर नहीं कहते । यदि करुणा-रस का वर्णन होता तो कालिदास के पात्र सिर्फ दो ही चार आँसू गिरा कर और थोड़ी ही सी मर्मान्तक बातें कहकर चुप हो जाते । इनके इन दो चार आँसूओं मे जो असर है वह अन्य कवियों के विस्तृत विलाप मे नहीं ।

शेक्सपियर की भाषा।

शेक्सपियर ने भी अपने नाटकों मे गद्य और पद्य दोनो का प्रयोग किया है। गद्य का प्रयोग विशेषकर प्रहसन, पत्र-व्यवहार घरेलू वार्ता-लाप तथा आवेश, पागल-पन और उच्चविचारो को प्रदर्शित करने में किया गया है। पद्य का प्रयोग प्रायः प्रत्येक दृश्य के अन्तमें उसको प्रभावोत्पादक बनाने के लिये किया गया है। एबाट (Abbott) का कथन है कि शेक्सपियर ने स्वगत विचारों को भी प्रकट से भिन्न दर्शाने के लिये पद्य में ही लिखे हैं। जिसमें दर्शकों को स्वगत और प्रकट विचारो मे गड़बड़ी न पड़े।

शेक्सपियर की भाषा एलिज़बेथ के समयकी (Elizabethan) भाषा है। जिसको एलिजबेथ के समय की भाषा का ज्ञान है उसको शेक्सपियर की भाषा समझने में कुछ भी अड़चन नही पड़ेगी। शेक्सपियर एक महाकवि था। उसके विचार और लेखनी में प्रायः लागाबाजी हुआ करती। जो कुछ उसके ध्यान में आता लेखनी उसको ऐसी सुगमता से लिख डालती कि खोजने से भी उसके लेखो मे कही संशोधन नही मिलता।[1] शेक्सपियर की धारा-प्रवाह लेखनी जब चलती तब व्याकरण की क्या मजाल थी कि वह अपने नियमो की टॉग अड़ावे। व्याकरण तो शेक्सपियर

---

[1] "His mind and hand went together" Say his friends editors Heminge and Condell, "and what he thought he uttered with that easiness that we have scarce received from him a blot in his papers."

के लिये बांये हाथ का खेल था। अपने भाव प्रदर्शित करने के लिये वह शब्दों को व्याकरण के साम्राज्य से अलग कर देता और उसको मनमाना रूप देकर अपना काम निकाल लेता। यही कारण है कि शेक्सपियर की भाषा में व्याकरण-जनित-क्लिष्टता नहीं नज़र आती। वरन् शेक्सपियर की भाषा में सुगमता सरलता और स्पष्टता की तूती बोलती है। दूसरे यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि शेक्सपियर ने अपने नाटक-रङ्ग-मञ्च पर खेले जाने के लिये लिखे थे न कि पढ़े जाने के लिये। यदि शेक्सपियर अपने को व्याकरण सम्बन्धी नियमों से जकड़ देता तो उसके नाटकों में न तो वह मनोहरता, स्पष्टता और सरलता ही रहती और न वे इतने सुन्दर और प्रभावोत्कारी ही रह जाते जो कि उनकी जान है।

शेक्सपियर ने अपने भाव प्रकट करने में कभी भी कंजूसी से काम नहीं लिया है। एलिज़बेथ का समय जागृति-काल कहा जाता है। विदेशियों के सम्बन्ध, सुगठित नाविक-प्रबन्ध और साहित्य-सेवन के कारण नए नए विचार और नवीन शब्दों का निर्माण हुआ। शेक्सपियर भी इसी काल में उत्पन्न हुआ। कहा भी है कि 'Shakesp are was a child of English-Renaissance and it were the books of his own age that first caught him in their toils.'

इसी कारण शेक्सपियर के नाटकों में स्थान स्थान पर अपूर्व शब्द और उनके अपूर्व प्रयोग मिलते हैं। फिर भी शेक्सपियर के भाव और भाषा में जो एकता पाई जाती है, वह ढूंढ़ने से भी दूसरे किसी कवि के ग्रन्थों में नहीं मिलेगी, क्योंकि शेक्सपियर के "The ve syntax is the syntax of thought rather than of language (उसकी शब्द रचना

क्या है मानों उसके विचार की ही रचना है न कि भाषा की)। यों तो शेक्सपियर की भाषा सदा सरल और सुगम है, किन्तु जहां उसके विचार, जितने अधिक ऊंचे गए हैं वहां उसकी भाषा उतनी ही अधिक मधुर और स्पष्ट होती गई है। शेक्सपियर का मस्तिष्क क्या है, मानों वाक्यों और शब्दों का खजाना ही है।*

आगे चल कर शेक्सपियर के नाटकों की भाषा कुछ विशेष प्रौढ़ हो गई है। भाषा की इस प्रौढ़ता का कारण विषय की बाहुलता है न कि शैली का परिमार्जन।

दुःखान्त-नाटकों के लिखते समय जब वह बहुत आवेश में आ गया है, तब उसने अनापसनाप बकना नहीं शुरू किया है; किन्तु गला भर आने से उसने अपने सच्चे भावों को उस समय के निकले हुए थोड़े से टूटे फूटे शब्दों में ही प्रदर्शित किए हैं। इस प्रकार विषयानुकूल भाषा के प्रयोग से उसके भावों का तदवत् चित्र सामने नाचने लगता है। और दर्शकों के मन में भी नाटक-गृह की शान्ति के स्थान पर रसानुकूल उथल पुथल होने लगती है।

शेक्सपियर की भाषा के सम्बन्ध में सुप्रसिद्ध नाटककार कविवर द्विजेन्द्र लाल राय लिखते हैं कि—"शेक्सपियर ने तो मानों भाषा और भाव दोनों को एकत्र गला कर अपनी कविता ढाली है।"

जैसा उपर कहा गया है कि विदेशियों के विशेष सम्पर्क से नाटक में आए हुए विदेशी पात्रों के मुख से उनकी मातृभाषा ही बोलवाई गई हैं, जिससे इसके नाटकों में मनोरञ्जन और भी बढ़ गया है

शेक्सपियर के नाटकों में सभी रस पाए जाते हैं। वीर

* He had a mint of phrases in his brain an exchequer of words.

रसात्मक वर्णन इससे अधिक और क्या हो सकता है—

Cowards die many times before their death,
The valiant never taste of death but once.
Of all the wonders that I yet have heard
It seems to me more strange that men
should fear
Seeing that death, a necessary end,
Will come when it will come.

अर्थात्—भीरु लोग अपनी मौत से पहले ही कई बार मर चुकते हैं। पर वीर पुरुष मृत्यु का स्वाद एक बार से अधिक नहीं चखते। मुझे आश्चर्य है कि लोग मृत्यु से डरते क्यों हैं। वह तो एक न एक दिन अवश्य ही आती है। जब मरना होगा तब मरेंहींगे।

और देखिए:—

Danger knows full well
That Caesar is more dangerous than he.

अर्थात्—भय जानता है कि सीजर भय से भी अधिक भयानक है।

प्रेमरस करुणरस, हास्यरस तथा अन्य रसों से भी शेक्सपियर के नाटक भरेपड़े हैं।

कवित्व

कवित्व का राज्य इतना विस्तृत और इतना विचित्र है कि एक ही वाक्य में उसे समझा देना असम्भव है। तो भी विज्ञान आदि से उसे पृथक् कर देने से-यह न कह कर कि काव्य क्या है, यह बतला देने से कि काव्य क्या नहीं है—हम उसे किसी प्रकार समझ सकते हैं।

विज्ञान से कविता पृथक् है। विज्ञान की भित्ति बुद्धि है और कविता की अनुभूति। विज्ञान का जन्मस्थान मस्तिष्क है और कविता की जन्मभूमि हृदय। विज्ञान का राज्य सत्य है और कविता का सौन्दर्य। एक महात्मा ने कहा है कि कवि द्रष्टा है। वैज्ञानिक लोग विज्ञान द्वारा ब्रह्माण्ड में जो शृङ्खला देखते हैं कवि लोग उसी शृङ्खला का अनुभव अनुभूति द्वारा करते हैं। इस शृङ्खला मे जो सौन्दर्य रहता है, वही कवियो का वर्णनीय विषय है। वैज्ञानिक जन कहते हैं कि सन्तान पर माता का स्नेह न रहे तो वह सन्तान जीवित नही रह सकती, माता-पिता के यत्न पर ही सन्तान का जीवन आश्रित है। अतएव सृष्टि की रक्षा के लिये माता-पिता का स्नेह आवश्यक है। कवि ऐसा तर्क नही करता; वह चुपचाप जननी का वात्सल्यभाव प्रकट कर देता है। उससे हम लोगों के मानस-पटल पर माता के पवित्र प्रेम का चित्र सदा के लिये अङ्कित हो जाता है। विज्ञान की युक्ति सुन कर हमें अपने कर्तव्य का ज्ञान होता है; परन्तु कवि के अंकित चित्र से हममें भक्तिभाव का उदय होता है।

हमने कहा है कि कविता का राज्य सौन्दर्य है। यह सौन्दर्य बहिर्जगत में रहता है और अन्तर्जगत मे भी। जो कवि केवल बाह्य सौन्दर्य का वर्णन करते हैं, वे कवि है, इसमे सन्देह नहीं; परन्तु जो लोग मनुष्य के हृदय-निहित-सौन्दर्य का वर्णन करते हैं वे उनसे भी उच्चतर कवि है। बाह्य सौन्दर्य और अन्त. सौन्दर्य में एक निगूढ़ सम्बन्ध है। मेघ को देख कर मयूर पूंछ उठाकर नाचने लगता है, केतकी की सुगन्धि से सर्प आकृष्ट होता है, वेणु की ध्वनि से मृग निष्पन्द हो जाते हैं। मनुष्यो पर तो बाह्य-सौन्दर्य का प्रभाव इससे भी अधिक पड़ता है। बहिः प्रकृति का माधुर्य हृदय को गठित करता है। हमारा विश्वास है कि स्नेह, दया, भक्ति कृतज्ञता आदि गुणो की उत्पति इस सौन्दर्य बोध से ही होती है। प्रस्फुटित-फूल देख कर स्नेह विकसित होता है, सूर्य को देखने से हृदय मे भक्ति का उद्रेक होता है, अनन्त आकाश को देखने से हृदय की संकीर्णता जाती रहती है, तथापि बाह्य-सौन्दर्य के वर्णन से अन्तः सौन्दर्य के वर्णन मे कवि की कवित्व शक्ति अधिक प्रकाशित होती है। बाह्य सौन्दर्य स्थिर, निष्प्राण और अपरिवर्तनीय होता है। पर मनुष्य के हृदय मे सदा परिवर्तन होते रहते हैं। कभी भक्ति घृणा में परिणित हो जाती है; कभी अनुकम्पा से प्रेम उत्पन्न होता है; और कभी हिंसा से कृतज्ञता का जन्म होता है। जो इस परिवर्तन को देख सकता है, वही अन्तर्जगत के इस विचित्र-रहस्य का उद्घाटन कर सकता है। और उसी को इन मानसिक पहेलियो का ज्ञान भी हो सकता है। मनुष्य हृदय की गूढ़तम जटिल समस्या को भी वह खूब समझ सकता है।

कालिदास ऐसे ही कवि हैं। जगत के बाह्य सौन्दर्य के वर्णन मे वे जैसे निपुण हैं, वैसे ही वे अन्तःस्थित सौन्दर्य के वर्णन मे भी हैं। कालिदास कविचन्द्र हैं। उनका आलोक सर्वदा स्निग्ध,

मधुर और सुखप्रद होता है। कोई कितना भी दु:खित हो, कालिदास के मधुर आलोकमें आते ही वह अपना दु:ख भूल जाता है।

श्रीयुत अरविन्द घोष कालिदास के सम्बन्ध मे लिखते हैं —

"कालिदास की तर्कनाशक्ति बहुत ही अच्छी थी। शृंगार और करुणारस के वर्णन मे वे सिद्धहस्तथे। कालिदास मे प्रधान गुण यह था कि वे प्रत्येक काव्योपयोगी सामग्री को—काव्य के प्रत्येक अंश को—बड़े ही कौशल से सुन्दर बना देते थे। अपने वर्णनीय विषय की मूर्त्ति पाठको के सामने खड़ी कर देने की जैसी शक्ति कालिदास में थी वैसी और किसी कवि में नही पाई जाती।

"कालिदासने अपने अपूर्व कवि-कौशल से अनूठे अनूठे पौराणिक दृश्यों पर नए नए बेलबूटे लगाकर उनकी सुन्दरता और भी बढ़ा दी है। आँख, कान, नाक, मुँह आदि ज्ञानेन्द्रियों की तृप्ति के विषय तथा कल्पना और प्रवृत्ति, ये ही बातें काव्यरचना में मुख्य उपादान हैं। कालिदास ने इन सामग्रियों से एक आदर्श सौन्दर्य की सृष्टि की है। कालिदास के काव्यों में स्वर्गीय सौन्दर्य की आभा झलकती है। वहाँ सभी विषय सौन्दर्य—शासन में रक्खे गए हैं। परन्तु इतने पर भी, अन्यान्य सौन्दर्य उपासनापूर्ण कविताओं के स्वाभाविक दोषों से कालिदास की कविता बची हुई है। अन्य कविताओं की तरह इनकी कविता धीरे धीरे कमजोर नही होती गई है।

"उसमें दुराचार की प्रवृत्ति नही पाई जाती। इनकी कविता अपनी नायिकाओं की काली कुटिल अलकों और भ्रू-भङ्गियां में भी अत्यन्त उलझी हुई नहीं जान पड़ती। कालिदास की रचना इन सब दोषों से बची हुई है। समुचित शब्दों के प्रयोग और काव्य के चमत्कार की ओर ही इनका अधिक ध्यान था'

उपमाएँ।

संस्कृत-साहित्य मे उपमा प्रयोग के सम्बन्ध मे कालिदास की विशेष प्रसिद्धि है। कहा जाता है कि "उपमा कालिदासस्य"। कालिदास निश्चय ही उपमा के प्रयोग मे सिद्ध-हस्त हैं। मगर वे जगह जगह उपमा की मात्रा उचित से अधिक बढ़ा देते हैं। रघुवंश महाकाव्य के पहले सर्ग में उन्होंने प्रायः प्रति श्लोक मे पमा का प्रयोग कि ा है । अंगरेजी मे ड्राइडन ने कविता की एक खास श्रेणी को व्यंग करके लिखा है—

"One (verse) for sense an , one fo: rhyme
Is quite sufficient at a time"*

तदनुसार ही कालिदास का उक्त उपमा प्रयोग हो गया है—

(एक भाव के लिये औ दूसरा अलंकार के लिये।)

कुछ भी हो, कालिदास की 'सरसिज मनुविद्धं शैवलेन' उपमा अतुल है, 'किसलयमिव पांडुपत्रे', सुन्दर है और 'अनाघ्रातं पुष्पं' अद्भुत । अस्तु—

उपमा देने की तीन प्रथा है—

) वस्तु के साथ वस्तु की उपमा और गुण के साथ गुण को उपमा, जैसे, चन्द्रमा सा मुख या मातृस्नेह की तरह पवित्र।

(२) गुण के साथ वस्तु की उपमा, जैसे स्नेह शिशिर के

---

* एक चरण तो अपना अभिप्राय प्रकट करने के लिये और दूसरा तुक मिलाने के लिये। बस। एक समय के लिये इतना काफी है।

सम्भ्रम (पवित्र), सरोवर के समान स्वच्छ, या चन्द्रमा की तरह शान्त है—इत्यादि।

(३) वस्तु के साथ गुण की उपमा, जैसे मन के ऐसी (द्रुत) गति, या सुख के समान (स्वच्छ शान्त) झरना, अथवा हिमा के समान (वक्र) रेखा—इत्यादि।

कालिदास ने अपने ग्रन्थो मे प्रथम और द्वितीय प्रकार की उपमाओं का विशेष प्रयोग किया है।

उपमाओ का और भी एक तरह का श्रेणी विभाग किया जा सकता है। जैसे सरल और मिश्र। सरल उपमाएँ वे हैं, जिन मे केवल एक ही उपमा रहती है और मिश्र उपमाएं वे हैं जिन मे एक से अधिक उपमाएँ निहित रहती हैं। 'पर्वत को तरह स्थिर' यह लालसा की एक सरल उपमा हैं, किन्तु विषाक्त आलिङ्गन। यह मिश्र उपमा है। पहले लालसा की अवस्था के साथ आलिङ्गन की तुलना है, और उसके बाद आलिङ्गन के फलके साथ विष की तुलना है।

सुन्दर, सर्वाङ्गपूर्ण और निर्दोष उपमाओं के लिये कालिदास की जो इतनी ख्याति है, वह सर्वथा यथार्थ है। किसी देश और किसी भाषा का अन्य कोई कवि इस विषय में कालिदास की बराबरी नहीं कर सकता। इनकी उपमाएँ अलौकिक हैं। उनमें उपमान और उपमेय का अद्भुत सादृश्य है। जिस भाव, जिस विचार, जिस उक्ति स्पष्टता करने के लिये कालिदास ने उपमा का प्रयोग किया है उस उक्ति और उपमा का संयोग ऐसा बन पड़ा है जैसा की दूध और बूरे का संयोग होता है। उपमा को उक्ति से अलग कर देने से वह अत्यन्त फीकी किंवा नीरस हो जाती है। पर यह बात केवल उपमाओं ही के लिये नही कही जा सकती। उपमाओं के सिवा उत्प्रेक्षा, दृष्टान्त और निदर्शना

लङ्कारों का भी प्रायः यही हाल है। अन्य कवियों की उपमाओं में उपमान और उपमेय के लिङ्ग और वचन में कहीं कहीं भिन्नता पाई जाती है, पर कालिदास की उपमाओं में शायद ही कहीं यह दोष हो। देखिए —

(१) प्रवाल शोभा इव पादपानां शृङ्गार चेष्टा विविधा बभूवुः।
(२) नरेन्द्र मार्गाट्ट इव प्रपेदे विवर्ण भाव स स भूमिपालः।
(३) समीरणोत्थेव तरङ्ग लेखा पद्मान्तरं मानसराज हंसीम्।
(४) विभर्षि चाकार मनिर्वृतानां मृणालिनी हैममिवोपरागम्।
(५) पर्याप्त पुष्पस्तवकावनम्रा सञ्चारिणी पल्लविनी लतेव।
(६) नेत्रैः पपुस्तृप्ति मनाप्नुवद्भि र्नवोदयं नाथमिवौषधीनाम्।

कैसी सुन्दर उपमाएँ हैं, कैसी श्रुति-सुखद और प्रसाद-गुण-पूर्ण पदावली है। किसकी प्रशंसा की जाय। उपमा की, कोमल कान्त पदावली की, अथवा हृदय हारिणी उक्ति की ?

कालिदास की कुछ उपमाएँ बहुत छोटी छोटी हैं; अनुष्टुप छन्द के एक ही चरण में वे कही गई हैं। ऐसी उपमाओं में भी वही खूबी है जो लम्बे लम्बे श्लोकों में गुम्फित उपमाओं में है। ये छोटी छोटी उपमाएँ, नीति, सदाचार और लोकरीति सम्बधिनी सत्यता से भरी हुई है। इसीसे ये पण्डितों के कण्ठ का भूषण हो रही हैं। साधारण बातचीत और लेख आदि में इनका बेहद व्यवहार होता है—

(१) आदानं हि विसर्गाय सतां वारि मुचामिव।
(२) त्याज्यो दुष्टः प्रियोऽप्यासीद् अङ्गुलीवो रगक्षता।
(३) विष वृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्।
(४) हंसो हि क्षीरमादत्ते सन्मिश्र वर्ज्येत्पयः।
(५) उपप्लवाय लोकानां धूमकेतुरिवोत्थितः।

आदि ऐसी उपमाएँ हैं।

शेक्सपियर की उपमाओं के सम्बन्ध में द्विजेन्द्रलाल राय लिखते हैं कि—महाकवि शेक्सपियर ने अपने जगत्प्रसिद्ध नाटकों में बिल्कुल ही और ढंग अख्तियार किया है। वे उपमा में बारीकी के साथ नहीं घुसते। वे सिर्फ इसारा करके चले जाते हैं। वे बहुत कहेंगे तो "When we have shuffled off this mortal coil" (जब कि हम इस नश्वर शरीर को त्यागें] कहेंगे।

"शेक्सपियर कि भाषा ही उपमा की भाषा है। उसमें उपमान और उपमेय एक साथ मिल गए हैं और वह मिलन इतना घनिष्ट और इतना गूढ़ है कि उन्हें अलग करना असंभव है। शेक्सपियर ग्रन्थावली उठाकर, जहाँ पर खोलिए, वहीं यह प्रणाली देख पाइएगा। जैसे—

'Wearing honesty.' "Smooth every passion." "Bring oil to fire snow to their colder moods," Turn their halcyon beaks with every gale and Vary of their masters," "Heavy headed revel "Pith and marrow of our attribute" "Fiery-footed steeds" इत्यादि।

शेक्सपियर शायद ही उपमान और उपमेय को जुदा करते हैं। यथा—"Such smiling rogues as these, like rats bite the holy cords atwain," "Come civil night the sober suited matron, all in black" इत्यादि।

"शेक्सपियर का अभ्यास जितना बढ़ता गया है उनकी उक्तियोंमें उपमाएँ भी उतनी घनी होती गई हैं। यहाँ तक कि उन्होंने एक ही वाक्य में दो या उससे भी अधिक उपमाओं का बोझ लाद दिया है। उदाहरण के तौर पर इसी वाक्य को ले लीजिए—"To take arms against a sea of troubles" [एक

आपत्ति सागर के विरुद्ध शस्त्रधारण करना]। इसमे आपत्ति के साथ साथ समुद्र की तुलना की गई, फिर उसी सेना के विरुद्ध शस्त्र धारण करना—इतना सा अर्थ इतनी सा उक्ति के भीतर निहित है।

यद्यपि कालिदास की ठीक ऐसी ही प्रथा नहीं है; किन्तु वह इसीके आस पास अवश्य है। पूर्वोक्त अवतरणों को यहाँ फिर से उद्धृत करने की आवश्यकता नही है। पाठकगण उन श्लोकों पर ध्यान देकर देख सकते हैं। कालिदास के, "विभ्रमलग्नगो-च्छिन्नकान्तिद्रवम्" इसी उदाहरण से पाठक मेरे वक्तव्य को समझ लेंगे।

इस तरह की मिश्र उपमाओं का व्यवहार करना बहुत क्षमता और गुण का परिचायक है। इन कवियो को उपमाएँ खोजकर और सोचकर नही निकालनी पड़ती, उपमाएँ आप ही उनके आगे आकर उपस्थित हो जाती है। उपमाएँ उनकी भाषा और भावना का अङ्ग सा हो जाती हैं। कवि मानों उपमाओं के हाथ से छुटकारा ही नहीं पाता। ऐसी उपमाओं का प्रयोग भी महाकवि का एक खास लक्षण है।

कालिदास की कविता

कवि-कुल-गुरु कालिदास के कविता-कानन की भी सैर कीजिए। देखिए, वहाँ कैसे कैसे चि--विचित्र फल पुष्प उस कानन की श्री वृद्धि कर रहे हैं।

शिव जी का प्रेम प्राप्त करने के लिये जब पार्वती तपस्या मे निरत थीं, तब शिव जी स्वयं ब्रह्मचारी के वेश मे आए और पार्वती को वैसी दशा मे देख कर कहने लगे—

किमित्य पास्याभरणानि यौवने
धृत त्वया वार्द्धकशोभि वल्कलम्।
वद प्रदोषे स्फुटचन्द्र तारका
विभावरी यद्यरुणाय कल्पते॥

(भला यह तेरी कैसी बात है! तेरा तो यह यौवन-काल है। तुझे तो इस समय अच्छे अच्छे आभूषण पहनने चाहिए। तू ने सब आभूषण छोड़ कर वल्कल-वस्त्र कैसे धारण कर लिये? ये तो वृद्धावस्था मे अच्छे लगते हैं। कह तो सही, सायङ्काल मे जब चन्द्र और तारे चमक रहे हैं, तब रात को क्या सूर्य्य के सारथि अरुण के आगमन की प्रतिज्ञा करनी पड़ती है?)

पार्वती शिव जी की पूजा करने गई है। उस समय का उसका वर्णन कालिदास ने कैसा ही अच्छा किया है।

आवर्जिता किञ्चिदिवस्तनाभ्यां
वासो वसाना तरुणार्क रागम्।
पर्याप्त पुष्पस्तवकाव नम्रा
सञ्चारिणी पल्लविनी लतेव॥

(पार्वती उस समय बाल सूर्य के आतप सदृश अरुण वस्त्र पहने हुई थी। स्तनों के भार से वह कुछ झुक सी गई थी। इस लिये ऐसा जान पड़ता था, मानों फूलो के बोझ से झुकी हुई लाल लाल नव-पल्लव-धारिणी कोई लता ही आ रही है।)

इन्दुमती के स्वयंवर मे भी चलिए। देखिए, वहां की क्या दशा है ?

सञ्चारिणी दीपशिखेव रात्रौ यं यं व्यतीयाय पतिवरा सा।
नरेन्द्रमार्गाट्ट इव प्रपेदे विवर्ण-भावं स स भूमिपाल. ॥

(इन्दुमती के स्वयंबर मे कितने ही राजा आए थे। पर उसने किसी को पसन्द न किया। वह सब राजाओ को छोड़ कर आगे बढ़ती जाती थी। जिस जिस राजा को वह छोड़ती जाती है, उस उसके चेहरे पर वैसी ही कालिमा आ जाती है, जैसी उस राज मार्ग पर जिसे कि दीप-शिखा रात मे छोड़ती चली जाती है।)

आइए, कैलाश की भी यात्रा करें।

शृङ्गोच्छ्रायै: कुमुद विशदैर्यो वितत्य स्थित. खं।
राशी भूत. प्रतिदिनमिव त्र्यम्बकस्याट्टहास ॥

(अपने कुमुद के समान स्वच्छ, उन्नत शृङ्ग से आकाश को व्याप्त कर यह कैलाश क्या खड़ा है मानो शम्भु का अट्टहास ही दिन पर दिन जमा हो कर राशीभूत हो गया है।)

गङ्गा-यमुना की शोभा देखिए।

क्वचित्प्रभालेपिभिरिन्द्र नीलैर्मुक्तामयी यष्टिरिवानुविद्धा।
अन्यत्र मालासित पङ्कजानामिन्दी वरैरुत्खचितान्तरेव ॥
क्वचित्खगानां प्रियमानसानां कादम्ब संसर्गवतीव पंक्ति:।
अन्यत्र कालागुरुदत्तपत्रा भक्तिर्भुवश्चन्दन कल्पितेव ॥
क्वचित प्रभा चान्द्रमसी तमोभिश्छाया विलीनै: शवली कृतेव।
अन्यत्र शुभ्रा शरदभ्रलेखारन्ध्रेष्विवा लक्ष्यनभ: प्रदेशा ॥

क्वचिच्च कृष्णोरग भूषणेव भस्माङ्गरागा तनुरीश्वरस्य।
पश्यानवद्याङ्गि विभाति गङ्गा भिन्न प्रवाहा यमुना तरङ्गैः ॥

(पुष्पक विमान पर बैठे हुए रामचन्द्र जी सीता से कह रहे हैं—हे निर्दोष अङ्गोवाली, गङ्गा और यमुना की शोभा देख। यमुना की तरङ्गों से पृथक किया गया गङ्गा जी का प्रवाह कैसा अच्छा मालूम होता है। कहीं वह गङ्गा फैली हुई कान्ति वाले निलमों के सङ्ग गूंथे हुए मुक्ताहार के सदृश शोभित है और कहीं नीले कमलों के साथ पोही हुई सफेद कमल-माला के समान शोभा पाती है। कहीं वह नीले हंसों सहित मानसरोवर के प्रेमी हंसों की पंक्ति के समान दृष्टिगोचर होता है और कहीं काला गुरु की पत्र रचना के समान मालूम होती है। कहीं वह छाया में छिपे हुए अंधेरे के कारण कुछ कुछ कालिमा दिखलाती हुई चाँदनी के सदृश जान पड़ती है और कहीं छिद्रों से आकाश प्रकट करती हुई शरत्काल की श्वेत मेघमाला के समान भासित होती है। और कहीं वह काले सर्पों का भूषण और भस्म का अङ्गराग धारण किए हुए शिवजी के शरीर के समान मालूम होता है।)

ऐसा ही एक वर्णन और सुनिए—

त्वय्यादातु जलमवनते शार्ङ्गिणो वर्णचौरे
तस्याः सिन्धोः पृथुमपि तनुं दूरभावात्प्रवाहम् ॥
प्रेक्षिष्यन्ते गगनगतयो नूनमावर्ज्य दृष्टि
रेकं मुक्तागुणमिव भुवः स्थूलमध्येन्द्रनीलम् ॥

(दूर होने से जिस सिन्धु नदी का चौड़ा प्रवाह भी पतला जान पड़ता है, उस पर कृष्ण के समान श्याम वर्ण धारण करने वाला तू जब जल लेने के लिये झुकेगा तब आकाशचारी देवताओं को वहाँ से ऐसा जान पड़ेगा मानों पृथ्वी पर मोतियों की एक माला पड़ी हुई है और उस माला के बीचों बीच एक बड़ा सा नीलम लगा हुआ है।)

वल्कल वस्त्र धारिणी शकुन्तला के विषय में, देखिए, कालिदास क्या कहते हैं—

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।
इयमधिक मनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्॥

(जैसे, कमल शैवल युक्त होने से अधिक रमणीय होता है, जैसे चन्द्रमा की कालिमा उसकी शोभा को बढ़ाती है, वैसे ही यह सुन्दरी भी अपने वल्कल-वस्त्रों से अधिक मनोज्ञ हो गई है। बात तो यह है कि जिनकी आकृति मधुर है उनके लिये कौन चीज ऐसी है जो अलङ्कार का काम न दे।)

पार्वती की भुजाओं के विषय में कवि ने कैसी अनोखी बात कही है।

शिरीष पुष्पाधिकसौकुमार्यौ बाहू तदीयाविति मे वितर्कः।
पराजितेनापि कृतौ हरस्य यौ कण्ठपाशौ मकरध्वजेन॥

(मैं समझता हूं कि पार्वती की भुजाएँ शिरीष के फूल से भी अधिक कोमल हैं। यदि यह बात न होती तो परास्त हो जाने पर भी कामदेव उन्हीं की फाँसी बना कर महादेव के गले में क्यों डालता ?)

शरीर सादाद समग्र भूषणा मुखेन सालक्ष्यत लोध्रपाण्डुना।
तनुप्रकाशेन विचेयतारका प्रभात कल्पा शशिनेव शर्वरी॥

(शरीर दुबला होने से थोड़े आभूषण पहननेवाली उस सुदक्षिणा की, उसके लोध्र के समान पीले पीले मुख से ऐसी शोभा हुई, जैसी प्रातःकाल के समय थोड़े तारोंवाली रात्रि की शोभा पीले चन्द्रमा से होती है।)

यक्ष अपनी स्त्री के विषय में मेघ से कह रहा है—

नूनं तस्या: प्रबलरुदितोच्छूननेत्रं प्रियाया
नि: श्वासानाम शिशिरतया भिन्नवर्णा धरोष्ठम् ।
हस्तन्यस्तं मुखम सकल व्यक्ति लम्बालकत्वा-
दिन्दौ दैन्यं त्वदनुमरण क्लिष्टकान्ते र्बिभर्ति ॥

(मेरे वियोग दु:ख से रोते रोते उसकी आँखें सूज गई होगी। गरम गरम निश्वासो से उसके ओठो का रंग भी उड़ गया होगा। उसकी लम्बी लम्बी खुली हुई अलको से उसका मुख छिप गया होगा। इस लिये हाथ पर रक्खा हुआ उसका मुख तेरे अनुमरण के कारण, क्षीणकान्ति चन्द्रमा के समान मलिन जान पड़ता होगा।)

रति-विलाप का भी एक श्लोक सुनिए। जब वह चिता में जल जाना चाहती है, तब वह कहती है—

शशिना सह याति कौमुदी सह मेघेन तडित्प्रलीयते ।
प्रमदा: पति वर्त्मगा इति प्रति पन्नं हि विचेतनैरपि ॥

(चन्द्रमा के साथ उसकी चाँदनी भी चली जाती है। मेघ के साथ ही बिजली भी विलीन हो जाती है। स्त्रियाँ सदा ही अपने पतियो का अनुगमन करती है—यह तो अचेतन तक करते है।)

इन्दुमती की मृत्यु पर अज ने जो विलाप किया है वह भी अपूर्व ही है। पृष्ट १०७ मे देखिए।

कालिदास वीर-रस की कविता अच्छी नहीं कर सकते थे। रघुवंश मे उन्होंने रघु और इन्द्र, अज और उनके प्रतिस्पर्धी नरेश, राम और रावण आदि के युद्ध वर्णन किए है। परन्तु उनके युद्ध वर्णन मे भी कोमलता है, ओज नही है। उनमे हम न तो योद्धाओं का हुंकार सुनते है और न शस्त्रों की झकार। उनसे चित्त उद्दीप्त नही होता। ऐसा जान पड़ता है मानों हम कोई कथा पढ़ रहे हैं। निम्न लिखित पद्यो से यह बात विदित हो सकती है।

नदत्सु तूर्येष्वविभाव्य वाचो नोदीरयन्तिस्म कुलोपदेशान्।
बाणाक्षरैरेव परस्परस्य नामोर्जितं चापभृतः शशंसुः ॥
उत्थापित संयति रेणुरश्वैः सान्द्रीकृतः स्यन्दन वंश चक्रैः।
विस्तारित कुञ्जरकर्ण तालैर्नेत्र क्रमेणोपरुरोध सूर्यम् ॥
मत्स्यध्वजा वायुवशाद्विदीर्णै मुखैः प्रवृद्धध्वजिनी रजांसि।
बभु' पिबन्त. परमार्थमत्स्या' पर्याविलानीव नवोदकानि ॥
आवृण्वतो लोचनमार्गमाजौ रजोऽन्धकारस्य विजृम्भितस्य।
शस्त्रक्षताश्वद्विपवीर जन्मा बालारुणोऽभू द्रुधिर प्रवाहः ॥

भावार्थ --(तुरहियो का इतना तुमुल-नाद होता था कि योद्धा जन एक दूसरे की बात न समझ सकते थे । इस लिये उन्होंने अपने कुल और नाम का उच्चारण न कर बाणो से ही अपने अपने नाम और कुल एक दूसरे को बता दिए। मतलब यह कि उनके बाणो पर उनके नाम अंकित थे; जब एक ने दूसरे पर बाण छोड़ा तब नाम पढ़कर उन लोगो को एक दूसरे का परिचय प्राप्त हुआ। सङ्ग्राम में घोड़ोंने खूब धूल उड़ाई । रथों के पहियो मे वह धूल और भी बढ़ गई। हाथियोंने अपने कान फटकार कर चारोंओर धूल ही धूल करदी। फल यह हुआ कि धूल से सूर्य भी छिप गया। उस समय धूल के बीच मत्स्याकार ध्वजाएँ, मैले जल मे मछलियों के समान जान पड़ती थीं। धूल के कारणसङ्ग्राम भूमि मे अन्धेरा छा गया था। जब हाथी घोडे और योद्धा कट कट कर गिरने लगे तब उनके लाल लाल लोहू का प्रवाह प्रातःकालीन सूर्य की लालिमा की समता करने लगा।)

इन श्लोको के अतिरिक्त इस पुस्तक मे कालिदास के ग्रन्थो मे जो अवतरण स्थान स्थान पर दिए गए है, वे सब एक एक से बढ कर हैं। उनके प्रत्येक श्लोक मे चमत्कार भरा हुआ है। कालिदास के प्रतिभा का पूर्ण चमत्कार पाठको को तभी मालूम हो सकता है

जब वे उनके सब ग्रन्थों का अनुशीलन करें। कालिदास के श्लोकों में किसी को किसी श्लोक मे विशेषता नजर आती है और किसी को किसी मे—यह तो अपनी अभिरुचि की बात है; क्योकि मुण्डे मुण्डे मति भिन्ना' फिर बात यह है कि कालिदास के ग्रन्थ रत्नो दधिवत हैं। रत्नो के वे आगार हैं। जिस किसी ने उसमे गोता लगाया उसीको कुछ न कुछ मिलाही। किसी को कोई रत्न मिला तो किसी को कोई। ऐसी अवस्था मे कोई दो चार दस श्लोकों द्वारा उनकी प्रतिभा का क्या दिग्दर्शन करा सकता है ? पर हाँ, यह कहा जायगा कि कालिदास के समस्त ग्रन्थों में ऐसे और इससे कहीं अधिक अमूल्य रत्न भरे पड़े है।

यही बात शेक्सपियर के विषय में भी चरितार्थ होती है। उसने कोड़ियों नाटक संसार की भेंट की। उन नाटकों मे किस स्थान पर उसकी उच्च प्रतिभा झलकती है, यह एकदम निर्णय कर लेना हमारी तुच्छ बुद्धि के परे है, क्योंकि उसने जो कुछ अपने नाटको मे लिखा है सो सब विशेषतापूर्ण ही लिखा है। फिर भी जैसे, हांड़ी का एक चावल टटोल के उसकी अवस्था का पता लगा लेते हैं, उसी प्रकार निम्न लिखित अवतरणों से यह भली भाँति अनुमानित हो सकता है कि शेक्सपियर के नाटको में किस प्रकार और चमत्कार की कविता है।

शेक्सपियर यश और कीर्ति को धन-दौलत और ऐश्वर्य से कहीं बढ़कर समझता था। 'ओथेलो' नाटक मे देखिए इयागो क्या कहता है -

Good name in man and woman dear my lord,
Is the immediate jewel of their souls:
Who steals my purse, steals trash; tis
Something nothing

'Twas mine,' 'is his, and has been slave
to thousands ;
But he that fliches from me my good
name ;
Robs me of that, which not enriches him.
And makes me poor indeed.

(पुरुष हो वा स्त्री उसकी आत्मा का सच्चा आभूषण उसकी सुख्याति ही है। धन दौलत कोई चीज़ नहीं है। धन का पास रहना या चोरी जाना दोनों बराबर है, क्योंकि लक्ष्मी चंचला है। वह एक की नहीं है। वह तो हजारों की दासी है। जो कोई मेरी प्रसिद्धि (सुख्याति) छीनता है वह मुझे तो निर्धन बना देता है; किन्तु वह उससे अपने को धनी नहीं बना सकता।)

अपिच—

Poor and Content, is rich and rich enough;
But riches, fineless is as poor as winter

(निर्धन और सन्तोषी ही सच्चे अमीर हैं। अमीर लोग ता शरद्ऋतु की तरह गरीब है।) +

सन्तोष के सम्बन्ध में शेक्सपियर कहता है

Where is satisfaction ?
If imputation and strong circumstances
Which lead directly to the door of truth
Will give you satisfaction you may have it.

(सन्तोष कहाँ है ? + + + बदनामी और आपत्ति

---

* " गोधन, गजधन, बाजिधन, चिंतामणि की खान।
जब आवै संतोष धन, सब धन तृण समान ॥ "

काल में मनुष्य सत्यका दरवाजा खटखटाता है। और वहीं उसे सन्तोष मिल सकता है।)

'सीधी अंगुली से घी भी नहीं निकलता'। इसीको कवि इयागो के मुखसे कहलाता है।

O monstrous world! Take note, take note O world,
To be direct and honest is not safe—
I thank you for this profit; and from hence
I will love no friend, since love breeds such offence.

(हे संसार के लोग—सुनिए, सुनिए, सीधाई और इमानदारी भयप्रद है। मैं आपको इस शिक्षा के लिये धन्यवाद देता हूं। और आज से अब मैं किसी को प्यार न करूंगा, क्योंकि प्रेम से विष उत्पन्न होता है।)

भारतवर्षके कवियोंकी तरह पाश्चात्य कविने भी संसारकी असारता बताते हुए इस ससारकी ईश्वरके रंगमञ्चसे तुलना की है। देखिए—

All the world's a stage,
And all the men and women merely players:
They have their exits and their entrances;
And one man in his time plays many parts,
His acts being seven ages. At first the infant,
Mewling and puking in the nurses arms;
And then, the whining school boy, with his satchel,
And shining morning face and creeping like snail,

Unwilling to school. And then, the lover,
Sighing like furnace, with a woeful ballad
Made to his mistress' eye-brow. Then a soldier
Full of strange oaths, and bearded like the pard
Jealous in honour, sudden and quick in quarrel
Seeking the bubble reputation
Even in the cannon's mouth. And then, the justice
In fair round belly, with good Capon lined,
With eyes severe, and beard of formal cut,
Full of wise saws and modern instances.
And so he plays his part. The sixth age shifts,
Into the lean and slipped pantaloon,
With spectacles on nose, and pouch on side.
His youthful hose well saved, a world too wide
For his shrunk shank, and his big manly voice.
Turning again toward childish treble, pipes
And whistles in his sound. Last scene of all,
That ends this strange and eventful history,
Is second childishness, and mere oblivion,
Sans teeth, sans eyes, sans taste, sans everything

(As you like it.)

(भावार्थ—यह संसार एक रंगमञ्च है। यहांके सब स्त्री और पुरुष अभिनय करने वाले पात्र हैं, जो स्टेजपर आते हैं और अपना अपना पार्ट करके चले जाते हैं।❋ प्रत्येक नटको अनेक पार्ट करने पड़ते हैं। उसकी सात अवस्थाएं इस नाटकके सात अंक हैं। पहला अंक बालकपनकी अवस्थाका है, जिसमें वह

अपनी धायकी गोदमे हुआँ हुआँ करता है दूसरा अंक लड़कपनका है, जिसमे वह बेमनसे, बस्ता दबा कर स्कूल जाता है। तीसरे अंकमे वह युवावस्थाको प्राप्त होता है, जब वह अपनी प्रियाके वियोगमें भाथीकी तरह विरहके गीत गा-गा कर आहे भरता है। चौथे अंकमे वह सिपाही बनता है, जब उसकी मूछें तेंदुए की तरह तनी रहती है। इस अवस्थामे वह अद्भुत प्रतिज्ञाएं करता है, उसकी ईर्ष्या बढ़ जाती है, मिज़ाज झगड़ालू हो जाता है, सदा मनके पुलाव पकाता रहता है और तोपके मुंहके आगे रहते हुए भी यशकी फिराकमे रहता है। पाँचवें अंकमे वह न्यायाधीश बनता है। इस अवस्थामे वह तोद फेंक देता है, पर खोसता है, दृष्टि भी कड़ी बना लेता है, दाढ़ी विशेष प्रकारसे बनवाता है, और प्रचलित दृष्टान्तो और सूक्तियोका ज्ञान खूब सम्पादन कर लेता है। छठवें अंकमे उसका अंग क्षीण हो जाता है, पतलून कमर परसे घिसक जाता है, नाकपर चश्मा और बगलमे थैला लटकता रहता है। इस अवस्थामे उसको संसार अपार मालूम पड़ता है। उसकी ऊंची आवाज़ फिर लड़कपनके आवाजकी तरह लड़खड़ाने लगती है। सातवें अंकमें इस घटनामय जीवनका अन्त होता है, जब वह पुनः द्वितीय बालकपनकी अवस्थाको प्राप्त होता है। इस अवस्थामे उसके आंख, नाक, दाँत, स्वाद सब जवाब देने लगते हैं।)

'मोटा देख डरिए नहीं और दुबला देख लड़िए नहीं।'

शेक्सपियर ने भी सीज़र के मुख से यही बात कहलाई है कि संसारमे किससे डरना चाहिए—

---

*यही बात गोस्वामी तुलसी दासजी ने भी रामायण मे कही है —
सब हि नचावत राम गुसाईं।
नर नाचहिं मरकट की नाईं॥

Let me have men about me that are fat,
Sleek-headed men, and such as sleep o'nights
Yound Casius has a lean and hungry look,
He thinks too much such men are dangerous

× × × ×

He reads much,
He is a great observer, and he looks
Quite through the deeds of men he loves no plays,
× × × he hears no music;
Seldom he smiles, and smiles in such a sort,
As if he mocked himself, and scorned his spirit
That could be moved to smile at anything.
Such men a he be never at heart's ease,
While they behold a greater than themselves
And therefore are they very dangerous.

[भावार्थ—मेरे आसपास ऐसे आदमी रहने दो जो मोटे ताजे हों, जिनका सिर चमकता हो, और जो रातमें सोते हो। यह कैसियस दुबला पतला है। यह बहुत सोचा करता है। ऐसे मनुष्य बड़े भयंकर होते हैं। + + + यह पढ़ता भी बहुत है, और देखता भी खूब है। आदमियोंके कामोंको यह बड़े ध्यानसे देखता है। यह न तो खेल ही पसन्द करता है और न कभो गाना ही सुनता है। हँसता भी यह कभी ही कभी है, और वह भी इस तरहसे, मानो वह अपनी ही हँसी उड़ाता हो और अपनी आत्मा से घृणा करता हो जो कि किसी बातपर भी हास्यमय हो सकती

है। इसके ऐसे आदमी जब किसीको अपनेसे बढ़ा चढ़ा देखते है तब इनके दिलमे चैन नही पड़ती। इसी कारण ऐसे लोग बड़े भयप्रद होते है।

लोग मृत्युसे अक्सर डरा करते है। मृत्युके नामहीसे उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसपर शेक्सपियर आश्चर्य कहता है कि

Cowards die many times before their deaths.
The valiant never taste of death but once
Of al the wonders that I yet have heard,
It seems to me most strange, that men should
fear '
Seeing that death a necessary end
Will come when it will come.

(अर्थके लिए पृष्ठ २३५ मे देखिए)

स्त्रियोके नाज-नखरोके सम्बन्धमे स्त्रियोकी प्रकृतिका दिग्दर्शन कराते हुए शेक्सपियर कहता है।

A woman sometimes scorns what best
contents her·
Send her another, never give her o'er,
For scorn at first makes after love the more.
If she do frown 'tis not in hate of you,
But rather to beget more love in you
If she do chide, 'tis not to have you gone,
For why the fools are mad, if left alone
Take no repulse, whatever she doth say,
For, get you gone, she doth not mean away,
Flatter,and praise,commend,extol their graces;

Though never so black, say, they have angels' faces.
That man that hath a tongue, I say, is no man,
If with his tongue he cannot win a woman.
(Two gentlemen of Verona)

(भावार्थ—स्त्री कभी कभी अपनी प्रियवस्तु से भी घृणा करती है। इससे उसके पास दूसरी वस्तु भेजो। उसका पिण्ड मत छोड़ो; क्योंकि यह घृणा प्रेम को अधिक बढ़ाती है। अगर वह कुरूख होके देखती है, तो यह मत समझो कि वह तुमसे घृणा करती है; किन्तु इससे प्रेम और भी अधिक बढ़ता है। अगर वह तुम्हारी मलामत करती है, तो यह न समझ लो कि वह तुमको भगाना चाहती है। उसके कहनेका बुरा भला मत मानो। क्योंकि अकेलेमे रहनेसे मूर्ख पागल हो जाते हैं। अगर वह कहती है, "दूर हो" तो वह यह नहीं चाहती कि तुम चले जाओ। तुमको उसकी चापलूसी तारीफ और सिफारिश करनी चाहिए। उसका खूब बढ़ाना चाहिए। अगर वह कोयले के रंग की भी हो तो तुमको उसको परी सी सुन्दर कहना चाहिए। वह आदमी आदमी ही नहीं है जो अपनी जबान से स्त्री को वशमे न कर सके।)

मनुष्य पर जब आपत्ति आती है, और जब वह दिग्मूढ़ हो जाता है, उस समय उसको अपना कर्त्तव्यपथ नहीं सूझता। ऐसी अवस्थामे वह आत्महत्या करने तक को उतारू हो जाता है। देखिए, हैमलेट ऐसी अवस्थामें क्या विचार करता है—

" To be, or not to be,—that is the question
Whether 'tis nobler in the mind to suffer
The stings and arrows of outrageous Fortune,
Or to take arms against a sea of troubles,

And by opposing end them ? To die,—to sleep,
No more, and, by a sleep, to say we end
The heart ache, and the thousand natural shocks
That flesh is heir to,—'tis a consumation
Devoutly to be wished To die,—to sleep.
To sleep! perchance to dream.—ay, there's the rub,
For in that sleep of death what dreams may come,
When we have shuffled off this mortal coil
Must give us pause ; there's the respect
That makes the calamity of so long life ,
For who would bear the whips and scorns of time,
The oppressor's wrong, the proudman's contumely,
The pangs of despised love, the law's delay,
The insolence of office, and the spurns
That patient merit of the unworthy takes,
When he himself might his quietus make
With a bare bodkin ? Who would fardels bear
To grunt and sweat under a weary life,
But that the dread of something after death,
The undiscovered country, from whose bound
No traveller returns, puzzles the will,
And makes us rather bear those ills we have
Than fly to others that we know not of ?
Thus conscience does make cowards of us all ;

And thus the native hue of resolution
Is sicklied o'er with the pale cast of thought
And enterprises of great pith and moment,
With this regard, their currents turn away,
And loose the name of action "

(भावार्थ — मेरा मरना अच्छा है या जीना। इस समय मुझे यही निर्णय करना है। मेरे इनमें दोनों में से कौन अच्छा है ? चुप चाप अपने दुर्भाग्य की वेदना सहनी अथवा अनेक आपत्तियोंका वीरता पूर्वक सामना करना और उनको नष्ट करना। मृत्यु ही क्या है ? वह भी सिर्फ गहरी नींद है। क्या हम दावेके साथ कह सकते हैं कि यह नींद हमारी सब आपत्तियों और कष्टोंको दूर कर देगी। हां, लोग उससे ऐसी आशा कर सकते हैं, और वास्तवमें वह है भी नींद ही, किन्तु उन स्वप्नों का क्या होगा; जो उसमें भी बाधा डालते हैं। यही एक अड़चन है। और इसी कारण हम सांसारिक कष्टों का अन्त करने से हिचकते हैं, यदि मनुष्य आत्महत्या करने से सब दुःखों से छुटकारा पा सकता, तो वह क्यों अपने जीवनमें आपत्ति और वेदनाओंको सहता, क्यों वह अत्याचारियोंके अत्याचार, उद्दण्डोंकी क्रूरता, घृणित प्रेमकी तीव्र-वेदना, न्यायालयकी दुःखद कारवाई, कर्मचारियोंके असभ्य व्यवहार, अयोग्योंके तिरस्कार को सहता। यदि हमको मृत्युके बाद होने वाले कष्टों की शंका न होती, यदि हम को उस अज्ञात लोकका हाल मालूम होता, जहां जाकर आजतक कोई लौटा नहीं है, तो हम क्यों इस संसारके कष्टों को सहते रहते ? कर्मोंके परिणामका विचार ही हम को भीरु बनाता है और विचार-शैथिल्य उत्पन्न करता है। जिससे हम अपने उद्देश्यसे विचलित हो जाते हैं।)

नाटकत्व ।

यूरोप और अमेरिकामे नाटकके दो भेद हैं। एक ट्रैजिडी, दूसरा काम्यडी। परन्तु हमारे यहां ऐसा विभाग नहीं किया गया। ट्रैजिडी अर्थात् वियोगान्त, किंवा दु:खान्त, नाटकोका सर्वथा अभाव है। हमारे आचार्यों और कवियोका यह सिद्धान्त है, और अब तक भी है, कि किसी वस्तुका अन्त दु:खमे न होना चाहिए। मङ्गलही से आरम्भ और मङ्गलही में अन्त करना उनका नियम है। इसी लिये मंगलात्मक नान्दी और मंगलात्मक ही भरत वाक्य नाटकोमे रक्खे जाते है। हमारे देशके संस्कृत नाट्य-साहित्यमें जो उच्च आदर्श पाया जाता है, वह हिन्दू धर्मकी दृष्टिसे पूर्णतः अनुमोदनीय है। हिन्दुओकी रुचि और हिन्दुओके दयसे उसका मेल है। यूरोपके साहित्यमें ऐसा आदर्श कहाँ?

यद्यपि प्राचीन आर्य-साहित्यमे यूरोपीय वियोगान्त नाटको की रीतिका अवलम्बन नहीं किया गया है, तथापि वियोगान्त नाटकका जो प्रधान गुण है, वह आर्य साहित्यमे विद्यमान है। जो करुणरस वियोगान्त नाटकका प्रधान गुण है वह आर्य साहित्यमें अधिकतासे विद्यमान है। हम शेक्सपियरकी डेस्डिमोनाके लिये जितने व्यथित होते हैं, क्या सीता, दमयन्ती, द्रौपदी, शकुन्तला, मालविका, महाश्वेता आदिके लिये उतने व्यथित नहीं होते? इस पर भी इनमे से किसीका भी डेस्डिमोनाके समान बध नहीं हुआ है।

सबके सामने रंगमंच पर स्त्री-हत्याका दृश्य दिखाना हिन्दू

धर्मादर्शका पूर्ण विरोधी है। रंगभूमिमें ऐसे दृश्यसे जिस अनर्थका सूत्रपात हो सकता है, उसको श्रीयुत पूर्णचन्द्र बसुने बहुत अच्छी तरह दिखाया है। वे लिखते है, "उस निरपराधा, सरला, विशुद्ध प्रेम-मग्ना और पतिपरायणा पर, केवल सन्देहके कारण उसके मूर्ख और निर्बोध पतिका इतना क्रोध है, जिससे वह उस सरला को मार डालनेको उद्यत हुआ है। कौन सहृदय व्यक्ति इस भयानक दृश्यको देखकर चुप रह सकता है ? क्या उसका भी क्रोध नही उमड़ सकता ? क्या वह भी रंगमंच पर चढ़कर ओथेलो को पीटकर अपना क्रोध नहीं उतार सकता ? इस प्रकार क्रोध उत्पन्न होनेसे आदमी यहाँ तक उत्तेजित हो सकता है कि उसी रंगभूमिमें ही अभिनीत हत्याकाण्ड पर एक दूसरा हत्याकांड खड़ा कर सकता है। इसीसे हमारे नाटककारोंने कहीं इस प्रकारके हत्याकाण्डका दृश्य नहीं दिखलाया है। हमारे नए नाटकोंमें भी ऐसा कोई दृश्य नही है *"

पहले पहल यूरोपमें नाटकका आदर्श ग्रीससे लिया गया है। बाद उसमें अनेक प्रकारके परिवर्तन हुए हैं। ये परिवर्तन यूरोप की भिन्न भिन्न जातियो की रुचीके अनुकूल हुए हैं। चाहे ग्रीक जाति हो चाहे यूरोपकी अन्यान्य जातियाँ, किसी जातिका धर्मादर्श हिन्दुओंको धर्मादर्शके समान नहीं है। यूरोपीय जातियाँ जैसी रुधिर प्रिय हैं—जैसी कठिन स्वभावकी हैं, वैसाही उसका नाटकीय आदर्श भी है।

अंग्रेजी पढ़ने वालोमे बहुतसे लोग यह भी कह उठेंगे कि क्या

* हमारे आर्य अलकारिकोंकी सम्मतिमे दूरसे पुकारना, वध, युद्ध, हत्या राज्य तथा देशका विप्लव विवाह भोजन, शाप, उत्सर्ग, मृत्यु, रति दन्तच्छेद आदि लज्जाजनक व्यापार, शयन, चुम्बन आदि, नगरोंका अवरोध, स्नान और अनुलेपन ये सब नाटक मे वर्जनीय है।

तुम्हारे संस्कृत साहित्यमें खून-खराबी नहीं है ? हम कहते हैं कि हैं-बहुत हैं। महाभारतमे बहुत हत्याकाण्ड हैं। पाण्डवोंके शिविरमे पाँचों बालकोंकी हत्या नही तो क्या है ? अतिशय धर्मरक्षाके लिये शिविकी पुत्रबलि क्या है ? पर ऐसे ऐसे व्यापार हमारे संस्कृत दृश्यकाव्योंमें नहीं हैं। वे सब श्रव्य काव्यों मे हैं।

हिन्दू समाजमें आज भी धर्मका जो बल और प्रभाव देखा जाता है, वह रामायण और महाभारत पढ़नेका ही फल है। जो धर्मतेज और धर्मबल इन दोनों महाकाव्योंके प्राण हैं। वे ही आज समाजको सजीव बनाए हुए हैं। जब हम दानवीरकी पुत्रबलि देखते हैं, तब हमारा धर्मभाव इतना उच्च हो जाता है कि और सब कुछ नीचे चला जाता है। हम शिविका धर्म और दानवीरता देखकर अपने आपको एकदम भूल जाते हैं। जिस दानधर्मके लिये वे सब कुछ छोड़ सकते हैं उसके सामने पुत्रबलि क्या है ? उस बलिसे त्यागका गौरव और दानवीरताका धर्म भाव परिपूर्ण हो जाता है। हम भी कुछ देरके लिये धर्मकी उच्चतामें उठ जाते है और शिविके समान ही धर्ममें मुग्ध हो जाते हैं। उस समय पुत्रबलि तुच्छ जान पड़ता है।

पाँचों बालकों की हत्याकी बात अलग है। वह दुर्योधनके आसुरिक पाप पक्षका एक व्यापार है। व्यासने उस घटना को घोर तामस व्यापार सिद्ध किया है। पाण्डव-विद्वेषी दुर्योधनको भी इस घटनासे घोर पश्चाताप हुआ था। युद्धकाण्डमें कैसे कैसे बखेड़े हो जाते हैं, कैसी भ्रान्ति हो जाती है, और उस युद्ध तथा गृह-विवादसे कैसे भीषण परिणाम और कुफल होते हैं, यही दिखलानेके लिये, इस घटनाका उल्लेख किया गया है।

किसीका यह भी कहना है कि हत्याकाण्ड नाटकीय कौशलमें सर्वत्र नही आ सकता, किसी किसी स्थानमें उसका होना आव-

श्यक है। डेस्डिमोनाकी हत्या इसी प्रकार अवश्यंभावी व्यापार है। उसके न होनेसे ओथेलोके चरित्रकी परिपुष्टि हो ही नहीं सकती, ओथेलोका यह परिणाम घटना क्रमसे आपड़ा है। हम यह बात मानते हैं। किन्तु हम यह कहते हैं कि ऐसे स्थानमें विषय निर्वाचनका ही दोष है। जो प्रतिभा घटना चक्रको परिवर्तित नहीं कर सकती वह प्रतिभा त्रुटिपूर्ण है। शेक्सपियर की प्रतिभामें त्रुटि नहीं बतलाई जा सकती। यह शेक्सपियरकी रुचिका ही दोष है। केवल शेक्सपियरकी ही ऐसी रुचि नहीं थी। उस समय ऐसी रुचि प्रायः सभी की थी। आज भी ऐसी रुचिका परिचय यत्र-तत्र मिल जाता है।

शेक्सपियर के वियोगान्त नाटकों को जितने लोगों ने पढ़ा है, उतने लोगों ने और अंग्रेजी नाटक नहीं पढ़े हैं। यही नहीं, हमारे कालेजों में भी विद्यार्थी तक शेक्सपियर पढ़ते हैं। युवावस्था से ही हमारी रुचि कलुषित होती जाती है। इसी से कोई कोई विद्यार्थी जब परीक्षा में फेल हो जाते हैं तब उनकी आत्महत्या की बात आजकल सुन पड़ती है। आत्महत्या से उन्हें घृणा नहीं होती। आत्महत्या करने में उन्हें धर्मभय नहीं होता। क्यों, देख लिया, किस प्रकार वियोगान्त नाटकों के पढ़ने से हमारी रुचि कलुषित होती है? यही वियोगान्त नाटक पढ़ने का फल है!

नाटक-ग्रन्थों का अभिप्राय मनोरञ्जन के साथ साथ उपदेश देना है। अतएव दृश्य काव्य में जो बातें दिखलाई जायँ उनका असर देखनेवालों पर होना चाहिए। इस असर, इस प्रभाव को उत्पन्न करने के लिये सरसता आवश्यक होती है। यदि दृश्यों में रस का अच्छा परिपाक होगा तो दर्शकों का चित्त भी अवश्यही आकर्षित होगा। इसलिये खेल में जिस वस्तु का अनुकरण किया जाय वह ऐसी योग्यता से किया जाना चाहिए कि जिस रस का

वह पोषक हो उस रस से सामाजियों का अन्तःकरण परिप्लुत-पराभूत, किंवा, द्रवित हो जाय। दृश्य-काव्य के कर्त्ता कवि के कथन में रस रहता है। वह रस अभिनय द्वारा प्रकट किया जाता है। काव्य की सरसता और अभिनय को पूर्णता तब सिद्ध हुई समझनी चाहिए, जब दर्शकों को रंगभूमि में, आनन्ददायक दृश्य को देखकर आनन्द हो, खेदजनक दृश्य को देखकर खेद हो, कोप-कारक दृश्य को देखकर कोप हो, और भयानक दृश्य को देखकर शरीर में कम्प होने लगे। अर्थात् जो कुछ वे देखें उसे देखतेही उनमें तत्काल सहानुभूति उत्पन्न हो जाय।

सुप्रसिद्ध नाटककार द्विजेन्द्रलालराय लिखते हैं कि—"नाटक काव्य और उपन्यास के बीच की चीज है। इसमें कवित्व भी चाहिए और कहानी की मनोहरता भी चाहिए। नाटक की गति नदी के प्रवाह की ऐसी होती' है—अन्यान्य उपनदियां इसमें आकर मिलती हैं और इसे परिपुष्ट करती हैं। नाटक का आकार मधुचक्र के ऐसा होता है। इसे एक स्थान से निकलकर, फिर विस्तृत होकर, अन्त को एकही स्थान में समाप्त होना चाहिए। नाटक का मुख्य विषय प्रेम हो तो उस नाटक को प्रेम के परिणाम में ही समाप्त करना होगा—जैसे रोमियो जूलियट है। मुख्य विषय लोभ हो तो लोभ के परिणाम मे ही नाटक समाप्त करना होगा—जैसे मैकबेथ है। नाटक का विषय उच्चाशय हो तो उसके परिणाम में ही नाटक की परिणति होगी—जैसे जूलियस-सीजर है। नाटक का आरंभ प्रतिहिंसा से हो तो अन्त मे भी प्रतिहिंसा का ही फल दिखाना चाहिए—जैसे हैमलेट है।

"नाटक मे प्रत्येक घटना की सार्थकता चाहिए। नाटक के भीतर अवान्तर विषय लाकर नहीं रक्खे जा सकते। सभी घटनाओं या सभी विषयों को नाटक की मुख्य घटना के अनकूल या प्रतिकूल

होना चाहिए। नाटक में ऐसी कोई घटना या दृश्य नही होगा, जिसके न रहने परभी नाटक का परिणाम वैसाही दिखाया जा सकता हो। नाटककार अपने नाटक मे जितनीही अधिक घटनाओं का समावेश कर सकता है, उतनीही अधिक उसकी क्षमता प्रकट हो सकती है—और आख्यान भाग भी उतनाही मिश्र हो सकता है। लेकिन उन सब घटनाओं की दृष्टि मूल घटना की ओर ही होनी चाहिए। वे या तो मूल घटना को आगे बढ़ा देंगी या पीछे हटा देंगी। तभी वह नाटक होगा, अन्यथा नही।

"नाटक का कथाभाग घटनाओं के घात-प्रतिघात से अग्रसर होता है। नाटक का मुख्य चरित्र कभी सरल रेखा में नहीं जाता।

"सुख और दु:ख की बाधा और शक्ति, चरित्र और बहिर्घटना के संघर्षण से नाटक का जन्म होता है। उसमें युद्ध चाहिए, वह चाहे बाहर की घटनाओं के साथ हो या भीतर की प्रवृत्तियो के साथ हो। जिस नाटक में अन्तर-द्वन्द्व दिखाया जाता है वही नाटक उच्चश्रेणी का होता है—जैसे हैमलेट अथवा किंगलियर है। बहिर्घटनाओ के साथ युद्ध दिखाना अपेक्षाकृत निम्नश्रेणी के नाटक की सामग्री है। ऐसे नाटक हैं—ओथेलो और मैकबेथ। ओथेलो को इयागो ने समझाया कि तेरी स्त्री भ्रष्टा है। वह मूर्ख वही समझगया। उसके मन मे तनिक भी दुविधा नही आई। वह दुविधा स्त्री हत्या के दृष्य में देख पड़ती है। वहां पर भी युद्ध प्रेम और ईर्षा मे नहीं है। रूप-मोह और ईर्षा मे हैं। मैकबेथ मे जो कुछ दुविधा है, वह दुविधा इस की अपेक्षा कही ऊंचे दर्जे की है। डंकन की हत्या करने के पहिले मैकबेथ के हृदय मे जो युद्ध हुआ था, वह धर्म और अधर्म में, अतिशय और लोभ में हुआ था। परन्तु किंगलियर का युद्ध और तरह का है, वह युद्ध ज्ञान और अज्ञान में है, विश्वास और स्नेह में है, अक्षमता और प्रवृत्ति

में है। हैमलेट के मन में जो युद्ध हुआ है वह आलस्य और इच्छा में तथा प्रतिहिंसा और सन्देह में हुआ है ।

"उच्चश्रेणी के नाटक में प्रवृत्ति समूह का सामंजस्य अधिक परिमाण मे रहता है । जैसे साहस, अध्यवसाय, प्रत्युत्पन्नमतित्व इत्यादि गुणो का समवाय अथवा द्वेष जिघासा, लोभ इत्यादि वृत्तिसमूह का समवाय, एक चरित्र में रह सकता है ।

"विपरीत वृत्तिसमूह का समवाय दिखाना अपेक्षाकृत कठिन कार्य है । जो नाटककार मनुष्य के अन्तर्जगत को खोलकर दिखा सकता है वही यथार्थ में सच्चा दार्शनिक कवि है । बल और दुर्बलता के, जिघांसा और करुणा के, ज्ञान और विज्ञान के, गर्व और नम्रता के, क्रोध और संयम के—पाप और पुण्य के समावेश से ही यथार्थ उच्चश्रेणी का नाटक होता है । और यही अन्तर्विरोध कहलाता है । मनुष्य को एक शक्ति धक्का देती है, और दूसरी शक्ति उसे पकड़े रोके रखती है । घुड़सवार की तरह कवि एक हाथ से चाबुक मारता है और दूसरे हाथ से रास पकड़े खींचे रहता है ।

प्राच्यनाटको के अनिवार्य गुणों को तो आप ने देखलिया । अब पाश्चात्य नाटकों का भी हाल देखिए । पाश्चात्य अलंकारिकों ने नाटक की तीन अनिवार्य विशेषताएँ बताई हैं । अर्थात् समय स्थान और घटना ।

समय—जिस समय का नाटक लिखा गया हो, उसी समय की घटना का नाटक में उल्लेख होना चाहिए ।

स्थान—नाटक मे ऐसे किसी स्थान का उल्लेख न होना चाहिए, जहाँ पात्र अभिनयकाल मे न पहुँच सकें ।

घटना—नाटक में सब घटनाएं सार्थक होनी चाहिए जो नाटक के विषय को व्यक्त करने मे योग दे ।

शेक्सपियर ने इतने नाटक लिखे किन्तु उसके दोही नाटक ऐसे हैं, जिनमें उपरोक्त सब गुण पाए जाते हैं। वे 'टेम्पेस्ट' और 'काम्यडी ऑफ एरर' हैं। और बाकी के सब नाटकों में कोई न कोई न्यूनता पाई जाती है। यहाँ तक कि उसके सुप्रख्यात हैमलेट नाटक मे भी केवल घटना-ऐक्य ही पाया जाता है।

अब देखना चाहिए कि कवि कुल-गुरु कालिदास के शकुन्तला नाटक मे ये सब गुण कहाँ तक पाए जाते हैं। सुप्रसिद्ध नाटककार द्विजेन्द्रलालराय लिखते हैं कि—

"कालिदास के शकुन्तला नाटक का आरंभ प्रेम विषय को लेकर हुआ है। प्रेम का अंकुर, उसकी वृद्धि और उसका परिणाम दिखाना ही इस नाटक का उद्देश्य है। प्रेम ही में इसकी समाप्ति भी हुई है। अतएव देखा जाता है कि शकुन्तला मे घटना-ऐक्य है।

"इस नाटक की सभी घटनाएं प्रेम की धारा में मानो बाधा स्वरूप होकर संमिलित हुई है, या उस प्रेम-प्रवाह को और भी वेग से आगे बढ़ाने के लिये सहायक बनी है। विदूषक से राजा का झूठ बोलना, एकान्त में गुप्त रूप से विवाह, दुर्वासा का शाप अगूंठी का उंगली से गिर जाना—ये घटनाएं मिलन के प्रतिकूल हैं। विवाह, धीवर के द्वारा अगूंठी का निकलना और मिलना, राजा का स्वर्ग में निमंत्रण—ये घटनाएं मिलन के अनुकूल हैं। ऐसा एक भी दृश्य इस नाटक में नहीं है, जिसके निकाल डालने से परिणाम ठीक वर्णित रूप में होता। अतएव इस नाटक में घटनाओं की सार्थकता भी है।

"घात-प्रतिघात में ही यह नाटक अग्रसर हुआ है। पहले अंक में ज्यों ही शकुन्तला और दुष्यन्त के मन में परस्पर मिलने की आकांक्षा उत्पन्न होती है, त्योंही घर लौट आने के लिये दुष्यन्त के माता की आज्ञा पहुंचती है। उधर गौतमी की सावधान

दृष्टि, गुप्त रूप से विवाह, कण्व के भय से राजा का भाग खड़े होना, दुर्वासा का अभिशाप इत्यादि घटनाओंने कथाभाग को लगातार वक्रभाव से आगे बढ़ाया है, उसे सरल भाव से नहीं चलने दिया है।

"दुर्वासा के शाप से राजा को स्मृति भ्रम हो गया है; किन्तु शकुन्तला को देखते ही उनका कामुक मन शकुन्तला की ओर खिंच जाता है। उनका ध्यान शकुन्तला के नातिपरिस्फुट शरीर लावण्य पर ही जाकर जम गया। किन्तु जब शारंगरव और गौतमी ने उसी नातिपरिस्फुट शरीर लावण्यवाली अवगुण्ठनवती को पत्नी भाव से ग्रहण करने के लिये दुष्यन्त से कहा, तब दुष्यन्त ने कहा—

"किमिदमुपन्यस्तम् ।" (तुम लोग यह क्या कह रहे हो?)

"गौतमी ने शकुन्तला का घूंघट खोल कर दिखाया। तब राजा ने फिर अपने मनमें सोचा कि इस प्रकार पाए हुए इस अमलिन-कान्त-मनोहर रूप को देख कर बारंबार सोचने पर भी मैं कुछ निश्चय नहीं कर सकता कि पहले कभी मैं इसे ग्रहण कर चुका हूं या नहीं। जैसे भ्रमर सबेरे के समय भीतर से हिमपूर्ण कुन्दकुसुम को न भोग ही सकता है और न छोड़ ही सकता है, वैसे ही मैं भी इस समय शीघ्र न इसे ग्रहण ही कर सकता हूं और न अस्वीकार ही कर सकता हूं।

"यह यथार्थमे अन्तर्विरोध है। एक तरफ लालसा है और दूसरी तरफ धर्म ज्ञान है। मन के भीतर युद्ध चल रहा है। तथापि राजा स्मरण नहीं कर सके कि उन्होंने शकुन्तला से व्याह किया है या नही। उन्होने गर्भवती शकुन्तला को ग्रहण करना अस्वीकार कर दिया।"

कालिदास की दुष्यन्त और शकुन्तला के चरित्र के सम्बन्ध

में द्विजेन्द्रलालराय के शब्दो में श्रीयुत चतुरसेन वैद्य लिखते हैं कि, "अभिज्ञान-शकुन्तला के नायक और नायिका दोनो यथार्थ में कामुक और कामुकी है।" फिर यह प्रश्न उठता है कि तब इस शकुन्तला नाटक की रचना इतनी उत्कृष्ट क्यो मानी गई ? इसका उत्तर द्विजेन्द्र ने जो दिया है वह यथार्थ ही हैं। वे कहते हैं—दोनों के चरित्र का माहात्म्य उनके उत्थान और पतन मे है।"

शकुन्तला नाटक के पंचम अंक (प्रत्याख्यान भाग) पर कविवर द्विजेन्द्र लट्टु हो गए हैं। वे लिखते हैं कि "मै शकुन्तला नाटक के इस पञ्चम अंक को जगत के नाट्य साहित्य में अद्वितीय, अद्भुत, अपूर्व और अतुलनीय समझता हूं। ग्रीक नाटको मे मैंने ऐसा नही पढ़ा, फ्रेञ्च नाटकों मे नही पढा, जर्मन नाटकों में ऐसा दृश्य नही देखा, अंग्रेजी नाटकों में भी नही नज़र आया। इस अंक में हम एक अपूर्व वस्तु देखते हैं। अलक्ष्य में एक युद्ध हो रहा है। एक तरफ क्षत्रिय का तेज है और दूसरी तरफ ब्रह्मतेज। दोनो ऋषि के शिष्यो ने और ऋषि कन्या गौतमी ने राजा को बड़ी कड़ी कड़ी झिड़कियां दीं; भर्त्सना में कोई बात उठा नही रक्खी। दुष्यन्त क्रोध नही करते, किन्तु प्रतिज्ञा से पग भर भी स्खलित नही होते। साथ ही ब्राह्मण का अभिशाप भी सिर आंखो पर है - त्याग नही सकते।"

इसी अंक मे कोमल प्रकृति शकुन्तला के प्रेम को एक भारी धक्का लगता है। द्विजेन्द्र कहते है कि, "यदि विवाह उसे घेरे न होता तो उसी धक्के में वह चूर हो जाती। यही धक्का खाकर शकुन्तला का उत्थान होता है। इसने इस अंक को और भी ज्वलन्त बना दिया है। किसी तरह विश्वास न करके राजा जब समस्त स्त्री जाति पर फरेब का अपवाद लगाते हैं, तब शकुन्तला का गर्व जाग उठता है। वह राजा को फटकारती है। पीछे राजा

उसे अस्वीकार करता है और ऋषि शिष्य भी छोड़ कर चल देते हैं—तो वह रोती है। तब राज पुरोहित राजा को सलाह देते हैं कि आप का पुत्र चक्रवर्ती होगा, इसलिये प्रसव तक परीक्षार्थ इसे रख लीजिए। यदि पुत्र के चक्रवर्ती लक्षण देख कर विशुद्ध समझें तो अन्तःपुर मे स्थान दीजिए—वरना पिता के आश्रम में भेज दीजिए। परन्तु शकुन्तला इस परीक्षा के अपमान को स्वीकार नहीं करती। यहां नारी तेज उदय होता है।" इस अंक की अन्तिम घटना गजब की है। उसमें समस्त नाटक की जान है। सब लोग सभा भवन से निकलते हैं, पर पुरोहित पुनः प्रवेश करके कहता है—"महाराज! स्त्री के आकार की एक ज्योति ने आकाश से उतर कर शकुन्तला को गोद में लिया और वह अन्तर्ध्यान हो गई।"

इस स्थान पर कालिदास ने कलम तोड़ दिया है। यहीं पर शकुन्तला के चरित्र का चरम विकास है। यहां कालिदास ने अन्याय-पीड़ित सती के तेज का अद्भुत रक्षण केवल अपनी कल्पना से, बिना आधारके किया है।

भारतवर्ष के कवि धर्म की महिमा से महियान थे। चरित्र का माहात्म ही उन्हे प्रीति-प्रद था। चरित्र को क्षमता से नीचे स्थान देना उन्हे कभी स्वीकृत न था। इसीलिये इन्होंने इस नियम का प्रचार किया कि नाटक के नायक को सर्व गुणान्वित और दोष-शून्य अङ्कित करना चाहिए। कालिदास भारतीय कवि थे। उन्होंने अपने नाटकों में प्रधान चरित्र को यथाशक्ति महत् करने की चेष्टा की है।

उधर शेक्सपियर के नाटकों का विषय महान तो है, पर उसके नायकों में विशेष कोई गुण नहीं हैं। हैमलेट में पितृभक्ति की पराकाष्ठा बतलाई जाती है, तो भी नाटक भर में उसका चित्त

चलायमान हो रहा। लियर तो उन्माद-ग्रस्त था। ओथेलो ईर्षा से इतना अन्धा हो गया था कि प्रमाण की अपेक्षा न कर उसने अपनी साध्वी स्त्री ही का बध कर डाला। मैकबेथ नमकहराम था। अन्टोनी कामुक था। जूलियस सीजर दाम्भिक था। किन्तु शेक्सपियर ने इन नाटकों में चरित दौर्बल्य और पाप-प्रवृत्ति का भीषण परिणाम दिखलाया है।

यद्यपि शेक्सपियर ने अपने नायको मे उच्च चरित्र का समावेश नही किया है तथापि उसने ऐसे पात्रों की कल्पना की है जिनके चरित्र से नाटक उज्ज्वल हो गए हैं। हैमलेट मे होरेशियो और ओफिलिया, और लियरमें केंट, एडगर और कार्डिलिया ऐसे ही पात्र हैं।

शेक्सपियर ने ऐसा क्यों किया? इसका कारण हमारी समझ में तो यह आता है कि वह धन और क्षमता से गर्वित अंग्रेज था। पार्थिव क्षमता ही उसके लिये लोभनीय वस्तु थी। उसे महत् चरित्र की अपेक्षा विराट चरित्र ही अधिक मुग्ध करना था। विराट बुद्धि, विराट प्रतिहिंसा, विराट लोभ यहां उसका वर्णनीय है। निरीह अथवा पर दुःख कातर बुद्धि और चैतन्य कदाचित उसकी दृष्टि में क्षुद्र चरित्र थे। इसका यह मतलब नही कि शेक्सपियर स्वार्थ त्याग का महत्व नहीं समझता था। तो भी इसमें सन्देह नही कि उसने चरित्र के महात्म्य को क्षमता से नीचे स्थान दिया है।

कालिदास और शेक्सपियर विश्वकवि हैं।

कवि, संसार मे, ईश्वर की दो हुई बड़ी से बड़ी शक्तियों में से है। कवि ईश्वर का भेजा हुआ इस संसार में दूत है। वह यहां जाति-विशेष के मनुष्यों के हृदय मे उत्साह उत्पन्न करके नव-जीवन-सञ्चार करने के लिये, उनके चरित्रो के सुधारने और उन्नत करने के लिये, नीचों और दुश्चरित्रो को उच्च और सच्चरित्र बनाने के लिये, डरपोक और कायर को भी शूर, वीर और साहसी बनाने के लिये, अन्याय मिटाने और न्याय का प्रचार करने के लिये तथा महापुरुषो के गुणों का गान सुनाने के लिये भेजा जाता है। बहुत से कवि ऐसे होते हैं जो सिर्फ अपने ही देश अथवा अपने ही समय के कवि कहे जा सकते हैं। ऐसे कवि बहुत जल्द भुला दिए जाते हैं, उनका नाम भी विश्वजनित कवियों की गणना मे नही आता, परन्तु कुछ थोड़े से कवि ऐसे भी होते हैं, जो अपने ही देश अथवा अपने ही समय के नहीं, किन्तु सभो देशो और सभी समयों के मनुष्यो के हृदयो में आदर और आसन पाते हैं। ऐसे कवि विश्वकवि के नाम से पुकारे जाते है। उनको कोर्ति सदा अटल रहती है। वे सृष्टि के अन्त तक जीवित रहते हैं। वे सदा सूर्य के समान चमकते रहते है। उनके प्रकाश से सभो समयो के मनुष्य अपनी अपनी आत्माओ में प्रकाश पहुँचाते हैं। वे संसार के मनुष्यों के बहुमूल्य धन हैं। भारत के गौरव, सरस्वती देवी के कृपापात्र, कवि-कुल-मुकुट-मणि कालिदास और इंग्लैण्ड के शेक्सपियर ऐसे ही कवियों में से हैं।

दोनों ही साहित्य-उद्यान में कवितारूपी दो मनोहर फूल हैं। दोनों ही अपने अपने सहज सौन्दर्य से काव्य-रस-वासना-विदग्ध रसिकों को मोहित करनेवाले हैं। दोनों ही अपने सहज-सौरभ को दूर दूर तक फैलाते हुए, काव्य-रस-लोलुप भ्रमरों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जो भ्रमर भीनी भीनी और मधुर महक को पसन्द करते हैं, वे इनमें पहले फूल के प्रेमी हैं। किन्तु जो मिठास लिये हुए कर्कश तथा गम्भीर महक के प्रेमी हैं, वे दूसरे की ओर झुकते हैं। "भिन्नरुचिर्हि लोकः"-- के अनुसार अपने अपने भक्त और अपने अपने प्रेमी दोनों ही रखते हैं। किन्तु यह निर्विवाद है कि कवि-कुल-गुरु की उपाधि कालिदास ही को सोहती है। क्या देशी, क्या विदेशी, क्या प्राचीन, क्या नवीन सभी विद्वान् कालिदास ही को अग्रस्थान देते हैं।

कालिदास ने यद्यपि अपने जन्म से भारत ही को अलंकृत किया, तथापि वे अकेले भारत के ही कवि नहीं। उन्हे भू-मण्डल का महाकवि कहना चाहिए। उनकी कविता से भारत-वासियों ही की आनन्द-वृद्धि नहीं होती। उनमें कुछ ऐसे गुण हैं, कि अन्य देशों के निवासियों को भी उनके पाठ और परिशीलन से वैसा ही आनन्द मिलता है जैसा कि भारतवासियों को मिलता है। जिसमे जितनी अधिक सहृदयता है, जिसने प्रकृति के प्रसार और मानव-हृदय के भिन्न भिन्न भावों का जितना ही अधिक ज्ञान-सम्पादन किया है, उसे कालिदास की कविता से उतना ही अधिक प्रमोदानुभव होता है। कवि-कुल-गुरु की कविता में प्रमोदोत्पादन की जो शक्ति है, वह अविनाशिनी है। हजारों वर्ष बीत जाने पर भी न उसमें कमी हुई है, न उसमें किसी प्रकार का विकार ही उत्पन्न हुआ है, और न आगे होने की सम्भावना ही है। जब तक जगत के साक्षर-जन सभी और

सरस, स्वाभाविक और सुन्दर, कविता का आदर करते रहेंगे, तब तक कालिदास के विषय में उनकी पूज्य बुद्धि भी अक्षुण्ण रहेगी। प्रमोद-जनक और शिक्षाप्रद वस्तुओं को जब तक मनुष्य समुदाय अपने लिये हितकर समझेगा, तब तक कालिदास की कीर्ति, यदि उत्तरोत्तर बढ़ेगी नहीं तो कम भी न होगी।

कालिदास 'विश्व-कवि' हैं। उनकी जन्मभूमि होने का गौरव तो भारतवर्ष ही को है, पर अब उनकी कृति संसार की सम्पत्ति हो गई है। सभी उसका उपयोग कर रहे हैं। जब तक संस्कृत भाषा का प्रचार यूरोप में नहीं हुआ था तब तक कालिदास की कीर्तिप्रभा भारतवर्ष में ही अवरुद्ध थी, पर अब उनकी ज्योति यूरोप में भी फैल गई है, और बढ़ती जा रही है। शीघ्र ही वह सम्पूर्ण संसार में व्याप्त हो जायगी। ऐसा होना असंभव नहीं। कालिदास के काव्य यथार्थ ही सार्वजनिक और सार्वकालिक हैं।

यूरोप में कालिदास के काव्यों का प्रचार सबसे पहले सर विलियम जोन्स ने किया। सर विलियम जोन्स भारतवर्ष में न्यायाधीश होकर आए थे। यहाँ आने पर उन्हें हिन्दू-धर्मशास्त्र समझने के लिये संस्कृत भाषा का अध्ययन करना पड़ा। संस्कृत पढ़ते समय उन्हें अपने गुरु से यह जान कर बड़ा कौतूहल हुआ कि संस्कृत भाषा में नाटक भी हैं और वे कभी रंगभूमि पर खेले भी जाते हैं। तब उन्होंने अपनी कौतूहल निवृत्ति के लिये अपने गुरु से कालिदास का अभिज्ञान शकुन्तला पढ़ा। वह उन्हें इतना पसन्द आया कि उन्होंने उसका अनुवाद अंग्रेजी में कर डाला। वह अनुवाद कुछ अच्छा न हुआ था, तो भी जर्मन कवि गेटी उसे पढ़ कर मुग्ध हो गया था। शकुन्तला की प्रशंसा में उसने एक पद्य-रचना भी कर डाली। उसका मतलब यह था—

"अगर कोई बसन्त के फूल और शरद ऋतु के फल पाने की अभिलाषा करे—अगर कोई मन को अपनी ओर खींचने वाली, अर्थात् वशीकरण की वस्तु देखना चाहे - अगर कोई स्वर्ग और पृथ्वी को एक जगह देखने की इच्छा करे, तो वह कालिदास के अभिज्ञान-शकुन्तला को पढ़े।' गेटी जर्मनी का साहित्य सम्राट् था। उसकी इस प्रशंसा ने यूरोप में कालिदास की कीर्ति फैलाने में बड़ा काम किया। शेजी (Chezy) ने अभिज्ञान-शकुन्तला का अनुवाद फ्रेंच में किया था। आर० पीशल (R. Pischel) ने भी आलोचना सहित शकुन्तला का एक अच्छा संस्करण १८७७ में निकाला, उसमें वही पाठ प्रणाली रखी गई जो बङ्गाल में प्रचलित थी। देवनागरी पाठ प्रणाली का अनुसरण करके शकुन्तला नाटक के और भी कई संस्करण निकले। एक का प्रकाशन ओ० बाटलिंक (O. Bohtlingk) ने किया। जर्मन भाषा में रूकर्ट ने १८७६ में उसका अनुवाद किया। उसी साल फ्रीटज का किया हुआ भी अनुवाद निकला।

कालिदास का अभिज्ञान-शकुन्तला पढ़ कर यूरोप के विद्वानों का ध्यान संस्कृत भाषा की ओर आकृष्ट हुआ। संस्कृत भाषा का प्रचार धीरे धीरे बढ़ने लगा। इसके साथ ही साथ कालिदास के अन्य काव्यों और नाटकों के अनुवाद भी प्रकाशित होने लगे। कालिदास का विक्रमोर्वशी नामक जो दूसरा नाटक है, उसका सम्पादन करके, १८७५ में, आर० पीशल ने उसे प्रकाशित किया। विल्सन और कावेल ने उसको अंग्रेजी में अनुवादित किया, कावेल का अनुवाद १८५१ में निकला था। १८८० में फ्रीटजे ने भी लिपजिक से एक अनुवाद निकाला। मालविकाग्निमित्र का अनुवाद अंग्रेजी में सी० एच० टानी (C. H. Tawney) ने १८९१ में किया। इसके पहले जर्मन भाषा में ए० वेबर द्वारा उसका एक अनुवाद १८५६ में

निकल चुका था। शकुन्तला नाटकका एक अनुवाद मानियर विलियम्सने भी किया है। फ्रीटजे का मालविकाग्निमित्र १८८१ मे निकला।

कालिदासके काव्योमे रघुवंश श्रेष्ठ है। हर प्रसाद शास्त्रीने लिखा है कि उसमें एक ऐसी विशेषता है जो अन्य किसी काव्यमें नही पाई जाती। उसमे मुख्य मुख्य पात्र बीचमे ही लुप्त हो जाते हैं, पर कथाकी शृंखला नही टूटती, वह वैसीही बनी रहती है। रघुवंश का लैटिन भाषामें अनुवाद करके १८२० मे स्टेन्जलर साहबने प्रकाशित किया था। उन्होंने १८३८ मे कुमारसम्भव का भी अनुवाद लैटिन भाषा मे किया था। ग्रीफिथ साहब का किया हुआ भी कुमारसम्भवका एक अनुवाद अंग्रेजीमे है। वह १८७९ में प्रकाशित हुआ।

कालिदासके काव्योमे मेघदूतकी बड़ी प्रशंसा है। गेटी तो उससे मुग्ध होगया था। स्टेन्जलर साहबने १८७४ मे उसका सम्पादन कर उसे प्रकाशित किया। उनके इस संस्करणमे शब्दोंकी एक सूची भी दी गई। विलसनने उसका अनुवाद अंग्रेजी पद्योमे किया। वह १८६७ मे प्रकाशित हुआ। टी० क्लार्कका मेघदूत, लन्दनमे, १८८२ मे प्रकाशित हुआ। मोक्षमूलर द्वारा जर्मन भाषामे किया गया मेघदूतका अनुवाद १८४७ मे निकला। १८५९ मे स्कूटजका और १८७९ मे फ्रीटज का अनुवाद निकला।

ऋतु संहार कालिदासका सबसे छोटा काव्य है। वह कदाचित् उसकी प्रथम रचना है। पर उसमे भी कविकी प्रतिभा झलक रही है। मुग्धानलाचार्यने उसकी बड़ी तारीफ की है। लैटिन और जर्मन भाषाओंमें किया गया उसका अनुवाद पी० वी० बोलन (P \ Bohlen) द्वारा लिपजिक में, १८४० में प्रकाशित हुआ।

इसके सिवा भारतीय विद्वानोने भी कालिदासके काव्योंके अनुवाद अंग्रेजीमें किए है। अरविन्द बाबूका किया हुआ विक्रमोर्वशीका अंग्रेजी पद्यमें अनुवाद अपूर्व है।

इससे यह भली भांति स्पष्ट है कि संसारके श्रेष्ठ कवियोंमे कालिदासका जो स्थान है उसके अनुकूल ही उनके काव्योका प्रचार हो रहा है।

मानियर विलियम्सने कहा है "कालिदास की कल्पनाशक्ति की प्रबलता मानवीय अन्त करणका उत्कृष्ट ज्ञान, रचना चातुर्य आदि ऐसे गुण है, जिनसे हमे उन्हे भारतवर्षका शेक्सपियर कहना चाहिए।"

महाकवि शेक्सपियर इगलैण्ड के सबसे बड़े कवि है। कुछ विद्वानो का तो यह मत है कि वे संसार के सर्वश्रेष्ट कवि हैं। इसमे सन्देह नहीं, कि जितने अच्छे अच्छे नाटको की रचना उन्होंने की है, उतने अन्य किसी कवि की लेखनी से विनिःसृत नही हुए। शेक्सपियर की प्रतिभा विलक्षण थी। उनके नाटको का विषय है, मनुष्य और मनुष्य का जीवन। शेक्सपियर के पात्र साधारण जनता के ठीक अवतार हैं। वे संसार मे सदा और सबठौर मौजूद हैं और जॉच करने से वे सब कालमे पाए जाते हैं। और न वे सर्वदा बदलने वाले फैशन और क्षणिक मतो मे ही बद्ध होते है। वे एक देशीय और एक कालीन नहीं वरन सर्व देशीय और सर्व कालीन है। वे उन्ही साधारण मनोरथो की प्रेरणा से बोलते और काम करते , जो संसार के सभी मनुष्यो के चित्तो को क्षुब्ध किया करते है और जिनसे कि यह समस्त जीवन जंजाल संचालित होता हुआ जारी रहता है। विधाता की इस लीला–भूमि मे जो रहस्यमय खेल खेला जा रहा है उसके तत्त्व हमे शेक्सपियरके नाटको से ज्ञात होते है। शेक्सपियर के पात्र सिर्फ नाटको की रङ्गभूमि पर ही नही देख पड़ते, उन्हे हम इस जीवित संसार में भी देख सकते है। कवि ने यह बात अपने एक पात्र से कहलाई भी है। वेनिस के व्यापारी एन्टोनियोने कहा

है—"मैं इस संसार को रङ्ग-भूमि ही समझता हूँ, जहाँ प्रत्येक मनुष्य को अपना निर्दिष्ट खेल दिखाना पड़ता है। ऐसे महाकवियों के नाटकों का जितना आदर हो उतना कम ही है।

यूरोप में सबसे पहले स्पेन ने शेक्सपियर के नाटकों का आदर किया। सन् १६०३ में स्पेन के राजदूत ने उनके नाटकों की एक प्रति अपने देश को भेजी। वैलाडोलिड के विद्यालय को भी प्रथम संस्करण की एक कापी मिल गई। पर उस समय रोमन कैथोलिक सम्प्रदाय के ईसाइयों की धार्मिक संस्था जिसे इनक्विजिशन (...) कहते हैं, बड़ी प्रबल थी शेक्सपियर के नाटक बिना उसकी स्वीकृति के पाठ्य विषय में नहीं नियत किए जाते थे। पर स्वीकृति मिल गई और स्पेन में शेक्सपियर ने प्रवेश किया। तथापि उसके नाटकों का प्रचार वहाँ उतना न हुआ जितना फ्रांस में हुआ। फ्रान्स में उसकी अधिक कद्र हुई। १६८० में फ्रान्स के सम्राट लुई चौदहवें के पुस्तकालय में उसके अध्यक्ष ने शेक्सपियर के नाटकों की एक प्रति रख दी। उस पर उसने अपनी यह सम्मति लिखी "लेखक में प्रतिभा तो है पर उसके नाटकों में अनौचित्य बहुत है। इसीसे उसके नाटक गिर गए हैं।" फ्रान्स के प्रसिद्ध कवि वाल्टेर ने अपने देश में शेक्सपियर के नाटकों का प्रचार किया। उसने उसके नाटकों के अनुवाद भी किए और उनपर आलोचनाएं भी लिखी। उसके अनुवादों और आलोचनाओं का लोगों पर खूब प्रभाव पड़ा। फ्रान्स से शेक्सपियर के नाटकों का प्रचार रूस में हुआ, वहाँ भी सब लोगों ने उसे खूब पसन्द किया। जर्मनी में तो शेक्सपियर इतने लोकप्रिय हैं कि सभी उन्हें अपना कवि कहते हैं। वहीं शेक्सपियर के नाटकों की अच्छी समालोचना हुई। आज कल इंग्लैंड में शेक्सपियर के नाटकों की तो उनकी कद्र नहीं है, पर उनकी

आलोचनाएँ खूब पढ़ी जाती है। यह बड़ी विलक्षण बात है। पर है सच। विद्वानों तक का यही हाल है। एक लेखक का कहना है।

Shakespeare's proud position to day is possible only through the fact that he is not read...

In all my life I never knew any body, save one woman and a little girl who read Shakespeare in the original I know a deal of Shakespeare although I never read one of his play.

[अर्थात्—आजकल शेक्सपियर का जो इतना ऊंचा स्थान है। उसका कारण यह है कि कोई उसे पढ़ता नहीं। मैंने अभी तक किसी को शेक्सपियर के मूल नाटकों को पढ़ते नहीं देखा। मैं स्वयं शेक्सपियर के विषय में खूब जानता हूं, पर मैंने उसका एक भी नाटक नहीं पढ़ा।]

पर अब कुछ समय से लोगों का ढंग बदल रहा है। सम्भव है, इंग्लैंड मे फिर शेक्सपियर के नाटकों का प्रचार होने लगे।

भारतवर्ष में भी अंग्रेजी शिक्षा के साथ साथ शेक्सपियर का भी आगमन हुआ। यहा स्कूलों और कालेजों में शेक्सपियर के नाटक पढ़ाए जाते हैं। इसलिये शिक्षित लोगो मे तो उनके नाटकों का प्रचार है पर सर्व साधारण में अभी तक उनका अच्छा प्रचार नहीं। नाटक सर्व साधारण के लिये ही लिखे जाते हैं। यह खेद की बात है कि अभी भारतवर्ष के अधिकांश लोग शेक्सपियर के नाटकों का रसास्वादन नहीं कर सकते। बङ्गाल में पहले पहल शेक्सपियर के नाटकों के आधार पर कहानियों और उपन्यासों की रचनाएँ हुई। गिरीशचन्द्र ने ही सबसे पहले मैकबेथ का अनुवाद बंगला में किया था। उनका यह अनुवाद

हुआ भी अच्छा। श्रीयुत देवेन्द्रनाथ ने ओथेलो का एक अच्छा अनुवाद किया है।

हिन्दी मे अभी तक शेक्सपियर के नाटको का अच्छा अनुवाद नही निकला। बम्बई और कलकत्ते की पारसी नाटक मण्डलियो ने शेक्सपियर के कुछ नाटको के भ्रष्ट अनुवाद जरूर कराए हैं। उनमे शेक्सपियर के नाटको का बड़ा ही विकृत रूप देखने मे आता है। बाबू गदाधर सिंह ने ओथेलोको उपन्यास के ढंग पर लिखा है। भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र ने मर्चेन्ट आफ वेनिस का अनुवाद किया है। उसीका एक अनुवाद बम्बई से भी प्रकाशित हुआ है। लाला सीताराम, पुरोहित गोपीनाथ तथा अन्य सज्जनो ने भी शेक्सपियर के नाटको को अनुवाद करने का कष्ट उठाया है। इसके सिवाय शेक्सपियर के नाटको का कथा भाग हिन्दी शेक्सपियर के नाम से पुस्तकाकार निकल गया है। पर शेक्सपियर की प्रतिभा देखने के लिये ये सब पर्याप्त नही हैं। शेक्सपियर के नाटको का सफलता पूर्वक अनुवाद कर लेना कठिन है। इसका सबसे बड़ा कारण है उनके विदेशीय भाव। भारतवर्षके समाज मे और इंग्लैंड के समाज में बड़ी विभिन्नता है।

वहाँ जो अनुचित नहीं वह यहाँ सर्वथा अयोग्य प्रतीत होता है। काशी से भी हैमलेट का एक अनुवाद हुआ है, उसे पढ़ने से यह बात भलीभाँति प्रकट हो जाती है। लेखक ने उसमे हैमलेट की माता को विधवा-विवाह के दोष से विमुक्त करना चाहा है। फल इसका यह हुआ है कि उसमे एक बहुत बड़ा सामाजिक दोष आ गया है। उससे वह और भी पतित हो गई है। देखें, कब हमे हिन्दी मे शेक्सपियर के नाटक अच्छे रूपमें देखने को मिलते है। अस्तु।

शेक्सपियर इंग्लैंड का बिना मुकुट का राजा कहा जाता है। ज्यों ज्यों समय व्यतीत होता जाता है, त्यों त्यों उसका राज्य और दृढ होता जाता है। महा कवि शेक्सपियर स्वयं इस बात को जानता था इसीलिये वह एक स्थान पर लिख गया है।

Not marble nor gilded monuments

Of princes shall out live this powerful rhyme.

[अर्थात्—राजों-महाराजों की यादगार में जो पत्थर अथवा सोने के स्मारक बनाए जाते है, वे इतने दिनों तक जीवित नहीं रह सकते जितने दिनों तक यह महा काव्य जीवित रहेगा।]

वस्तुत कवि की यह भविष्यवाणी यथार्थही निकली। उसका धवल यश फैला और खूबही फैला। बहुत से कवि एक से एक बढ़ कर संसार में हुए। परन्तु "हानि लाभ जीवन मरण यश अपयश विधि हाथ" जो यश विधाता ने शेक्सपियर के भाग्य में लिखा था वह शायद ही किसी अन्य कवि के हिस्से में आया हो। इंग्लैंड में छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा कौन ऐसा मनुष्य है, जो शेक्सपियर के ग्रन्थों को न पढ़ता हो। बहुत लोग तो उसके काव्यों को धर्म ग्रन्थों के तुल्य समझते है। पचास साठ वर्ष हुए अर्ल आव कार्लायल ने एक व्याख्यान देते समय कहा था कि बाइबिल और शेक्सपियर के काव्यों को हाथ में लेकर मनुष्य कुछ का कुछ हो जाता है-वह देवत्व को प्राप्त हो जाता है। वास्तव में बाइबिल से बढ़कर यूरोप में कोई ऐसी पुस्तक नहीं है जिसका प्रचार शेक्सपियर के काव्यों से अधिक हुआ हो।

कृतज्ञता प्रदर्शन ।

इस ग्रन्थ के प्रणयन मे निम्नलिखित ग्रन्थों और सामयिक पत्रों से बहुत सहायता मिली है, अतएव मैं इन ग्रन्थों के कर्त्ताओंको तथा पत्रों के सम्पादकों को अनेक धन्यवाद देता हूं।

१ Characters of Shakespeare by Hazlitt
२ Shakespeare-English Men of Letters Series.
३ Shakespeare Primer by Dowden
४ Heroines of Shakespeare.
५ Shakespeare-The man by Bagehot
६ Hamlet by Marshell Wood
७ Henry V by S C Sarcar
८ Macbeth by Deighton
९ The Tempest by Deighton
१० ,, by Varity.
११ History of Sanskrit Literature by Macdonell
१२ साहित्य मीमांसा
१३ संस्कृत कवि पंचक by चिपलूणकर
१४ कालिदास और भवभूति

कालिदास सम्बन्धी पं० महावीर प्रसाद जी द्विवेदी के सब ग्रन्थ, तथा माडर्न रिव्यू, सरस्वती और मर्यादा की पुरानी फाइलें।

प्रणेता।

ज्ञानोदय ग्रन्थमाला कार्यालय की नियमावली।

स्थायी ग्राहकों के नियम।

१ प्रत्येक व्यक्ति ॥) अपना प्रवेश शुल्क जमाकर इस माला का स्थायी ग्राहक बन सकता है।

२ स्थायी ग्राहकों को माला की प्रकाशित प्रत्येक पुस्तक पौने मूल्य में मिल सकेंगी।

३ स्थायी ग्राहक माला में प्रकाशित प्रत्येक पुस्तक को एक से अधिक प्रतियां पौने मूल्यमें मंगा सकेंगे।

४ पूर्व प्रकाशित पुस्तकों को लेने न लेनेका पूर्ण अधिकार स्थायी ग्राहक को होगा, पर नवप्रकाशित पुस्तकें उनको लेनी होंगी।

५ पुस्तक प्रकाशित होते ही उसकी सूचना स्थायी ग्राहकों के पास भेज दी जाती है। एक सप्ताह के बाद पुस्तक भी वी० पी० द्वारा सेवा में भेजी जाती है। जो ग्राहक वी० पी० नही छुड़ावेंगे उनका नाम स्थायी ग्राहकों की श्रेणी से काट दिया जायगा।

६ वी० पी० न छुडाने का यथेष्ट कारण बतलाने और वी० पी० खर्च (दोनों बार का) देने पर उनका नाम ग्राहक श्रेणी में पुनः लिख लिया जायगा।

कार्यालय के नियम

७ ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के स्थायी ग्राहकों को प्राचीन कवि माला की प्रत्येक पुस्तक पौने मूल्य में दी जायगी।

८ पुस्तकें उधार, घर पर देखने और वापस लेने का नियम नहीं है ।

९ १) एक रुपये से कम की वी० पी० नहीं भेजी जाती। इससे कम के लिये टिकट भेजना चाहिए। टिकट मिलने पर पुस्तक तुरन्त बुक-पोस्ट से भेज दी जाती है, राह में गुम हो जाने की जिम्मेदारी हमारी नहीं।

१० ठिकाना और पुस्तकों के नाम बहुत साफ़ और पूरा लिखना चाहिए।

११ हमारे यहाँ सब प्रकाशकों की पुस्तकें मिलती हैं। सार्वजनिक संस्थाओं तथा थोक खरीदारों को २५) से अधिक की पुस्तकों पर उचित कमीशन दिया जाता है।

१२ डाक व्यय बढ़ जाने से अधिक पुस्तकें रेल द्वारा मंगाने ही में सुभीता है। अधिक पुस्तकें मंगाते समय कम से कम १०) पेशगी अवश्य भेजना चाहिए। बिना पेशगी रेल द्वारा कोई पार्सल नहीं भेजा जाता।

१३ पुस्तकों का मूल्य प्रकाशक की आज्ञानुसार घट बढ़ भी जाया करता है। इसलिये प्रायः छपे दाम से कम या बेशी भी लिया जाता है।

मैनेजर—ज्ञानोदय ग्रन्थमाला कार्यालय, काशी।

प्राचीन कविमाला का प्रथम पुष्प ।

आलम-केलि (खण्ड काव्य)

यह वही काव्य है जिसके लिये काव्य-मर्मज्ञ सवा दो सौ वर्षों से लालायित हो रहे थे। इसकी रचना आलम और सेख दोनों ने मिल कर की थी। 'आलम' जाति के ब्राह्मण थे और 'सेख, रंगरेजिन थी। सेख स्वयं तो सच्चे प्रेम रंग में रंगी ही हुई थी उसने आलम को भी अपने रंग में रंग डाला। वह भी किस प्रकार ? 'कनक छरीसी कामिनी काहे को कटि छीन ?' इस पद को लिख कर आलम ने अपनी पगड़ी के एक कोने में बांध लिया था कि दूसरा पद फिर सोच कर लिखेंगे; किन्तु यह बात वे भूल गए और वह पगड़ी उन्होंने 'सेख' रंगरेजिन को रंगने को दे दी। रंगते समय जब सेख ने गांठ खोली तो उसमें उपरोक्त पूर्वार्द्ध लिखा हुआ चरण मिला उसने चट उसीके नीचे लिख दिया, "कटिको कंचन काटि विधि कुचन मध्य धरि दीन्ह।" और पगडी रंगने के बाद उसी के कोने में वह कागज़ बांध के आलम को दे आई। आलम ने जब द्वितीय चरण को देखा तो वह बड़ा प्रसन्न हुआ। यहां तक कि वह भी सेख के साथ मुसल्मान हो गया। सच्चे कवि ऐसी स्त्री पर निछावर होने मे अपना सौभाग्य समझते हैं।

अगर आपको ऊँची साहित्य-मर्मज्ञता, सच्ची कृष्ण-भक्ति, और अनूठी प्रतिभा का परिचय पद पद पर प्राप्त करना हो तो आप अवश्य एक प्रति इस काव्य की मंगावें। ला० भगवान-दीन जी ने इसका सम्पादन कर तथा टिप्पणी लिख के इसको सर्वसाधारण के लिये बहुत सरल और सुगम कर दिया है। तिस पर भी दाम केवल १) रक्खा गया है।

मिलने का पताः—ज्ञानोदय ग्रन्थमाला कार्यालय, काशी।

प्राचीन कविमालाका दूसरा पुष्प।

नवरस तरंग।

इसके रचयिता कविवर बेनीप्रवीन हैं। इसका नाम ही इसके विषयका द्योतक है। यों तो हिन्दी संसारमें रस-सम्बन्धी अनेक ग्रन्थ हैं किन्तु जैसे साहित्यिक छटा, काव्य कुशलता, विषय प्रतिपादन और रचना चातुरी इसमें नज़र आती है वैसी दूसरे विरले ही ग्रन्थमें नज़र आवेगी। एक ही बार इस काव्यको आद्योपान्त पढनेसे रस सम्बन्धी अच्छा ज्ञान हो जाता है। काव्यको सरल सुगम और उपयोगी बनानेका कविने पूरा ध्यान रक्खा है। तिसपरसे इसके काव्य मर्मज्ञ सम्पादक श्रीयुत कृष्णबिहारी मिश्र बी० ए० एल०एल० बी० ने सर्वसाधारणमें इसके प्रचारार्थ पुस्तकके अन्तमें टिप्पणी भी दे दी है, जिससे इसकी उपयोगिताका अब पूछ ना ही क्या रहा। इतना ही नहीं, पुस्तकके आदिमें लिखी हुई सुविज्ञ सम्पादककी सारगर्भित विस्तृत भूमिकाने केवल पुस्तक ही में जान नहीं डाल दी है, वरन् उसने हिन्दी-संसारको अनेक नवीन ज्ञातव्य विषयकी सूचना भी दी है। काव्य मर्मज्ञ सम्पादककी लेखनीसे हिन्दी संसार भलीभांति परिचित है। विशेष लिखना कागज़ रंगना है। आप इतनेही से पुस्तकका महत्व समझ सकते हैं। सुन्दर एन्टिक कागज़ पर छपी हुई पुस्तकका दाम केवल १)।

मिलने का पताः—

ज्ञानोदय ग्रन्थमाला कार्यालय,

काशी।